RNI NO.DELHIN/2012/48369
वर्ष 10 अंक 335
नई दिल्ली, रविवार, 16 अक्टूबर, 2022
पृष्ठ 12 मूल्य ₹ 3
नगर संस्करण

नई दिल्ली, लखनऊ, रायपुर और फरीदाबाद से प्रकाशित

# पायनियर

www.dailypioneer.com



फिर कैब अध्यक्ष बनने को तैयार सौरभ गांगुली
स्पोर्ट्स-12

# सुप्रीम कोर्ट ने साईबाबा की रिहाई पर लगाई रोक

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

● साईबाबा और अन्य को बरी करने के बंबई हाईकोर्ट के आदेश को किया निलंबित, कहा- राहत देते वक्त मामले के गुण-दोष पर विचार नहीं किया गया

● साईबाबा को नए सिरे से जमानत याचिका दायर करने की दी अनुमति





**सुप्रीम** कोर्ट ने माओवादियों से कथित संबंध के मामले में दिल्ली विश्वविद्यालय के पूर्व प्रोफेसर जीएन साईबाबा और अन्य को बरी करने के बंबई हाईकोर्ट के आदेश को यह कहते हुए शनिवार को निलंबित कर दिया कि इन्हें राहत देते वक्त मामले के गुण-दोष पर विचार नहीं किया गया। शीर्ष अदालत ने शारीरिक अशक्तता तथा स्वास्थ्य स्थिति के कारण जेल से रिहा करने तथा घर में नजरबंद करने के साईबाबा के अनुरोध को खारिज कर दिया। महाराष्ट्र सरकार ने इस अनुरोध का विरोध करते हुए कहा था कि आज कल शहरी नक्सलियों के घर में नजरबंद होने की मांग करने की नई प्रवृत्ति पैदा हो गई है। न्यायालय ने, हालांकि इस मामले में साईबाबा को नए सिरे से जमानत याचिका दायर करने की अनुमति दे दी। हाईकोर्ट ने शुक्रवार को इस मामले में साईबाबा तथा अन्य को बरी कर दिया था। सुप्रीम कोर्ट की पीठ ने गैर-कामकाजी दिन (शनिवार को) इस मामले की सुनवाई की। न्यायमूर्ति एमआर शाह और न्यायमूर्ति बेलाएम त्रिवेदी की पीठ ने साईबाबा के इस अनुरोध को खारिज कर दिया कि उनकी शारीरिक अशक्तता और स्वास्थ्य स्थिति को देखते हुए उन्हें घर में नजरबंद किया जाए।

पीठ ने कहा, हमारा यह मानना है कि यह दंड प्रक्रिया संहिता की धारा 390 के तहत शक्ति के इस्तेमाल और हाईकोर्ट के आदेश को निलंबित करने का उपयुक्त मामला है। न्यायालय ने कहा, हमारा दृढ़ विचार है कि हाईकोर्ट का आक्षेपित निर्णय और आदेश निलंबित करने के योग्य है। संबंधित कारणों से उच्च न्यायालय के आक्षेपित निर्णय और आदेश को अगले आदेश तक निलंबित किया जाता है। पीठ ने मामले में साईबाबा समेत सभी आरोपियों की जेल से रिहाई पर रोक लगा दी। बंबई उच्च न्यायालय की नागपुर पीठ ने उन्हें जेल से रिहा करने का आदेश दिया था। सुप्रीम कोर्ट ने हाईकोर्ट के फैसले के खिलाफ महाराष्ट्र सरकार की अपील पर साईबाबा एवं अन्य को नोटिस जारी किए तथा जवाब दाखिल करने को कहा, साथ ही इस मामले के सभी आरोपियों को जेल से रिहाई पर रोक लगा दी।

न्यायालय ने कहा कि उच्च न्यायालय के फैसले के संबंध में विस्तारपूर्वक समीक्षा करने की आवश्यकता है, क्योंकि उच्च न्यायालय ने दोषियों के खिलाफ लगे आरोप की गंभीरता समेत मामले के गुण-दोष पर गौर नहीं किया। पीठ ने उच्च न्यायालय के 14 अक्टूबर के आदेश को निलंबित करते हुए कहा, आरोपियों को सबूतों के गुण-दोष की विस्तृत विवेचना के बाद दोषी ठहराया गया था। अपराध बहुत गंभीर हैं, जो भारत के समाज, संप्रभुता एवं अखंडता के हितों के खिलाफ हैं। उच्च न्यायालय ने इन सभी पहलुओं पर गौर नहीं किया और यूएपीए के तहत अनुमति के आधार पर आदेश पारित किया।

साईबाबा की ओर से पेश वरिष्ठ अधिवक्ता आर बसंत ने कहा कि उनका मुवक्किल पक्षाघात के साथ शारीरिक रूप से 90-95 फीसदी अक्षम है और पूरी तरह व्हीलचेयर पर निर्भर है। बसंत ने कहा, उनकी 23 साल की बेटी और पत्नी है। उनकी हड्डियां फेफड़ों तक फैल रही हैं, जिससे हालात और बिगड़ रहे हैं। इन पहलुओं पर गौर करते हुए कृपया उन्हें वापस जेल में मत भेजिए। कृपया उन्हें जेल से रिहा कीजिए और घर पर नजरबंद रखिए तथा वह अदालत द्वारा लगाई किसी भी शर्त का पालन करेंगे। घर में नजरबंद करने का विरोध करते हुए सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने कहा, आजकल शहरी नक्सलियों के घर पर नजरबंद होने की मांग करने प्रवृत्ति हो गई है, लेकिन घर से सबकुछ किया जा सकता है। घर पर नजरबंदी विकल्प नहीं हो सकता। इस पर बसंत ने कहा कि शीर्ष अदालत साईबाबा की फोन लाइन काटने का आदेश दे सकती है।

सुनवाई के दौरान मेहता ने कहा कि मामले में कुछ परेशान करने वाली बातें हैं और साईबाबा जम्मू कश्मीर में एक सशस्त्र अलगाववादी आंदोलन चलाने, देश के लोकतांत्रिक ताने-बाने के खिलाफ युद्ध छेड़ने और माओवादी कमांडर्स की बैठकों की व्यवस्था करने समेत विभिन्न गतिविधियों में शामिल थे। मेहता ने कहा, वह उनका मास्टरमाइंड था और उनकी विचारधारा को लागू करता था।

मेहता की इन दलीलों का उल्लेख करते हुए बसंत ने कहा कि साईबाबा का माओवादी विचारधारा के प्रति झुकाव हो सकता है, लेकिन वह निश्चित तौर पर उनका मास्टरमाइंड नहीं थे। पीठ ने कहा, हम इस मामले के परिप्रेक्ष्य में नहीं, बल्कि सामान्य बात कह रहे हैं कि दिमाग बहुत ही खतरनाक चीज है। आतंकवादियों या माओवादियों के लिए दिमाग ही सब कुछ है। सीधे तौर पर शामिल होना कोई जरूरी नहीं है। पीठ ने अपील में शीर्ष अदालत द्वारा तय किए जाने के लिए तीन प्रश्न तैयार किए, जिनमें यह भी शामिल है कि क्या आरोपी साईबाबा को आरोप मुक्त करने में उच्च न्यायालय का फैसला न्यायोचित था, जिन्होंने गैरकानूनी गतिविधि (रोकथाम) अधिनियम (यूएपीए) के तहत मुकदमा चलाने के लिए अनिवार्य मंजूरी की कमी का मुद्दा निचली अदालत में सुनवाई के दौरान कभी नहीं उठाया, बल्कि उन्होंने केवल उच्च न्यायालय में अपीलीय स्तर पर ऐसा किया। न्यायमूर्ति त्रिवेदी ने कहा कि यह एक स्थापित कानून है कि निचली अदालत के दोषसिद्धि आदेश के निष्कर्षों को पलटे बिना अपीलीय अदालत द्वारा बरी करने का आदेश पारित नहीं किया जा सकता है। उच्चतम न्यायालय ने मेहता की उस दलील को भी माना कि उच्च न्यायालय ने बरी करने का नहीं, बल्कि आरोपमुक्त करने का आदेश दिया और निचली अदालत के फैसले को नहीं पलटा। (शेष पेज 8)




बांग्लादेश के सिलहट में श्रीलंका को हराकर एशिया कप जीतने वाली ट्रॉफी के साथ भारतीय महिला क्रिकेट टीम समाचार पेज 12

# पाक सबसे खतरनाक देशों में से एकः बाइडन

● कहा-उसके परमाणु हथियार हैं, जिसकी कोई सुरक्षा नहीं है

● पाक ने अमेरिकी राजदूत को तलब कर जताया विरोध

**भाषा।** वॉशिंगटन

**अमेरिकी** राष्ट्रपति जो बाइडेन ने पाकिस्तान को दुनिया के सबसे खतरनाक देशों में से एक बताते हुए कहा है कि उसके पास बिना किसी सुरक्षा के परमाणु हथियार हैं। बाइडेन ने कहा, मुझे लगता है कि पाकिस्तान दुनिया के सबसे खतरनाक देशों में से एक है। उसके पास



परमाणु हथियार हैं लेकिन बिना किसी सुरक्षा के हैं। वहीं पाकिस्तान के विदेश मंत्री बिलावल भुट्टो जरदारी ने कहा कि देश के परमाणु हथियारों के संबंध में बाइडन की टिप्पणी से पाकिस्तान हैरान है और उसने आधिकारिक तौर पर आपत्ति दर्ज कराने के लिए अमेरिका के राजदूत डोनाल्ड ब्लोम को तलब किया है। दरअसल पश्चिमी देशों ने पाकिस्तान के परमाणु हथियारों की सुरक्षा और संरक्षा को लेकर हमेशा चिंता जताई है। उनकी चिंता यह है कि पाकिस्तान के परमाणु हथियार आतंकवादियों या जिहादियों के हाथ में जा सकते हैं। ब्रूकिंग्स में विदेश नीति कार्यक्रम के एक अप्रवासी वरिष्ठ विशेषज्ञ मर्विन काल्ब ने पिछले साल लिखा था, मई 1998 में पाकिस्तान ने पहला परमाणु परीक्षण किया और यह दावा किया कि राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए इसकी जरूरत थी। उसके बाद से अमेरिका के सभी राष्ट्रपतियों को यह भय रहा कि पाकिस्तान के परमाणु हथियार गलत हाथों में पड़ सकते हैं। इसमें अब यह डर भी शामिल है कि अफगानिस्तान में तालिबान की जीत के बाद पाकिस्तान में जिहादी सत्ता हासिल करने की कोशिश कर सकते हैं। अमेरिका के शीर्ष जनरल मार्क मिले ने चेताया था कि अफगानिस्तान से तेजी से सेना हटाने की वजह से पाकिस्तान के परमाणु हथियारों की सुरक्षा को खतरा हो सकता है। (शेष पेज 8)

# शोपियां में कश्मीरी पंडित की हत्या

● जम्मू कश्मीर में आतंकवादियों ने घर के पास बनाया निशाना, हमले की जिम्मेदारी केएफएफ ने ली, सुरक्षा बलों ने इलाके को घेरा

**पायनियर समाचार सेवा।** जम्मू/श्रीनगर



शोपियां में कश्मीरी हिन्दू की हत्या के बाद रोते-बिलखते परिजन

**जम्मू कश्मीर** के शोपियां जिले में शनिवार को कथित तौर पर आतंकवादियों ने एक कश्मीरी पंडित की गोली मारकर हत्या कर दी। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। वहीं घाटी से स्थानांतरित करने की मांग कर रहे सैकड़ों विस्थापित कश्मीरी पंडित कर्मचारियों ने घाटी में अपने समुदाय के सदस्यों की लक्षित हत्याओं के विरोध में शनिवार को जम्मू-अखनूर मार्ग अवरूद्ध कर दिया। राष्ट्रीय बजरंग दल के कार्यकर्ता भी प्रदर्शनकारियों में शामिल हुए और घाटी में आतंकवादियों द्वारा लगातार लक्षित हत्याओं की निंदा करने के लिए पाकिस्तान का पुतला फूंका।

पुलिस उपमहानिरीक्षक (डीआईजी) सुजीत कुमार ने बताया कि इस हमले की जिम्मेदारी आतंकी संगठन कश्मीर फ्रीडम फाइटर (केएफएफ) समूह ने ली है। उन्होंने बताया कि पूरन कृष्ण भट पर दक्षिण कश्मीर जिले के चौधरी गुंड इलाके में उनके आवास के निकट हमला किया गया। अधिकारियों ने बताया कि भट को शोपियां अस्पताल ले जाया गया, जहां चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। उन्होंने बताया कि सुरक्षा बलों ने पूरे इलाके की घेराबंदी कर दी है और आतंकवादियों को पकड़ने के लिए तलाश अभियान चलाया जा रहा है। कश्मीर जोन पुलिस ने ट्विटर पर लिखा, आतंकवादियों ने एक नागरिक पूरन कृष्ण भट पर उस वक्त गोली चलाई, जब वह शोपियां में चौधरी गुंड स्थित अपने बाग जा रहे थे। डीआईजी ने कहा कि शुरूआती जांच में यह खुलासा हुआ कि एक आतंकवादी ने भट पर गोली चलाई। उन्होंने कहा, वहां सुरक्षा की व्यवस्था थी। इस इलाके के लिए हमारा प्रहरी है। हम इस चूक के कारणों का पता लगा रहे हैं। (शेष पेज 8)

# ज्यादा ट्रैफिक वाले राजमार्गों का राज्यों से अधिग्रहण करेगा केंद्र

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

● इन्हें चार या छह लेन में करेगा तब्दील और 12 से 13 सालों तक टोल टैक्स जरिये निकालेगा लागत

**सड़क** परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय (एमआरटीएच) राष्ट्रीय राजमार्गों (एनएच) के अलावा अब राज्यों के राजमार्गों के अधिग्रहण करने की योजना बना रहा है। मंत्रालय राज्य सरकार के स्वामित्व वाले उच्च यातायात वाले राजमार्गों को 25 साल के लिए अधिग्रहण करने की योजना बना रहा है। केंद्र सरकार इन राजमार्गों को 4 से 6 लेन में परिवर्तित करने के बाद इन राजमार्गों से टोल वसूल करेगा। सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने शनिवार को मुंबई में आयोजित एसोसिएशन ऑफ नेशनल एक्सचेंज मेंबर्स ऑफ इंडिया (एएनएमआई) के 12वें अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन में ऑनलाइन संबोधन में योजनाओं का खुलासा किया।

केंद्रीय मंत्री गडकरी ने कहा कि राज्यों के राजमार्गों के विकास के बाद अगले 12-13 साल तक टोल लगाया जाएगा जिससे भूमि अधिग्रहण और निर्माण लागत ब्याज सहित वसूल हो सके। इससे देश में आधारभूत ढांचे के क्षेत्र में निवेश जोखिम मुक्त होने के साथ ही अच्छा रिटर्न भी मिलेगा। उन्होंने बुनियादी ढांचे में निवेश में वित्तीय संस्थाओं से सहयोग का आह्वान किया। गडकरी ने कहा कि केंद्र अधिक यातायात क्षमता वाले और क्षेत्र के सामाजिक आर्थिक विकास को पूरा करने वाले राज्य राजमार्गों का अधिग्रहण करेगा। इसके बाद केंद्र और राज्यों के बीच राजस्व बंटवारे के साथ इन हाइवे का नेशनल हाइवे की तरह विकास किया जाएगा। इन परियोजनाओं की निगरानी एनएचएआई करेगा और यदि आवश्यक हुआ तो सड़क के आधारभूत ढांचे के (शेष पेज 8)

# ग्लोबल हंगर इंडेक्स में पाक से भी पीछे भारत

● 2022 में 121 देशों में 107वां स्थान मिला जबकि 2021 में 101वां स्थान था

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

**वैश्विक** भूख सूचकांक 2022 में भारत की स्थिति और खराब हुई है तथा वह 121 देशों में 107वें नंबर पर है जबकि बच्चों में चाइल्ड वेस्टिंग रेट (उंचाई के हिसाब से कम वजन) 19.3 प्रतिशत है जो दुनिया के किसी भी देश से सबसे अधिक है। पड़ोसी देश पाकिस्तान (99), बांग्लादेश (84), नेपाल (81) और श्रीलंका (64) भारत के मुकाबले कहीं अच्छी स्थिति में हैं। एशिया में केवल अफगानिस्तान ही भारत से पीछे है और वह 109वें स्थान पर है। वैश्विक भूख सूचकांक (जीएचआई) के जरिए वैश्विक, क्षेत्रीय और राष्ट्रीय स्तरों पर भूख पर नजर रखी जाती है और उसकी गणना की जाती है। 29.1 अंकों के साथ भारत में भूख का स्तर गंभीर है। भारत 2021 में 116 देशों में 101वें नंबर पर था जबकि 2020 में वह 94वें पायदान पर था। रिपोर्ट में कहा गया है कि दुनिया में सबसे अधिक भूख के स्तर वाले क्षेत्र, दक्षिण एशिया में बच्चों में नाटापन की दर (चाइल्ड स्टंटिंग रेट) सबसे अधिक है। इसमें कहा गया है, भारत में चाइल्ड वेस्टिंग रेट 19.3 प्रतिशत है जो दुनिया के किसी भी देश में सबसे अधिक है और भारत की बड़ी आबादी के कारण यह इस क्षेत्र के औसत को बढ़ाता है। भारत, पाकिस्तान और अफगानिस्तान में बच्चों में नाटापन की दर (चाइल्ड स्टंटिंग रेट) 35 से 38 फीसदी के बीच है और क्षेत्र में अफगानिस्तान में यह दर सबसे अधिक है। भारत में अल्पपोषण की व्यापकता 2018-2020 में 14.6 प्रतिशत से बढ़कर 2019-2021 में 16.3 हो गई है। इसका मतलब है कि दुनियाभर के कुल 82.8 करोड़ में से भारत में 22.43 करोड़ की आबादी अल्पपोषित है। (शेष पेज 8)

## सरकार ने वैश्विक भूख सूचकांक की गणना को त्रुटिपूर्ण करार दिया

**नई दिल्ली।** केंद्र सरकार ने शनिवार को कहा कि वैश्विक भूख सूचकांक 2022 में भारत को 107वें स्थान पर रखना देश की छवि को एक राष्ट्र जो अपनी आबादी की खाद्य सुरक्षा और पोषण संबंधी आवश्यकताओं को पूरा नहीं करता है के रूप में खराब किए जाने के निरंतर प्रयास का हिस्सा है। केंद्र ने कहा कि सूचकांक गंभीर गणना प्रणाली मुद्दों से ग्रस्त है और इसकी गणना त्रुटिपूर्ण है। महिला और बाल विकास मंत्रालय ने एक बयान में कहा कि जुलाई 2022 में यह मामला खाद्य एवं कृषि संगठन (एफएओ) के समक्ष उठाया गया था कि एफआईईएस (खाद्य असुरक्षा अनुभव पैमाना) सर्वेक्षण मॉड्यूल डेटा के आधार पर इस तरह के अनुमानों का उपयोग नहीं किया जाना चाहिए क्योंकि ऐसे सांख्यिकीय निष्कर्ष गुण-दोष पर आधारित नहीं होंगे। मंत्रालय ने कहा, हालांकि, इस बात का आश्वासन दिया जा रहा था कि इस मुद्दे पर और भी काम किया जाएगा। लेकिन, इस तरह के तथ्यात्मक मुद्दों के बावजूद वैश्विक भूख सूचकांक रिपोर्ट का प्रकाशन खेदजनक है। (शेष पेज 8)

## बाजार

| | | |
|---|---|---|
| सेंसेक्स | 57,919 | |
| निफ्टी | 17,185 | |
| सोना | 51,098 | /10g |
| चांदी | 57,477 | /kg |

## क्विक न्यूज

### कर्नाटक सरकार पर एनजीटी ने लगाया 2,900 करोड़ का हर्जाना

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय हरित अधिकरण (एनजीटी) ने कर्नाटकसरकार को निर्देश दिया है कि वह ठोस व तरल अपशिष्ट के अनुचित प्रबंधन के चलते पर्यावरणीय हर्जाने के रूप में 2,900 करोड़ रुपए का भुगतान करे। एनजीटी के अध्यक्ष न्यायमूर्ति आदर्श कुमार गोयल, न्यायमूर्ति सुधीर अग्रवाल और विशेषज्ञ सदस्य ए. सेंथिल वेल और अफरोज अहमद की पीठ ने कहा कि ठोस व तरल अपशिष्ट प्रबंधन के लिए कर्नाटक राज्य द्वारा उठाए गए कदम अपर्याप्त है। पीठ ने कहा कि ठोस और तरल अपशिष्ट केउत्पादन व वैज्ञानिकप्रबंधन में अंतर के कारण पर्यावरण तथा सार्वजनिक स्वास्थ्य को नुकसान पहुंचा है। इसने कहा कि पर्यावरण को लगातार हो रहे नुकसान को दूर करने और उच्चतम न्यायालय के निर्देशों के कार्यान्वयन केलिए एनजीटी अधिनियम की धारा 15 के तहत हर्जाना देना अनिवार्य है।

# गाजियाबाद में नहीं पाल सकेंगे आक्रामक प्रजाति के कुत्ते

**रिकू यादव।** गाजियाबाद

● नगर निगम बोर्ड की बैठक में अहम फैसला, जिनके पास ये कुत्ते हैं उन्हें अनिवार्य रूप से श्वानों का बधियाकरण और पंजीकरण कराना होगा

● प्रतिबंधित नस्ल में पिटबुल, राटवेलर और डोगो अर्जेंटीनो हैं शामिल

**जिले में** कुत्तों के काटने की बढ़ती घटनाओं के मद्देनजर नगर निगम ने एक अहम फैसला लेते हुए शहर में अब पिटबुल, राटवेलर और डोगो अर्जेंटीनो प्रजाति के कुत्तों को पालने पर रोक लगा दी है। निगम की बोर्ड बैठक में कुत्तों पर नियमावली का प्रस्ताव पास हो गया है। जिन लोगों के पास पहले से ये कुत्ते हैं, उनका बधियाकरण कर पंजीकरण कराना होगा। अगर पंजीकरण नहीं कराया जाता है तो उस पर जुर्माना या अन्य कार्रवाई की जा सकती है।

बता दें कि शहर में रोजाना प्रतिबंधित नस्ल के कुत्तों के हमले के मामले सामने आ रहे थे फिर भी लोग इन्हें पालने से बाज नहीं आ रहे थे। काफी लोगों को ऐसी नस्ल के कुत्ते काट चुके थे लेकिन प्रशासन की तरफ से कोई ठोस कार्रवाई नहीं हो रही थी। फि लहाल, कुत्तों की कई प्रजातियों पर रोक लग जाने से लोगों को काफी राहत मिलेगी।

गाजियाबाद के सीनियर सिटीजन और समाजसेवी जुगल किशोर ने बताया कि गाजियाबाद नगर निगम की बोर्ड बैठक के फैसला का सख्ती से पालन होना चाहिए। नियमावली में कहा गया है कि सार्वजानिक स्थान जैसे पार्क, लिफ्ट मे श्वान को ले जाते समय मजल डर्न्रसम लगाना अनिवार्य होगा, परन्तु अत्यधिक गर्मी के मौसम मे जहाँ लोग कम हो मजल डर्न्रसम हटा सकते है। इसके अतिरिक्त, ऐसे श्वान पालक जो उपरोक्त आक्रमक श्वान का पालन कर रहे है, उन्हें इस शर्त पर पंजीकरण प्रदान किया जायेगा कि अगले दो माह के अंदर अपने श्वान का बध्याकरण अनिवार्य रूप से करा लें। इस निर्धारित समयावधि के उपरान्त उपरोक्त श्वानो का पंजीकरण नहीं किया जायेगा। यदि उल्लेखित आक्रमक श्वान छह माह से कम उम्र का है तो श्वान मालिक को निगम मे यह शपथ पत्र देना होगा कि श्वान की उम्र छह माह पूर्ण होने पर श्वान का बध्याकरण कराकर निगम को इसकी सूचना 10 दिवस के अंदर प्रदान की जायेगी।







### ये हैं शर्तें

- सभी पालतू कुत्तों का पंजीकरण अनिवार्य होगा।
- एक फ्लैट मे अधिकतम दो कुत्तों का पंजीकरण होगा।
- सफ ाई की सम्पूर्ण जिम्मेदारी मालिक की होगी।
- किसी के घर के सामने कुत्तों को खाना नहीं खिलाया जाएगा।
- आवारा कुत्तों की फीडिंग के लिए स्थान तय हो।

# अमूल और मदर डेयरी ने दूध के दाम दो रुपये प्रति लीटर बढ़ाएं

**पीएनएस/एजेंसी।** नई दिल्ली

● पंजाब के भी शीर्ष दुग्ध विक्रेता मिल्कफेड ने भी बढ़ाई कीमतें

**दुग्ध** आपूर्ति करने वाली प्रमुख कंपनियों अमूल और मदर डेयरी ने लागत बढ़ने का हवाला देते हुए शनिवार को दूध के दाम दो रुपए प्रति लीटर बढ़ा दिए। इसके अलावा पंजाब के भी शीर्ष दुग्ध विक्रेता मिल्कफेड ने दाम बढ़ाने की घोषणा की। अमूल ब्रांड के तहत दुग्ध उत्पादों की बिक्री करने वाली जीसीएमएमएफ ने अमूल गोल्ड और भैंस के दूध की कीमत में दो रुपए प्रति लीटर की बढ़ोतरी करने की घोषणा की। यह मूल्य वृद्धि गुजरात को छोड़कर देश के सभी बाजारों में की गई है।

गुजरात सहकारी दुग्ध विपणन महासंघ (जीसीएमएमएफ) के प्रबंध निदेशक आर एस सोढी ने कहा कि अमूल गोल्ड और भैंस के दूध में प्रति लीटर दो रुपए की वृद्धि की गई है। उन्होंने कहा कि कीमतों में बढ़ोतरी के कारण इन उत्पादों की कीमतें बढ़ाई गई हैं। अमूल गोल्ड की कीमत अब 61 रुपए से बढ़कर 63 रुपए प्रति लीटर हो गई है जबकि भैंस के दूध की कीमत 63 रुपए से बढ़कर 65 रुपए प्रति लीटर हो गई है। जीसीएमएमएफ ने इसके पहले 17 अगस्त को भी दूध खरीद की लागत बढ़ने का हवाला देते हुए अपने उत्पादों की कीमतों में प्रति लीटर दो रुपए की बढ़ोतरी की थी। जीसीएमएमएफ गुजरात के बाहर दिल्ली-एनसीआर, पश्चिम बंगाल और मुंबई में भी दूध की बिक्री प्रमुख रूप से करती है। (शेष पेज 8)

AXIS BANK

स्वर्ण आभूषणों के रूप में बंधक आस्तियों की ई-नीलामी हेतु सार्वजनिक सूचना

कर्जदारों को विशेष रूप से तथा सर्वसाधारण को एतद्द्वारा अधिसूचित किया जाता है कि एक्सिस बैंक द्वारा नीचे वर्णित खातों में बंधक स्वर्ण आभूषणों की सार्वजनिक नीलामी नीचे वर्णित शाखाओं में की जानी प्रस्तावित है। नीचे वर्णित कर्जदारों ने बैंक के पक्ष में स्वर्ण आभूषण बतौर प्रतिभूति बंधक रखकर एक्सिस बैंक से क्रेडिट सुविधा ("स्वर्ण ऋण सुविधा") प्राप्त की है। कर्जदारों/गारंटरों को मांग सूचनाएं जारी की गई थीं, जिनमें कर्जदारों/गारंटरों से उनके द्वारा प्राप्त की गई स्वर्ण ऋण सुविधा के संबंध में बकाया राशि चुकाने की मांग की गई थी। जबकि कर्जदार/गारंटर बकाया ऋण राशि चुकाने में असफल रहे हैं, बैंक बंधक का आह्वान करने हेतु बाध्य है तथा बंधक स्वर्ण आभूषणों, जिनका अधिक विशिष्ट वर्णन यहां नीचे सम्पत्ति की अनुसूची में किया गया है, की ई-नीलामी दिनांक 27-10-2022 को अप. 12.30 बजे से अप. 3.30 बजे तक "जैसा है जहां है", जो है जैसा है", जो है वहां है" और "कोई उपाय नहीं आधार" पर संचालित की जानी प्रस्तावित है।

कर्जदारों और बकाया राशि का विस्तृत विवरण

| क्र. सं. | शाखा का नाम | ग्राहक का नाम | ऋण खाता संख्या | बकाया राशि | प्रत्याह्वान की तिथि | सकल भार |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | अशोक विहार, नई दिल्ली (डीएल) | उर्मिला | XXXXXXXXXXX6477 | 700,000.00 | 03-09-22 | 249.20 |
| 2 | अशोक विहार, नई दिल्ली (डीएल) | ममता | XXXXXXXXXXX2961 | 428,000.00 | 03-09-22 | 184.90 |
| 3 | अशोक विहार, नई दिल्ली (डीएल) | उर्मिला | XXXXXXXXXXX4693 | 293,795.00 | 22-06-21 | 159.00 |
| 4 | अशोक विहार, नई दिल्ली (डीएल) | बिंदु | XXXXXXXXXXX9870 | 166,800.00 | 28-07-22 | 60.10 |
| 5 | अशोक विहार, नई दिल्ली (डीएल) | संजय | XXXXXXXXXXX5642 | 109,336.00 | 09-06-22 | 49.00 |
| 6 | अशोक विहार, नई दिल्ली (डीएल) | मनोज | XXXXXXXXXXX3344 | 70,000.00 | 28-07-22 | 30.60 |
| 7 | अशोक विहार, नई दिल्ली (डीएल) | वसी अहमद | XXXXXXXXXXX3648 | 67,377.00 | 18-06-22 | 23.80 |
| 8 | अशोक विहार, नई दिल्ली (डीएल) | उमेश सिंह | XXXXXXXXXXX9003 | 340,225.00 | 28-02-22 | 201.20 |
| 9 | अशोक विहार, नई दिल्ली (डीएल) | धनराज खन्ना | XXXXXXXXXXX5842 | 206,000.00 | 06-06-22 | 74.00 |
| 10 | अशोक विहार, नई दिल्ली (डीएल) | सरोज देवी | XXXXXXXXXXX5605 | 100,048.00 | 20-06-22 | 37.10 |
| 11 | बहादुरगढ़ (एचआर) | पूर्णेन्दु शेखर | XXXXXXXXXXX5177 | 118,488.00 | 22-07-22 | 47.70 |
| 12 | बाली नगर, नई दिल्ली (डीएल) | आशीष कुमार मिश्रा | XXXXXXXXXXX5363 | 172,500.00 | 05-02-22 | 71.00 |
| 13 | बाली नगर, नई दिल्ली (डीएल) | रनवीर कुमार | XXXXXXXXXXX3835 | 77,200.00 | 03-09-22 | 36.70 |
| 14 | दरियागंज, दिल्ली (डीएल) | कविता गुप्ता | XXXXXXXXXXX3441 | 297,000.00 | 03-09-22 | 117.20 |
| 15 | फरीदाबाद (एचआर) | राहुल | XXXXXXXXXXX8068 | 230,066.00 | 30-04-21 | 88.00 |
| 16 | फरीदाबाद (एचआर) | अमित भारद्वाज | XXXXXXXXXXX6295 | 111,500.00 | 21-04-22 | 65.40 |
| 17 | फरीदाबाद (एचआर) | अमरजीत सिंह | XXXXXXXXXXX7341 | 97,600.00 | 18-06-22 | 32.10 |
| 18 | फरीदाबाद (एचआर) | कंचन कुमारी | XXXXXXXXXXX9321 | 91,200.00 | 18-07-22 | 33.10 |
| 19 | फरीदाबाद (एचआर) | अमित कुमार सिंह | XXXXXXXXXXX5260 | 62,200.00 | 03-09-22 | 25.70 |
| 20 | गाजियाबाद (यूपी) | मोहम्मद साहिद | XXXXXXXXXXX9929 | 180,900.00 | 07-01-22 | 67.30 |
| 21 | ज्योति नगर दिल्ली (डीएल) | मनीष शर्मा | XXXXXXXXXXX5595 | 340,500.00 | 22-07-22 | 135.00 |
| 22 | ज्योति नगर दिल्ली (डीएल) | दीपांशु कुमार | XXXXXXXXXXX3340 | 301,200.00 | 18-07-22 | 105.50 |
| 23 | ज्योति नगर दिल्ली (डीएल) | अमित पंवार | XXXXXXXXXXX9328 | 270,000.00 | 22-07-22 | 95.50 |
| 24 | ज्योति नगर दिल्ली (डीएल) | पुनीत कुमार तिवारी | XXXXXXXXXXX2010 | 58,600.00 | 18-07-22 | 20.20 |
| 25 | ज्योति नगर दिल्ली (डीएल) | मोहित | XXXXXXXXXXX7592 | 123,000.00 | 18-06-22 | 54.90 |
| 26 | काल्काजी, नई दिल्ली (डीएल) | मोहम्मद मेहराज | XXXXXXXXXXX8244 | 731,223.00 | 18-07-22 | 275.70 |
| 27 | काल्काजी, नई दिल्ली (डीएल) | अगम्य झा | XXXXXXXXXXX1894 | 548,654.00 | 13-04-22 | 208.90 |
| 28 | काल्काजी, नई दिल्ली (डीएल) | जफर | XXXXXXXXXXX8338 | 26,600.00 | 17-05-22 | 10.40 |
| 29 | काल्काजी, नई दिल्ली (डीएल) | मुकेश कुमार | XXXXXXXXXXX5675 | 369,300.00 | 24-03-22 | 126.60 |
| 30 | किशनगंज ओडी (डीएल) | मोहम्मद शाहिद अंसारी | XXXXXXXXXXX2402 | 121,300.00 | 22-07-22 | 43.80 |
| 31 | किशनगंज ओडी (डीएल) | अजय कुमार शर्मा | XXXXXXXXXXX6135 | 110,000.00 | 28-07-22 | 33.40 |
| 32 | लाजपत नगर, नई दिल्ली (डीएल) | रामिन्दर कौर | XXXXXXXXXXX5786 | 975,000.00 | 11-08-22 | 334.50 |
| 33 | लाजपत नगर, नई दिल्ली (डीएल) | संजय कुमार तेवतिया | XXXXXXXXXXX2401 | 372,700.00 | 22-07-22 | 126.60 |
| 34 | लाजपत नगर, नई दिल्ली (डीएल) | अरविंद | XXXXXXXXXXX9432 | 311,517.00 | 18-07-22 | 128.90 |
| 35 | लाजपत नगर, नई दिल्ली (डीएल) | अनुज कुमार सिंह | XXXXXXXXXXX9168 | 199,984.00 | 22-07-22 | 105.50 |
| 36 | लाजपत नगर, नई दिल्ली (डीएल) | अमित गुप्ता | XXXXXXXXXXX3832 | 125,000.00 | 03-09-22 | 43.10 |
| 37 | लाजपत नगर, नई दिल्ली (डीएल) | लक्ष्मी नारायण | XXXXXXXXXXX5382 | 116,500.00 | 03-09-22 | 41.80 |
| 38 | लाजपत नगर, नई दिल्ली (डीएल) | अमित गुप्ता | XXXXXXXXXXX4052 | 110,000.00 | 06-06-22 | 46.90 |
| 39 | लाजपत नगर, नई दिल्ली (डीएल) | मोहम्मद साजिद खान | XXXXXXXXXXX3009 | 90,400.00 | 03-09-22 | 31.50 |
| 40 | मालवीय नगर, नई दिल्ली (डीएल) | इरशाद | XXXXXXXXXXX4565 | 709,800.00 | 22-07-22 | 279.70 |
| 41 | मालवीय नगर, नई दिल्ली (डीएल) | गीतांजलि सिंह | XXXXXXXXXXX3735 | 277,300.00 | 24-03-22 | 115.90 |
| 42 | मयूर विहार, नई दिल्ली (डीएल) | मोनिका अग्रवाल | XXXXXXXXXXX0129 | 415,000.00 | 05-09-22 | 156.00 |
| 43 | मयूर विहार, नई दिल्ली (डीएल) | प्रियंका यादव | XXXXXXXXXXX5554 | 155,000.00 | 30-03-22 | 60.20 |
| 44 | मीरा बाग, नई दिल्ली (डीएल) | बिलाल रियाज | XXXXXXXXXXX1682 | 391,100.00 | 22-07-22 | 149.50 |
| 45 | नरेला, नई दिल्ली (डीएल) | कमल | XXXXXXXXXXX2510 | 85,000.00 | 28-07-22 | 28.40 |
| 46 | नरेला, नई दिल्ली (डीएल) | कमल | XXXXXXXXXXX2667 | 60,000.00 | 28-07-22 | 19.60 |
| 47 | नजफगढ़, नई दिल्ली (डीएल) | बबीता देवी | XXXXXXXXXXX1856 | 600,000.00 | 18-07-22 | 203.30 |
| 48 | नजफगढ़, नई दिल्ली (डीएल) | देवेन्द्र कुमार | XXXXXXXXXXX4684 | 358,900.00 | 24-03-22 | 135.40 |
| 49 | नजफगढ़, नई दिल्ली (डीएल) | देवेन्द्र कुमार | XXXXXXXXXXX6290 | 152,000.00 | 03-09-22 | 56.50 |
| 50 | नजफगढ़, नई दिल्ली (डीएल) | सोनिया | XXXXXXXXXXX7222 | 110,000.00 | 22-07-22 | 42.00 |
| 51 | नजफगढ़, नई दिल्ली (डीएल) | अमित शर्मा | XXXXXXXXXXX5398 | 105,659.00 | 24-03-22 | 41.90 |
| 52 | न्यू फ्रेन्ड्स कालोनी, नई दिल्ली (डीएल) | मोहम्मद साजिद खान | XXXXXXXXXXX7348 | 103,200.00 | 21-04-22 | 36.14 |
| 53 | न्यू फ्रेन्ड्स कालोनी, नई दिल्ली (डीएल) | इब्राहीम खान | XXXXXXXXXXX6896 | 121,700.00 | 17-05-22 | 43.00 |
| 54 | नोएडा (यूपी) | प्रदीप अवाना | XXXXXXXXXXX4021 | 280,500.00 | 18-07-22 | 93.50 |
| 55 | नोएडा (यूपी) | अरविंद कुमार सिंह | XXXXXXXXXXX9468 | 275,000.00 | 22-07-22 | 92.40 |
| 56 | नोएडा (यूपी) | प्रोमिश कुमार | XXXXXXXXXXX6958 | 178,840.00 | 22-07-22 | 84.50 |
| 57 | नोएडा (यूपी) | अमय राज मिश्रा | XXXXXXXXXXX6156 | 147,200.00 | 07-01-22 | 61.70 |
| 58 | पालम विहार, गुरुग्राम (एचआर) | रिंकी देवी | XXXXXXXXXXX9945 | 500,600.00 | 18-07-22 | 166.55 |
| 59 | पालम विहार, गुरुग्राम (एचआर) | अनुपमा यादव | XXXXXXXXXXX2725 | 94,800.00 | 05-09-22 | 28.20 |
| 60 | पालम विहार, गुरुग्राम (एचआर) | भावना सिंह | XXXXXXXXXXX6023 | 60,789.00 | 03-09-22 | 25.90 |
| 61 | पालम विहार, गुरुग्राम (एचआर) | संजय संजय | XXXXXXXXXXX9947 | 31,400.00 | 03-09-22 | 9.80 |
| 62 | पालम विहार, गुरुग्राम (एचआर) | पूजा बराला | XXXXXXXXXXX6441 | 299,181.00 | 22-07-22 | 98.00 |
| 63 | पालम दिल्ली (डीएल) | रश्मि महिन्द्रु | XXXXXXXXXXX0845 | 80,000.00 | 03-09-22 | 29.90 |
| 64 | पालम दिल्ली (डीएल) | रश्मि महिन्द्रु | XXXXXXXXXXX7063 | 55,500.00 | 03-09-22 | 24.50 |
| 65 | पालम दिल्ली (डीएल) | रश्मि महिन्द्रु | XXXXXXXXXXX5776 | 49,848.00 | 03-09-22 | 19.10 |
| 66 | पैराडाइज मॉल्स, गुरुग्राम (एचआर) | मनोरंजन सन्धिग्रिह | XXXXXXXXXXX6371 | 117,364.00 | 22-07-22 | 40.22 |
| 67 | पैराडाइज मॉल्स, गुरुग्राम (एचआर) | सुनीता | XXXXXXXXXXX9032 | 83,200.00 | 24-03-22 | 31.50 |
| 68 | रोहिणी, दिल्ली (डीएल) | अनिल कुमार मिश्रा | XXXXXXXXXXX6436 | 336,000.00 | 22-06-21 | 137.10 |
| 69 | रोहिणी, दिल्ली (डीएल) | भूपिन्दर सिंह रंधावा | XXXXXXXXXXX5213 | 267,000.00 | 09-06-22 | 91.80 |
| 70 | रोहिणी, दिल्ली (डीएल) | रवि रजन तिवारी | XXXXXXXXXXX7086 | 254,059.00 | 22-06-21 | 102.40 |
| 71 | रोहिणी, दिल्ली (डीएल) | भूपिन्दर सिंह रंधावा | XXXXXXXXXXX3453 | 230,000.00 | 09-06-22 | 81.50 |
| 72 | रोहिणी, दिल्ली (डीएल) | सरबजीत कौर | XXXXXXXXXXX6879 | 210,500.00 | 05-09-22 | 72.10 |
| 73 | रोहिणी, दिल्ली (डीएल) | अमित कुमार | XXXXXXXXXXX9748 | 207,027.00 | 03-09-22 | 74.60 |
| 74 | रोहिणी, दिल्ली (डीएल) | राजेन्द्र जीना | XXXXXXXXXXX0034 | 168,638.00 | 05-09-22 | 66.80 |
| 75 | रोहिणी, दिल्ली (डीएल) | हिमांशु कुमार | XXXXXXXXXXX6564 | 144,000.00 | 14-10-22 | 46.85 |
| 76 | रोहिणी, दिल्ली (डीएल) | अमित कुमार | XXXXXXXXXXX4864 | 120,762.00 | 03-09-22 | 54.80 |
| 77 | रोहिणी, दिल्ली (डीएल) | हिमांशु कुमार | XXXXXXXXXXX4600 | 85,000.00 | 28-07-22 | 26.50 |
| 78 | रोहिणी, दिल्ली (डीएल) | रागेन्द्र कुमार अग्रवाल | XXXXXXXXXXX0178 | 404,028.00 | 23-11-21 | 193.30 |
| 79 | सेक्टर 10ए, गुरुग्राम (एचआर) | आतार रहमान | XXXXXXXXXXX9065 | 31,537.00 | 24-03-22 | 17.75 |
| 80 | सेक्टर 10ए, गुरुग्राम (एचआर) | उषा देवी | XXXXXXXXXXX2162 | 25,100.00 | 03-09-22 | 9.80 |
| 81 | सेक्टर 14 गुरुग्राम (एचआर) | दिव्या बत्रा | XXXXXXXXXXX4781 | 337,000.00 | 22-06-21 | 106.50 |
| 82 | सेक्टर 14 गुरुग्राम (एचआर) | कामिनी | XXXXXXXXXXX4371 | 138,800.00 | 05-09-22 | 47.90 |
| 83 | सेक्टर 14 गुरुग्राम (एचआर) | रूबी देवी | XXXXXXXXXXX6965 | 105,600.00 | 18-07-22 | 38.90 |
| 84 | सेक्टर 14 गुरुग्राम (एचआर) | पवन कुमार | XXXXXXXXXXX5210 | 69,600.00 | 06-06-22 | 25.40 |
| 85 | सेक्टर 14 गुरुग्राम (एचआर) | लोकेश सिंह | XXXXXXXXXXX3539 | 48,600.00 | 28-07-22 | 20.70 |
| 86 | सेक्टर 14 गुरुग्राम (एचआर) | मोहम्मद इरशाद | XXXXXXXXXXX9053 | 29,900.00 | 18-07-22 | 12.40 |
| 87 | सेक्टर 14 गुरुग्राम (एचआर) | श्रुति वर्मा | XXXXXXXXXXX7254 | 347,000.00 | 22-09-20 | 136.50 |
| 88 | सेक्टर 14 गुरुग्राम (एचआर) | विनोद कुमार (16013565 एम) | XXXXXXXXXXX4547 | 294,000.00 | 05-02-22 | 103.80 |
| 89 | सेक्टर 14 गुरुग्राम (एचआर) | विकी | XXXXXXXXXXX4678 | 231,742.00 | 21-04-22 | 83.90 |
| 90 | सेक्टर 14 गुरुग्राम (एचआर) | सुरेन्द्र कुमार | XXXXXXXXXXX6697 | 151,200.00 | 11-08-22 | 55.10 |
| 91 | सेक्टर 14 गुरुग्राम (एचआर) | सुमैया अहमद | XXXXXXXXXXX9582 | 151,000.00 | 22-06-21 | 78.00 |
| 92 | सेक्टर 14 गुरुग्राम (एचआर) | राम बहादुर सिंह | XXXXXXXXXXX6013 | 144,000.00 | 17-05-22 | 52.60 |
| 93 | सेक्टर 16, फरीदाबाद (एचआर) | अमित बहल | XXXXXXXXXXX5344 | 683,000.00 | 07-01-22 | 255.30 |
| 94 | सेक्टर 16, फरीदाबाद (एचआर) | पूनम सिंह | XXXXXXXXXXX0753 | 677,000.00 | 22-06-21 | 210.10 |
| 95 | सेक्टर 16, फरीदाबाद (एचआर) | धर्मेन्द्र सिंह | XXXXXXXXXXX9415 | 463,500.00 | 18-07-22 | 170.80 |
| 96 | सेक्टर 16, फरीदाबाद (एचआर) | हिमांशी | XXXXXXXXXXX0013 | 359,062.00 | 26-07-22 | 135.90 |
| 97 | सेक्टर 16, फरीदाबाद (एचआर) | दुर्गेश कुमार | XXXXXXXXXXX7756 | 200,000.00 | 24-03-22 | 75.25 |
| 98 | सेक्टर 16, फरीदाबाद (एचआर) | देवेन्द्र शर्मा | XXXXXXXXXXX7654 | 194,000.00 | 25-08-22 | 79.20 |
| 99 | सेक्टर 16, फरीदाबाद (एचआर) | प्रशांत कुमार | XXXXXXXXXXX7578 | 176,000.00 | 09-06-22 | 64.10 |
| 100 | सेक्टर 16, फरीदाबाद (एचआर) | बीना देवी | XXXXXXXXXXX0911 | 155,000.00 | 24-03-22 | 59.40 |
| 101 | सेक्टर 16, फरीदाबाद (एचआर) | अमित कुमार सिंह | XXXXXXXXXXX9341 | 109,000.00 | 03-09-22 | 46.60 |
| 102 | सेक्टर 16, फरीदाबाद (एचआर) | भोला प्रसाद गुप्ता | XXXXXXXXXXX1908 | 51,200.00 | 28-07-22 | 17.20 |
| 103 | सेक्टर 16, फरीदाबाद (एचआर) | विजय | XXXXXXXXXXX4048 | 51,000.00 | 05-09-22 | 19.00 |
| 104 | सेक्टर 16, फरीदाबाद (एचआर) | हरेन्द्र कुमार | XXXXXXXXXXX3069 | 38,000.00 | 14-07-22 | 15.40 |
| 105 | सेक्टर 16, फरीदाबाद (एचआर) | विनोद कुमार | XXXXXXXXXXX3778 | 175,000.00 | 17-05-22 | 68.50 |
| 106 | सेक्टर 16, फरीदाबाद (एचआर) | नितिन जिंदल | XXXXXXXXXXX1618 | 169,561.00 | 18-01-21 | 61.10 |
| 107 | सेक्टर 16, फरीदाबाद (एचआर) | ओंकार प्रसाद शर्मा | XXXXXXXXXXX7473 | 159,000.00 | 30-03-22 | 55.20 |
| 108 | सेक्टर 16, फरीदाबाद (एचआर) | दीपक | XXXXXXXXXXX3254 | 123,000.00 | 29-01-22 | 62.40 |
| 109 | सेक्टर-24, रोहिणी, नई दिल्ली (डीएल) | सचिन कुमार | XXXXXXXXXXX8879 | 103,000.00 | 25-08-22 | 39.40 |
| 110 | शाहदरा, दिल्ली (डीएल) | सैयद सरफराज | XXXXXXXXXXX3042 | 111,400.00 | 28-07-22 | 37.30 |
| 111 | स्वास्थ्य विहार, नई दिल्ली (डीएल) | सुजाता कुमारी | XXXXXXXXXXX0260 | 104,000.00 | 25-08-22 | 38.30 |
| 112 | स्वास्थ्य विहार, नई दिल्ली (डीएल) | शुभम | XXXXXXXXXXX2456 | 70,000.00 | 18-07-22 | 26.80 |
| 113 | स्वास्थ्य विहार, नई दिल्ली (डीएल) | आदित्य भोंसल | XXXXXXXXXXX9937 | 320,000.00 | 18-07-22 | 141.40 |
| 114 | स्वास्थ्य विहार, नई दिल्ली (डीएल) | रीना सिंह | XXXXXXXXXXX5984 | 172,200.00 | 18-06-22 | 69.10 |
| 115 | स्वास्थ्य विहार, नई दिल्ली (डीएल) | आरती अग्रवाल | XXXXXXXXXXX8175 | 123,944.00 | 18-06-22 | 37.40 |
| 116 | स्वास्थ्य विहार, नई दिल्ली (डीएल) | अभिषेक कुमार | XXXXXXXXXXX4041 | 88,400.00 | 06-08-22 | 30.60 |
| 117 | तिलक नगर, दिल्ली (डीएल) | राजेश कुमार | XXXXXXXXXXX1014 | 882,100.00 | 18-07-22 | 316.00 |
| 118 | तिलक नगर, नई दिल्ली (डीएल) | विकास समरवाल | XXXXXXXXXXX5557 | 313,700.00 | 11-08-22 | 108.10 |
| 119 | तिलक नगर, नई दिल्ली (डीएल) | मोहम्मद कलाम | XXXXXXXXXXX9238 | 166,820.00 | 18-06-22 | 67.60 |
| 120 | तिलक नगर, नई दिल्ली (डीएल) | मुजम्मिल | XXXXXXXXXXX5442 | 117,700.00 | 22-07-22 | 40.80 |
| 121 | तिलक नगर, नई दिल्ली (डीएल) | रानी देवी | XXXXXXXXXXX0066 | 116,000.00 | 17-05-22 | 44.70 |
| 122 | उत्तम नगर, नई दिल्ली (डीएल) | रोहित सोढी | XXXXXXXXXXX6656 | 270,000.00 | 18-06-22 | 97.30 |
| 123 | वैशाली गाजियाबाद (यूपी) | राकेश पांडे | XXXXXXXXXXX5647 | 427,667.00 | 06-08-22 | 177.40 |
| 124 | वैशाली गाजियाबाद (यूपी) | देवाशीष बिस्वाल | XXXXXXXXXXX3079 | 180,300.00 | 25-08-22 | 59.60 |
| 125 | वैशाली गाजियाबाद (यूपी) | देवाशीष बिस्वाल | XXXXXXXXXXX3922 | 70,200.00 | 03-09-22 | 33.40 |
| 126 | वैशाली गाजियाबाद (यूपी) | विपिन टोड | XXXXXXXXXXX3762 | 47,400.00 | 03-09-22 | 15.40 |
| 127 | वैशाली गाजियाबाद (यूपी) | अमित कुमार धीमान | XXXXXXXXXXX2903 | 42,100.00 | 03-09-22 | 17.00 |
| 128 | वैशाली गाजियाबाद (यूपी) | राजीव मेहता | XXXXXXXXXXX2548 | 146,800.00 | 24-03-22 | 50.50 |
| 129 | वैशाली गाजियाबाद (यूपी) | राजीव मेहता | XXXXXXXXXXX8837 | 138,807.00 | 24-03-22 | 49.20 |

एक्सिस बैंक लिमिटेड को बिना कोई पूर्व सूचना दिए खाता हटाने/नीलामी की तिथि परिवर्तित करने का अधिकार है। नीलामी **https://gold.samil.in** पर अप. 12.30 बजे से अप. 03.30 बजे के बीच ऑनलाइन आयोजित की जाएगी।
विस्तृत नियमों एवं शर्तों के लिए, कृपया वेबसाइट **https://gold.samil.in** पर लॉगइन करें।

स्थान : दिल्ली
तिथि : 16-10-2022

प्राधिकृत अधिकारी
एक्सिस बैंक लिमिटेड

पायनियर
नई दिल्ली, रविवार, 16 अक्टूबर, 2022



# ग्रेनो वेस्ट में कई अहम परियोजनाएं होंगी शुरू: सीईओ

## ऋतु माहेश्वरी ने सफाईगिरी कार्यक्रम में लिया भाग, गंगाजल के मास्टर जलाशय का लिया जायजा

**पायनियर समाचार सेवा। नोएडा**

ग्रेटर नोएडा में ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण की सीईओ ऋतु ने सफाई अभियान का आगाज किया। उन्होने इस दौरान कहा की ग्रेटर नोएडा वेस्ट में जल्द कई अहम परियोजनाये शुरू की जाएंगी । ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण की तरफ से शनिवार को ग्रेटर नोएडा वेस्ट के टेकजोन-फोर स्थित गौड़ सौंदर्यम के पास स्थित पार्क में सफाईगिरी कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें सीईओ ऋतु माहेश्वरी, एसीईओ प्रेरणा शर्मा व प्रभारी जीएम प्रोजेक्ट सलिल यादव समेत कई वरिष्ठ अधिकारीगण शामिल हुए।



इस कार्यक्रम में शामिल नेफोवा के अध्यक्ष अभिषेक कुमार, मनीष कुमार समेत आसपास के निवासियों ने सीईओ को ग्रेटर नोएडा वेस्ट की समस्याओं से अवगत कराया, जिसके जवाब में माहेश्वरी ने बताया कि नोएडा सेक्टर 52 से ग्रेटर नोएडा वेस्ट के नॉलेज पार्क फाइव मेट्रो परियोजना का अप्रूवल अंतिम दौर में हैं। निवासियों को बहुत जल्द धरातल पर काम होते दिखाई देगा। सीईओ ने नोएडा.ग्रेटर नोएडा के बीच इस साल के अंत तक 25 फीडर बसों का टेंडर फाइनल करने और बसें चलाए जाने की उम्मीद जताई। इसके बाद 25 और बसें भी इस बेड़े में शामिल की जाएंगी। उन्होंने बताया कि फीडर बसों को सस्टेनेबल बनाने के लिए नए मॉडल को अपनाया गया है, जिससे दोनों प्राधिकरणों पर आर्थिक बोझ नहीं पड़ेगा। माहेश्वरी ने ग्रेटर नोएडा के आवासीय सेक्टरों में इस माह के अंत तक और ग्रेटर नोएडा वेस्ट में मार्च 2023 तक गंगाजल पहुंचने की उम्मीद जताई।

समयबद्ध तरीके से सभी सेक्टरों व सोसाइटियों को गंगाजल से जोड़ने की बात कही। सीईओ ने पर्थला पर बन रहे ब्रिज का काम अगले पांच से छह माह में पूरा होने की जानकारी दी। उन्होंने ग्रेटर नोएडा वेस्ट के सबसे व्यस्त चौराहे चार मूर्ति गोलचक्कर पर अंडरपास की डीपीआर डिटेल प्रोजेक्ट रिपोर्ट दो माह में बनाकर टेंडर जारी कराने की बात कही। निवासियों ने सभी पार्कों में बोर्ड लगाकर रखरखाव करने वाले कर्मचारी व अधिकारी का नंबर लिखवाने की मांग की, जिस पर सीईओ ने उद्यान विभाग को यह कार्य शीघ्र कराने के निर्देश दिए।

निवासियों की मांग पर गौड़ सौंदर्यम सोसाइटी के पास ब्रेकर बनवाने, खुले नालों को ढकने और टेकजोन फ ोर की सर्विस रोड को दुरुस्त करने के निर्देश दिए। ग्रेटर नोएडा को स्वच्छ बनाने के लिए सफ ाईगिरी का हिस्सा बनें। प्राधिकरण की तरफसे दी जा रही सुविधाओं के रखरखाव को बेहतर बनाने में योगदान दें। उन्होंने सोसाइटियों से निकलने वाले कूड़े को खुद से कलेक्ट करने, उसे सेग्रिगेट करने और फिर उसे प्रोसेस करने की गुजारिश की। प्राधिकरण की सीईओ रितु माहेश्वरी ने एसीईओ प्रेरणा शर्मा व आनंद वर्धन के साथ गंगाजल प्रोजेक्ट शुरू कराने के मद्देनजर जैतपुर स्थित मास्टर जलाशय का जायजा लिया।

उन्होंने इस जलाशय से लेकर निवासियों के घरों तक गंगाजल पहुंचाने के लिए लाइनों का परीक्षण व अन्य तैयारी पूरा कर लेने के निर्देश दिए, ताकि हरिद्वार से गंगनहर के जरिए देहरा तक और वहां से ग्रेटर नोएडा तक पानी आने के तत्काल बाद शोधन प्रक्रिया को पूरी कर घरों तक गंगाजल पहुंचाया जा सके। 85 क्यूसेक गंगाजल परियोजना लगभग पूरी हो चुकी है।

सीईओ ने नॉलेज पार्क फाइव में बन रहे देश के सबसे बड़े डाटा सेंटर का भी जायजा लिया। यह डाटा सेंटर भी शीघ्र शुरू होने जा रहा है। इसके बाद नोएडा.ग्रेनो वेस्ट को ग्रेटर नोएडा से जोड़ने वाले 130 मीटर रोड का भी निरीक्षण किया।

## एलिवेटेड रोड पर अश्लील इशारा कर रही थीं दो महिलाएं, गिरफ्तार

**गाजियाबाद।** एंटी रोमियो स्क्वाड ने इंदिरापुरम कोतवाली क्षेत्र में एलिवेटेड रोड पर पुरुषों को देखकर अश्लील इशारे करने वाली दो महिलाओं को दबोचा है। उनके खिलाफ इंदिरापुरम कोतवाली में रिपोर्ट दर्ज हुई है।

महिला उपनिरीक्ष मंजू सिंह शुक्रवार शाम एंटी रोमियो स्क्वाड के साथ वसुंधरा में चेकिंग कर रही थीं। मुखबिर से उन्हें सूचना मिली कि एलिवेटेड रोड के डाउन लेन पर दो महिलाएं खड़ी हैं। वह अश्लील गाने गा रही हैं।

पुरुष व युवाओं को देखकर अश्लील इशारे कर रही हैं। गलत काम करने के लिए बुला रही हैं।

# नोएडा में गिरते भूजल स्तर को बढ़ाने की कवायद

- वाटर मीटर लगाए जाएं और वेटलैंड से अतिक्रमण हटाने के बाद पानी की गुणवत्ता का अध्ययन करें

**पायनियर समाचार सेवा। नोएडा**

शहर में पानी का स्तर लगातार गिर रहा है। पानी की गुणवत्ता और स्तर बढ़ाने के लिए चीफ एग्जीक्यूटिव रितु माहेश्वरी ने समीक्षा की। काम में लापरवाही बरतने पर मैसर्स वाप्कॉस कंपनी पर जुर्माना लगाने के निर्देश दिए गए। वाप्कास कंपनी नोएडा में रेनीवॉल का काम देखती है। ऋतु माहेश्वरी ने कहा, रेनीवॉल संख्या.2, 3, 4 और 6 को फिर से शुरू करने के लिए टेंडर प्रक्रिया 31 अक्टूबर तक जारी कर दी जाए।



पहले चरण में लगाए जाने वाले 5 हजार वाटर मीटर 31 दिसंबर 2022 तक लगा दिए जाएं। इससे पहले 31 अक्टूबर तक लक्ष्य के हिसाब से मीटर नहीं लगाने पर भी कंपनी पर जुर्माना लगाने के लिए जल विभाग के अधिकारियों से कहा गय है। जिन जगह मीटर लग चुके हैं, वहां से प्राप्त राजस्व का बीते सालों से तुलनात्मक अध्ययन किया जाए। सीईओ ने कहा सेक्टर.50 में बनाए गए वेटलैंड के आस.पास हुए अतिक्रमण को जल्द हटाया जाए। इसके अलावा वेटलैंड के निर्माण के बाद पानी की गुणवत्ता में हुए सुधार का तुलनात्मक अध्ययन किया जाए। नाले में प्राप्त हो रहे प्रवाह पर मॉनिटरिंग सिस्टम अपस्ट्रीम एंड डाउन स्ट्रीम दोनों के साथ स्थापित किया जाए। नए सेक्टर.145, 146 और 164 में जल.सीवर के सभी काम को उपलब्ध भूमि पर सभी प्रक्रिया पूरी करते हुए तेजी से काम किए जाएं। जल खंड प्रथम में अक्रियाशील 7 नलकूपों को जनवरी 2023 तक टाइम लाइन के साथ पूरा किया जाए।

30 नवंबर तक टेंडर जारी करने के निर्देश दिए। जिन एसटीपी को चलते हुए 10-12 साल हो गए हैं, उनको रेट्रोफिट करने के लिए तकनीकी परामर्श लेने को एजेंसी का चयन किया जाए। सभी एसटीपी से प्राप्त शोधित जल का उपयोग पूरी क्षमता से करने के निर्देश दिए। जल राजस्व बढ़ाने के लिए बकाया ऑनलाइन जमा कराने के लिए लोगों को प्रोत्साहित किया जाए। मोबाइल एप बनाकर सुविधाएं दी जाएं।

# किसानों के प्रदर्शन में पहुंचे राकेश टिकैत

- जमीन का मुआवजा बढ़ाने की मांग

**पायनियर समाचार सेवा। नोएडा**

ग्रेटर नोएडा में तीनों प्राधिकरण के खिलाफ चल रहे किसानों के धरने में आज सुबह राकेश टिकैत शामिल हुए। भारतीय किसान यूनियन टिकैत तीनों प्राधिकरण के खिलाफ कल से धरना प्रदर्शन कर रहा है। उसी में शनिवार सुबह बीकेयू के राष्ट्रीय प्रवक्ता राकेश टिकैत भी शामिल हुए और उन्होंने प्राधिकरण से जल्द से जल्द किसानों की समस्या का समाधान करने की बात कही।

भारतीय किसान यूनियन टिकैत ने शुक्रवार को तीनों प्राधिकरण के खिलाफ जमकर हल्ला बोला। पूरे गौतमबुद्ध नगर के किसान इकट्ठा हुए और यमुना एक्सप्रेस.वे के जीरो पॉइंट पर पहुंचकर एक महापंचायत की और उसके बाद धरने पर ही बैठ गए। शाम को अधिकारियों व किसानों के बीच वार्ता हुई लेकिन वह विफल रही।

शनिवार दिन निकलते ही भारतीय किसान यूनियन के राष्ट्रीय प्रवक्ता राकेश टिकैत किसानों के धरने में पहुंच गए और उन्होंने किसानों का हौसला बढ़ाया। राकेश टिकैत ने बताया कि वह कल हाथरस में थे और आज हाथरस से मुजफ्फरनगर के लिए जा रहे थे और यहां जीरो पॉइंट पर किसानों का धरना चल रहा है। इसी में वह किसानों के साथ शामिल हुए और उनकी समस्याओं को जाना। उन्होंने कहा कि तीनों प्राधिकरण को किसानों की समस्याओं को खत्म करना चाहिए। टिकैत ने कहा कि प्रशासन किसानों से बातचीत करें और बातचीत के बाद ही समस्या का समाधान निकालें। गौरतलब है कि शुक्रवार से ही किसान जीरो पॉइंट पर धरने पर बैठे हुए हैं। यहां पर एक महापंचायत का भी ऐलान किया गया था।

# टोल टैक्स से बचने के लिए लगाई कार पर फर्जी नंबर प्लेट

**पायनियर समाचार सेवा। नोएडा**

नोएडा सेक्टर-58 पुलिस ने एक ऐसे शख्स को गिरफ्तार को किया जो एमसीडी और चालान से बचने के लिए फर्जी नंबर प्लेट लगाकर घूम रहा था। पुलिस ने उसकी अर्टिगा कार को जब्त कर लिया है। इसे बैंक ऑफ इंडिया चौराहा सेक्टर-62 में चेकिंग के दौरान पकड़ा गया। इसकी पहचान सौरव निवासी फरीदाबाद हुई है।

पुलिस ने बताया कि योगदा आश्रम सेक्टर 62 की तरफ से एक सफेद रंग की अर्टिगा कार आती दिखी। इसको पुलिस ने चैकिंग के लिए रोका। कार के आगे पीछे की नंबर प्लेट पर एचआर 51 वी 9672 नंबर पड़ा था। कार के नंबर को ई.चालान एप पर डालकर चैक किया गया। ये नंबर टीवीएस मोटर साइकिल का पाया गया। चालक ने पूछताछ पर बताया कि यह मेरी गाड़ी है जिसका असली नंबर एचआर 38 वी 9672 है। असली गाड़ी नंबर उसके पिता के नाम रजिस्टर थी। आरोपी की कार कॉमर्शियल है। जिसकी फिटनेस समाप्त हो चुकी हैए इसका टैक्स खत्म हो चुका है।

## फ्लैट नंबर व नाम पूछने पर सिक्योरिटी गार्ड से मारपीट

**गाजियाबाद।** राजनगर एक्सटेंशन की पैराडाइज सोसायटी में रहने वाले एक व्यक्ति से वहां तैनात सिक्योरिटी गार्ड ने उसका नाम और फ्लैट नंबर पूछ लिया। इससे नाराज व्यक्ति ने गार्ड के साथ गाली गलौच करते हुए मारपीट भी की।

नंदग्राम की दीनदयाल पुरी में रहने वाले सतवीर शर्मा ने बताया कि पैराडाइज में गार्ड की नौकरी करते हैं। सोसायटी में हबीब हुसैन नाम का एक व्यक्ति एक फ्लैट में रहने के लिए आया है। वह उसे नहीं जानते। उन्होंने उससे नाम व फ्लैट नंबर पूछा। इस पर उसने गाली-गलौज करते हुए मारपीट कर दी ।

## अनियंत्रित मोटरसाइकिल डिवाइडर से टकराई, एक की मौत, दूसरा घायल

**नोएडा।** जिले के थाना सेक्टर 58 क्षेत्र के एलिवेटेड रोड पर शुक्रवार को एक बाइक अनियंत्रित होकर डिवाइडर से टकरा गई जिससे उस पर सवार एक युवक की मौत हो गई, तथा दूसरा गंभीर रूप से घायल हो गया।थाना सेक्टर 58 के प्रभारी निरीक्षक विवेक त्रिवेदी ने बताया कि दिल्ली के मालवीय नगर के रहने वाले उत्कर्ष तथा विशाल मोटरसाइकिल पर सवार होकर आज सुबह करीब साढ़े सात बजे एलिवेटेड रोड से जा रहे थे। तभी तेज गति से जा रही उनकी मोटरसाइकिल अनियंत्रित होकर डिवाइडर से टकरा गई। त्रिवेदी के अनुसार, इस घटना में दोनों अत्यंत गंभीर रूप से घायल हो गए। दोनों को उपचार के लिए नोएडा के कैलाश अस्पताल में भर्ती करवाया गया।

# घर जाने से इनकार करने पर पत्नी को मारी गोली, घायल

- आरोपी पति अपने साथी संग फरार

**पायनियर समाचार सेवा। नोएडा**

सूरजपुर कस्बे में बीती रात पत्नी को मायके से लेने गए पति ने शराब के नशे में जरा सी बात पर पत्नी गोली मार दी। पत्नी का कसूर बस इतना था कि उसने पति के साथ जाने से इंकार कर दिया था। थाना प्रभारी अवधेश प्रताप सिंह ने बताया कि बीती रात सूरजपुर कस्बे के गुरुद्वारा रोड पर एक महिला को गोली मारे जाने की सूचना मिली।

प्रारंभिक जांच में पता चला कि घायल महिला का नाम पूजा है और वह मूल रूप से हरदोई की रहने वाली है। गोली उसके पति सुखबीर ने चलाई थी। थाना प्रभारी ने बताया कि सुखबीर की शादी एक वर्ष पूर्व हरदोई निवासी पूजा के साथ हुई थी। दंपत्ति सूरजपुर में वकील कॉलोनी में रह रहे थे। पूजा के मायके वाले भी सूरजपुर कस्बे के गुरुद्वारा रोड पर रहते हैं। पिछले कई महीने से पूजा अपने मायके में रह रही थी।

सुखबीर साथी संग देवराज के साथ शराब के नशे में अपनी सुसराल पहुंचा और उसने पूजा से घर चलने को कहा। पूजा द्वारा इनकार किए जाने पर वह गुस्से से भर उठा और उसने तमंचा निकालकर उस पर फ ायर झोंक दिया। गोली पूजा के हाथ में लगी और जमीन पर गिर पड़ी।

## संक्षिप्त समाचार




**यशोदा सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल के सीएमडी डॉ पी.एन अरोड़ा द्वारा गोद लिए गए टीबी के मरीजों को 100 पुष्टाहार किट वितरित की गईं। इस अवसर पर दीपाली गुप्ता ( पीपीएम ), डॉक्टर आर के शर्मा, राजेंद्र कुमार ( एसटीएस ) , शशिकांत टीबीएचवी ) ,एम एल खान ( ट्रीटमेंट सपोर्टर ), दीपक त्यागी, राजवीर, ईरम ( टीएस ) मौजूद थे।**

### अंग्रेजों की कब्रगाह के पास अवैध निर्माण, रिपोर्ट दर्ज

**गाजियाबाद।** हिंडन विहार स्थित अंग्रेजों की कब्रगाह के पास एक व्यक्ति ने अवैध रूप से निर्माण कर लिया। इस मामले में भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण विभाग की ओर से आरोपी के खिलाफरिपोर्ट दर्ज कराई गई है। यह रिपोर्ट मेरठ उपमंडल के कार्यालय वरिष्ठ संरक्षण सहायक भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण वसीम ने दर्ज कराई है। पुलिस के अनुसार, भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण के वरिष्ठ सहायक की ओर से शिकायत दी गई है कि अंग्रेजों की कब्रगाह केंद्रीय संरक्षित स्मारक स्थल घोषित है। प्राचीन संस्मारक तय पुरातत्वीय स्थल और अवशेष अधिनियम 2010 की धारा 20क के अनुसार संरक्षित क्षेत्र या संरक्षित स्मारक की सीमा से आरंभ होने वाली दिशाओं में 100 मीटर की दूरी तक किसी भी प्रकार का निर्माण, खनन या कोई भी अन्य कार्य नहीं किया जा सकता। इसी प्रकार 100 मीटर से आगे सभी दिशाओं में 200 मीटर तक विनियमित क्षेत्र घोषित है। यहां निर्माण, मरम्मत समेत अन्य कार्य नहीं हो सकते। उनका कहना है कि कब्रगाह से 160 मीटर की दूरी पर हाजी नब्बू द्वारा अवैध निर्माण किया जा रहा है। उन्होंने हाजी नब्बू के खिलाफ अधिनियम की धारा 30ए व 30बी के तहत रिपोर्ट दर्ज कराई है। नंदग्राम थाना प्रभारी रमेश सिंह सिद्धू का कहना है कि इस मामले में रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है। अब मामले की जांच की जा रही है।

### विजेता बच्चों को बांटे गए मेडल और ट्रॉफी



**गाजियाबाद।** मुकुट मेमोरियल चैरिटेबल ट्रस्ट के तत्वावधान खेल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। ट्रस्ट के चैयरमेन प्रशांत गुप्ता ने बताया कि प्रतियोगिता के पहले दिन प्रतियोगिता और शतरंज प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमें सभी स्कूल के 80 बच्चों ने अपनी भागीदारी की। ट्रस्ट के पदाधिकारियों ने अपना सहयोग किया सभी बच्चो को जलपान की व्यवस्था की गई। सभी बच्चों को ट्रस्ट की तरफ से सर्टिफिकेट दिया गया और विजेता बच्चो को मेडल और ट्रॉफी दी गई। कार्यक्रम में अध्यक्ष अपर्णा मिश्र, उपाध्यक्ष गरिमा अग्रवाल , महासचिव राजेश श्रीवास्तव, सचिव एकता श्रीवास्तव, सचिव सुपरूपानाथ, उपाध्यक्ष बनानी विसवास,ग़ाज़ियाबाद प्रभारी गौरव राणा,मंडल प्रभारी राकेश चौधरी , संगठन सचिव नीरज गोयल आदि शामिल हुए। ग्लोबल अमरपाली स्कूल के आर्यन को प्रथन पुरुस्कार मिला, यशपाल, अरुण, वाशु, आकाश, अरुण, आयुष , परिणित, नैतिक , और शतरंज में विजेता बच्चो के नाम है हिमांश , रिहान , संजय , आर्यन , नैतिक , यश , दिव्यांश, मानसी, खुशी शामिल है।

सीएमवाईके प्रिंटेक लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक नरेन्द्र कुमार द्वारा नं. 6, गुलाब भवन के पीछे, बहादुर शाह ज़फ़र मार्ग, नई दिल्ली-110002, दूरभाष: 011-40110455 से प्रकाशित तथा बीएफएल इन्फोटेक लिमिटेड सी-9 सेक्टर-3, नोएडा-201301 ( उ.प्र. ) से मुद्रित। कार्यकारी संपादक: नवीन उपाध्याय, स्थानीय सम्पादक: प्रदीप तिवारी। पाठकों को सुझाव दिया जाता है कि इस अखबार के किसी भी विज्ञापन पर प्रतिक्रिया करने से पहले पूरी तरह उसके बारे में दिए गए दावों, शर्तो और तथ्यों की जांच कर लें। पायनियर ग्रुप के मुद्रक, प्रकाशक, सम्पादक या उसका कोई भी कर्मचारी विज्ञापनदाता द्वारा उनके किसी उत्पाद तथा सेवा हेतु किए गए किसी दावे की सच्चाई का आश्वासन या उत्तरदायित्व नहीं लेता है। ऐसे विज्ञापनों के बाद किसी आर्थिक क्षति के लिए वे जिम्मेदार भी नहीं हैं। पत्रवार्ता ऑफिस- एफ-31, सेक्टर 6, नोएडा, गौतमबुद्धनगर-201301, उत्तर प्रदेश, दूरभाष- 120-4879900।

पायनियर
नई दिल्ली, रविवार, 16 अक्टूबर, 2022



# ग्रेप का पालन नहीं किया तो कानूनी कार्रवाई

## वायु गुणवत्ता प्रबंधन आयोग ने दी चेतावनी, 491 साइटों पर काम बंद , निगरानी के लिए 40 फ्लाइंग स्क्वायड टीमें गठित

**संजय राय।** नई दिल्ली



बारिश का मौसम खत्म होते ही राजधानी दिल्ली की आबोहवा खराब होने लगी है। शादीपुर, एनएसआईटी द्वारका, आरके पुरम, सीआरआर मथुरा रोड, वजीरपुर, पूसा और मुंडका में वायु गुणवत्ता सूचकांक 200 के पार पहुंच गया है।

अगले कुछ दिनों में प्रदूषण का स्तर बढ़ने से हवा की गुणवत्ता और भी खराब हो सकती है। इसके मद्देनजर वायु गुणवत्ता प्रबंधन आयोग (सीएक्यूएम) ने दिल्ली एनसीआर से संबंधित सभी राज्य सरकारों की एजेंसियों, और राज्यों के प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड को नोटिस जारी कर प्रदूषण की रोकथाम के लिए ग्रेप (ग्रेडेड रिस्पांस एक्शन प्लान) को सख्ती से लागू करने और नियमों का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई करने का निर्देश दिया है। आयोग ने लोगों को भी निर्देश दिया है कि वे प्रदूषण रोकने के लिए एक अक्टूबर से लागू ग्रेप के प्रत्येक चरण में लागू होने वाले नियमों का ठीक से पालन करें।

वायु गुणवत्ता प्रबंधन आयोग ने खुद भी प्रदूषण के खिलाफ इस अभियान की निगरानी के लिए कमर कस ली है। उसने 40 फ्लाइंग स्क्वायड टीमों का गठन कर कार्रवाई शुरू कर दी है। इसके तहत आयोग ने ग्रेप के नियमों का उल्लंघन कर प्रदूषण फैलाने वाले 491 निर्माण स्थलों को बंद करा दिया है।

### टीम ने किया था 8580 साइटों का किया निरीक्षण

आयोग द्वारा गठित उड़न दस्ता ने दिल्ली एनसीआर में सभी जगह जाकर औचक निरीक्षण करेगी औद्योगिक, निर्माण व विध्वंस स्थलों के अलावा आवासीय, व्यवसायिक प्रतिष्ठान व अधिक प्रदूषण वाले स्थलों का भी यह टीम मुआयना करेगी। इस टीम ने गत शुक्रवार तक करीब 8580 साइटों का निरीक्षण किया है। इस दौरान 491 जगहों पर प्रदूषण नियंत्रण नियमों का उल्लंघन पाया था। इसमें एनसीआर में स्थित उत्तर प्रदेश के शहरों में सबसे अधिक 211 निर्माण स्थलों पर नियमों की अनदेखी पाया। इसके अलावा में दिल्ली में 110, हरियाणा में 118 व राजस्थान में 52 जगहों पर नियमों का पालन नहीं करने पर साइटों को बंद करा दिया।

### निर्माण व विध्वंस स्थल ढका रखना होगा

ग्रेप के नियमों के अनुसार निर्माण व विध्वंस स्थलों को ढका कर रखना जरूरी है। ताकि आसपास के इलाके के वातावरण में धूल नहीं फैलने पाए। इसके अलावा भवन निर्माण सामग्री भी ढक कर रखना जरूरी है। 500 वर्ग मीटर और उससे बड़े भूखंडों पर निर्माण कार्य के दौरान एंटी स्माग गन लगा आवश्यक है।

आयोग का कहना है कि नियमों के उल्लंघन को गंभीरता से नहीं लिया जा रहा है। इसलिए नियमों का पालन नहीं करने पर निर्माण स्थलों और औद्योगिक इकाइयों को बंद करने के साथ-साथ पर्यावरण शुल्क के रूप में भारी भरकम जुर्माना लगाया जाएगा। इसके अलावा कानूनी कार्रवाई भी की जाएगी। साथ ही आम लोगों को भी सलाह दी जाती है कि वे आने वाले दिनों में ग्रेडेड रिस्पांस एक्शन प्लान (जीआरएपी) के हर चरण में सिटीजन चार्टर में उल्लिखित कदमों का सख्ती से पालन करें। अन्यथा उनके खिलाफ भी कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

# बेहतर इलाज के लिए एम्स तैयार कर रहा रेफरल नीति

**● वेटिंग से मिलेगी मुक्ति, पहले से इलाज करा रहे मरीज अपनी सुविधा के अनुसार ले सकेंगे अप्वाइंटमेंट**

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली




अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान में इलाज कराने की सुविधा और बेहतर करने के मकसद से रेफरल नीति तैयार कर रहा है। आने वाले समय में इस नीति से बड़ा फायदा यह होगा कि एम्स में पहले से इलाज चल रहा है मरीज डॉक्टर को दिखाने के लिए अपनी सुविधानुसार तारीख और समय ले सकेंगे।

एम्स में आसपास के राज्यों के अलावा देश के दूसरे राज्यों से भी मरीज इलाज कराने पहुंचते हैं। उनकी समस्या तब और बढ़ जाती है जब डॉक्टर को दिखाने से लेकर जांच और फॉलोअप के लिए लंबा इंतजार करना पड़ता है। इसी वेटिंग को समाप्त करने के लिए रेफरल नीति तैयार की जा रही है।एम्स के नए निदेशक डॉ एम श्रीनिवास ने सभी विभागों के प्रमुखों के साथ बैठक कर सुविधाओं को बढ़ाने का फैसला किया है।

अब दिल्ली-एनसीआर के आसपास के अस्पतालों के साथ मिलकर रेफरल नीति विकसित करने पर सहमति बनी है। जिसके तहत एम्स से जोड़े जाने वाले नजदीक के 20 अस्पतालों में एम्स के मरीज फॉलोअप के लिए रेफर किए जा सकेंगे। उनके इलाज से संबंधित रिपोर्ट उस अस्पताल के साथ-साथ एम्स के वे डॉक्टर भी देख सकेंगे जिनकी निगरानी में शुरू से मरीज का इलाज चल रहा है। अभी एम्स में एक दिन में करीब 13 से 14 हजार मरीज रोजाना ओपीडी में दिखाने आते हैं। अस्पताल के मीडिया प्रोटोकॉल अधिकारी बीएन आचार्य के मुताबिक, एम्स निदेशक का कार्यभार संभालने के बाद 30 सितंबर को डॉ श्रीनिवास ने अपॉइंटमेंट-ओपीडी मरीजों के इलाज की व्यवस्था सुधारने की दिशा में बड़ा फैसला लिया था। नई ओपीडी और सर्जिकल ब्लॉक की ओपीडी में स्लॉट के अनुसार ऑनलाइन अप्वाइंटमेंट देना शुरू हुआ। बगैर अपॉइंटमेंट के ओपीडी में इलाज के लिए पहुंचने वाले मरीजों को अलग से अस्पताल पहुंचने का स्लॉट दिया जा रहा है।

# सफाई कर्मियों की हड़ताल खत्म, आज से उठेगा कूड़ा

**● राजधानी के कई इलाकों में लगा था कचरे का ढेर**

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली



सफाईकर्मचारियों की हड़ताल के दूसरे दिन धीरे-धीरे हालात बिगड़ने लगे है। राजधानी के कई स्थानों पर कूड़े को ढेर लगने लगा है। दिल्ली नगर निगम के बुलावा पर शनिवार सुबह कर्मचारियों की प्रतिनिधि निगमायुक्त ज्ञानेश भारती से मिले।

मांगें पर आश्वासन मिलने के बाद भी कर्मचारी नहीं माने। उन्होंने आगे भी हड़ताल जारी रखने का एलान किया है। मगर शाम होते ही सफाई कर्मचारियों ने अपनी हड़ताल वापस ले ली। दिल्ली नगर निगम (एमसीडी) के सफाई कर्मियों की अनिश्चितकालीन हड़ताल के दूसरे दिन शनिवार को भी दिल्ली के विभिन्न हिस्सों में कचरे का ढेर लगा रहा और कूड़ा सड़कों पर बिखरा देखा गया। हजारों सफाईकर्मी शुक्रवार को अपनी नौकरी को नियमित करने और दिवाली से पहले लंबित वेतन और बोनस के भुगतान की मांग को लेकर अनिश्चितकालीन हड़ताल पर चले गए थे। क्षेत्रों से कचरा नहीं उठाया गया, आंदोलनकारी सफाई कर्मचारियों ने पुरानी दिल्ली रेलवे स्टेशन, लक्ष्मी नगर, गीता कॉलोनी, मॉडल टाउन, तिमारपुर, दरियागंज, सदर बाजार, नरेला और रोहिणी जैसे क्षेत्रों में सड़कों पर कचरा फेंक दिया। एमसीडी सफाई कर्मचारी संघ के प्रतिनिधियों ने कहा कि सफाई कर्मियों ने न तो कूड़ा उठाया और न ही सड़कों पर झाड़ू लगाई।

उन्होंने कहा था कि मांगें पूरी नहीं होने पर अगले सप्ताह से हड़ताल जारी रहेगी और इसे और तेज किया जाएगा। कर्मचारियों की हड़ताल खत्म कराने के कर्मचारियों को निगम मुख्यालय बुलाया गया और निगमायुक्त ज्ञानेश भारती के साथ बैठक हुई। आश्वासन देकर हड़ताल खत्म कराने की कोशिश भी की गई, लेकिन कर्मचारियों ने केवल आश्वासन पर हड़ताल खत्म करने से इन्कार कर दिया। एमसीडी सफाई कर्मचारी संघ के अनुसार, 15,000 से अधिक सफाईकर्मी 20 से अधिक वर्षों से अपनी नौकरी के नियमितीकरण की प्रतीक्षा कर रहे हैं। उन्होंने दावा किया कि सफाई कर्मचारियों को पिछले तीन साल से दिवाली बोनस नहीं मिला है और उनका एक महीने का वेतन भी लंबित है। कुछ इलाकों में कर्मचारियों ने निजी कंपनियों के कर्मचारियों को डलावघरों और कांपेक्टर से कूड़ा हटाने से रोका, जिससे वहां पर कूड़े के ढेर लग गए। ऐसे में लोगों को दिक्कत पेश आ रही है। कोर कमेटी के अध्यक्ष संतलाल चावरिया ने कहा कि हम लोग कई बार निगम अधिकारियों के आश्वासन के बाद हड़ताल को स्थगित कर देते हैं या खत्म कर देते हैं, लेकिन जो आश्वासन अधिकारी देते हैं उन्हें पूरा नहीं किया जाता। आज भी 20 साल से अधिक समय से कर्मचारी स्थायी होने की राह देख रहे हैं। जिन कर्मचारियों का निधन हो गया है, उनके परिवार के लोग आज भी करुणामूलक आधार पर नौकरी पाने के लिए परेशान हैं।

### एमसीडी ने कई क्षेत्रों में चलाया विशेष 'मलबा हटाओ अभियान'

***नई दिल्ली।*** *दिल्ली नगर निगम ने शनिवार को विभिन्न क्षेत्रों में विशेष 'मलबा हटाओ अभियान' चलाया। इस विशेष अभियान के दौरान खुले स्थानों, खाली प्लॉटों व बैकलेन से अवैध मलबा उठाने पर विशेष बल दिया गया। ज़ोनल स्तर पर गठित की गई विभिन्न टीमों द्वारा क्षेत्र में जाकर, ट्रक व ट्रॉली के माध्यम से सड़कों व फुटपाथ से बड़ी मात्रा में मलबे को हटाया गया। साथ ही टीमों द्वारा यह भी सुनिश्चित किया गया कि मलबा उठाने के बाद उसे उचित निष्पादन के लिए भेजा जाये। इस अभियान का मुख्य उद्देश्य शहर को साफ़ सुथरा बनाने के साथ मलबे से उत्पन्न होने वाले धूल प्रदूषण को नियंत्रित करना भी है। साथ ही अभियान के दौरान,निगम की 311 ऐप पर प्राप्त मलबा संबंधित शिकायतों के निवारण पर विशेष ध्यान दिया गया।*

### कश्मीरी गेट में बुजुर्ग का सिर कटा शव मिला

**नई दिल्ली।** कश्मीरी गेट इलाके में 70 वर्षीय एक व्यक्ति का शव मिला जिसके सिर और शरीर के अन्य हिस्सों पर चोट के निशान पाए गए। शुक्रवार को कश्मीरी गेट इलाके में निगम बोध घाट के पीछे पहाड़ी घाट के पास यमुना नदी के किनारे व्यक्ति का शव मिला। उन्होंने कहा कि व्यक्ति एक झोंपड़ी जैसी संरचना के भीतर खून से लथपथ मिला। उसके शव पर चोट के कई निशान थे। पुलिस अधिकारी के मुताबिक बाद में उस व्यक्ति की पहचान बाबा के रूप में हुई, जो पिछले आठ से दस वर्षों से कश्मीरी गेट इलाके में रह रहा था। अधिकारी ने कहा कि उसके शव को सब्जी मंडी मुर्दाघर में सुरक्षित रखा गया है। इस संबंध में हत्या) के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है।

# दंपति पर चाकूओं से वार, हालत गंभीर

**● वारदात के वक्त पति व पत्नी अपनी बेटी को स्कूल से लेने जा रहे थे**

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली



दिल्ली के जहांगीरपुरी इलाके में शनिवार को स्कूल से अपनी बेटी को लेनी जा रहे दंपति पर अज्ञात बदमाशों ने चाकूओं से जानलेवा हमला किया।

दंपति पर चाकू से कई वार करके बदमाश मौके पर से फरार हो गए। पुलिस ने अज्ञात बदमाशों के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस वारदात के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगालकर आरोपियों की पहचान करने की कोशिश कर रही है। पुलिस दंपति के बयान भी लेने की कोशिश कर रही है। शुरूआती जांच में पुलिस आपसी रंजिश की आशंका जाहिर कर रही है। जानकारी के मुताबिक दंपति की पहचान ज्योति कुमार (40) और उसकी पत्नी बबली के रूप में हुई है। दोनों सीडी पार्क इलाके में एक बेटी और तीन बेटों के साथ रहते हैं। ज्योति ऑटो चलाकर परिवार का पालन पोषण करता है। जहांगीरपुरी पुलिस को सीडी पार्क स्थित डी ब्लॉक के सामने दंपति को चाकू मारने की पीसीआर कॉल मिली थी। पुलिस मौके पर पहुंची। गली में काफी ज्यादा खून पड़ा था। मौके पर पता चला कि तीन से चार बदमाशों ने घात लगाकर दोनों पर चाकूओं से ताबड़तोड़ हमला किया था,जिससे दोनों के हाथों की नस तक कट गई थी।

बदमाशों ने दोनों के गर्दन,सिर हाथ आदि पर चाकू से हमला किया था। उनके चिल्लाने की आवाज सुनकर जब तक लोग मौके पर पहुंच पाते। बदमाश पैदल ही फरार हो गए थे। पुलिस बाबू जगजीवन राम अस्पताल पहुंची। डॉक्टरों ने ज्योति और बब्ली की हालत गंभीर बताकर दोनों को बाड़ा हिन्दू राव अस्पताल में शिफ्ट कर दिया।

# 'भाजपा-आप की नाकामियों से कर्मचारियों हड़ताल को मजबूर'

**● कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष बोल- मामले के हल के लिए मदद करे केंद्र**

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

सफाई कर्मचारियों का हड़ताल भाजपा और आम आदमी पार्टी के कार्यकाल में उनके हितों और अधिकारों की अनदेखी का परिणाम है।

यह आरोप दिल्ली प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष चौधरी अनिल कुमार ने लगाते हुए कहा कि 15 वर्षों का निगम में भाजपा शासन और 8 वर्षों से केजरीवाल सरकार निगम सफाई कर्मचारियों के अधिकारों को नजरअंदाज करती रही हैं। भाजपा और आम आदमी पार्टी की प्रशासनिक व्यवस्था की विफलताओं को उजागर करती है। उन्होंने कहा कि लगातार दिनों से चल रही सफाई कर्मचारियों की हड़ताल से दिल्ली में कूड़े के ढेर फिर लगने शुरु हो गए है, मौसम बदलाव में कूड़े और गंदगी के अम्बारों से हालात बिगड़ने का खतरा है जिसके लिए केंद्र सरकार, मुख्यमंत्री सहित उपराज्यपाल को तुरंत इस संदर्भ में सफाई कर्मचारियों की मांगों पर संज्ञान लेना चाहिए।

## संक्षिप्त समाचार

### आसिफ बैग को तिब्बी कांग्रेस की दी गई सदस्यता



**नई दिल्ली।** ऑल इंडिया यूनानी तिब्बी कांग्रेस दिल्ली प्रदेश की एक बैठक दरियागंज में कांग्रेस के राष्ट्रीय महासचिव डॉ सैयद अहमद खान की अध्यक्षता में संपन्न हुई। इस मौके पर डॉ मिर्जा आसिफ बैग अमरोहवी को तिब्बी कांग्रेस की सदस्यता दी गई। इस मौके पर उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए डॉ सैयद अहमद खान ने कहा कि युनानी तिब्बी कांग्रेस यूनानी चिकित्सा पद्धति के उत्थान और विकास के लिए प्रयासरत है। संगठन की तरफ से यूनानी चिकित्सा पद्धति के हितों की रक्षा के लिए केंद्र एवं राज्य सरकारों से हमेशा आवाज बुलंद की जाती है। बैठक में डॉक्टर मोहम्मद अहमद, डॉक्टर मोहम्मद असलम अलीग महाप्रबंधक ईबा इंडिया, डॉ मुफ्ती जावेद अनवर उपाध्यक्ष ऑल इंडिया यूनानी तिब्बी कांग्रेस दिल्ली प्रदेश, इसरार उज्जैनी, इमरान कन्नौजी आदि मौजूद थे।

### ऑपरेशन क्लीन स्वीप: एक हफ्ते में 32 बदमाश पकड़े

**नई दिल्ली।** बाहरी जिला पुलिस ने ऑपरेशन क्लीन स्वीप के तहत एक हफ्ते तक चलाए गए ऑपरेशन के बाद 32 बदमाशों को गिरफ्तार किया है। जिनमें 17 के खिलाफ जुआ अधिनियम एक दर्जन के खिलाफ आबकारी अधिनियम और तीन के खिलाफ आर्म्स एक्ट के तहत मामला दर्ज किया गया है। आरोपियों के कब्जे से दो पिस्टल,दो कारतूस,एक चाकू, 6762 क्वॉर्टर अवैध शराब व 14 हजार 90 रुपये जुआ पर लगी रकम जब्त की है। यह ऑपरेशन तीन से नौ अक्तूबर तक चलाया गया था। जिसमें रानी बाग,मंगोलपुरी,राजपार्क,सुल्तानपुरी,मुंडका,रनहौला और निहाल विहार पुलिस ने आरोपियों को पकड़ा। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि इस तरह के ऑपरेशन भविष्य में भी चलाए जाएंगे। जिससे बदमाशों में खौफ और नागरिकों में सुरक्षा की भावना पैदा कर सके।

### सात वारदातों में भगौड़ा घोषित बदमाश पकड़ा

**नई दिल्ली।** अमन विहार पुलिस ने सात वारदातों में शामिल एक भगौड़ा घोषित बदमाश को गिरफ्तार किया है। आरोपी की पहचान करण विहार के रहने वाले ओमकंवर के रूप में हुई है। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि अमन विहार एसएचओ उपेन्द्र कुमार के निर्देशन में हेड कांस्टेबल राहुल,सतेन्द्र और कांस्टेबल सचिन भगौड़ा घोषित बदमाशों की धड़पकड़ की कोशिश कर रहे हैं। जिनको ओमकंवर के बारे में पता चला था। जिसको बीते 28 मई को कोर्ट ने भगौड़ा घोषित कर दिया था। पुलिस टीम आरोपी की तलाश में कई ठिकानों पर छापेमारी की।

# विमान टिकट पर छूट का झांसा दे ठगी करने वाला गिरफ्तार

**● 30 से अधिक लोगों को लगाया चूना**

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

विदेश जाने के लिए विमान के टिकट पर 25 से 50 प्रतिशत की छूट देने के बहाने 30 से अधिक लोगों को ठगने के आरोप में एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया गया है।

आरोपी की पहचान जम्मू निवासी रविंदर कुमार (42) के रूप में हुई है। सौरभ ग्रोवर नाम के एक व्यक्ति ने शिकायत दर्ज कर आरोप लगाया कि उसे कुमार का मोबाइल नंबर मिला, जो 25 से 50 प्रतिशत की भारी छूट के साथ अंतरराष्ट्रीय विमानों के टिकट मुहैया करवाता था। शिकायतकर्ता ने आरोपी से पोर्ट ऑफ स्पेन के सात टिकट के लिए संपर्क किया, जिनकी असल कीमत 12,25,000 रुपए थी। कुमार ने उन्हें इतनी रकम के बजाय टिकट के लिए अलग-अलग खातों में 9,75,000 जमा करवाने के लिए कहा था। पैसे मिलने पर उसने दो डमीहोल्ड टिकट भेजे और आश्वासन दिया कि वह पांच मार्च को यात्रा की तारीख से दो दिन पहले सभी पुष्ट टिकट उपलब्ध करा देगा।आरोपी ने शिकायतकर्ता का फोन उठाना बंद कर दिया था।

### अवैध हथियार गिरोह का भंडाफोड़, चार गिरफ्तार


**नई दिल्ली।** दिल्ली पुलिस ने अवैध हथियारों के धंधे में लिप्त एक गिरोह का भंडाफोड़ किया है और एक शस्त्र निर्माता समेत चार लोगों को गिरफ्तार किया है। अधिकारियों ने शनिवार को यह जानकारी दी।

उन्होंने बताया कि आरोपियों की पहचान मध्य प्रदेश के भिंड निवासी राजीव ओझा और लक्ष्मी नारायण, उत्तर प्रदेश के इटावा निवासी जनक सिंह और दिल्ली के जाफराबाद निवासी राशिद के रूप में हुई है। विशेष पुलिस आयुक्त (अपराध) रवींद्र यादव ने कहा कि पुलिस ने जहांगीरपुरी में जाल बिछाकर पहले सिंह को दबोचा और उसके पास से चार अर्ध-स्वचालित पिस्तौल और 16 कारतूस जब्त किए गए।

# भाजपा का पंच परमेश्वर सम्मेलन आज

**● प्रदेश अध्यक्ष ने 1 लाख कार्यकर्ताओं के शामिल होने का किया दावा**

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली



रामलीला मैदान में पहुंचे भाजपा नेता

रामलीला मैदान में आज को होने वाले पंचपरमेश्वर दिल्ली प्रदेश भाजपा अध्यक्ष आदेश गुप्ता ने तैयारियों का जायजा लिया। प्रदेश अध्यक्ष गुप्ता ने शनिवार को तैयारियों का जायजा लेने के बाद पत्रकारों से कहा कि दिल्ली में पहली बार एक लाख कार्यकर्ताओं को शामिल किया जाएगा।

आदेश गुप्ता ने बताया कि सम्मेलन में भाजपा राष्ट्रीय अध्यक्ष जे पी नड्डा शंखनाद कर विजय संकल्प की प्रेरणा देंगे। व्यापक स्तर पर हो रहे इस कार्यक्रम में कार्यकर्ताओं को बेहतर बैठने और बड़ा मंच, पार्किंग से लेकर कुर्सियों की सजावट का पूरा ध्यान रखा गया है। आदेश गुप्ता ने कहा कि केजरीवाल सरकार द्वारा बनाया गया दिल्ली में नकारात्मक माहौल राष्ट्रीय अध्यक्ष नड्डा के विजय शंखनाद के साथ ही दूर हो जाएगा। आदेश गुप्ता ने कहा कि पंचपरमेश्वर कार्यक्रम को व्यवस्था की दृष्टि से, संख्या की दृष्टि से सफल बनाने के लिए पार्टी के सभी कार्यकर्ता चाहे वह सांसद हो, विधायक हो, प्रदेश पदाधिकारी हो या फिर जिला अध्यक्ष से लेकर बूथ स्तर पर भी कार्यकर्ता लगे हुए हैं। उन्होंने कहा कि गूगल लिंक के माध्यम से कार्यकर्ताओं ने कार्यक्रम में शामिल होने के लिए रजिस्ट्रेशन करवाएं हैं जिसके आधार पर एक लाख कार्यकर्ताओं का इस विशाल सम्मेलन में शामिल होने की पूरी संभावनाएं हैं।

# एएफडब्ल्यूडब्ल्यूए का गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड, 41541 ऊनी टोपियां बुनकर प्रदर्शित

## सूक्ष्म भागीदारी के माध्यम से अर्जित उपलब्धि सराहनीय : ईरानी, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह सभागार परिसर पहुंचे- दी बधाई

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली




वायुसेना पत्नी कल्याण संघ के सदस्य महिलाओं के साथ ग्रुप पोज में रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह।

वायुसेना पत्नी कल्याण संघ (एएफडब्ल्यूडब्ल्यूए) ने शनिवार को यहां 41,541 बुनी हुई ऊनी टोपी प्रदर्शित करके यहां गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड बनाया। संघ का निटथॉन अभियान 15 जुलाई को शुरू हुआ था और तीन महीने से अधिक की अवधि में देश भर से लगभग 3,000 महिला सदस्यों ने 40,000 से अधिक ऊनी टोपियां बुनीं।

गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड के एक निर्णायक ऋषि नाथ ने यहां आईएएफ ऑडिटोरियम में आयोजित कार्यक्रम के दौरान कहा, रिकॉर्ड अद्भुत है और यह बुनी हुई सबसे अधिक ऊनी टोपी प्रदर्शित करने से संबंधित था। यह अपनी तरह की पहली श्रेणी है। वर्धमान ऊन से बनी रंगीन टोपियां सभागार परिसर के हरे-भरे लॉन में प्रदर्शित की गईं। इन टोपियों को इस प्रकार रखा गया था कि ए 41,541 के स्वरूप में दिखें। एएफडब्ल्यूडब्ल्यूए की अध्यक्ष ने नीता चौधरी ने कहा, ये टोपियां एएफडब्ल्यूडब्ल्यूए के लगभग 3,000 सदस्यों द्वारा हमारे विशेष अभियान निट्टथॉन के हिस्से के रूप में बुनी गई थीं। यह अभियान 15 जुलाई को शुरू हुआ और 15 अक्टूबर को समाप्त हुआ। टोपियां सर्दियों से पहले बेहद जरूरतमंद लोगों को वितरित की जाएंगी। यह कार्यक्रम एएफडब्ल्यूडब्ल्यूए की 52वीं वर्षगांठ के अवसर पर आयोजित किया गया था। उन्होंने कहा, देशभर से हमारे सदस्यों द्वारा कुल 41,541 टोपियां बुनी गई हैं। इससे उनका आत्मविश्वास बढ़ेगा और यह उपलब्धि उन्हें आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में एक कदम आगे है। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि केंद्रीय महिला एवं बाल विकास मंत्री स्मृति ईरानी थीं।अपने संबोधन में, उन्होंने सूक्ष्यम भागीदारी के माध्यम से अर्जित उपलब्धि के लिए महिलाओं की सराहना की। इससे पहले दिन में, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह सभागार परिसर पहुंचे और इस उपलब्धि के लिए एएफडब्ल्यूडब्ल्यूए को बधाई दी।

# भलस्वा झील दयनीय स्थिति देखकर उपराज्यपाल नाराज

**● छठ पूजा घाट साफ करने का निर्देश, जलस्रोत सिकुड़कर 34 हेक्टेयर रह गया**

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली



उपराज्यपाल वी. के. सक्सेना ने दिल्ली जल बोर्ड (डीजेबी) की ओर से भलस्वा झील की निगरानी की दयनीय स्थिति का उल्लेख करते हुए शनिवार को दिल्ली विकास प्राधिकरण (डीडीए) को निर्देश दिया कि वह एक सप्ताह के भीतर झील के किनारों को साफ करके छठ पूजा के लायक बनाए। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। उपराज्यपाल ने इस तथ्य पर हैरानी व्यक्त की कि राष्ट्रीय राजधानी के पर्यावरण और सौंदर्य की दृष्टि से महत्वपूर्ण इस जलस्रोत को मरने के लिए छोड़ दिया है।

उन्होंने कहा कि संबंधित एजेंसियों की निष्क्रियता और उपेक्षा के कारण गाद तथा कचरा जमा होने की वजह से 59 हेक्टेयर का यह जलस्रोत सिकुड़कर मात्र 34 हेक्टेयर रह गया है।

पायनियर
नई दिल्ली, रविवार, 16 अक्टूबर, 2022



# चूल्हा–चौका से बाहर की दुनिया में पहुंच सफल बिजनेस वूमेन बनीं सरोज

### सरस मेले में पहुंची सरोज की सफलता की कहानी है आदर्श

संजय कुमार मेहरा। गुरुग्राम

**वर्ष** 2014 में एक भैंस के साथ अपने डेयरी प्रोडक्ट्स की शुरुआत करने वाली बोहड़ाकलां गांव निवासी सरोज का व्यवसाय केवल गांव तक सीमित था। उन्हें अपना डेयरी प्रोडक्ट और शुद्ध दूध खराब सड़क और जानकारी के अभाव के चलते कौड़ियों के भाव बेचना पड़ता था। सरोज वर्ष 2017 में हरियाणा राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन के स्वंय सहायता समूह के साथ जुड़ीं और उसके बाद कभी पीछे मुड़कर नहीं देखा।



सरस आजीविका मेले में अपनी स्टॉल पर अपना उत्पाद दिखाती सरोज।

गुरुग्राम के बोहड़ाकलां के सरोज का अपने गांव शंकर की ढाणी से निकलकर अपने ही शहर जाना एक देश से किसी दूसरे देश में जाने जैसा रहा। इन दिनों यहां सेक्टर–29 में लगे राष्ट्रीय स्तर के सरस आजीविका मेले में सरोज शुद्ध पनीर, खोया, क्रीम सहित विभिन्न प्रकार की मिठाईयां बेच रही है। सरोज ने 2019 में स्वंय सहायता समूह की मदद से रुडसेट संस्थान से ट्रेनिंग लेकर हरियाणा डेयरी डेवलपमेंट कॉपरेटिव फेडरेशन के तहत आने वाले वीटा डेयरी के साथ दूध की सप्लाई करना शुरू किया। सरोज को आज वीटा डेयरी में 100 प्रतिशत फैट वाले दूध की कीमत 82 रूपये प्रति लीटर मिल रही है। 2019 से अपने गांव में एक मिठाई की दुकान से शुरुआत करने वाली सरोज ने पिछली दिवाली में 50 हजार की मिठाईयां बेचीं। अब 8 कारीगरों को आजीविका प्रदान कर रही सरोज की आशा है कि इस दिवाली पर वह एक लाख से अधिक की मिठाईयां बेचने में कामयाब होंगी। सरोज गुरुग्राम की खंड पटौदी में 13 स्वयं सहायता समूह की 150 महिलाओं की लीडर है। सरोज ने अपने समूह की कई महिलाओं को स्टार्ट–अप से छोटे–छोटे व्यवसाय की शुरुआत कर आजीविका भी प्रदान किया। इसी के साथ सरोज एमजी–नरेगा में समय समय पर सोशल ऑडिट भी करती हैं।

### पति किसान, बेटे कर रहे नौकरी

सरोज के पति किसान है और उनके दोनों बेटे बीटेक हैं। एक लड़का भारतीय रेलवे में लोको पायलट है, जबकि दूसरा प्राइवेट कम्पनी में इंजीनियर है। सरोज का लक्ष्य आने वाले समय में अपनी डेयरी प्रोडक्ट का ब्रांड स्थापित कर अपने व्यवसाय को नईं ऊचाईयों तक पहुंचाना है और अपने ब्रांड की चेन का विस्तार कर बड़े–बडे शहरों तक करना है। अपने व्यवसाय के माध्यम से सरोज ने सैकड़ों महिलाओं को रोजगार और ट्रेनिंग देने के लिए अभी से तत्पर हैं।

### दीप्ति ढींढसा का रहा अहम योगदान

सरोज की सफलता के पीछे सबसे बड़ा हाथ जिला प्रबंधक ग्रामीण आजीविका मिशन की दीप्ति ढींढसा का रहा, जिन्होंने उनकी छुपी प्रतिभा की पहचान कर आत्मसम्मान और आत्मविश्वास के साथ गांव से शहर की राह दिखाई। उन्हें एक ग्रामीण घरेलू महिला से एक सफल उद्मी बनाने में सहायता की। दीप्ति ने ही सरोज को सरकारी योजनाओं की जानकारी दी और उन्हें रुडसेट से डेयरी ट्रेनिंग, पुशपालन विभाग से पुश लोन और वीटा डेयरी की फ्रेंचाइजी दिलवाने में अहम भूमिका अदा की। सरस आजीविका मेले में गुरुग्रामवासी दीवाली के इस शुभ अवसर पर सरोज जैसी अनेक ग्रामीण महिलाओं के हाथों के बने शुद्ध डेयरी प्रोडकट्स और मिठाईयां खरीद सकते हैं।

# ग्लोबल सिटी बनने पर गुरुग्राम शहर सिंगापुर, दुबई से कम नहीं रहेगा

### सुशासन में देशभर में पहले नंबर पर आया हरियाणा : मनोहर लाल

### सत्ता को हमने जनसेवा का साधन बनाया, गरीबों का जीवन स्तर उंचा उठाने का किया प्रयास

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम

**मुख्यमंत्री** मनोहर लाल ने कहा कि एक संस्था ने सर्वे किया है, जिसमें हरियाणा सुशासन में देशभर में पहले नंबर पर आ गया है। उन्होंने कहा कि हमने सत्ता को भोगा नहीं, बल्कि सत्ता को सेवा का साधन बनाया। गरीबों को ढूंढ–ढूंढ कर उनको सरकारी योजनाओं से जोड़ते हुए उनका जीवन स्तर उंचा उठाने के प्रयास किए जा रहे हैं। सिस्टम बनाकर आम जनता की समस्याएं दूर करने का प्रयास किया है। जो बची हैं, उन्हें भी दूर करेंगे।

यह बात उन्होंने शनिवार को गांव नयागांव में अपने सम्मान में आयोजित अभिनंदन समारोह में कही। मुख्यमंत्री ने अपने हाल ही के दुबई दौरे का जिक्र करते हुए कहा कि गुरुग्राम जिला में 1 हजार एकड़ में ग्लोबल सिटी बनेगी। तब यह शहर सिंगापुर और दुबई से कम रहने वाला नहीं है। उन्होंने गुरुग्राम को ग्लोबल मैप पर आइकन सिटी बताते हुए कहा कि यहां पर दुनिया की 500 फॉरचून कंपनियों में से 400 कंपनियों के कार्यालय हैं। यह अब अंतरराष्ट्रीय शहर हो गया है।

समारोह में मुख्यमंत्री मनोहर ने जनहित की कई योजनाओं का उल्लेख किया। आम जनता का भी आह्वान किया कि वे सरकारी योजनाओं का लाभ उठाते हुए नियम के हिसाब से काम करें, उन्हें कोई दिक्कत नहीं आएगी। उन्होंने अपनी सरकार की प्राथमिकताओं का उल्लेख करते हुए कहा कि भ्रष्टाचार को समाप्त करना है। इस दिशा में कार्यवाही चल रही है और अब लोग कहने लगे हैं कि–भ्रष्टाचार का काल, मनोहर लाल मनोहर लाल। उन्होंने जनता का ध्यान गैंगस्टरों पर की जा रही कार्यवाही पर कहा कि इनकी जान इनके पैसे में होती है। सरकार इनका भी ईलाज कर रही है। बिजली आपूर्ति का जिक्र करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि जब हमने सत्ता संभाली उस समय बिजली के लाइनलॉस सिर्फ 14 प्रतिशत रह गए हैं।

कार्यक्रम के आयोजक बलराज भड़ाना द्वारा रखी गई मांगों का उल्लेख करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि पंचायत चुनाव की वजह से लगी आचार संहिता के कारण वे आज कोई नई घोषणा नहीं कर सकते। इस अवसर पर सोहना के विधायक संजय सिंह, भाजपा महामंत्री महेश यादव व नवीन गोयल, ओमप्रकाश भडाना, धर्मबीर डागर, विरेन्द्र यादव, मुकेश जेलदार, अमित भड़ाना, वेद सरपंच, मनीष उल्लावास, बलराज भड़ाना, नारायण भड़ाना, संजू भड़ाना सहित इलाके के कई गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे।



गुरुग्राम के गांव नयागांव में अपने सम्मान में आयोजित अभिनंदन समारोह में मुख्यमंत्री मनोहर लाल व अन्य अतिथियों का स्वागत करते ग्रामीण।

### सोहना, पंचगांव में शताब्दी ट्रेन का ठहराव हो

**मनोहर** लाल ने यह भी बताया कि नयागांव के नजदीक दमदमा झील को भी विकसित किया जा रहा है, उससे भी इस क्षेत्र में पर्यटन को बढ़ावा मिलेगा और लोगों को फायदा होगा। इसके अलावा हरियाणा आर्बिटल रेल कॉरिडोर प्रोजेक्ट पर काम चल रहा है। हमारी इच्छा है कि सोहना, पंचगांव में शताब्दी ट्रेन का ठहराव हो। मुख्यमंत्री ने कहा कि इस इलाके में जिस हिसाब से इंफ्रास्ट्रक्चर बढ़ रहा है, उसी हिसाब से उद्योग स्थापित होंगे, कॉमर्शियल गतिविधियां बढ़ेंगी तथा लोगों को रोजगार मिलेगा। इस क्षेत्र से ही दिल्ली–मुंबई एक्सप्रेस–वे का निर्माण किया जा रहा है। इस समारोह में पटौदी हरिमंदिर आश्रम के महामंडलेश्वर स्वामी धर्मदेव और सोहना के विधायक संजय सिंह भी पहुंचे थे।

# बिनोला में आटो पार्ट बनाने वाली कंपनी में लगी भीषण आग



गुरुग्राम के बिनोला औद्योगिक क्षेत्र में एक कंपनी में लगी आग।कंपनी में लगी आग बुझाता दमकलकर्मी।

### कैमिकल के ड्रम में विस्फोट से लाखों का नुकसान

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम

**जिले** के बिनोला औद्योगिक क्षेत्र में आटो पार्ट बनाने वाली एक कंपनी में भीषण आग लग गई। इस आग से कंपनी में लाखों का नुकसान हो गया। घंटों तक आग लगी रही। दमकल विभाग की दर्जनभर गाड़ियों से आग बुझाने का कार्य जारी रहा।

जानकारी के अनुसार गुरुग्राम जिला के बिनोला औद्योगिक क्षेत्र स्थित आटो पार्ट बनाने वाली कंपनी जावेनीर डोबर्ट इंडिया प्राइवेट लिमिटेड में शनिवार की सुबह करीब साढ़े चार बजे आग लग गई। जब तक कोई कुछ समझ पाता, आग भयंकर रूप धारण कर चुकी थी। सूचना पाकर गुरुग्राम और मानेसर से दमकल विभाग की टीमें गाड़ियों के साथ पहुंची। बताया गया कि यह आग कंपनी में कैमिकल के ड्रम में लगी थी, जिसने विकराल रूप धारण कर लिया। आग लगने के साथ ही धमाके भी हुए, जिससे क्षेत्र में दहशत फैल गई। बताया जा रहा है कि कंपनी में आग शार्ट सर्किट के कारण लगी। हालांकि इसकी पुष्टि अभी नहीं हो पाई है। दमकल विभाग के कर्मचारियों ने कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। अब कूलिंग का काम चल रहा है। इसके बाद आग लगने के कारणों की जांच की जाएगी।

गुरुग्राम दमकल विभाग से नरेंद्र सिंह के मुताबिक विभाग को शनिवार अलसुबह 4 बजकर 57 मिनट पर कंपनी में आग लगने की जानकारी मिली। आग बुझाने के लिए दमकल विभाग की 12 गाड़ियां पहुंची। कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया गया।

## संक्षिप्त-समाचार

### नागरिक अस्पताल में बाइक चोर दबोचा

**सोहना।** नागरिक अस्पताल के कर्मचारी ने मरीज की बाइक चोरी करके ले जाने का प्रयास कर रहे बदमाश को दबोच लिया। जिसे बाद में पुलिस को सौंप दिया। शनिवार को जिला नूंह के गांव मानूवास निवासी नागरिक अस्पताल में दवा लेने के लिए आया था। उसने अपनी बाइक अस्पताल परिसर में लैब के बाहर खड़ी की थी। वहीं पर एक युवक बाइक चोरी की फिराक में घूम रहा था। जिसने थोड़ी बाद लैब के बाहर खड़ी बाइक का ताला तोड़ने का प्रयास किया। जिसकी हरकतों को अस्पताल कर्मचारी ने देख लिया। अस्पताल कर्मचारी ने मौके पर पहुंच कर बाइक चोरी कर रहे युवक को दबोच लिया। पुलिस आरोपी के खिलाफ कानूनी कार्रवाई करने में जुट गई है।

### मांगों को लेकर कंपनी कर्मचारियों ने किया विरोध प्रदर्शन

**सोहना।** सोहना के राहका गांव के समीप बनी टाटा क्रोमा कंपनी के कर्मचारियों ने किया प्रदर्शन। कंपनी ने दूसरी बार कर्मचारियों को बिना वेतन दिए गेट से बाहर का रास्ता दिखाया। गुस्साएं कर्मचारियों ने कंपनी के खिलाफ विरोध प्रदर्शन किया। राहाका गांव के समीप बनी टाटा क्रोमा कंपनी में श्रम नियमों को ताक पर रख कर कर्मचारियों को मनमर्जी से ब्लैक लिस्टिड करके नौकरी से निकला जा रहा है। टाटा क्रोमा के वेंडरों द्वारा यहां पर नियुक्त किए गए कर्मचारियों के साथ 11 महीने नौकरी पर रखने का शपथ पत्र जारी किया था, लेकिन कर्मचारियों को डेढ़ महीने के बाद ही बिना कोई नोटिस दिए और बिना वेतन दिए ही निकाल दिया। शुक्रवार को कंपनी के सुरक्षा कर्मियों ने कर्मचारियो को अंदर नहीं जाने दिया और कर्मचारियों द्वारा बार–बार किए गए फोन को वेंडर ने सुनना उचित नहीं समझा। जिससे नाराज कर्मचारियों ने शनिवार को कंपनी के गेट पर पहुंच कर टाटा क्रोमा कंपनी के खिलाफ नारेबाजी की और मौजूदा सरकार पर भी अनदेखी व लापरवाही बरतने का आरोप लगाया है। जबकि सरकार प्रदेश के युवाओं को प्राइवेट संस्थानों में 75 प्रतिशत नौकरी देने का वादा कर रही है। वहीं दूसरी तरफ त्योहारी सीजन के दौरान कर्मचारियों का कंपनी अपने तानाशाह रवैये के तहत उनका गेट बंद करके उनको वेतन तक नहीं दे रही है। जिनके लिए कर्मचारियों को धरना–प्रदर्शन करना पड़ रहा है। निमौठ चौकी प्रभारी एसआई विक्की सिंह ने बताया कि उनके संज्ञान में कंपनी कर्मचारियों का यह प्रदर्शन नहीं आया है। न ही कर्मचारियों ने पुलिस को इस संबंध में कोई सूचना दी गई थी।

### नोटों की नकली गड्डी देकर महिला से ठगे सोने के गहने

**गुरुग्राम।** शनिवार को दिन–दहाड़े यहां ट्रंक मार्केट के सामने एक बुजुर्ग महिला के साथ एक महिला व युवक ने नोटों की नकली गड्डी देकर असली गहने ठग लिए। इससे पहले कि महिला कुछ समझ पाती, वे उनके गहने लेकर फरार हो चुके थे। मौके पर पहुंची पुलिस ने पीड़िता के बयान दर्ज किए। जानकारी के अनुसार सेक्टर–4/7 निवासी एक महिला यहां ट्रंक मार्केट में कुछ सामान खरीदने के लिए आई थी। जब वह सामान लेकर वापस अपने घर जाने के लिए निकली तो उसे ट्रंक मार्केट के सामने ही एक महिला व एक युवक मिले। बिना कोई जान–पहचान के उस महिला ने बाजार आई महिला से कहा कि उसका बेटा घर से रुपये लेकर बाहर जाने की जिद कर रहा है। इससे पहले कि बुजुर्ग महिला उनसे कुछ सवाल–जवाब करती, वह महिला लगातार युवक के बारे में उससे बातें करती रही। उसने कहा कि यह घर से इतने रुपये लेकर भाग आया है और बाहर जाने की जिद कर रहा है। बुजुर्ग महिला ने युवक को समझाने का प्रयास किया और घर चले जाने की बात कही। इसी बीच उस महिला ने युवक के हाथ से एक थैली लेकर बुजुर्ग को दी और कहा कि वह इन रुपयों को थोड़ी देर के लिए रख ले। महिला ने बुजुर्ग से कहा कि वह अपनी बालियां उसे दे दे। बिना कोई विरोध या मना किया बुजुर्ग ने उस महिला को अपने काम की बालियां उतारकर दे दीं। इसके बाद महिला ने बुजुर्ग से कहा कि वह सड़क पार जाकर खड़ी हो जाए, वह अपने बेटे को समझाती है। बुजुर्ग तो सड़क पार काफी देर तक उनका इंतजार करती रही, लेकिन ना तो महिला वहां आई और ना ही वह युवक। इसके बाद महिला ने उस थैली से गड्डी निकालकर खोली। तब जाकर पता चला कि उस गड्डी में नोटों के नाम पर सिर्फ कागज भरे हैं। गड्डी में 500 रुपये का चिल्ड्रन बैंक ऑफ इंडिया लिखा नकली नोट सबसे ऊपर था। उसके नीचे नोट के साइज में ही कागज काटकर गड्डी बनाई गई थी। ठगी की सूचना पाकर पुलिस मौके पर पहुंची।

### यूट्यूब चैनल पर साध-संगत से रूबरू हुए राम रहीम सिंह

**बागपत।** पूज्य गुरु संत डा. गुरमीत राम रहीम सिंह जी इन्सां शनिवार को जेल मैन्युअल के अनुसार 40 दिन की पैरोल मिलने के पश्चात उत्तरप्रदेश के बागपत स्थित डेरा सच्चा सौदा, शाह सतनाम जी आश्रम, बरनावा में पधारे। पूज्य गुरु जी के बरनावा आश्रम में पधारने की खुशी में देश–विदेश की साध–संगत द्वारा अपने–अपने तरीके से खुशियां मनाई जा रही है। पूज्य गुरु जी अपने ऑफिशियल यू–ट्यूब चैनल सेंट एमएसजी पर लाइव हुए और साध–संगत को अपना पावन आशीर्वाद दिया। पूज्य गुरू जी ने फरमाया कि हम साध–संगत के दर्शनों के लिए यूपी आश्रम में पहुंच चुके है। आप सबको बहुत बहुत आशीर्वाद। मालिक सबको खुशियां दें और अपनी दया मेहर से नवाजे। पूज्य गुरु जी ने साध–संगत से आह्वान किया कि आपने पहले की तरह वचनों को मानते रहना है और अपने घरों में रहना है। आपको जैसे–जैसे जिम्मेवार बताएंगे, उनके मुताबिक चलना है, मनमर्जी नहीं करनी, भगदड़ नहीं करनी। यह बाते आपने जरूर माननी है। पूज्य गुरु जी ने कहा कि हमें साध–संगत पर गर्व है। क्योंकि आप लोग हमेशा हमारी बात को मानते हो। परम–पिता परमात्मा आपको और ज्यादा खुशियां दें। आगे फरमाया कि आपके दर्शन करते रहेंगे और आपसे बाते होती रहेगी, लेकिन आपने बातों को जरूर मानना है। इससे आपको और ज्यादा खुशियां आएगी। पूज्य गुरु जी ने फरमाया कि संत जो होते है, उनके लिए भगवान की औलाद अपनी औलाद होती है। इसलिए जो भगवान की औलाद है, वह हमारी औलाद है। इसलिए हम सारी भगवान की औलाद को अपना आशीर्वाद देते है और भगवान सबको खुशियां दें तथा अंदर बाहर से मालामाल करें। उल्लेखनीय है कि पूज्य गुरु जी जब 17 जून को 30 दिन की पैरोल पर आए थे तो उस समय गुरु जी ने सोशल मीडिया पर लाइव होकर लाखों लोगों को नशों व बुराइयों से दूर किया था।

# शहर के मुख्य मार्ग और पार्कों को सुन्दर बनाया जाएगा : विक्की सिंह

**सोहना।** नगर परिषद शहरी क्षेत्र के मुख्य मार्गों पर पौधे लगाकर हरा–भरा करेगी। जिससे मुख्य मार्गों की शोभा बढ़ सके। इसके साथ शहरी क्षेत्र में बने सार्वजनिक पार्कों के मुख्य द्वार पर भी रंग–रोंगन करके सुन्दर सजावट की जाएगी।

नगर परिषद शहर को साफ और सुन्दर बनाने की कवायद में जुट गई है। जल्द ही शहर के मुख्य मार्गों को हरा भरा करने के लिए सर्वे की जाएगी। ताकि ऐसे मार्ग के किनारों पर छोटे और सुन्दर फूल वाले पौधे लगाए जा सकें। अभी तक मुख्य रूप से शहीद भगत सिंह फव्वारा चौक से शहर की चुंगी नंबर दो तक जाने वाला नागरिक अस्पताल और राजीव गांधी पार्क के मुख्य द्वार से चुंगी नंबर एक से शहीद भगत सिंह फव्वारा चौक तक आने वाला मार्ग को चिह्नित किया है।

शहर के अंदर बने आठ पार्कों के मुख्य द्वार को कलर करके सुन्दर बनाया जाएगा। इसके साथ पार्कों में लगे पेड़–पौधों की सजावट की जाएगी। जरूरत के अनुसार पौधारोपण भी किया जाएगा। पार्कों में औषधीय, छायादार, फलदार और विभिन्न प्रकार की सुगंध देने फूलों वाले पौधे भी लगाएं जाएंगे। नप के एक्सइन विक्की सिंह ने बताया किशहर को गंदगी मुक्त से लेकर रात के समय में रोशनी से जगमग और पार्कों की खस्ता हालत में सुधार किया जाएगा। जिससे सालभर शहर और शहर से बाहर जाने वाले मार्ग की चमक बनी रहे।

# विद्यार्थियों के टैलेंट के कायल हुए नवीन गोयल

### विद्यार्थियों को कला व संस्कृति का प्रदर्शन करने को किया प्रेरित

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम

**राजकीय** महाविद्यालय सेक्टर–9 में शनिवार को टैलेंट शो का आयोजन किया गया। इस दौरान विद्यार्थियों के टैलेंट को देखकर पर्यावरण संरक्षण विभाग भाजपा हरियाणा प्रमुख नवीन गोयल ने उनके टैलेंट की खूब सराहना की। उन्होंने कहा कि गुरुग्राम में बच्चों से लेकर युवाओं में टैलेंट खूब भरा है। चाहे स्कूल हो या कालेज, हर जगह उन्हें उचित मंच मिलने से वे आगे भी बढ़ रहे हैं। इससे पूर्व महाविद्यालय के प्राचार्य डा. रणधीर सिंह व प्राध्यापकों की ओर से उनका स्वागत किया गया।



गुरुग्राम के सेक्टर–9 कालेज में टैलेंट शो में डांस करती छात्रा व उपस्थिति अतिथि।

इस टैलेंट शो में श्री गोयल ने कहा कि हर क्षेत्र में अग्रणी होने के साथ गुरुग्राम कला और संस्कृति के क्षेत्र में भी अग्रणी है। यहां के नन्हें बच्चों से लेकर युवाओं में प्रतिभा कूट–कूटकर भरी है। गीत, संगीत, नृत्य, योग आदि क्षेत्रों में यहां के बच्चों ने धूम मनाई है। मुंबई में होने वाले टैलेंट शो में धमाल मचाकर अवार्ड जीते हैं। शिक्षा के मंदिरों में विद्यार्थियों का सर्वांगीण विकास बहुत जरूरी है। यहीं से विद्यार्थियों के भविष्य की नींव रखी जाती है। उन्होंने कहा कि यहां विद्यार्थियों द्वारा प्रस्तुत किए गए कार्यक्रमों से पता चलता है कि कालेज में शिक्षा के साथ अन्य क्षेत्रों में भी अच्छी तैयारी करवायी जाती है। इसके लिए उन्होंने प्राचार्य के मार्गदर्शन और संगीत विभाग के स्टाफ को बधाई दी। उन्होंने कहा कि शिक्षक सिर्फ किताबी ज्ञान देने वाला ना हो। वह विद्यार्थियों को जीवन के हर पहलू से अवगत कराए। उनके द्वारा दिए गए ज्ञान से ही विद्यार्थियों का भविष्य स्वर्णिम होता है। उन्होंने छात्रों को दिए अपने संदेश में कहा कि वे गुरूजनों द्वारा बताई जाने वाली हर बात, पाठ्यक्रम को ध्यान से सुनें और स्मरण करें। कालेज जीवन बहुत महत्वपूर्ण होता है। यहीं से हमारे जीवन की दिशा और दशा तय होती है। इस अवसर पर कार्यक्रम के कनवीनर डा. सुरेंद्र कुमार, संजय कत्याल, राजेश बेनीवाल, रोटरी के असिस्टेंट गवर्नर गजेंद्र गुप्ता समेत स्टाफ सदस्य उपस्थित रहे।

# नगर परिषद ने 200 से अधिक स्ट्रीट लाइटों को ठीक किया

### दीपावली से पहले शहर को जगमग करने का प्रयास ला रहा रंग

पायनियर समाचार सेवा। सोहना

**नगर** परिषद की शहर को दीपावली से पूर्व जगमग करने के प्रयास रंग ला रहे हैं। पांच दिन में 200 से अधिक बंद पड़ी लाइटों को ठीक किया गया है। इसके साथ–साथ दमदमा, बेरका, सांप की नंगली, पुराना अलवार मार्ग, तावडू और बालूदा मार्ग पर लगी स्ट्रीट लाइटों की जांच कर ली गई है।

नगर परिषद ने शहर को दीपावली से पूर्व जगमग करने के प्रयासों के तहत मंगलवार को इस अभियान की शुरुआत की थी। बीते पांच दिन में पलवल मार्ग से लेकर शहर के वार्ड 14 और 15 में खराब स्ट्रीट लाइटों की पहचान कर उन्हें ठीक किया है। पलवल मार्ग पर लगी 200 में से 150 खराब स्ट्रीट लाइटों को बदल दिया गया है। इसके अलावा वार्ड 14–15 में 40 से 45 खराब लाइटों को फिर से चालू किया है। शनिवार और रविवार को शहर के वार्ड 16–17 के रास्तों, बाजार, तंग गलियां और चौक–चौराहों पर लगी स्ट्रीट लाइटों को चालू करने का कार्य किया जाएगा। पहले चरण में शहर के अंदर वार्ड 14, 15, 16 और 17 वार्ड को जगमग किया जाएगा।



सोहना नगर परिषद द्वारा ठीक की गई स्ट्रीट लाइट।

**स्ट्रीट लाइटों की केबल चोरी :** शहर के वार्ड–13 से जाने वाले पुराने अलवर मार्ग, तावडू मार्ग और पलवल मार्ग पर स्ट्रीट लाइटों के पोल पर लगी बिजली केबल बड़ी मात्रा में चोरी हो गई हैं। जिसके कारण स्ट्रीट लाइटें पिछले करीब छह माह से बंद पड़ी हुई थीं। नगर परिषद की तरफ से सोमवार को केबल चोरी के अलग–अलग मामले दर्ज कराए जाएंगे।

नगर परिषद के एक्सइएन विक्की सिंह ने बताया कि सोहना से बाहर जाने वाले मार्ग से लेकर शहरी क्षेत्र में खराब स्ट्रीट लाइटों की जांच कर ली गई है। सोमवार तक जरूरत के अनुसार स्ट्रीट लाइट के उपकरण बाजार से खरीद लिए जाएंगे। उसके बाद दीपावली से पहले शहर को स्ट्रीट लाइट से जगमग किया जाएगा।

# जीडी गोयनका यूनिवर्सिटी में फिर भिड़े छात्र, जय श्रीराम के नारे से गूंजा परिसर

**सोहना।** जीडी गोयनका यूनिवर्सिटी में छात्रों के बीच झगड़ा होने का मामला प्रकाश में आया है। छात्रों के दो गुटों के बीच फुटबॉल के मैदान में हुए झगड़े में लोहे की रॉढ़ चलने से तीन को चोटें आईं हैं। जीडी गोयनका यूनिवर्सिटी प्रशासन इस मामले में चुप्पी साधे हुए है।

शुक्रवार शाम करीब छह बजे जीडी गोयनका यूनिवर्सिटी के फुटबॉल मैदान में नाइजीरियना व भारतीय मूल के छात्र अपने–अपने साथियों के साथ फुटबॉल खेल रहे थे। इसी दौरान एक नाइजीरियन मूल निवासी की भारतीय छात्र से आमने सामने की टक्कर हो गई। सूत्रों ने बताया कि भारतीय मूल के सभी छात्र यूनिवर्सिटी के होस्टल में रहते हैं। जबकि नाइजीरिया मूल के छात्र यूनिवर्सिटी से बाहर सोसायटी में रहते हैं। इस दौरान भारतीय छात्रों ने जय श्रीराम के नारे लगाते हुए उन्हें झगड़े के लिए उकसाया। जबकि भारतीय मूल के छात्रों का आरोप है कि नाइजीरिया मूल के छात्रों पर लोहे की रॉढ और डंडों से मारपीट करने का आरोप लगाया है। जिसमें गुरुनूर और सुल्तान खान समेत तीन छात्रों को चोटें आई। गुरुनूर और सुल्तान खान को नागरिक अस्पताल में दाखिल कराया गया। जहां से डॉक्टरों ने दोनों ही घायल छात्रों को गुरुग्राम के लिए रेफर कर दिया।


**फुटबॉल मैदान बना झगड़े का कारण :** इससे पहले भी यूनिवर्सिटी के मैदान में दोनों की पक्ष के छात्रों के बीच नमाज अदा करने को लेकर विवाद हुआ था। भारतीय मूल के छात्रों ने यूनिवर्सिटी प्रशासन नाइजीरिया मूल के छात्रों को नमाज अदा करने के लिए अलग से स्थान उपलब्ध कराने को लेकर जय श्रीराम के नारे लगे थे। तब से ही दोनों गुटों के बीच आपसी रंजिश चली आ रही है। शहर थाना प्रभारी उमेश कुमार का कहना है कि जीडी गोयनका में छात्राओं के बीच फुटबॉल खेलने के दौरान धक्का–मुक्की होने की बात उनके सामने आई है। पुलिस ने धक्का मुक्की का मामला दर्ज कर लिया है। लेकिन नारेबाजी करने का मामला उनकी संज्ञान में नहीं आया है।

# इकोवाक्स रोबोटिक्स ने यामी गौतम को अपने पहले भारतीय ब्रांड एंबेसडर के रूप में शामिल किया

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

**होम** सर्विस रोबोटिक्स में लीडर, इकोवाक्स रोबोटिक्स ने बॉलीवुड अभिनेत्री यामी गौतम को अपने पहले भारतीय ब्रांड एंबेसडर के रूप में साइन किया है। ब्रांड की संस्कृति के साथ तालमेल बिठाते हुए, यामी ब्रांड की इनोवेशन और रोबोटिक ट्रांसफॉर्मेशन की विरासत को आगे बढ़ाने में अहम किरदार साबित होंगी और ब्रांड को भारतीय बाजार में अग्रणी होने में मदद करेंगी।

एसोसिएशन पर टिप्पणी करते हुए इकोवाक्स रोबोटिक्स के ओवरसीज बिजनेस और ग्लोबल ब्रांड के वाइस प्रेसिडेंट श्री जॉनी झू ने साझा किया, हम यामी गौतम को अपने भारतीय ब्रांड एंबेसडर के रूप में नामित करते हुए रोमांचित हैं जो देश में हमारे लिए नए क्षेत्र खोलेंगे। उनका आत्मविश्वासी, आकर्षक और भविष्यवादी करिश्मा दर्शकों का भरपूर मनोरंजन करता है। यामी भी होम इनोवेशन के लिए ब्रांड के विजन तो साझा करती है और इकोवाक्स




### इस पार्टनरशिप के तहत, यामी ब्रांड की बाजार लीडरशिप पोजीशन को और मजबूत करने के लिए उपभोक्ताओं के साथ जुड़ेंगी और डीबोट - भारतीय उपभोक्ताओं के लिए रोबोट वैक्यूम को बढ़ावा देंगी

रोबोटिक्स इंडस्ट्री को अपनी क्षमता से बेहतर परफॉर्म करने की उम्मीद उम्मीद कर रही है। उन्होंने कहा कि इकोवाक्स ग्लोबल इंटीग्रेशन के प्रयासों को मजबूत करना और विदेशी व्यापार प्रदर्शन में सुधार करना जारी रखेगा, खासकर भारतीय बाजार में। हम भारतीय बाजार के लिए काफी संभावनाएं और इनोवेशन की गुंजाइश देखते हैं और रोबोट टेक्नोलॉजी के साथ जीवन को सरल बनाने के लिए बेहद आशावादी हैं। इकोवाक्स इस क्षेत्र में अग्रणी स्थिति बनाए रखने के लक्ष्य के साथ, अगले कुछ वर्षों में भारतीय बाजार में और अधिक निवेश करने की योजना बना रहा है।

यामी गौतम के साथ साझेदारी इकोवाक्स की होम सर्विस रोबोटिक्स की पूरी रेंज के साथ ब्रांड के विजन सभी के लिए रोबोटिक्स को प्रतिबिंबित करेगी। ब्रांड एंबेसडर के रूप में, यामी की ग्राहकों के माइंडसेट में क्रांतिकारी बदलाव लाने, दर्शकों के लिए भारत में रोबोटिक्स टेक्नोलॉजी की उपलब्धता और उसके इस्तेमाल को बढ़ावा देने के विजन का समर्थन करना है। उनके द्वार विकसित दर्शकों के माध्यम से, इकोवाक्स देश में अपने क्षितिज का विस्तार करने और स्मार्ट रोबोटिक्स में इनोवेशन जारी रखने के लिए आशावादी है।

# दीपावली : खरीदारी में अभी कम है ड्राईफ्रूट्स की डिमांड

## त्योहार से आठ दिन पहले भी व्यापारियों की सेल 20 से 30 प्रतिशत डाउन



कविता। फरीदाबाद

शहर के छोटे बड़े सभी बाजारों में दीवाली की खरीदारी शुरू हो चुकी हैं, लेकिन इस बार दीवाली की खरीदारी में अभी ड्राईफ्रूट्स की दुकानों में लोगों की रौनक कम है। जिसके कारण व्यापारियों का धंधा मंदा हैं, लेकिन दीवाली की खरीदारी से दुकानदार कुछ उम्मीद लगा कर बैठे है।

दीवाली जैसे बड़े त्योहार के आठ दिन पहले भी व्यापारियों की सेल 20 से 30 प्रतिशत डाउन है। वहीं दूसरी तरफ दिवाली के पास ड्राई फ्रूट्स की बिक्री में भी कोई खास उछाल नहीं आया है। इस बार ड्राई फ्रूट्स के दामों में 150 से 200 रुपये का अंतर आया है। ऐसे में लोगों ने भी ड्राई फ्रूट्स की खरीदारी में कटौती कर दी है। जिससे ड्राई फ्रूट्स व्यापारियों का धंधा 20 से 30 प्रतिशत डाउन हैं। ऑनलाइन शॉपिंग में भी ड्राईफ्रूट्स की डिमांड फिलहाल कम हो रही है।

ड्राईफ्रूट्स की कम्पनी में काम करने वाले एक एकाउंटेंट ने बताया कि जहां पहले कीमत 1000 रुपये थी, वह अब 1200 से 1300 रुपये प्रति किलो हो गई हैं। किशमिश की कीमत में भी 100 से 120 रुपये प्रतिकिलो का इजाफा हुआ हैं। बादाम की कीमत भी 800 रुपये से बढ़कर 1200 रुपये प्रतिकिलो हो चुकी हैं।

### यहां से होती है सप्लाई

एक दुकानदार ने बताया कि ड्राई फ्रूट्स के दाम आसमान छू रहे हैं। ज्यादातर ड्राई फ्रूट्स अमेरिका से मंगवाया जाता है। ऐसे में डॉलर की कीमत बढ़ने की वजह से ड्राई फ्रूट्स महंगें हो गए हैं। इस महंगाई के बीच सिर्फ बादाम ही सस्ते रेट पर खरीद सकते हैं। इस साल मार्केट में सबसे सस्ते दामों पर बादाम मिल रहा है। साफ शब्दों में कहे तो इस साल दिवाली पर आप अपने दोस्तों-रिश्तेदारों को तोहफे के तौर पर ड्राई फ्रूट्स देना थोड़ा भारी होगा। नवरात्रों में ड्राईफ्रूट्स के दाम कुछ हद तक कम थे। लेकिन कुछ दिनों से बढ़ोतरी हो रही है। थोक बाजार में पिछले महीने भर में ड्राईफ्रूट्स के दाम में काफी गिरावट आई थी।

वहीं दूसरी तरफ दिवाली के मौके पर ड्राई फ्रूट्स के अलावा भी अलग-अलग उत्पादों के दामों में बढ़ोतरी हुई हैं, जिसकी वजह से लोगों की खरीदारी में कमी आई हैं और व्यापारियों के धंधे पर भी मंदी की मार हैं।

बाजार में भीड़ तो हैं लेकिन लोगों के खुलकर खर्च करके त्योहार मनाने के उत्साह में कमी नजर आ रही है। एनएच-पांच में ड्राईफ्रूट्स की दुकान चलाने वाले संजय ने बताया कि अभी धंधा मंदा है, लेकिन दीवाली आने को है, देखते है इस बार क्या होगा। पिछली बार तो कोरोना की मार के कारण उनकी बिक्री काफी कम हुई थी, इस बार थोडी उम्मीद जागी है।

# सम्मेलन में 30 जोड़ों की विवाह के लिए सहमति

फरीदाबाद। महाराजा अग्रसेन विवाह समिति का 22वां दो दिवसीय सर्वजातीय परिचय सम्मेलन पहले दिन बड़ी धूमधाम मनाया। प्रधान ब्रह्म प्रकाश गोयल ने बताया कि एनसीआर से लगभग 900 युवक-युवतियों ने रजिस्ट्रेशन कराया। जिसमें डॉक्टर, इंजीनियर, टीचर, व्यापारी व नौकरी करने वाले युवक-युवतियों का परिचय कराया।

परिचय सम्मेलन के पहले दिन 30 जोड़ों ने आपस में विवाह करने की सहमति जताई। वहीं सम्मेलन में सीए, पढ़े-लिखे, विधवा, विकलांग, बेसहारा आदि युवक-युवतियों ने अपना परिचय देकर अपने जीवनसाथी को चुनने की गुजारिश की।

# संक्षिप्त समाचार

## गणित विभाग द्वारा अतिथि व्याख्यान का आयोजन



फरीदाबाद। अग्रवाल महाविद्यालय बल्लभगढ़ में गणित विभाग द्वारा अतिथि व्याख्यान का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य वक्ता के रूप में मानव रचना विश्वविद्यालय फरीदाबाद से डा. एडविन मसीह जी उपस्थित रहे। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. कृष्णकांत गुप्ता के निर्देशन एवं कुशल मार्गदर्शन में विद्यार्थियों के ज्ञान वर्धन के लिए इस तरह के व्याख्यान आयोजित होते रहते हैं। व्याख्यान का विषय था- ज्योमेट्री ऑफ सबमैनिफोल्ड्स इन एन ऑलमोस्ट कोंटेक्ट मीट्रिक मैनिफोल्ड्स। व्याख्यान के प्रारंभ में गणित विभागाध्यक्ष डॉ. के.एल. कौशिक व अन्य प्रवक्तागणों ने पौधा भेंट कर अतिथि महोदय का स्वागत किया। डा. मसीह ने अपने व्याख्यान में विद्यार्थियों को व्यवसायिक हुनर बढ़ाने के लिए प्रोत्साहित किया। उन्होंने ज्यामिती के माध्यम से विद्यार्थियों को वास्तविक जीवन में गणित का महत्व बताया। व्याख्यान को विद्यार्थियों ने बड़ी उत्सुकता के साथ सुना तथा प्रश्नों के माध्यम से अपनी जिज्ञासा व्यक्त की। डॉ. मसीह ने बड़ी सहजता से उनके प्रश्नों के उत्तर दिए। व्याख्यान से कुल 75 विद्यार्थी लाभान्वित हुए। डॉ. ममता ठाकुर एवं कुमारी दीपांजलि ने आयोजन सचिव की भूमिका निभाई। गणित विभागाध्यक्ष डॉ. केएल कौशिक ने कहा इस तरह के व्याख्यान भविष्य में भी निश्चित रूप से होते रहेंगे। नेहा गोयल, डॉ. गीता त्रिपाठी, प्रिया अरोड़ा, रेणु बाला, पूनम गुप्ता, खुशहाली एवं कुमारी पूजा उपस्थित रहे। धन्यवाद ज्ञापन के साथ व्याख्यान समाप्त हुआ।

## एसजेएबी द्वारा ऊर्जा संरक्षण पर पेंटिंग प्रतियोगिता



फरीदाबाद। राजकीय आदर्श वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय सराय ख्वाजा फरीदाबाद की सैंट जॉन एंबुलेंस ब्रिगेड, जूनियर रेडक्रॉस और गाइड्स ने प्राचार्य रविंद्र कुमार मनचंदा की अध्यक्षता में ब्यूरो ऑफ एनर्जी एफिशिएंसी द्वारा निर्देशित ऊर्जा संरक्षण जागरूकता कार्यक्रम के अंतर्गत पेंटिंग प्रतियोगिता आयोजित की। सैंट जॉन एंबुलेंस ब्रिगेड प्रभारी और जूनियर रेडक्रॉस काउन्सलर प्राचार्य रविंद्र कुमार मनचंदा ने कहा कि ऊर्जा मंत्रालय के अधीन ब्यूरो ऑफ एनर्जी एफिशिएंसी द्वारा प्रत्येक वर्ष ऊर्जा संरक्षण के लिए युवाओं को मोबिलाइज किया जाता है तथा लोगों के बीच ऊर्जा संरक्षण और ऊर्जा दक्षता के महत्व के साथ-साथ जलवायु परिवर्तन शमन के लिए समग्र विकास के लिए जरूरी समग्र प्रयासों के लिए जागरूकता बढ़ाने के लिए विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जाता है। प्रिंसिपल रविंद्र कुमार मनचंदा और एक्टिविटीज कॉर्डिनेटर गीता ने एसजेएबी सदस्य ऊर्जा संरक्षण पेंटिंग प्रतियोगिता में साहिल को प्रथम, अंजली को द्वितीय तथा नीशू को तृतीय घोषित किया तथा प्राध्यापिका प्रज्ञा, मुक्ता, रजनी, सुशीला, प्राध्यापक कैलाश चंद्र, दिनेश सहित सभी अध्यापकों और प्रतिभागी छात्र छात्राओं का ऊर्जा संरक्षण के लिए जागरूक होने के लिए आभार व्यक्त किया।

## मोटापा बढ़ा रहा कमर और गर्दन दर्द

फरीदाबाद। कमर के निचले हिस्से में दर्द (लोअर बैक पेन), गर्दन दर्द ऐसी समस्याएं हैं जिनसे आज की लाइफस्टाइल में हर व्यक्ति अपने जीवनकाल में कभी न कभी एक बार परेशान होता ही है। इसके लिए हमारी सुस्त जीवनशैली, स्मोकिंग और मोटापा जिम्मेदार है। यह बात मैरिंगो क्यूआरजी हॉस्पिटल से न्यूरो एंड स्पाइन सर्जरी विभाग के डायरेक्टर डॉ. तरुण शर्मा ने कही। उन्होंने कहा कि आज लोगों का ज्यादातर समय घर या ऑफिस तक ही सिमट कर रह जाता है परिणामस्वरूप शरीर को सूर्य की रोशनी नहीं मिलने से हड्डियों में कैल्शियम की कमी हो जाती है। कमर दर्द, गर्दन दर्द की 80 प्रतिशत समस्या आमतौर मसल्स स्पाज्म (मांसपेशियों में ऐंठन), गलत तरीके से बैठने, गलत आदतों के कारण होती है। आमतौर पर स्पाइन से जुड़ी समस्याएं बढ़ती उम्र के लोगों में होती है। लेकिन आज 30 साल से कम उम्र के लोगों में कमर के निचले हिस्से में दर्द (लोअर बैक पेन), गर्दन दर्द की समस्याएं सामने आ रही हैं क्योंकि युवक जिम जाते हैं और बहुत ही कम समय में अट्रैक्टिव बॉडी बनाने की कोशिश करते हैं। हार्ट और मसल्स के लिए एरोबिक एक्सरसाइज फायदेमंद होती है लेकिन अगर मसल्स बिल्डिंग एक्सरसाइज के लिए अच्छा ट्रेनर न मिले तो जिम के अन्दर युवा स्वयं ही आवश्यकता से अधिक वजन उठा लेते हैं जिससे उन्हें कमर दर्द की समस्या शुरू हो जाती है। हर महीने 30 साल से कम उम्र के कम से कम 5-6 मरीज एक्यूट डिस्क की समस्या के साथ ओपीडी में आते हैं। रोजाना ओपीडी में लगभग 20 मरीज आते हैं जिसमें 70 प्रतिशत स्पाइन के समस्या के मरीज होते हैं।

## महिला विरुद्ध अपराध के प्रति किया जागरूक

फरीदाबाद। हरियाणा पुलिस द्वारा दिवाली पर्व को देखते हुए मनाए जा रहे साइबर जागरूकता माह के अंतर्गत जिला साइबर अपराध नोडल अधिकारी डीसीपी नीतीश कुमार अग्रवाल के दिशा निर्देश के तहत सीनियर सिटिजन सेल प्रभारी इंस्पेक्टर सविता व साइबर थाना बल्लभगढ़ से सहायक उप निरीक्षक दीपक व मुख्य सिपाही कृष्ण कुमार की टीम ने तिगांव कॉलेज बल्लभगढ़ में पहुंचकर 600 से अधिक छात्राओं को साइबर, सेक्सटॉर्शन महिला विरुद्ध अपराध के संबंध में जागरूक करते हुए इससे बचाव के तरीकों के बारे में जानकारी दी है। कॉलेज के सभागार में छात्राओं के साथ कॉलेज के प्रधानाचार्य राजपाल सिंह, सहायक प्रधानाचार्य संध्या गुप्ता, प्रोफेसर सविता व कॉलेज स्टाफ के साथ मौजूद रहे। पुलिस प्रवक्ता सूबे सिंह ने बताया कि पूरे हरियाणा में अक्टूबर माह को साइबर जागरूकता माह के रूप में मनाया जा रहा है। इस अभियान के तहत फरीदाबाद में प्रति दिन लोगो को तीनों जॉन के साइबर थाना पुलिस टीम के द्वारा साइबर अपराध के संबंध में जागरूक कर इससे बचाव के तरीकों के बारे में जानकारी दे रही है।

# ग्रीन फील्ड कॉलोनी का विकास अब करेगा नगर निगम : मनोहर

## कष्ट निवारण समिति की बैठक के बाद सीएम ने लिया जनता दरबार की तैयारियों का जायजा





जिला कष्ट निवारण समिति की बैठक में शिकायत सुनते मुख्यमंत्री। जनता दरबार की तैयारियों का जायजा लेते हुए सीएम मनोहर लाल।

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद

मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने वर्ष 1976 से विकास कार्यों के लिए भटक रहे ग्रीन फील्ड कॉलोनी निवासियों को बड़ी सौगात देते हुए कहा कि अब इस कॉलोनी में सभी बुनियादी सुविधाएं फरीदाबाद नगर निगम देगा। इसके लिए नगर निगम जल्द से जल्द स्थानांतरण की कार्रवाई पूरी करेगा और वहां पर विकास कार्यों की शुरुआत कराएगा। मुख्यमंत्री मनोहर लाल शनिवार को जिला लोक संपर्क एवं कष्ट निवारण समिति की मासिक बैठक में ग्रीनफील्ड कॉलोनी के निवासियों द्वारा रखी गई एक शिकायत पर सुनवाई कर रहे थे।

बैठक में कुल 17 शिकायतें रखी गई जिनमें से 14 शिकायतों का मौके पर ही निपटारा कर दिया गया वहीं तीन शिकायतें पेंडिंग रखी गई। मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने दो शिकायतों पर पुलिस को एफआईआर दर्ज करने के निर्देश दिए। एनआईटी से विधायक नीरज शर्मा द्वारा रखी गई एक शिकायत पर उन्होंने कहा कि विधायकों के पास शिकायतों के लिए विधानसभा सहित कई प्लेटफार्म है। किसी भी विधायक की शिकायत का जिला लोक संपर्क एवं कष्ट निवारण समिति की बैठक में भविष्य में ना रखा जाए। इसी क्रम में एक महिला द्वारा उसके मकान के ऊपरी तल पर रहने वाले मकान मालिकों द्वारा मकान की देखरेख में करने के मामले में आदेश देते हुए कहा कि नीचे मकान को नुकसान पहुंचा रहा है। इस पर मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने निर्देश दिए कि नगर निगम द्वारा सुरक्षित ढंग से उपरी मंजिल को हटाया जाए। अमित कुमार पुत्र जयप्रकाश निवासी तिगांव ने हरियाणा गवर्नमेंट अफॉर्डेबल हाउसिंग पॉलिसी के तहत मिले मकान को लेकर एक शिकायत रखी।

मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने कहा कि इस तरह की शिकायतों के लिए हरेरा एक प्लेटफार्म नागरिकों को उपलब्ध करवाया गया है ऐसे में इस तरह की सभी शिकायतें हरेरा कोर्ट ट्रांसफर की जाएं। आरपी शर्मा की शिकायत पर विभिन्न सरकारी भवनों को फायर एनओसी जारी करने की शिकायत पर सीएम ने कहा कि शिकायतकर्ता द्वारा 15 भवनों की सूची सौंपी गई थी इनमें से सात ने फायर एनओसी लेने के लिए अग्निशमन विभाग को आवेदन कर दिया है। उन्होंने निर्देश दिया कि सरकारी भवनों की फायर एनओसी के लिए भी जल्द से जल्द आवेदन करवाए जाएं। कुराली गांव निवासी सुंदर सिंह ने डाकघर के कर्मचारियों के खिलाफ शिकायत रखी। मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने यह शिकायत विजिलेंस को ट्रांसफर करते हुए कहा।

सेक्टर 7 निवासी गोल्डी ने सीवर जाम की समस्या रखी जिस पर अधिकारियों ने बताया कि समस्या का समाधान कर दिया है। बैठक में केंद्रीय राज्य मंत्री कृष्णपाल गुर्जर, कैबिनेट मंत्री मूलचंद शर्मा, विधायक सीमा त्रिखा, विधायक नरेंद्र गुप्ता, विधायक नैनपाल रावत, विधायक राजेश नागर, विधायक नीरज शर्मा, मुख्यमंत्री के राजनीतिक सचिव अजय गौड़, हरियाणा महिला आयोग के चेयरमैन रेणु भाटिया, भाजपा जिला अध्यक्ष गोपाल शर्मा, जजपा जिला अध्यक्ष राजेश भाटिया, पुलिस आयुक्त विकास अरोड़ा, उपायुक्त विक्रम सिंह, नगर निगम आयुक्त जितेंद्र दहिया, आदि अधिकारी मौजूद थे।

# जहर देकर पत्नी की हत्या में आरोपी पति गिरफ्तार

## दशहरे के दिन लड़ाई झगड़े के बाद दिया वारदात को अंजाम



हत्या के आरोप में गिरफ्तार सूरज।

फरीदाबाद। एनआईटी थाना प्रभारी इंस्पेक्टर सुनीता की टीम ने 10 दिन पहले पत्नी की हत्या के मामले में आरोपी पति को गिरफ्तार किया है।

पुलिस प्रवक्ता सूबे सिंह ने बताया कि गिरफ्तार आरोपी का नाम सूरज है जो उत्तर प्रदेश के बाराबंकी जिले के मोहम्मदपुर गांव का रहने वाला है और फिलहाल फरीदाबाद के एनआईटी एरिया में रहता था। आरोपी के खिलाफ हत्या की धाराओं के तहत मुकदमा दर्ज है जिसमें आरोपी ने 10 दिन पहले जहर देकर अपनी पत्नी राजकुमारी की हत्या कर दी थी। महिला की उम्र 24 वर्ष है और उसकी दो बेटियां हैं। महिला के भाई की शिकायत के आधार पर एनआईटी थाने में हत्या की धाराओं के तहत मुकदमा दर्ज किया था जिसमें महिला के भाई ने बताया कि उसकी बहन राजकुमारी की शादी 2015 में सूरज के साथ हुई थी जो माली का काम करता है। वह फरीदाबाद के एनआईटी एरिया में रहते थे। मृतक महिला के भाई ने बताया कि उसके जीजा सूरज तथा उसके दोस्तों ने मिलकर उसकी बहन की हत्या की है जिसके आधार पर थाने में मुकदमा दर्ज करके मामले की जांच शुरू की गई।

पुलिस जांच में सामने आया कि दशहरे के दिन महिला ने अपने पति आरोपी सूरज को दशहरा दिखाने के लिए कहा परंतु सूरज उसको लेकर नहीं गया तो महिला अकेले ही मेला देखने चली गई। सूरज को जब इस बात का पता चला तो उसे गुस्सा आ गया और वह उसे लेने के लिए मेले में पहुंचा जहां पर उसका उसकी पत्नी के साथ झगड़ा हुआ। महिला जब घर आई तो उसके पति ने फिर से उसके साथ झगड़ा किया। छह अक्टूबर को आरोपी पति ने गुस्से में आकर पौधों में डालने वाली कीटनाशक दवाई बोतल में डाल कर अपनी पत्नी को पिला दी जिससे उसकी मृत्यु हो गई। हत्या के पश्चात आरोपी पत्नी के शव को लेकर अपने गांव मोहम्मदपुर चला गया और रास्ते में ही उसका मोबाइल झाड़ियों में फेंक दिया। अपने गांव पहुंच कर आरोपी अपनी पत्नी का दाह संस्कार करके सबूत मिटाने की फिराक में था परंतु महिला के भाई को इसका पता चल गया। उसने पुलिस को बतादिया।

# आईएमए के प्रधान का निर्विरोध हुआ चयन

## भाजपा जिला प्रकोष्ठ के डॉ. दिनेश गुप्ता दूसरी बने निर्विरोध प्रधान



प्रधान डॉ. दिनेश गुप्ता।

फरीदाबाद। आईएमए जिला फरीदाबाद के प्रधान डॉ.दिनेश गुप्ता को एक बार फिर शुक्रवार को वर्ष 2023 के लिए, पुन: निर्विरोध प्रधान चुना गया है। यह चुनाव चेयरमैन चुनाव समिति डॉ.नरेश जिंदल, उप. चेयरमैन डॉ. मनोज शर्मा व डॉ.अनिल डुडेजा की देखरेख में हुआ।

आईएमए जिला फरीदाबाद में करीब 1000 डॉक्टर है। वर्ष 2023 के लिए प्रधान व तीन उपप्रधान के लिए 12 अक्टूबर को नामांकन दाखिल करने की आखिरी तारीख थी। 13 अक्टूबर को नामांकन पत्र की छंटनी होनी थी और 14 अक्टूबर को नामांकन वापस लेने की तारीख थी। प्रधान पद के लिए डॉ.दिनेश गुप्ता के अलावा किसी ने भी नामांकन पत्र दाखिल नहीं किया और उपप्रधान के लिए भी किसी ने नामांकन दाखिल नहीं किया।

इसलिए मौजूदा प्रधान डॉ. दिनेश गुप्ता को वर्ष 2023 के निर्विरोध प्रधान चुन लिया गया। पुन: प्रधान चुने जाने पर डॉ. दिनेश गुप्ता ने फरीदाबाद जिले के सभी डॉक्टरों का उन पर भरोसा जताने का धन्यवाद किया है। उन्होंने दावा किया वह डॉक्टरों के हित में किसी भी तरीके से पीछे नहीं रहेंगे। डॉ. दिनेश गुप्ता के पुन: प्रधान चुने जाने पर परिवहन मंत्री मूलचंद शर्मा व अग्रवाल विद्या प्रचारिणी सभा के प्रधान देवेंद्र गुप्ता और अग्रवाल कॉलेज के प्राचार्य डॉ. कृष्णकांत गुप्ता ने बधाई दी है।

# अमिताभ बच्चन की 80वीं वर्षगांठ पर मिलाया हाथ

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद



कुछ पल ऐसे होते हैं, जिन्हें कला के अतिरिक्त अन्य किसी माध्यम से प्रदर्शित नहीं किया जा सकता है। एक भव्य जीवन की गाथा। एक आइडिया जिसे इंडिया यानी भारत कहते हैं। कला के माध्यम से दोनों एक साथ आ रहे हैं। सोनी एंटरटेनमेंट टैलेंट वेंचर्स इंडिया (एसईटीवीआई) आइडियोग्राफिक और थेटा लैब्स ने एक मूवेबल फीस्ट के लिए हाथ मिलाया है। इसमें 80वीं वर्षगांठ मना रहे शानदार अभिनेता अमिताभ बच्चन के जीवन तथा देश की आजादी के 75 वर्षों को एक साथ पिरोया गया है।

इसमें हर आर्टवर्क एक नॉन फंजिबल टोकन (एनएफटी) के रूप में होगा, जिसमें प्रशंसकों एवं कलेक्टर्स को देश के सबसे आइकॉनिक व्यक्तित्व में से एक के जीवन के ही नहीं, बल्कि देश के ऐतिहासिक पल को भी जुटाने का मौका मिलेगा। दिल्ली के प्रतिष्ठित बीकानेर हाउस में 14 अक्टूबर को आयोजित विशेष प्रदर्शनी में 51 कलाओं को प्रदर्शित किया गया। इन्हें 22 अक्टूबर तक देखा जा सकता है।

'ए मूवेबल फीस्ट' के लिए नीलामी के माध्यम से एनएफटी दिए जाएंगे। थेटाड्रॉप एनएफटी मार्केटप्लेस से भी इन्हें लिया जा सकेगा। यह सिर्फ कला की बात नहीं है। अमिताभ अपने आप में एक प्रतीक हैं, ऐसा आईना हैं, जिससे भारत को देखा जा सकता है। उनके जीवन में संभावनाओं, उम्मीदों, दर्द और जीत सबकी झलक है।

क्यूरेटर गीता बत्रा इस चुनौती को लेकर बहुत उत्साहित हैं। उन्होंने कहा, 'एक क्यूरेटर का काम केवल कला के कुछ टुकड़ों को एकत्र करके प्रदर्शित कर देना ही नहीं होता है, बल्कि उसे सही एवं चरणबद्ध तरीके से पिरोना भी होता है, जिससे वह लोगों की कल्पनाओं से मेल खा सके। एक महान हस्ती को सम्मान देना और उनके विचारों को देश के संदर्भ में प्रस्तुत करना अपने आप में कुछ अलग है।'

इसे अंजाम तक पहुंचाने के लिए आइडियोग्राफिक और क्यूरेटर ने बहुत ध्यान से एक-एक हिस्से को चुना है। इसमें फाइन आर्ट, ग्राफिक आर्ट, ट्राइबल आर्ट समेत कला की कई विधाओं को संजोया गया है, जिनसे भारत देश एवं अमिताभ का जीवन साथ-साथ दिखते हैं। सोनी एंटरटेनमेंट टैलेंट वेंचर्स इंडिया की डिजिटल एंड मेटावर्स हेड नम्रता सिंह ने कहा, 'अमिताभ बच्चन जैसी बहुत कम ही हस्तियां हैं, जिन्हें एक युग और एक देश के समानांतर रखा जा सकता है। उनका जीवन आधुनिक भारत के साथ-साथ आगे बढ़ा है। उनके जीवन के माध्यम से हमें अपनी कहानियों को कहने और संस्कृति को आकार देने का अवसर मिला है। अग्रणी वेब3 सॉल्यूशन प्रदाता थेटा मेटाचेन से साझेदारी हमारे लिए गर्व एवं उत्साह की बात है। अगर इस कलेक्शन से हम उस उत्साह को थोड़ा सा भी पुन: रच सकें, जिसे अमिताभ ने अपनी कला एवं करियर से रचा है, तो हमारा यह प्रयास सफल होगा।'

# लापता बच्चों को तमिलनाडु से बरामद कर परिजनों को सौंपा

फरीदाबाद। क्राइम ब्रांच कैट व भूपानी थाना टीम ने परिजनों से नाराज होकर घर से निकले तीन नाबालिग बच्चों को बरामद कर परिजनों से मिलाने का सराहनीय कार्य किया है। पुलिस प्रवक्ता सूबे सिंह ने बताया कि तीनों नाबालिक बच्चे भूपानी थाना क्षेत्र के रहने वाले हैं। बच्चों को उनकी मां ने कसी बात को लेकर डांट दिया था जिसके कारण तीनों बच्चे घर से 15 सितंबर को निकल गए थे। परिजनों के द्वारा बच्चों के गुम होने की सूचना थाना भूपानी में एक अक्टूबर को दी गई सूचना पर मुकदमा दर्ज कर थाना पुलिस ने बच्चों की तलाश शुरू कर दी। क्राइम ब्रांच कैट व थाना टीम ने लगातार प्रयास करते हुए अपने सूत्रों से बच्चों का कंडी रोड तांबरम तमिलनाडु में होना पता लगाया। पुलिस टीम ट्रेन के जरिए तमिलनाडु पहुंची वहां से तीनों बच्चों को सकुशल बरामद किया गया।

# अध्यापकों के अभाव में विद्यार्थियों ने लगाया जाम

पायनियर समाचार सेवा। बल्लभगढ़



गांव प्याला में रोड जाम करते छात्र-छात्राएं।

शनिवार को गांव प्याला में स्थित राजकीय माध्यमिक विद्यालय के बच्चों का गुस्सा सातवें आसमान पर पहुंच गया। गुस्साएं छात्रों ने यह कहते हुए जाम लगा दिया कि आज इन्हें दिखा देंगे, कि विद्यार्थियों में कितना दम है, यह कहते हुए बच्चों ने सुबह सात बजे स्कूल के बाहर रोड जाम कर दिया और दोपहर को सवा 12 बजे तक सड़क पर प्रदर्शन करते हुए सरकार और शिक्षा विभाग के खिलाफ नारेबाजी करते रहे।

छात्रों का कहना था कि अध्यापकों की कमी के कारण उनकी पढ़ाई बंधित हो रही है। विद्यार्थियों के द्वारा लगाए गए जाम से पांच घंटे में करीब चार किलोमीटर तक लम्बा जाम लग गया। जिससे लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ा। वहीं बीईओ के द्वारा सोमवार से तीन अध्यापकों की नियुक्ति का आश्वासन देने पर दोपहर बाद विद्यार्थियों ने जाम खोला।

गांव प्याला में पहली से आठवीं तक का सरकारी स्कूल दो शिफ्टों में चलता है। स्कूल में एक भी टीचर नहीं है। केवल प्रधानाचार्य और पीटीआई अध्यापक की ही यहां नियुक्ति है। सुबह के समय माध्यमिक यानी बड़े बच्चों और दोपहर को प्राथमिक यानी छोटे बच्चों की पढ़ाई करवाई जाती है। माध्यमिक कक्षाओं में करीब 250 बच्चें यहां पढ़ाई करते हैं। प्रिंसिपल और पीटीआई सभी विषय कैसे पढ़ाएं, काफी समय से विद्यार्थी अध्यापक न होने के कारण परेशान है। विद्यार्थी व उनके अभिभावकों द्वारा कई बार अध्यापकों की नियुक्ति के लिए प्रधानाचार्य को अवगत कराया लेकिन कोई स्थाई समाधान नहीं हुआ। जिसे देखते हुए शनिवार की सुबह 7 बजे जब बच्चे स्कूल में पढ़ाई करने के लिए आए तो गांववासियों व अभिभावकों की मदद से बच्चों ने स्कूल के बाहर जाम लगा दिया। सुबह 7 बजे से दोपहर के सवा 12 बजे स्कूल के गेट के बाहर बैठे सड़क जाम करके बैठे रहे। जिससे सड़क पर करीब 4 किलोमीटर लंबा जाम लग गया। जिससे लोगों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ा। जाम के कारण स्कूल के निकट मौजूद छोटी-बड़ी कई कम्पनी संचालकों को भारी नुकसान का सामना करना पड़ा।

# ऑफिस में गलत ढंग से बैठना बढ़ाता है पीठ दर्द : डॉ. गुप्ता



फरीदाबाद। ऑफिस में घटों कंप्यूटर पर बैठकर काम करना लोगों को पीठ का दर्द दे रहा है। इसमें बदलाव करने की खास जरूरत है। विश्व स्पाइन डे पर यह कहना ग्रेटर फरीदाबाद स्थित एकॉर्ड अस्पताल के न्यूरोलॉजी विभाग चेयरमैन डॉ. रोहित गुप्ता का।

न्यूरोलॉजिस्ट डॉ. रोहित गुप्ता ने कहा कि भागदौड़ भरी जीवनशैली में 70 से 80 प्रतिशत लोगों को पीठ दर्द की समस्या होती है। इसके अलावा सोते समय हाथ में दर्द, जलन और झिनझिनी भी लोगों को परेशान करती है। इसे नजरअंदाज नहीं करना चाहिए। न्यूरोलॉजिस्ट डॉक्टर से मिलकर जांच करा लेनी चाहिए। इस बीमारी को कारपेल टनेल सिंड्रोम के नाम से जाना जाता है। उन्होंने कहा कि रीढ़ की हड्डी के 33 मनके होते है। रीढ़ की हड्डी के मनकों के बीच में डिस्क होती है जो खिसक जाए तो तकलीफ करती है। मनकों के अंदर काफी समस्या होती है। इनमें इंफेक्शन, चेप लगना, मनके टूट जाना ,मनकों का आगे-पीछे होना व हिलना, मनकों का दब जाना, मनकों के बीच में जगह कम होना। इससे रोगी न तो ठीक से खड़ा हो पाता, न चल पाता है और न उठ बैठ पाता है, मगर जानकारी के अभाव में लोग समय पर अस्पताल नहीं पहुंच पाते। इससे बीमारी बढ़ती जाती है, जो कई बार खतरनाक रूप ले लेती है। इसलिए पीठ की बीमारी को नजरअंदाज नहीं करना चाहिए।

**बीमारी के लक्षण :** पीठ व कमर में दर्द, टांगों का सुन होना, टांगों में झनझनाहट होना, चलने में दिक्कत होना, टांगों का चलना बंद होना, पेशाब रुक जाना। अगर कमर दर्द ठीक नहीं होता है और साथ में बुखार या टांगों में दर्द है तो तुरंत स्पाइनल सर्जन को दिखाएं।

**बीमारी का इलाज :** रीढ़ की हड्डी के दर्द में आगे झुक कर कोई काम न करें। भारी वजन बिल्कुल न उठाएं, कमर को स्पोर्ट देकर बैठें, दूध व दूध से बने पदार्थ, विटामिन डी युक्त पदार्थों का सेवन करें।

# टीम इंडिया के लिए करें सामूहिक प्रार्थना और योगदान

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद

भारत में क्रिकेट एक धर्म है और टीम इंडिया जब भी खेलती है हर भारतीय में जोश और भावुकता का संचार होता है। क्रिकेट के दीवाने प्रशंसक 'मेन इन ब्लू' की बिल्कुल भगवान मानते हैं और ऐसे समय में हमें देश में हवन के माध्यम से ढेर सारी प्रार्थनाओं, आशाओं और सकारात्मक अनुभूतियों के साथ देशभक्ति के उत्साह की लहर देखने को मिलती है। मुंबई स्थित एनजीओ चीयरिंग स्क्वाड इंडिया फाउंडेशन (सीएसआईएफ), आध्यात्मिक स्टार्टअप माई ओमनमो के तहत एक सामाजिक शाखा, जो ऑनलाइन पूजा क्षेत्र, आध्यात्मिक उत्पादों, मंदिरों की बुकिंग में अग्रणी हैं, ने इस क्रिकेट सीजन में टीम इंडिया के लिए सामूहिक प्रार्थना करने के लिए 'विजयी भव महा-यज्ञ' के साथ एक आध्यात्मिक अभियान शुरू किया है।



इस पहल का शुभारम्भ आज पहले महा यज्ञ के साथ त्र्यंबकेश्वर में किया गया, जो नासिक के पास बारह ज्योतिर्लिंगों में से एक है। यह विजयीभवईंडिया की एक आवाज के तहत भारत को एकजुट करने और आईसीसी टी20 विश्व कप ट्रॉफी को एक बार फिर अपने देश में लाने का प्रयास है। आयोजकों ने सभी शहरों से भारतीयों को इस यज्ञ में भाग लेने और योगदान करने और भारतीय क्रिकेट टीम के लिए जयकार करने का आग्रह किया है। लाइव यज्ञ को चीयरफॉरइंडिया प्लेटफॉर्म पर स्ट्रीम किया जाएगा और आम जनता भी इसके माध्यम से अपना योगदान दे सकती है। चेन्नई, तिरुपति, श्रीपेरंबदूर, पुणे, वेल्लोर, सिंधुदुर्ग, हैदराबाद, औरंगाबाद और देश भर के विभिन्न आध्यात्मिक शहरों और मंदिरों, सामुदायिक हॉलों और वैदिक पाठशालाओं जैसे भारत भर में लगभग 101 स्थान विश्व कप मैच के दिनों में महा यज्ञ का आयोजन करेंगे।

माय ओमनमो और चीयरिंग स्क्वाड इंडिया फाउंडेशन, (सीएसआईएफ) के संस्थापक मकरंद पाटिल ने साझा किया, चूंकि बहुत सारे भारतीय अच्छे भाग्य के लिए हवन करते हैं, हमने कल्पना की कि हम क्रिकेट और आध्यात्मिकता को एक साथ ला सकते हैं और देश में 101 स्थानों पर विजय भव महा-यज्ञ कर सकते हैं। हम अपने 'मेन इन ब्लू' के लिए एक अरब भारतीयों को संकल्प लेने और एक साथ प्रार्थना करने के लिए एकजुट करने की आशा करते हैं। हमारी वेबसाइट के माध्यम से क्रिकेट प्रशंसक दान कर सकते हैं और सबसे बड़े राष्ट्रव्यापी हवन अभियान का हिस्सा बन सकते हैं। इस अभियान के माध्यम से प्राप्त अधिकतम योगदान कई गैर सरकारी संगठनों को जाएगा।

## पत्नी के हत्यारे को उम्रकैद की सजा

**बहराइच।** जिले की एक अदालत ने एक विवाहिता की दहेज हत्या के सात साल पुराने मामले में दोषी पति को उम्रकैद की सजा सुनाई है। जिला न्यायाधीश उत्कर्ष चतुर्वेदी ने दोषी पति पर 56 हजार रुपए का जुर्माना भी लगाया है। जिला शासकीय अधिवक्ता (फौजदारी) मुन्नू लाल मिश्र ने शनिवार को बताया कि साल 2011 में बहराइच के रानीपुर थाना क्षेत्र के रत्तापुर गांव निवासी शहजाद अली का निकाह श्रावस्ती के भिन्गा कोतवाली क्षेत्र के विशुनपुर गांव की रहने वाली ताजिना से हुआ था। मिश्र के मुताबिक, तीन नवंबर 2015 को ताजिना की मां राबिया को सूचना मिली थी कि उसकी बेटी की मौत हो गई है। मिश्र के अनुसार, हत्या के बाद शहजाद ने अपनी सास से कहा था कि ताजिना की मौत सांप के काटने से हुई है, लेकिन पोस्टमार्टम रिपोर्ट में सिर पर लगी गंभीर चोट को मौत का कारण बताया गया था। मिश्र के मुताबिक, पुलिस ने हत्या, महिला के साथ अत्याचार और दहेज अधिनियम की विभिन्न धाराओ में मुकदमा दर्ज कर शहजाद को गिरफ्तार किया था। जांच के दौरान शहजाद दहेज के लिए पत्नी की हत्या करने का दोषी मिला। मिश्र ने बताया कि बहराइच के जिला न्यायाधीश ने शुक्रवार को शहजाद को दोषी करार देते हुए उसे आजीवन कारावास और 56 हजार रुपए के जुर्माने की सजा सुनाई। उन्होंने बताया कि जुर्माना अदा नहीं करने पर शहजाद को दो साल दो माह की अतिरिक्त सजा भुगतनी होगी।

# खनन माफिया हाजी इकबाल के तीन बेटों समेत चार लोगों के खिलाफ गैंगरेप का मामला दर्ज

### तीनों पहले से ही जेल में हैं, जबकि एक अन्य आरोपी शाहबान को शनिवार को पुलिस ने गिरफ्तार किया

भाषा। सहारनपुर

**उत्तर प्रदेश** के सहारनपुर जिले के थाना मिर्जापुर में विधानपरिषद के पूर्व सदस्य एवं खनन माफिया हाजी इकबाल के तीन पुत्रों सहित चार लोगों के खिलाफ सामूहिक बलात्कार का मामला दर्ज किया गया है। पुलिस ने इसकी जानकारी दी। पुलिस ने बताया कि हाजी इकबाल के तीनों बेटे पहले से ही जेल में हैं, जबकि एक अन्य आरोपी शाहबान को शनिवार को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। देहात पुलिस अधीक्षक सूरज राय ने पीटीआई-भाषा को बताया कि दिल्ली के भजनपुरा की रहने वाली एक महिला ने शुक्रवार की शाम मिर्जापुर थाने में हाजी इकबाल के तीन बेटों अलीशान, जावेद, अफजाल और शाहबान पुत्र दिलशाद के खिलाफ सामूहिक दुष्कर्म का मामला दर्ज किया है। महिला ने थाने मे दी गई तहरीर मे बताया कि मार्च 2022 मे उसकी ननद ने इण्टर की परीक्षा पास की थी। आरोप है कि हाजी इकबाल की मिर्जापुर स्थित ग्लोकल विश्वविद्यालय में प्रवेश के लिए सम्पर्क किया गया था, जिस पर शाहबान ने उसे फर्जी डिग्री दिलाने का आश्वासन दिया था। पुलिस को दी गई तहरीर में आरोप लगाया कि इस आश्वासन पर पीड़िता अपनी ननद के साथ दिल्ली से मिर्जापुर आई थी, जहां शाहबान ने हाजी इकबाल के तीनों बेटों जावेद अलीशान ओर अफजाल से उसकी मुलाकात कराई थी। आरोप है कि इन चारों ने प्रवेश और डिग्री का झांसा देकर उसके साथ सामूहिक बलात्कार किया। राय ने बताया कि तहरीर के आधार पर थाना मिर्जापुर पुलिस ने चारों के खिलाफ दुष्कर्म का मुकदमा दर्ज कर लिया है और पुलिस मामले की जांच कर रही है। राय ने बताया शनिवार को पुलिस की कई टीमों ने कार्यवाही करते हुए इस मुकदमें में नामजद अभियुक्त शाहबान को गिरफ्तार कर लिया।

# संभल में एआईएमआईएम के प्रदेश अध्यक्ष के खिलाफ एफआईआर

### शौकत अली के विवादित बयान का वीडियो सामने आने के बाद

**संभल।** उत्तर प्रदेश के संभल जिले की पुलिस ने आल इंडिया मजलिस-ए-इत्तेहादुल मुस्लिमीन (एआईएमआईएम) के प्रदेश अध्यक्ष शौकत अली के विवादित बयान का वीडियो सामने आने के बाद उनके खिलाफ सुसंगत धाराओं में प्राथमिकी दर्ज की है। पुलिस के एक अधिकारी ने शनिवार को यह जानकारी दी।

संभल के पुलिस अधीक्षक (एसपी) चक्रेश मिश्रा ने पीटीआई-भाषा को बताया कि आजमगढ़ निवासी शौकत अली द्वारा एक निजी कार्यक्रम में सांप्रदायिक सौहार्द बिगाड़ने की बात कही गई, जिसका वीडियो वायरल हो रहा है। मिश्रा ने बताया कि इस वायरल वीडियो को लेकर अर्चित अग्रवाल की दी गई तहरीर के आधार पर शौकत अली और कार्यक्रम के दो आयोजकों के खिलाफ भारतीय दंड संहिता की धारा 153 ए (विभिन्न समूहों के बीच शत्रुता को बढ़ावा देना), 295 ए (धार्मिक आस्था का अपमान करना) और धारा 188 (लोक सेवक द्वारा विधिवत रूप से जारी आदेश की अवज्ञा) के तहत संभल कोतवाली में प्राथमिकी दर्ज की गई है। एसपी ने कहा कि कोई किसी भी प्रकार की बयानबाजी, जिससे धार्मिक सौहार्द बिगड़ने की नौबत आएगी, उसके खिलाफ सख्त कार्वाई की जाएगी। शुक्रवार को संभल के एक कार्यक्रम को एआईएमआईएम के प्रदेश अध्यक्ष शौकत अली ने संबोधित किया था, जिसमें उन्होंने हिंदू समुदाय के खिलाफ आपत्तिजनक बातें कही थीं।

वायरल वीडियो में शौकत अली यह कहते सुनाई दे रहे हैं कि जब भी भाजपा कमजोर होती है तो मुसलमानों के नए मुद्दों को सामने लाती हैं। कभी वे कहते हैं कि आपके (मुसलमानों के) कई बच्चे हैं और आप दो बार या तीन बार शादी करते हैं ... हां हम दो बार शादी करते हैं तो हम समाज में दोनों पत्नियों को बराबर का सम्मान देते हैं लेकिन आप (हिंदू) एक महिला से शादी करते हैं और तीन रखैल रखते हैं जिनके बारे में कोई नहीं जानता। अली ने कहा कि मुसलमान कोई गाजर मूली प्याज नहीं जो कोई आकर उन्हें काट दे, अब समय आ गया है जब हम बोलेंगे और आप सुनेंगे। उन्होंने कहा कि पहले हिंदू बोलता था अब मुसलमान भी बोलेगा। उन्होंने कहा कि भाजपा हमेशा से ही हिंदू-मुस्लिम करती रही है, और जब भी पार्टी को डर लगता है वह हिंदू-मुस्लिम पर उतर आती है।

## वन राज्य मंत्री के भतीजे को जेल भेजा, मारपीट के पुराने मामले में पुलिस ने आरोप पत्र दाखिल किया

बरेली। पुलिस ने हत्या के प्रयास के एक मामले में उत्तर प्रदेश की भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) नीत सरकार के एक मंत्री के भतीजे अमित सक्सेना को विधिक प्रक्रिया पूरी कर जेल भेज दिया। पुलिस ने इसकी जानकारी दी। पुलिस ने यहां होमगार्ड के जवान पर हमला करने के एक पुराने मामले में भी उसके (अमित सक्सेना) खिलाफ अदालत में आरोपपत्र दाखिल किया है। जिला शासकीय अधिवक्ता सुमिति पाठक ने शनिवार को बताया कि अमित सक्सेना को मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी (सीजेएम) ने 14 दिन की न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया है। पुलिस अधिकारियों के अनुसार अमित सक्सेना उप्र सरकार के वन राज्य मंत्री अरुण कुमार सक्सेना का भतीजा है जिसने खाना देने से इंकार करने पर कथित तौर पर एक रेस्तरां मालिक पर हमला किया। यह घटना मंगलवार को हुई और बुधवार को इस घटना की सीसीटीवी रिकॉर्डिंग सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर वायरल होने के बाद सामने आई। पाठक ने बताया, घटना के संबंध में बुधवार को प्राथमिकी दर्ज की गई थी और इसमें धारा 307 (हत्या का प्रयास) जोड़ा गया था। प्राथमिकी के आधार पर सक्सेना को बृहस्पतिवार को गिरफ्तार किया गया और शुक्रवार को न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया। इस बीच इज्जतनगर पुलिस ने अमित सक्सेना के खिलाफ ट्रैफिक ड्यूटी पर तैनात होमगार्ड को धमकाने और मारपीट करने के एक पुराने मामले में आरोप पत्र दाखिल कर दिया है। पुलिस क्षेत्राधिकारी (सीओ) तेजवीर सिंह ने बताया, अमित सक्सेना और एक अन्य व्यक्ति पर होमगार्ड के जवान को पीटने और धमकी देने का आरोप है। उन्होंने बताया कि यह घटना पांच और छह जून की दरम्यानी रात की है। पुलिस जांच में आरोपियों के खिलाफ आरोप सही पाए गए और हमने मामले को लेकर अदालत में आरोप पत्र दाखिल कर दिया।

### बाइकों की टक्कर में दो युवकों की मौत

**बिजनौर।** जिले के रेहड़ थाना इलाके में शनिवार को दो बाइकों की आमने-सामने की टक्कर में दो लोगों की मौत हो गई जबकि दो अन्य घायल हो गए। पुलिस ने इसकी जानकारी दी। थाना प्रभारी मनोज परमार ने बताया कि शनिवार दोपहर लगभग दो बजे इंटर कॉलेज भगतावाला के सामने अलग-अलग दिशा से आ रही दो बाइक आपस में टकरा गई। उन्होंने बताया कि इस दुर्घटना में दोनों बाइकों के चालक अलाउद्दीन (20) और शेखर (19) की मौके पर ही मौत हो गई जबकि दो घायल हो गए। उन्होंने बताया कि घायल हुए दो अन्य लोगों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है।



सैफई में सपा संरक्षक मुलायम सिंह की श्रद्धांजलि सभा में शिरकत करते कांग्रेस नेता सचिन पायलट, साथ में हैं अखिलेश यादव व शिवपाल सिंह यादव

# जैद खान और सोनल ने किया 'बनारस' का प्रमोशन

### 4 नवंबर को रिलीज़ की जाएगी फिल्म

पायनियर समाचार सेवा।वाराणसी।

**अभिनेता** ज़ैद ख़ान और सोनल मॉन्टरियो ने वाराणसी आ कर अपनी जल्द रिलीज़ होनेवाली फ़िल्म 'बनारस के प्रमोशन में हिस्सा लिया जहां उन्हें वहां के स्थानीय लोगों का अच्छा-ख़ासा प्रतिसाद मिला। वाराणसी स्थित पराड़कर स्मृति भवन में शनिवार को पत्रकार वार्ता में बताया की जगह-जगह पर जाकर फ़िल्म को बड़े जोशो-ख़रोश के साथ प्रमोट कर रहे ज़ैद और सोनल लोगों के रेस्पॉन्स से बेहद ख़ुश हैं और अब उन्हें अपनी फ़िल्म के रिलीज़ का बेसब्री से इंतज़ार है। फ़िल्म 'बनारस' मूल रूप से कन्नड़ भाषा में बनाई



गयी है जिसे पैन इंडिया स्तर पर रिलीज़ किया जा रहा है। यह फ़िल्म कन्नड़ और हिंदी के अलावा तेलुगू, तमिल और मलयालम भाषाओं में भी रिलीज़ की जाएगी। इस फ़िल्म का निर्देशन जरतगीर्थ ने किया है जिन्होंने हिट कन्नड़ फ़िल्म 'बेल बॉटम' का भी निर्देशन किया था। उल्लेखनीय है कि उनकी इस फ़िल्म को हिंदी में भी 'बेल बॉटम' नाम से फिर से बनाया गया था जिसमें अक्षय कुमार ने मुख्य भूमिका निभाई थी।'बनारस' एक ऐसी म्यूज़िकल प्रेम-कहानी है जो टाइम-ट्रैवल पर आधारित है। इस फ़िल्म की शूटिंग बनारस के सभी 84 घाटों समेत अन्य लोकेशन्स पर की गयी है।? 'बनारस' 04 नवंबर को देशभर के सिनेमाघरों में? रिलीज़ की जाएगी।ज़ैद ख़ान एक राजनीतिक पृष्ठभूमि से आते हैं, मगर उन्होंने अपनी एक अलग राह चुनी और एक्टर बनने का फ़ैसला किया। उन्होंने एक अभिनेता के तौर पर अपना डेब्यू करने से पहले अनुपम खेर के मुम्बई स्थित एक्टिंग एकेडमी 'एक्टर प्रीपेर्स' से अभिनय का प्रशिक्षण भी हासिल किया है। 24 साल के ज़ैद हिंदी और उर्दू धाराप्रवाह ढंग से बोलते हैं और दोनों भाषाओं पर अच्छी पकड़ रखते हैं। ग़ौरतलब है कि 'बनारस' फ़िल्म? में काम करने के लिए उन्होंने कन्नड़ पढ़ना, लिखना और बोलना सीखा।एक अभिनेत्री के तौर पर सोनल मॉन्टीरियो कन्नड़ फ़िल्मों में काफ़ी लोकप्रिय हैं।

## सपा संस्थापक मुलायम सिंह की अस्थियां सोमवार को हरिद्वार में की जाएंगी विसर्जित

**इटावा।** समाजवादी पार्टी (सपा) के संस्थापक और उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री मुलायम सिंह यादव की अस्थियो का विसर्जन सोमवार को हरिद्वार मे गंगा नदी मे किया जाएगा। यादव की अंत्येष्टि के बाद मथुरा-वृंदावन से गरुड़ पुराण का पाठ करने आए आचार्य राधामोहन मिश्र ने शनिवार को यह जानकारी दी। उन्होने बताया कि नेताजी (मुलायम सिंह यादव) के परिवारवालो ने तय किया है कि नेताजी का अस्थि कलश लेकर परिवार के लोग रविवार को हरिद्वार जाएंगे और सोमवार को वैदिक रीति रिवाज के अनुरूप पवित्र गंगा जी मे अस्थियो को विसर्जित किया जाएगा। नेताजी की अंत्येष्टि के बाद बुधवार से गरुड़ कथा का पाठ किया जा रहा है। गरुड़ कथा मे परिवार के सभी सदस्य मौजूद रहते है। मिश्र ने बताया कि गरुड़ पुराण का पाठ बुधवार से शुक्रवार (21 अक्टूबर) तक चलेगा और 21 अक्टूबर को शांति हवन, ब्राह्मण भोजन आदि कर्मकाण्ड वैदिक रीति रिवाज के साथ तक चलेगा और 21 अक्टूबर को शांति हवन, ब्राह्मण भोजन आदि कर्मकाण्ड वैदिक रीति रिवाज के साथ संपन्न किए जाएंगे। उल्लेखनीय है कि मुलायम सिंह यादव का 10 अक्टूबर को गुरुग्राम (हरियाणा) के मेदांता अस्पताल मे निधन हो गया था। वह 82 वर्ष के थे। उनकी अंत्येष्टि 11 अक्टूबर को इटावा जिले मे स्थित उनके पैतृक गांव सैफई मे की गई थी।

### टियर दो शहरों के बतीस प्रतिशत लोग ऑनलाइन सोने में निवेश करते हैं

**वाराणसी।** एक्सिस माई इंडिया ने भारत की निवेश व्यवहार रिपोर्ट लॉन्च की निवेश के विभिन्न रूपों, प्रमुख बाधाओं और निवेश निर्णय लेने के लिए ड्राइवरों के प्रति भारतीय उपभोक्ताओं के दृष्टिकोण को समझने के लिए एक व्यापक अध्ययन किया है। विभिन्न निवेश साधनों पर ध्यान केंद्रित करते हुए, रिपोर्ट में सोने के निवेश के प्रति उपभोक्ता की राय और श्डिजिटल गोल्डश् जैसे नए युग के उपकरणों की बढ़ती प्रवृत्ति का खुलासा किया गया है मौजूदा सांस्कृतिक समानता के कारण 43प्रतिशत उत्तरदाताओं ने सोने में निवेश के साथ टियर- शहरों में लोगों के लिए निवेश का सबसे पसंदीदा रूप के रूप में सोना उभरा है।भारत में डिजिटल निवेश का दायरा भारत तेजी से डिजिटल होता जा रहा है और देश भर के 24प्रतिशत लोगों ने किसी न किसी रूप में डिजिटल निवेश की कोशिश की है।

### स्पैम, स्कैम और ऑनलाइन धोखाधड़ी से बचाने की मुहिम

**कानपुर।** ट्रूकॉलर ने आज एक अहम संदेश को लोगों तक पहुंचाने के लिए अपने नए कैंपेन की शुरुआत की है। ट्रूकॉलर और द वोम्ब ने इस कैंपेन का कॉन्सेप्ट तैयार किया है जिसमें लोगों की मूल भावना को दर्शाया गया है। इस कैंपेन का उद्देश्य ऑनलाइन संचार की दुनिया को सभी के लिए सुरक्षित बनाना है।ट्रूकॉलर ने हमेशा उपयोगकर्ताओं को स्पैम, स्कैम और ऑनलाइन धोखाधड़ी से बचाने में मदद करने के लिए अपनी ओर से हरसंभव कोशिश की है और इस दिशा में लगातार कदम उठाए हैंए जिनमें अलग.अलग तरह के कैंपेन की शुरुआत करनाए भारत सरकार के साथ मिलकर काम करना तथा साइबर सुरक्षा प्रशिक्षण की मदद से युवाओं में जागरूकता पैदा करना जैसी पहल शामिल है। बात चाहे अनजानध्अनचाहे फोन कॉल के जरिए लोगों को बेवजह परेशान की होए या फिर ओटीपी ;व्ज्च्द्ध और लॉटरी धोखाधड़ी जैसी परेशानियों की बात होए ट्रूकॉलर ने लोगों को इन सभी चीजों का सामना करने में हमेशा मदद की है। कारी कृष्णमूर्ति, चीफकमर्शियल ऑफिसर, ने कहा, भारतीय संस्कृति की जड़ें बहुत गहरी हैं, साथ ही हमारी परंपराएं और रीति.रिवाज भी बेहद मजबूत मान्यताओं पर आधारित हैं। अपने इस कैंपेन के जरिएए हमने न लोगों द्वारा सामना की जाने वाली बेवजह परेशानीध्धोखाधड़ी की समस्या की जड़ को दर्शाने का प्रयास किया है, बल्कि हमने यह दिखाने की भी कोशिश की है कि समुदाय की सामूहिक प्रतिक्रिया और स्पैम मार्किंग से इस तरह के फर्जी कॉल कैसे लाल रंग में नज़र आते हैं।

### उपलब्धियों से भरी दसवीं सालगिरह मनाई

**लखनऊ।** दैनिक उद्यमियों को सशक्त बनाने वाली कंपनी गो डैडी ने आज यहां अपनी 10वीं वर्षगांठ की घोषणा की। दुनिया के सबसे बड़े डोमेन नाम रजिस्ट्रार ने पिछले दशक में भारत में डेढ़ मिलियन से अधिक ग्राहकों के साथ 3 गुना वृद्धि दर्ज करने में इस मील के पत्थर का जश्न मनायाए जिसमें स्वतंत्र छोटे व्यवसाय और गो डैडी भागीदार दोनों शामिल हैं। 20 मिलियन ग्राहकों के साथ, गो डैडी वह स्थान है जहां लोग अपने विचारों को नाम देनेए पेशेवर वेबसाइट बनानेए ग्राहकों को आकर्षित करनेए अपने उत्पादों और सेवाओं को बेचने और अपने काम का प्रबंधन करने के लिए आते हैं।निक्सी के सीईओ अनिल जैन ने कहा, हम भारत में यहां 10 साल पूरे करने पर गो डैडी को हार्दिक बधाई देते हैं।

# धर्म की स्थापना के लिए हुआ भगवान का अवतार

**सोनभद्र।** हिंडालको आवासीय परिसर में स्थित रेणुकेश्वर महादेव मंदिर प्रांगण में चल रहे रामकथा के छठें दिन मानव संसाधन प्रमुख जसबीर सिंह के द्वारा भगवान श्रीराम की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्वलित कर व रामायण की आरती के साथ हुआ। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कथा व्यास नानालाल राजगुरु महाराज ने किष्किंधा कांड पर अपना प्रवचन प्रस्तुत करते हुए कहा कि शास्त्रों में किष्किंधा कांड को कांशी कहा गया है इसका जो पाठ करता है उसे पूरे मानस के पाठ करने का फल मिलता है। यह राम चरित मानस का हृदय है इसकी चार गुफाएं हैं। भगवान का अवतार गुप्त रूप से हुआ था इसलिए हनुमान जी ने पूछा कि आप दोनों कौन हैं क्या आप साक्षात नर और नारायण हैं यह वही स्थान है जहां मतंग ऋषि का आश्रम था। यहां भगवान नर नारायण साक्षात राम लक्ष्मण के रुप में पधारे थे जब आप स्वाध्याय करेंगे सीताराम का भजन करेंगे तब आपका मन निर्मल हो जाएगा और ईश्वर तत्व की प्राप्ति होगी। जो सज्जन व्यक्ति होता है उसके पास सदगुण एक एक कर चले जाते हैं और वहीं लक्ष्मी का वास भी होता है। भगवान का अवतार इस जगत में धर्म की स्थापना के लिए हुआ है। हनुमान जी ने भगवान रामचंद्र और सुग्रीव दोनों को एक दूसरे के कथा से अवगत कराया और आपस में उन्हें मैत्री करा दिया।

### नगर के 34 वार्डो में कराया गया एन्टी लारवा का छिड़काव

मीरजापुर जिलाधिकारी दिव्या मित्तल के निर्देश के क्रम में डेंगू रोगों से बचाव एवं जन जागरूकता हेतु नगर के विभिन्न क्षेत्रों में अधिशासी अधिशासी अधिकारी नगर पालिका के निर्देशन में 14 अक्टूबर की रात्रि में फॉगिंग एवं नगर के विभिन्न वार्डो में यथा डंगहर नंबर 6ए संगमोहाल वार्ड नंबर 10ए पुरानी दशमी वार्ड नंबर 17ए अनगढ़ वार्ड नंबर 18ए गणेश गंज वार्ड नंबर 22ए बथूआ वार्ड नंबर 29ए बरौधा वार्ड नंबर 14ए स्टेशन वार्ड नंबर 15ए बसनी बाजार वार्ड नंबर 30ए संकटमोचन वार्ड नंबर 33ए भटवा की पोखरी वार्ड नंबर 34ए कोतवाली वार्ड 35ए त्रिमुहानी वार्ड नंबर 37ए इमामगंज वार्ड नंबर 38ए रुखड़घाट वार्ड नंबर 8ए शिवाला महांथ वार्ड नंबर और वार्ड नंबर 13ए कंतित वार्ड नंबर 28 वार्डो में एन्टी लारवा का छिड़काव कराया गया।

### जिलाधिकारी व पुलिस अधीक्षक ने परीक्षा केन्द्रों का किया निरीक्षण

**मीरजापुर।** अधीनस्थ चयन सेवा आयोग द्वारा आयोजित दो दिवसीय प्रारम्भिक पात्रता परीक्षा 2022 ;पीईटी को शुचितापूर्ण, नकल विहीन व शान्तिपूर्ण ढंग से सम्पन्न कराने के दृष्टिगत जिलाधिकारी दिव्या मित्तल व पुलिस अधीक्षक संतोष मिश्र के द्वारा केन्द्रो पर भ्रमण कर निरीक्षण किया गया। जिलाधिकारी द्वारा अपने निरीक्षण के दौरान जे0एस0 जुबली इंटर कालेज में पहुँचकर कई कक्षों का निरीक्षण किया गया। तदुपरान्त प्रधानाचार्य राजेन्द्र तिवारी से व्यवस्थाओं के बारें में विधिवत जानकारी ली गयी। प्रधानाचार्य द्वारा बताया गया कि इस केन्द्र पर 532 परीक्षार्थियों को आवंटित किया गया था जिसमें 34 अनुपस्थित हैं। तत्पश्चात जिलाधिकारी राजकीय इंटर कालेज ;जी0आई0सी0द्ध महुवरिया में बनाये गये परीक्षा केन्द्र का निरीक्षण किया गया। प्राचार्य द्वारा बताया गया कि इस कालेज में 384 आवंटित छात्रो के सापेक्ष 262 छात्र परीक्षा में सम्मिलित हुये हैं। जिलाधिकारी अपने निरीक्षण के दौरान जी0डी0 बिन्नानी डिग्री कालेज में स्थापित परीक्षा केन्द्र का भी निरीक्षण किया गया।

## तीन वाहन किए गए सीज

**मीरजापुर।** जिलाधिकारी दिव्या मित्तल एवं पुलिस अधीक्षक संतोष मिश्रा द्वारा दिये गये निर्देश के क्रम में क्षेत्राधिकारीए लालगंजए सहायक परिवहन अधिकारी ;प्रवर्तनद्धए खान अधिकारीए तहसीलदारए लालगंजए सर्वेक्षकए खनिज विभागए तथा प्रभारी निरीक्षकए थाना. लालगंज के साथ संयुक्त रूप से दिनांक 14ध्15 अक्टूबरए 2022 की रात्रि में विशेष अभियान चलाकर उपखनिजों का परिवहन करने वाले वाहनों की औचक जाँच की गयी। जाँच के दौरान बिना परिवहन प्रपत्र ध् ष्ैज्च् ध् ओवरलोड परिवहन करने वाले 08 वाहनों को थाना लालगंज मेंए 05 वाहनों को थाना ड्रमण्डगंज में सीज कर पुलिस अभिरक्षा में दिये गये तथा 15 वाहनों का ऑनलाइन चालान किया गया। इसके अतिरिक्त खनिज मोहर्रिरए खनिज विभागए मीरजापुर द्वारा 03 वाहनों को थाना . अहरौरा में सीज कर पुलिस अभिरक्षा में दिया गया । इस प्रकार कुल 31 वाहनों को बिना परिवहन प्रपत्र ध् ष्ैज्च् ध् ओवरलोड परिवहन के जुर्म में पकड़ा गया। उपरोक्त वाहन चालकों ध् स्वामियों पर नियमानुसार देय खनिज की रायल्टीए खनिमुख मूल्य एवं आरोपित शास्ति की वसूली के अतिरिक्त उपखनिजों का ओवरलोड परिवहन कर रहे वाहनों में परिवहन प्रपत्र जारी करने वाले खनन पट्टाधारकों से भी प्रति वाहन रु0 25000 शास्ति की वसूली हेतु अलग से कार्यवाही की जा रही है।

### ग्राहकों के उपयोगी डिजिटल भुगतान अनुभव बढ़ाने की पहल

**वाराणसी।** अमेजन ग्रेट इंडियन फेस्टिवल के हिस्से के रूप में, अमेजन पे ने श्विन ए सुपर ऑफरश् की घोषणा की। यह खास पेशकश ग्राहकों को अपनी पसंद के शॉपिंग ऑफर को क्लेम करने की सुविधा प्रदान करती है। श्विन ए सुपर ऑफरश् के लिए ग्राहक इन तीन आसान चरणों का पालन कर सकते हैं अमेज़न इन पर किसी भी श्सुपर ऑफरश् बैनर पर क्लिक करें और अपने पसंदीदा शॉपिंग उत्पाद या कैटेगरी को चुनें इसके बाद बिल का भुगतान करें, अपने फोन को रिचार्ज करें, अमेजन पे बैलेंस में पैसे जोड़ें, या किसी को भी पैसे भेजें। एक बार लेन-देन पूरा हो जाने के बाद, सुपर ऑफ़र को रिवॉर्ड के रूप में एकत्र किया जा सकता है।

# असल जिंदगी में हीरो थे डॉ. कलामः रमेश चंद्र

### नवाचार कर भारत को आगे बढाने का काम करें चुनौतियों को अवसर में बदलने में विश्वास करें

संवाददाता। मेरठ

**डॉक्टर** कलाम ने कभी सिनेमा में काम नहीं किया लेकिन असल जिंदगी में वे हीरो थे। इंटरनेट पर हजारों प्रेरणादायक उद्धरण हैं वह वास्तव में सभी के लिए एक जीवंत प्रेरणा थे। जहां ज्यादातर लोग जिंदगी में अवसरों को खोजते हैंए वहीं डाण् कलाम हमेशा नई चुनौतियों की तलाश में रहते थे। भविष्य की पीढ़ियों के पोषण के महत्व से अच्छी तरह से वाकिफ थे। डाण् कलाम की जंयती पर हमें यह पता लगाना चाहिए कि हम भारत में नवाचार को कैसे प्रोत्साहित कर सकते हैं। यह बात पूर्व राष्ट्रपति डॉ0 एपीजे अब्दुल कलाम



की जयंती के अवसर पर चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय स्थित डॉ0 अब्दुल कलाम छात्रावास में आयोजित कार्यक्रम में वित्त अधिकारी रमेश चंद्र ने कही। उन्होंने अब्दुल कलाम साहब के जीवन पर अखबार बेचने से लेकर भारत के राष्ट्रपति बनने तक के सफर पर प्रकाश डाला तथा बताया की भगवान श्रीराम ने भी अब्दुल कलाम साहब के गांव में ही शक्ति की शिक्षा प्राप्त की थी। बताया कि उनकी मुलाकात कलाम साहब के भाई से हो चुकी है। वे कलाम साहब के घर भी गए हैं। उन्होंने छात्रावास में कलाम साहब की स्टैचू बनवाने का भी आश्वासन दिया। कार्यक्रम में उपस्थित मुख्य छात्रावास अधीक्षक ने अब्दुल कलाम साहब के बारे में बताया और कहा अपनी कल्पना को उड़ान दीजिएए हम कुछ भी कर सकते हैं सबसे पहले अपने लक्ष्य को तय करें और उस पर निरंतर मेहनत बहुत जरूरी है। इस अवसर पर एससीआरआईटी के निदेशक डॉक्टर नीरज सिंघलए इंजीनियर मनीष मिश्रा इंजी प्रवीण कुमारए डॉ लक्ष्मी शंकर सिंहए डॉ धर्मेंद्रए डॉ दुष्यंत चौहान डॉ यशवेंद्र वर्माए डॉक्टर केपी सिंहए डॉक्टर वंदना राणाए निधि भाटिया मनी सिंह आदि उपस्थित रहे। अंत में छात्रावास अधीक्षक इंजीनियर प्रवीण कुमार ने सभी अतिथियों का तथा आवासीय छात्रों का धन्यवाद ज्ञापित किया।

## बेबस राज्य मंत्री

भगवा सरकार में तो कैबिनेट और स्वतंत्र प्रभार मंत्री तो बिना रोक-टोक के कहीं भी किसी को भी फोन करके अपने लोगों का काम करवा लेते हैं लेकिन राज्यमंत्री की बेबसी सिर्फ वही समझ सकते हैं। ऐसे ही एक राज्य मंत्री हैं जो कि बसपा सरकार में विधायक थे और भाजपा में शामिल हुए थे। उन्हें राज्यमंत्री बना दिया गया। उनके पास जो विभाग है कि उसके कैबिनेट मंत्री आगरा से आते हैं। कहने को तो वह राज्यमंत्री हैं लेकिन अपने क्षेत्र की जनता के लिए किसी से कहने में काफी जोर लगाना पड़ता है। जिस दल से वह आए हैं वहां जब वह विधायक थे तो किसी को भी बिना रोक-टोक फोन कर देते थे और काम हो जाता था लेकिन अब ऐसा नहीं है। किसी के सही काम के लिए भी अगर कही फोन करो तो बात कालिदास मार्ग तक पहुंच जाती हैं। इसलिए माननीय बड़े बेबस हैं और मंत्री पद के अलावा उनके पास कोई रूतबा नहीं है।



## दस करोड़ का घोटाला

एलडीए के बड़े साहब को सब ठीक ठाक लग रहा था। बड़े साहब, आवास और पार्किंग की समस्याएं समझने का प्रयास कर रहे थे लेकिन साहब को जब पता चला कि दस करोड़ का गबन स्मारक समिति में हुआ है तब साहब को एहसास हुआ कि इन मासूस चेहरों के पीछे बहुत राज हैं। झटका लगने पर कर्मचारी से लेकर छोटे साहब तक आंच पहुंचने लगी तो संभले साहब। फिर क्या था। साहब को समझते देर न लगी कि कर्मचारियों के मकड़ जाल को तोड़ना बहुत जरूरी है। अब साहब ने फूंक फूंक कर कदम रखना शुरू कर दिया। कई बड़े बड़े नटवरलालों पर नजर रखने लगे। दस करोड़ घोटाले की गुत्थी सुलझाने का प्रयास करते हुए कई स्मारक समति के बाबू और अधिकारी पर शक गया। अभी साहब की जांच जारी ही थी कि कई और दफन राज धीरे-धीरे बाहर आने लगे। अब बड़े साहब को लगने लगा कि यहां का सफर आसान नही हैं।




## दुविधा राम की

जिसके आसरे थे वह तो चला गया। अब तो राम का ही आसरा बचा है। अभी तक तो समाजवाद के पुरोधा के आश्वासन पर चल रहे थे कि सब कुछ ठीक हो जाएगा। उम्मीदें पूरी होंगी। समाजवाद के पुरोधा ने साथ क्या छोड़ा ऐसा प्रतीत हो रहा है की महोदय तो अर्श से फर्श पर गिर पड़े हैं क्योंकि जो मौजूदा समाजवाद के मुखिया हैं वह घर की पुरानी चीजों को मुंह तो लगाते नहीं हैं। ऐसी स्थिति में राम के आसरे होना मजबूरी ही है। लगता है अब तो राम आसरे ही जीवन बिताना पड़ेगा। एक समय था जब समाजवाद की सत्ता में यह मंत्री हुआ करते थे। लोग इन्हें पूछते थे। अब यह स्थिति है कि लोग इन्हें बगल में नहीं बैठाते। दूरी बना कर चलते हैं। इसका इन महोदय को बड़ा ही कष्ट है। बीते चार दिनों से सैफई में थे। कभी यहां बैठते तो कभी वहां बैठते। वहां भी इन्हें नहीं पूछा गया। घूम फिर के वापस आए। इतना सब हो जाने के बाद अब तो राम का ही आसरा बचा है इनके लिए। देखा जाए तो अब इनके पास दो ही रास्ते बचे हैं। या तो यह राम आसरे जीवन बिताएं या राम के हो जाए। हां यदि कहीं बात ना बने तो शिव के पास भी अपनी अर्जी डाल सकते हैं। वहां भी उम्मीदें हैं।

## भरपेट भोजन

खाकी महकमे के कारिन्दे भी आए दिन अपने कारनामों की वजह से चर्चा में बने ही रहते हैं। इस समय राजधानी के पड़ोस के एक जिले में प्रशिक्षण हासिल करने वाला सिपाही चर्चा का विषय बना हुआ है। दरअसल सिपाही प्रशिक्षण क्लास में सो गया। इस पर उससे स्पष्टीकरण मांगा गया। सिपाही की ओर से विभाग को दिया गया स्पष्टीकरण इस समय सोशल मीडिया पर जमकर वायरल हो रहा है। उसने अपना जो जवाब लिखकर दिया वह यह है कि शाम को भरपेट भोजन नहीं मिला। इसलिए सुबह के समय उसने भोजन में 25 रोटी, एक थाली चावल, दो कटोरी दाल और एक कटोरी सब्जी खाई। भरपेट भोजन करने की वजह से क्लास में सुस्ती छा गई और मैं सो गया। माफी मांगता हूं कि भविष्य में इतना भोजन नहीं करूंगा। स्पष्टीकरण के इस पत्र के वायरल हो जाने के बाद अब प्रशिक्षण सेंटर के अधिकारी मामले को दबाने का पूरा प्रयास कर रहे हैं। सेंटर के प्रभारी डिप्टी एसपी का कहना है कि ऐसी कोई बात नहीं है, इस मामले की जांच कर ली गई है। अब डिप्टी एसपी भले ही कुछ कहें लेकिन सच्चाई तो छिपती नहीं। सोशल मीडिया पर वायरल इस पत्र को लेकर लगातार चर्चा जारी है।

# अतीत को जोड़ने के साथ ज्ञानवर्धन का माध्यम हैं डाक टिकटः मुख्यमंत्री

**● सीएम ने 12 वीं उप्र डाक टिकट प्रदर्शनी यूफिलेक्स-2022 का किया उद्घाटन**

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**मुख्यमंत्री** योगी आदित्यनाथ ने शनिवार को ललित कला अकादमी में चीफ पोस्ट मास्टर जनरल उत्तर प्रदेश परिमण्डल द्वारा आयोजित 12 वीं उत्तर प्रदेश डाक टिकट प्रदर्शनी यूफिलेक्स-2022 का उद्घाटन किया। इस मौके पर उन्होंने कहा कि डाक विभाग ने अपनी रचनात्मक गतिविधियों के साथ डाक टिकटों के संग्रह को रुचि का क्षेत्र बना दिया है। इसके माध्यम से डाक विभाग ने वर्तमान को अतीत से जोड़ने का बेहतर प्रयास किया है। डाक टिकटों का संग्रह अनेक रचनात्मक गतिविधियों से हमें जोड़ता है।





इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने श्रीराम वन गमन पथ विशेष आवरण व विरूपण का विमोचन किया। उन्होंने श्रीराम वन गमन पथ पर स्थित 14 स्थानों के मानचित्र का विमोचन किया। मुख्यमंत्री ने डिफनेटिव स्टाम्प थीमेटिक पैकेट का विमोचन भी किया। सीएम योगी ने कहा कि आज उन्होंने यहां जिस प्रदर्शनी का उदघाटन किया है उसमें 300 से अधिक फ्रेम्स लगे हुए हैं। किसी चित्र अथवा ग्राफिक्स के माध्यम से किसी घटना की ओर लोगों का ध्यान आकर्षित करना और उन्हें समझाना आसान हो जाता है। चित्र अथवा ग्राफिक्स गागर में सागर भरने का कार्य करते हैं। प्रदेश की समृद्धशाली तथा आध्यात्मिक परम्परा को डाक टिकटों तथा स्पेशल कवर के माध्यम से संरक्षित किये जाने की आवश्यकता है जिससे आने वाली पीढ़ी का सहज और सरल तरीके से ज्ञानवर्धन किया जा सकेगा। सीएम ने कहा कि यह हमारा सौभाग्य है कि यहां भगवान श्रीराम के 14 वर्ष के वनवास के दौरान श्रीराम वन गमन पथ पर आधारित विशेष आवरण व विरूपण का विमोचन किया गया है। इसके माध्यम से उत्तर प्रदेश के उन 14 प्रमुख क्षेत्रों को देखने का अवसर प्राप्त होगा। यह एक संग्रह के साथ ही ज्ञानवर्धन व मनोरंजन का माध्यम भी है। मुख्यमंत्री ने कहा कि डाक टिकटों का संग्रह एक समय लोगों का शौक हुआ करता था। डाक सेवाओं के बिना जीवन अधूरा समझा जाता था। सभी लोग किसी न किसी रूप में डाक सेवाओं से जुड़े थे। उस समय आवागमन के साधन सीमित थे। दूर संचार की सेवाएं नहीं थीं अथवा न के बराबर थीं। उन स्थितियों में जीवन के समग्र विकास से जुड़ी तमाम चीजों का केन्द्र बिन्दु पोस्ट ऑफि स हुआ करता था। सीएम ने कहा कि डाक टिकटों का संग्रह उस समय की तकनीक से हमें जोड़ने के साथ ही उस समय पैसे की कीमत के बारे में भी ध्यान आकर्षित करता है।

# संस्कारवान युवा ही देश को बनाएंगे विश्व गुरुः सीएम

**● धारा 370 हटाकर राम मंदिर का निर्माण कर आर्य महापुरुषों के सपनों को किया साकारः सीएम**

**पायनियर समाचार सेवा।** मुरादाबाद/ लखनऊ



**मुरादाबाद** में महात्मा नारायण स्वामी के 75 वें निर्वाण दिवस पर आयोजित आर्यवीर एवं वीरांगना महासम्मेलन को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि संस्कारवान समाज और संस्कारित युवाओं से ही देश विश्व गुरु बनेगा। उन्होंने कहा कि हमें संस्कारित होना पड़ेगा। विरासत और परंपरा को शुद्ध विचारों के साथ सहेज कर आगे बढ़ने की जरूरत है। आर्यवीर इसमें महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकते हैं। आने वाला समय भारत का है। भारत विश्व को नेतृत्व देगा। उत्तर प्रदेश अपने युवाओं के दमखम से लबालब है। इसके सहारे प्रदेश को मजबूत भारत की परिकल्पना को साकार कर देश को पुनः विश्व गुरु बनाना होगा।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कश्मीर से धारा 370 समाप्त कर और अयोध्या में भगवान श्री राम का भव्य मंदिर निर्माण का कार्य कर आर्य महापुरुषों के सपनों को साकार किया है। उन्होंने कहा कि देश को एक सूत्र में पिरोने के लिए शिक्षा भारतीय भाषाओं में होनी चाहिए। हमारी सरकार इस संबंध में दृढ़ इच्छाशक्ति और स्पष्ट नीति को लेकर आगे बढ़ रही है। आज चिकित्सा इंजीनियरिंग सहित अन्य सभी विधाओं की पढ़ाई हिंदी और संस्कृत भाषाओं में उपलब्ध है।

उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने लाल किले से भारत की विरासत को रक्षित करने का संकल्प लिया था। वह उसे पूरा कर रहे हैं। योगी ने कहा कि आजादी के आंदोलन में आर्य समाज के लोगों और महापुरुषों ने अहम योगदान दिया। शुद्धि का यज्ञ करने वाले स्वामी श्रद्धानंद की विधर्मियों ने हत्या कर दी। उस समय स्वामी नारायण स्वामी ने आर्य समाज को बचाने के लिए आर्यवीर दल का गठन किया था। दुख की बात यह है कि स्वामी दयानंद के आदर्शों के विपरीत हम आज भी व्यक्ति पूजा पर अधिक विश्वास करते हैं। उन्होंने कहा कि मजबूत देश और समाज का निर्माण आधुनिक सोच और उत्तम संस्कारों के सर्वश्रेष्ठ तालमेल से ही संभव होता है। महासम्मेलन में शामिल होने के लिए मुख्यमंत्री योगी ठीक 2 बजे कार्यक्रम स्थल पर पहुंच गए। इससे पहले वह राजकीय विमान से मूंढापांडे स्थित हवाईअड्डे पहुंचे। वहां से हेलिकॉप्टर से सर्किट हाउस पहुंचकर अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक में भाग लिया। कमिश्नर, डीएम, एसएसपी, विकास प्राधिकरण निगम समेत कई अफसरों के साथ मुख्यमंत्री ने विकास कार्यों और हाल ही में खनन को लेकर हुए घटनाक्रम के बारे में भी जानकारी ली।

## सीएजीडीआई में भर्ती परीक्षा आरंभ

**लखनऊ।** केंद्रीय कृषि विकास संस्थान (सीएजीडीआई) ने कोविड काल तथा उसके पूर्व से लंबित नियुक्तियों की प्र या को आरंभ कर दिया है। 4 चरणों में संपन्न होने वाली इस प्रक्रिया का पहला चरण 15 अक्टूबर से 25 अक्टूबर 2022 तक चलेगा। संस्थान के निदेशक चंद्र भूषण पांडे ने बताया कि संस्थान के रिक्त पदों पर भर्ती आंशिक साक्षात्कार, लिखित परीक्षा तथा तकनीकी परीक्षा के माध्यम से चार चरणों में की जानी प्रस्तावित है। 15 से 25 अक्टूबर तक चल रहे प्रथम चरण के लिए केंद्रीय कृषि विकास संस्थान के उत्तर प्रदेश राज्य मुख्यालय में परीक्षा संपन्न कराई जा रही है। उन्होंने बताया कि इस चरण का परिणाम 11 नवंबर 2022 को घोषित किया जाएगा। उन्होंने यह भी बताया कि संस्थान के दैनिक ऑडिट के लिए मौर्या एंड मौर्या मैनेजमेंट सर्विसेज को 11 माह के लिए नामित किया गया है।

## तीन मुल्जिमों की डिस्चार्ज व एक की जमानत अर्जी खारिज

**लखनऊ (विसं)।** भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम के विशेष जज रमाकान्त प्रसाद ने पशुधन घोटाला मामले में निरुद्ध सहायक समीक्षा अधिकारी उमेश कुमार मिश्रा समेत तीन मुल्जिमों की डिस्चार्ज अर्जी खारिज कर दी है। साथ ही एक अन्य मुल्जिम अनिल राय की जमानत अर्जी भी खारिज कर दी है। सरकारी वकील प्रभा वैश्य ने मुल्जिम उमेशए रघुवीर प्रसाद व अखिलेश कुमार उर्फ एके राजीव की डिस्चार्ज अर्जी तथा मुल्जिम अनिल राय की जमानत अर्जी का जोरदार विरोध किया। 13 जून 2020 को इस मामले की एफ आईआर इंदौर के एक व्यापारी मंजीत सिंह भाटिया उर्फ रिन्कू ने थाना हजरतगंज में दर्ज कराई थी। इस मामले में उमेश मिश्रा, मोंटी गुर्जर व आशीष राय समेत 13 मुल्जिमों को नामजद किया गया था। विवेचना में सीनियर आईपीएस अफसर अरविंद सेन का नाम भी प्रकाश में आया था। मुल्जिमों पर कुटरचित दस्तोवजों व छद्म नाम से गेहूं, आटा, शक्कर व दाल आदि की सप्लाई का ठेका दिलवाने के नाम पर नौ करोड़ 72 लाख 12 हजार रुपए की ठगी का आरोप है।

# महिला हिंसा व बलात्कार की बढ़ती घटनाएं चिंताजनकः नीलम



**● आप के महिला कार्यकर्ता सम्मेलन में भारी संख्या में शामिल हुईं महिलाएं**

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**आने** वाले निकाय चुनाव को लेकर आम आदमी पार्टी बूथ स्तर तक संगठन बनाकर प्रांतीय सम्मेलन कर रही है पिछले दिनों प्रदेश प्रभारी संजय सिंह ने बस्ती मुरादाबाद, बुंदेलखंड, पूर्वांचल, आजमगढ़, बनारस और पश्चिम प्रान्त में कार्यकर्ता सम्मेलन कर चुके प्रांतीय सम्मेलनों के क्रम में बीते 'शनिवार को आम आदमी पार्टी की महिला प्रकोष्ठ की प्रदेश अध्यक्षा नीलम यादव के नेतृत्व में गाजियाबाद में महिला कार्यकर्ता सम्मेलन किया गया। इस कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के तौर पर पश्चिमी प्रांत अध्यक्ष सोमेंद्र ढाका उपस्थित रहे। महिला कार्यकर्ता सम्मेलन में महिलाओं ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया। इस मौके पर सैंकड़ों महिलाओं ने पार्टी की सदस्यता भी ली। मौजूद महिलाओं को संबोधित करते हुए महिला प्रकोष्ठ की अध्यक्ष नीलम यादव ने कहा कि वर्तमान सरकार महिलाओं को सुरक्षा देने में असफ ल हो चुकी है। उन्होंने कहा भाजपा नेताओं द्वारा महिलाओं को अपमानित किया जा रहा है। दिन प्रतिदिन महिलाओं को उनके अधिकारों से वंचित किया जा रहा है और आवाज उठाने पर कानूनी और गैर कानूनी तौर पर उनको दबाया जा रहा है। नीलम यादव ने कहा कि योगी सरकार में बलात्कारियों को सजा नहीं दी जाती बल्कि उनको माला पहनाकर उनका स्वागत किया जाता है। उन्होंने कहा कि आज स्कूल हो, कॉलेज हो या कार्यस्थल हो कहीं भी महिला सुरक्षित नहीं है। विशिष्ट अतिथि के तौर पर पहुंचे पश्चिमी प्रांत के अध्यक्ष सोमेंद्र ढाका ने कहा कि सरकार की विफ ल व्यवस्थाओं से जनता अस्त व्यस्त हो चुकी है। उच्च पदों पर बैठे अधिकारियों की लापरवाही से महिलाओं में भय और तनाव पैदा हो रहा है। आम आदमी पार्टी महिलाओं के लिए जमीनी स्तर पर काम कर रही है ताकि उनका भविष्य उज्जवल हो कार्यक्रम में प्रदेश महासचिव रेखा जयसवाल, प्रदेश उपाध्यक्ष नरगिस खान, प्रदेश सचिव मंजू गौतम, प्रदेश उपाध्यक्ष प्रीति उपाध्याय, कार्यकारी सदस्य बनारस महानगर अध्यक्ष शारदा टंडन, अनीता, गाजियाबाद की महिला जिला अध्यक्ष कल्पना वर्मा, जिला महासचिव विवाह सिंह, पूजा चौधरी जिला उपाध्यक्ष, जिला सचिव हरमीत कौर, कल्पना आदि महिला पदाधिकारी मौजूद रहीं।

# जब शहर विकसित होंगे, तभी हमारा देश विकसित होगाः मुख्य सचिव

**● कानपुर नगरवासियों के सुझाव प्राप्त करने के लिए लोगो व वेबसाइट का शुभारंभ**

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**कानपुर** नगरवासियों के सुझाव प्राप्त करने के लिए कानपुर/2047 के लोगो एवं वेबसाइट का शुभारम्भ किया गया। इसी तर्ज पर जनपदों के विकास की रूपरेखा लोगों का सुझाव लेकर तैयार की जायेगी। मुख्य सचिव दुर्गा शंकर मिश्र ने उक्त जानकारी देते हुए बताया कि आने वाली पीढ़ी को ज्यादा से ज्यादा सुविधायें मिलें, इसके लिये अभी से प्लानिंग के साथ कार्य करना जरूरी है। 25 वर्ष बाद 2047 में कानपुर नगर कैसा होगा, इस दिशा में कार्य कर रहा है। लोगों के सुझाव प्राप्त करने के लिए कानपुर/2047 वेबसाइट का शुभारंभ किया गया है। इसके माध्यम से कानपुर नगरवासी कमियां बताने के साथ अपने बहुमूल्य् सुझाव दे सकते हैं। अन्य जनपदों को भी इसी तर्ज पर कार्य करना होगा। उन्होंने कहा कि पिछले पाँच सालों में प्रदेश का अभूतपूर्व विकास हुआ है। प्रदेश के विकास के लिए युवाओं की सहभागिता जरूरी है। प्रधानमंत्री ने आगामी 25 सालों में देश को विकसित बनाने का लक्ष्य रखा है। यह उसी विज़न की शुरुआत है। प्रधानमंत्री जो संकल्प लेते हैं वह सिद्ध करते हैं। मुख्यमंत्री ने प्रदेश की इकोनॉमी को 1 ट्रिलियन डॉलर बनाने का लक्ष्य निर्धारित किया है। इस दिशा में सभी को मिलकर कार्य करना होगा।

उन्होंने बताया कि जब शहर विकसित होंगे तभी हमारा देश विकसित होगा। संकल्प से ही सिद्धी संभव है। न पैसे की कमी है, न जगह की कमी है और न ही टेक्नोलाजी की, आवश्यकता है बेहतर उपयोग करने की। शहर का विकास अधिकारी नहीं, बल्कि आम जनमानस करते हैं, अधिकारी उसे आगे बढ़ाते हैं। शहर स्थानीय लोगों का होता है, बाकी लोग उसमें मददगार होते हैं। शहर तमाम सारे वर्गों से मिलकर बनता है, हर वर्ग को शहर के विकास के बारे में सोचना होगा।

# परीक्षा में धांधली करने वाले साल्वर सहित विभिन्न जिलों से आठ गिरफ्तार

**पीईटी-2022**

**● प्रारंभिक अर्हता परीक्षा में गड़बड़ी की सूचना पर एसटीएफ की टीमों ने उन्नाव, जौनपुर, कानपुर और मेरठ में की छापेमारी**

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**प्रदेश** के सभी जिलों में शनिवार को आयोजित की गई प्रारंभिक अर्हता परीक्षा-2022 (पीईटी) में अभ्यर्थियों से माटी रकम लेकर साल्वर बिठाने वाले गिरोह के खिलाफ एसटीएफ ने ताबड़तोड़ कार्रवाई की है। एसटीएफ विभिन्न जिलों से गिरोह में शामिल आठ साल्वर व अभ्यर्थियों को गिरफ्तार किया है।

अभिसूचना संकलन के दौरान ज्ञात हुआ कि प्रदेश के जनपदों मे भिन्न-भिन्न जगहों पर प्रारम्भिक अर्हता परीक्षा (पीईटी) 2022 की परीक्षा में सेंध लगाकर विभिन्न गिरोह परीक्षा की शुचिता को भंग करने की योजना बना रहा है। इस संबंध में एसटीएफ मुख्यालय की टीम ने परीक्षा केन्द्र आदर्श विद्या मन्दिर, गीतापुरम, थाना सदर कोतवाली, जनपद उन्नाव में मूल अभ्यर्थी के स्थान पर पेशेवर साल्वर बैठाकर परीक्षा दिलाने की सूचना पर पुष्पेन्द्र यादव (मूल अभ्यर्थी) निवासी ग्राम अठनपुर इस्माइलगंज, थाना थरवई, जनपद प्रयागराज, सत्यम कुमार पाण्डेय (साल्वर) निवासी ग्राम मठिया, थाना लोरिया, जनपद पश्चिमी चम्पान, बिहार अंकित कुमार मौर्या (सहयोगी) निवासी अढड़नपुर, इस्माइलगंज, थाना थरवई, जनपद प्रयागराज को गिरफ्तार किया।

गिरफ्तार अभियुक्त सत्यम ने बताया कि पश्चिमी चम्पारन, बिहार में उसकी मुलाकात आरा, बिहार निवासी देव, जिसका विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं में मूल अभ्यर्थियों के स्थान पर साल्वर बैठाने का गिरोह है, से हुई। उसी के माध्यम से उसकी मुलाकात शिवम शर्मा से हुई, जो फाफामऊ, प्रयागराज का रहने वाला है। उसके द्वारा इस परीक्षा के पहले भी कई लड़को के स्थान पर बैठकर परीक्षा दी गई है। जिसके बदलें में उसे 25-30 हजार रुपए प्रति परीक्षार्थी मिले हैं। इस परीक्षा से पहले वह ग्रुप-डी एवं रेलवे की परीक्षाओं में लगभग 15 लड़कों के स्थान पर परीक्षा दे चुका है। इस बार पुष्पेन्द्र यादव के स्थान पर परीक्षा दे रहा था। साल्वर सत्यम पहली पाली में पुष्पेन्द्र यादव अभ्यर्थी के स्थान पर बैठा था तथा एक अन्य अभ्यर्थी जिसकी परीक्षा कल होनी थी, उसके स्थान पर बैठना था। अंकित कुमार मौर्या इस परीक्षा गैंग में प्रतिरूपक कैन्डीडेट को परीक्षा केन्द्र तक पहुंचाने और परीक्षा की समाप्ति तक बाहर के बारे मे जानकारी देने के कार्य में लगा हुआ था। इसके पास से सत्यम का बैग भी बरामद हुआ। गिरफ्तार अभियुक्तों के विरुद्ध थाना कोतवाली सदर, जनपद उन्नाव में अभियोग पंजीकृत कराया जा रहा है।

एसटीएफ की ओर से दी गई सूचना पर एसपी जनपद अमेठी की टीम द्वारा जनपद अमेठी में रणवीर रंजय, पीजी कालेज में मुख्य परिक्षार्थी आर्य राठौर निवासी ग्राम पाली, थाना फूलपुर, जनपद प्रयागराज के स्थान पर साल्वर सोनू कुमार कामत निवासी ग्राम सुरियाही, थाना कुलपरास, मधुबनी, बिहार को गिरफ्तार कर लिया गया। इसी क्रम में प्रयागराज की टीम ने परीक्षा केन्द्र ग्रामोदय इण्टर कालेज, गौरा बादशाहपुरए जनपद जौनपुर से 2 अभियुक्तों अनिल कुमार मल्होत्रा निवासी सिंहापुर, थाना नवाबगंज, जनपद प्रयागराज और सिद्धार्थ शंकर दूबे निवासी महाराजा हाता, थाना नवादा, ब्लाक आरा, जनपद भोजपुर को गिरफ्तार किया गया। पूछताछ पर अनिल कुमार मल्होत्रा ने बताया कि वह अपने एजेन्ट के माध्यम से बाबू कुंवर भारती निवासी खुचामा सकलडीहा केशवरपुर, जनपद चन्दौली के स्थान पर परीक्षा देना था। उक्त परीक्षा की एवज में बाबू कुंवर भारती से 30000 रुपए एडवांस लेकर बाबू भारती के आधार कार्ड पर सिद्धार्थ शंकर दूबे की फोटो मंगवा कर सिद्धार्थ्र शंकर को परीक्षा के लिए भेजा था। परीक्षा पूर्ण होने के उपरान्त शेष रुपए बाबू कुंवर भारती से एजेन्ट द्वारा दिये जाने थे।

इसी क्रम में एसटीएफ मुख्यालय की टीम ने परीक्षा केन्द्र राहुल मेमोरियल इण्टर कालेज, विद्यालय मार्ग, यशोदानगर, कानपुर में मूल अभ्यर्थी रघुवीर के स्थान पर सैफ अहमद खान को परीक्षा देते हुए गिरफ्तार किया गया।

# बीजेपी की राष्ट्रीय महामंत्री कल से तीन दिन के यूपी प्रवास पर

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**बीजेपी** की राष्ट्रीय महामंत्री डी पुरंदेश्वरी प्रदेश में तीन दिवसीय प्रवास पर सोमवार 17 अक्टूबर को लखनऊ पहुंचेगी। पार्टी द्वारा तय कार्ययोजना के अनुसार प्रदेश के प्रवास में राष्ट्रीय महामंत्री विभिन्न संगठनात्मक बैठकों व कार्यक्रमों में सम्मिलित होंगी। पार्टी के प्रदेश महामंत्री गोविन्द नारायण शुक्ला ने बताया कि राष्ट्रीय महामंत्री 17 अक्टूबर को सुबह 9 बजे लखनऊ एयरपोर्ट पर पहुंचेंगी। लखनऊ में पार्टी के प्रदेश कार्यालय पर राष्ट्रीय महामंत्री प्रदेश पदाधिकारियों के साथ बैठक करेंगी। इसके साथ ही सहकारिता भवन लखनऊ में आयोजित प्रबुद्ध वर्ग सम्मेलन को भी सम्बोधित करेंगी। राष्ट्रीय महामंत्री 18 अक्टूबर को पंचायत भवन लखनऊ में आयोजित जिला पंचायत अध्यक्ष, विधायक, जिला पंचायत सदस्य व



ब्लॉक प्रमुखों के साथ बैठक करेंगी। साथ ही अन्य संगठनात्मक कार्यक्रमों में भी सम्मिलित होंगी। जबकि 19 अक्टूबर को राष्ट्रीय महामंत्री अयोध्या जाएगीं। अयोध्या में दर्शन पूजन करने के बाद पार्टी पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं के साथ बैठकें भी करेंगी। राष्ट्रीय महामंत्री 19 अक्टूबर को ही बाराबंकी में आयोजित पार्टी की जिला कार्यसमिति की बैठक को भी सम्बोधित करेंगी।

# मिशन-2024 के लिए भाजपा की पसमांदा मुस्लिमों पर नजर

**● लखनऊ में भाजपा का पसमांदा बुद्धिजीवी सम्मेलन आज**

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**मिशन**-2024 की तैयारी में जुटी भाजपा की नजर अब पसमांदा पिछड़े मुसलमानों पर है। भाजपा का रविवार को लखनऊ में होने वाला पसमांदा बुद्धिजीवी सम्मेलन इसी मुहिम का हिस्सा है। मुस्लिमों में पसमांदा समाज की संख्या बहुतायत में है। इनका साथ पाने के लिए संघ और भाजपा ने काफी पहले ही कवायद शुरू कर दी थी।

योगी सरकार में दानिश आजाद अंसारी को मंत्री बनाने की बात हो या फिर जम्मू-कश्मीर से गुलाम अली खटाना को राज्यसभा भेजने का मसला, पार्टी लगातार इस वर्ग पर फोकस कर रही है। भाजपा प्रदेश अल्पसंख्यक मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष कुंवर बासित अली की अगुवाई में रविवार को दोपहर तीन बजे से क्राइस्ट चर्च कॉलेज में पसमांदा बुद्धिजीवी सम्मेलन आयोजित किया गया है।

सम्मेलन में मुख्य अतिथि उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक होंगे जबकि मोर्चा के राष्ट्रीय महामंत्री साबिर अली मुख्य वक्ता होंगे। जम्मू-कश्मीर के नवनिर्वाचित राज्यसभा सांसद गुलाम अली खटाना का सम्मान किया जाएगा। राज्यमंत्री दानिश आजाद अंसारी विशिष्ट अतिथि के रूप में मौजूद रहेंगे। भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष बासित अली का कहना है कि भाजपा सबको साथ लेकर चलती है और आगे भी चलती रहेगी। मोदी की पसमांदा मुस्लिमों को मुख्यधारा में लाने की जो सोच है उसको लेकर भाजपा आगे बढ़ रही है। यूपी में लगभग साढ़े चार करोड़ अल्पसंख्यक लाभार्थी हैं। इनको केंद्र और प्रदेश सरकार की योजनाएं का लाभ दिया जा रहा है। इनको ही अपने साथ लाने का लक्ष्य है।

भाजपा के लिए पसमांदा मुसलमान सिर्फ एक वोटबैंक नहीं हैं। पिछड़े मुसलमानों को पंडित दीनदयाल उपाध्याय की अंत्योदय विचारधारा के अनुसार मुख्यधारा में लाने का प्रयास किया जा रहा है। इसी सोच के तहत इस सम्मेलन का आयोजन किया जा रह है। पसमांदा मुसलमानों को आरक्षण और अन्य कल्याणकारी योजनाओं के जरिए मुख्यधारा में लाने की कई पहल अलग-अलग राज्य सरकारों ने की है। यूपीए सरकार के दौरान सच्चर कमेटी का गठन भी हुआ था।

# सीतापुर में 26 हजार 448 ने दी पीईटी परीक्षा

संवाददाता। सीतापुर

● 13 हजार 824 ने परीक्षार्थियों ने छोड़ी परीक्षा

●20 घंटे परेशानियों से जूझते रहे पीईटी परीक्षार्थी

**दो दिवसीय पेट** परीक्षा के पहले दिन सुल्तानपुर, बहराइच, श्रावस्ती आदि जनपदों से आए परीक्षार्थियों को तमाम दिक्कतों का सामना करना पड़ा। परीक्षार्थी लंबी दूरी पर सेंटर बनाए जाने से तो परेशान हुए ही, केन्द्र तक पहुंचने के लिए उन्हें भी काफी दिक्कतों से जूझना पड़ा। परीक्षार्थियों की इस मजबूरी का फायदा रिक्शा और ई-रिक्शा चालकों ने उठाया, पहली और दूसरी पाली में मिलाकर कुल 40 हजार 272 परीक्षार्थी पंजीकृत थे, जिनमें से दोनों पालियों में 26 हजार 448 ने परीक्षा दी और 13 हजार 824 ने परीक्षा से किनारा कर लिया। परीक्षा संपन्न कराने के लिए 14 सेक्टेर मजिस्टेर्ट्स, 47 स्टेटिक मजिस्टेर्ट्स और 5 रिजर्व सेक्टर व स्टेटिक मजिस्टेर्ट्स नियुक्त किए गए थे। डीआईओएस कार्यालय से मिली जानकारी के मुताबिक परीक्षा की प्रथम पाली में 7 हजार 67 परीक्षार्थियों ने परीक्षा देने से ही किनारा कर लिया। कुल पंजीकृत 20 हजार 136 परीक्षार्थियों में से 13 हजार 69 परीक्षार्थियों ने परीक्षा दी। दूसरी पाली के लिए भी 20 हजार 136 परीक्षार्थी पंजीकृत थे, जिनमें 13 हजार 379 ने परीक्षा दी और 6 हजार 757 अनुपस्थित रहे। करीब 34 प्रतिशत परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे। परीक्षा को सकुशल संपन्न कराने के लिए सीतापुर में कुल 44 परीक्षा केन्द्र बनाए गए है। दो दिवसीय परीक्षा के लिए 80 हजार 544 परीक्षार्थी पंजीकृत किए गए है।

## विहिप व बजरंग दल ने की पीईटी परीक्षार्थियों के लिए ठहराव व जलपान की व्यवस्था

● परीक्षार्थियों के लिए रविवार को भंडारा आयोजित किया जाएगा प्रांत सह संयोजक बजरंग दल उत्तम सिंह ने बताया कि परीक्षार्थियों की समस्याओं को देखते हुए कार्यकर्ताओं ने विशेष प्रबंध किए

**सीतापुर में** पेट परीक्षा देने आए परीक्षार्थियों के लिए विश्व हिंदू परिषद और बजरंग दल कार्यकर्ताओं द्वारा स्टेशन रोड स्थित विहिप कार्यालय, रेलवे स्टेशन रोड स्थित प्राचीन हनुमान मंदिर, शिव मंदिर, नेपालापुर स्थित माता रानी मंदिर, आरएमपी इंटर कॉलेज परिसर स्थित शिव मंदिर, इनकम टैक्स कॉलोनी स्थित शिव मंदिर, आर्य नगर स्थित सीताराम मंदिर, काशीराम कॉलोनी स्थित रामलला मंदिर, सदर बाजार स्थित गेस्ट हाउस में ठहराव की व्यवस्था की गई। परीक्षार्थियों के लिए रविवार को भंडारा आयोजित किया जाएगा। प्रांत सह संयोजक बजरंग दल उत्तम सिंह ने बताया कि परीक्षार्थियों की समस्याओं को देखते हुए कार्यकर्ताओं ने विशेष प्रबंध किए है। नगर अध्यक्ष विश्व हिंदू परिषद प्रमोद सिंह, विभाग अध्यक्ष विपुल सिंह कमलेश सिंह, संदीप सक्सेना, सूरज, साहिल ठाकुर, बबलू, त्रिपुरेश शुक्ला, संदीप आदि का विशेष योगदान रहा।

## 6 जुआरी गिरफ्तार नकदी व सामान किया गया बरामद

**बरेली** । रात के समय जुआ खेल रहे 6 जुआरियों को पुलिस ने मुखबिर की सूचना के बाद गिरफ्तार कर लिया तलाशी के दौरान उनके पास से हजारों की नकदी व अन्य सामान बरामद हुआ गिरफ्तार जुआरियों को पुलिस ने जेल भेजा कैंट थाना क्षेत्र में चनहेटी स्थिति यादव डेरी के पास खाली पड़े मैदान में मकान की आड़ में मोमबत्ती जलाकर जुआ खेल रहे चनहेटी के रहने वाले वसीम, रिंकू कश्यप, सुनील कुमार उर्फबंटी, दीपक कुमार, नंदकिशोर उर्फछोटू, सुनील कुमार को पुलिस ने बीती रात मुखबिर की सूचना के बादजुआ खेलते समय गिरफ्तार कर लिया पुलिस के अनुसार गिरफ्तार किए गए जुआरी रात में मकान के पीछे मोमबत्ती जलाकर जुआ खेल रहे थे तलाशी के दौरान उनके पास से 32000 हजार रुपए नगद, ताश की गड्डी, मोमबत्ती माचिस व गमछा बरामद हुए गिरफ्तार किए गए सभी जुआरियों को पुलिस ने जेल भेजा।

## भारतीय जनता युवा मोर्चा जिला प्रशिक्षण वर्ग का किया आयोजन

संवाददाता। सीतापुर

● महामंत्री नीरज वर्मा मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहीं

●भाजपा का इतिहास प्रकाशित कर कार्यकर्ताओं का किया मार्गदर्शन

**भाजपा ने** जिला प्रशिक्षण वर्ग का आयोजन कर सभी कार्यकर्ताओं को प्रशिक्षित कर अनुशासन का महत्व बताया। कार्यक्रम का आयोजन गुरु कृपा गेस्ट हाउस सीतापुर में हुआ। भारतीय जनता युवा मोर्चा सीतापुर में आज जिला प्रशिक्षण वर्ग का आयोजन जिलाध्यक्ष सचिन मिश्रा के नेतृत्व में किया गया , कार्यक्रम में प्रदेश पदाधिकारी, क्षेत्रीय पदाधिकारी, जिला पदाधिकारी व जिले के समस्त मण्डल अध्यक्ष व महामंत्री उपस्थित थे। जिला प्रशिक्षण वर्ग चार सत्रों में संपन्न हुआ। प्रथम सत्र की अध्यक्षता महामंत्री भाजपा सीतापुर एवं युवा मोर्चा के प्रभारी रोहित सिंह ने की व अवध क्षेत्र के क्षेत्रीय उपाध्यक्ष शिव भूषण सिंह मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। शिवभूषण सिंह ने वैचारिक एवं कार्यपद्धति पर पदाधिकारियों का मार्गदर्शन किया। दूसरे सत्र में मुख्य अतिथि के रूप में अवध क्षेत्र भाजयुमो के अध्यक्ष नितिन मित्तल उपस्थित रहे व कार्यक्रम की अध्यक्षता जिलाध्यक्ष सचिन मिश्रा ने की , नितिन मित्तल ने कहा कि प्रशिक्षण वर्ग सिर्फ भारतीय जनता पार्टी में आयोजित किया जाता है जिसमें कार्यकर्ता को अनुशासन सिखाया जाता है, साथ ही मित्तल ने संघ विचार परिवार पर संक्षेप में प्रकाश डाला। तृतीय सत्र में अवध क्षेत्र महामंत्री नीरज वर्मा मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहीं एवं अध्यक्षता भाजयुमो उपाध्यक्ष अमन विक्रम सिंह ने की। नीरज वर्मा ने भाजपा का इतिहास एवं विकास विषय को प्रकाशित कर सभी कार्यकर्ताओं का मार्गदर्शन किया। चतुर्थ व समापन सत्र में युवा मोर्चा के प्रभारी एवं जिला महामंत्री भाजपा रोहित सिंह मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे व अध्यक्षता जिला मंत्री जया सिंह ने की। रोहित सिंह ने केंद्र एवं राज्य सरकार की योजनाओं के बारे में बताया। कार्यक्रम का संचालन जिला महामंत्री भाजयुमो तरुण शुक्ला ने किया। कार्यक्रम में जिला महामंत्री भाजयुमो अनूप विश्वकर्मा, उपाध्यक्ष विकास वर्मा, नमन वर्मा, अभिषेक, वैभव सिंह, मयंक टण्डन , जयपाल शर्मा, जितेंद्र गुप्ता, नितिन रस्तोगी, अखिलेश शर्मा, नीरज शुक्ला, शैलेंद्र शुक्ला, राम प्रताप सिंह, जिला मीडिया प्रभारी प्रतीक पाण्डेय व सभी मण्डलों के अध्यक्ष व महामंत्री गण उपस्थित रहे।

# एनसीसी कैडेटों को एक जिम्मेदार नागरिक बनाने की हो रही है पहल

संवाददाता। सीतापुर

●14 कॉलेजों के लगभग 350 बालक कैडेट और 200 बालिका कैडेट में लेंगे भाग

**अनुसाशन का** दूसरा नाम एन0 सी0 सी0 , जिसके कैडेट्स अपने अनुसाशन के लिए जाने जाते है, 22 बटालियन एन0 सी0 सी0 सीतापुर का आठ दिवसीय संयुक्त वार्षिक प्रशिक्षण शिविर 14/10/2022 से 11 बटालियन पी0 ए0 सी0 सीतापुर में शुरू हो गया है , इसमें सीतापुर के 14 कालेजों के लगभग 350 बालक कैडेट और 200 बालिका कैडेट कुल मिला कर लगभग 550 एन0 सी0 सी0 कैडेट्स प्रतिभाग कर रहे हैं । यह कैंप एन0 सी0 सी0 निदेशालय उत्तर प्रदेश के अंतर्गत 22 एन0 सी0 सी0 बटालियन सीतापुर के द्वारा आयोजित किया जा रहा है। शिविर में कैडेटो को ड्रिल, हथियार प्रशिक्षण ,मैप रीडिंग, प्राथमिक चिकित्सा, क्विज ,खेलों की विभिन्न प्रतियोगिताओं के साथ प्रशिक्षण प्रदान किया जाएगा । कैंप को कोविड प्रोटोकॉल के पालन के साथ संचालित किया जा रहा है। ओपनिंग एड्रेस के अवसर पर कैंप कमांडेंट कर्नल गौरब सिंघल ने कैडेटों को संबोधित किया। उन्होंने ने कैडेटों को एन0 सी0 सी0 स्पेशल स्कीम और वजीफ़ों और पुरस्कारों के बारे में विस्तार से बताया, कैडेटों को जीवन में अनुशासन के महत्व को समझाया और बताया की एनसीसी कैडेटों को एक जिम्मेदार नागरिक बनने में भी अहम भूमिका निभाती है। कैम्प में प्रातः 6रू00 से 5रू00 बजे साँय तक व्यस्त शेड्यूल बनाया गया है जो कैडेटों को टाइम मैनेजमेंट सिखाने में मदद करता है। इस अवसर पर कैप्टन के0के 0वर्मा ,ले0 खान शादाब जमीर ,ले0 पवन यादव, ले0 राजीव भारती, ले0 सुनील कुमार चीफ ऑफिसर शिव मूर्ती ,अपर्णा मिश्रा ,नीतू सिंह,सूबेदार मेजर मनोज कुमार, सूबेदार मुकेश चंद्र , सूबेदार सत्यवीर सिंह, नायब सूबेदार बिसुन देव यादव, हवलदार राजेन्द्र, हवलदार धर्मेंद्र, हवलदार राजबर, हवलदार सतेंद्र, हवलदार सनी गुरुंग, हवलदार हिमालय सूबेदार सहित समस्त कार्यालय स्टाफ उपस्थित था।

## बरेली के आनंद प्रकाश श्रीवास्तव के सिर बंधा किंग ऑफ सेल्फी का ताज

संवाददाता। बरेली

**सोशल मीडिया** पर एक प्लेटफार्म है जिसका नाम है सेल्फी ऑफ द वीक, जिसमें हजारों लोग जुड़े हुए हैं जिनको एडमिन्स की तरफ से हर सप्ताह एक फोटो की थीम दी जाती हैं। और उसमें से प्रति सप्ताह एक विनर निकलता है और सिर्फ वही विजेता साल में एक बार होने वाले मिस्टर किंग एंड मिस क्वीन के ग्रेंड फीनाले में पार्टिसिपेट कर सकता हैं। कार्यक्रम के ऑर्गेनाइजर श्री संजय बंसल जी और डॉक्टर अभय द्वारा मेरठ में ग्रैंड फिनाले आयोजित किया गया, जिसमें देश भर से आये कई सारे विजेताओं ने हिस्सा लिया।इस प्रतियोगिता मेंअलग-अलग तरह के पांच टास्क दिए गए जिसके आधार पर 15 सेमीफाइनलिस्ट चुने गए व अंत में 3 लोगों को फाइनल के लिए चुना गया



जिसमें बरेली के श्री आनंद प्रकाश श्रीवास्तव को सेल्फी ऑफ द किंग 2022 व कोलकाता की रितु प्रकाश को सेल्फी क्वीन 2022 को ट्रॉफी व अन्य पुरस्कार से नवाजा गया। महिलाओं में प्रथम पुरस्कार दिल्ली की रौनक चड्ढा व रनरउप एकता गुप्ता, व आगरा की पूजा रोहित गुप्ता रही । वहीं पुरुषों में फर्स्ट रनरअप दीपक कामरा और राजिस्थान के संजय सैनी, जगमोहन सिंह काशीपुर सेकंड रनरअप रहे। कार्यक्रम में पूर्व मिस्टर किंग अमन कपूर अम्बुज कौशिक वहीं पूर्व की मिस क्वीन पूजा गुप्ता, निशा अग्रवाल, व शहर के गणमान्य नागरिक आदि उपस्थित रहे।

## साहू राम स्वरूप महिला महाविद्यालय में एक दिवसीय कार्यशाला आयोजित

**बरेली** । साहू राम स्वरूप महिला महाविद्यालय में शनिवार को आई.क्यू.ए.सी के तत्वाधान में एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया जिसका विषय अकादमी लेखन रहा। कार्यक्रम का आरंभ सरस्वती वंदना से किया गया । तदोपरांत हमारे विषय विशेषज्ञ डॉक्टर गौरव राव , एसोसिएट प्रोफेसर, शिक्षा शास्त्र विभाग, एम जे पी रूहेलखंड विश्वविद्यालय, बरेली ,ने अपने व्याख्यान द्वारा, उपस्थित समस्त शिक्षिकाओं को अकादमिक लेखन विधि की बारीकियों से अवगत कराया। कार्यक्रम की अध्यक्षता महाविद्यालय की प्राचार्या प्रोफेसर अनुपमा मेहरोत्रा ने की एवं संचालन प्रियंका वर्मा ने किया । कार्यक्रम में प्रोफेसर रुचि गुप्ता, डॉ प्रीति पाठक ,डॉक्टर कनकलता सिंह , श्रीमती सीमा अग्रवाल ,डॉ प्रीति सिंह ,डॉक्टर आकांक्षा रस्तोगी ,डॉक्टर कनिका, प्रोफेसर सुषमा पाल एवं आई क्यू.ए.सी समिति की सभी शिक्षिकाएं उपस्थित रही । अंत में आई .क्यू .ए.सी की कोऑर्डिनेटर प्रोफेसर ज्योति शर्मा ने डॉ राव को स्मृति चिन्ह स्वरूप पौधा भेंट किया एवं सभी का धन्यवाद ज्ञापित कर आभार व्यक्त किया ।




## वाल्मीकि शोभायात्रा निकाली गई



**मोहम्मदी खीरी।** बाजार खुर्द से बाल्मीकि जयंती पर निकलने वाली शोभायात्रा शनिवार को निकाली गई। यह यात्रा नगर के प्रमुख मार्गो से होती हुई बाजार कोर्ट में स्थित बाल्मीकि मंदिर में समाप्त हुई। इस शोभायात्रा में बड़ी संख्या में बाल्मीकि समाज के नौजवान बुजुर्ग और महिला भक्तों के साथ अन्य भी शोभायात्रा में साथ साथ चल कर बाल्मीकि जयंती की याद दिला दी। वहीं इस शोभायात्रा में खूबसूरत बैंड बाजे, आकर्षक झांकियां, आकर्षक रथ आकर्षण का केंद्र बनी रहे, यह शोभायात्रा बाजार खुर्द से बाजार गंज, शुक्ला पुर होते हुए बाजारपुर व नगर के मुख्य मार्गो से होती हुई बाजार खुर्द मे समाप्त हुई। इस शोभायात्रा में सुरक्षा व्यवस्था प्रभारी निरीक्षक अमर सिंह सहित नगर चौकी के आरक्षी शोभायात्रा के साथ साथ रहे। इस शोभायात्रा मे प्रमुख रूप से चेयरमैन संदीप गुप्ता के बेटे स्पर्श मेहरोत्रा सभासद अभिषेक पांडे इस शोभायात्रा के अध्यक्ष सुजीत कुमार,महामंत्री संजय बाबा ,राम भरोसे लाल ,प्रदीप कुमार,श्री कृष्ण ,रामू मेला, रवि कुमार, हीरा लाल, मोहित ,भगवान शरण ,सुरेश कुमार,राकेश कुमार,डब्बू, रामदास ,मनोज कुमार मोहित सचिन ,राजनकुमार सहित समस्त वाल्मीकि समाज के लोग मौजूद रहे।

## परीक्षा 27 केंद्रों पर सकुशल संपन्न हुई

**लखीमपुर खीरी।** उप्र अधीनस्थ सेवा चयन आयोग द्वारा आयोजित प्रारम्भिक अर्हता परीक्षा-2022 दो पालियों में 27 परीक्षा केंद्रों पर नकलविहीन, शुचितापूर्वक, शान्तिपूर्ण परीक्षा संपन्न हुई। शनिवार को दोनों पालियों में 15939 परीक्षार्थियों ने परीक्षा दी। वहीं 6909 ने परीक्षा छोड़ी। नोडल अधिकारी/एडीएम संजय सिंह ने बताया कि शनिवार को 27 परीक्षा केंद्रों पर आयोजित परीक्षा में प्रथम पाली में 11424 परीक्षार्थियों के सापेक्ष 7905 परीक्षा में शामिल हुए। वहीं 3519 परीक्षार्थियों ने परीक्षा छोड़ी। दूसरी पाली में 11424 परीक्षार्थियों के सापेक्ष 8034 परीक्षार्थियों ने परीक्षा दी। वहीं 3390 परीक्षार्थियों ने परीक्षा छोड़ी। डीएम-एसपी, एडीएम-एएसपी, एसडीएम-सीओ सहित सेक्टर मजिस्ट्रेट ने भ्रमणसील एवं स्टैटिक मजिस्ट्रेट ने परीक्षा केंद्रों पर मौजूद रहकर अपनी देखरेख एवं निगरानी में प्रथम दिन आयोग द्वारा आयोजित प्रारंभिक अहर्ता परीक्षा-2022 की दोनों पारियों की परीक्षाओं को सकुशल संपन्न कराया।

## धान बेचने में न हो असुविधा: डीएम

**लखीमपुर-खीरी।** शनिवार की सुबह अचानक डीएम महेंद्र बहादुर सिंह कृषि उत्पादन मंडी समिति पहुंचे, जहां उन्होंने स्थापित चार क्रय एजेंसियों के सभी 23 क्रय केंद्रों पर किसानों की आवक की जानकारी ली, जरूरी निर्देश दिए।

डीएम ने मंडी समिति में स्थापित विपणन के छह, पीसीएफ09, पीसीयू 07 एवं एफसीआई का एक क्रय केंद्र का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं की पड़ताल की। उन्होंने इलेक्ट्रॉनिक कांटे की क्रियाशीलता, पावर डस्टर बोरे एवं किसानों के लिए पेयजल की उपलब्धता सहित बैठने की व्यवस्था देखी।

डीएम ने कहा कि धान खरीद 2022 शासन की शीर्ष प्राथमिकता है। न्यूनतम समर्थन मूल्य योजना का लाभ अधिकतम किसानों को बिना किसी असुविधा के दिलाया जाए। धान खरीद में किसी भी किसान को परेशानी ना उठानी पड़े, यह प्रत्येक दशा में सुनिश्चित कराया जाए। यदि किसी किसान को परेशान करने की बात प्रकाश में आई तो संबंधित क्रय केंद्र प्रभारी के खिलाफ कठोर कार्यवाही अमल में लाई जाएगी। उन्होंने निर्देश दिए कि ऑनलाइन पंजीकरण कराकर अपना धान बेचने आए किसानों को फैसिलिटेट कराए, ताकि उन्हें कोई असुविधा ना हो। निर्देश दिए कि शासन द्वारा निर्धारित न्यूनतम समर्थन मूल्य (कामन धान हेतु रु.2040 प्रति कुंटल एवं ग्रेड-ए के धान के लिए रु. 2060 प्रति कुंटल) का भुगतान 72 घंटे के भीतर पीएफएमएस (पब्लिक फाइनेंस मैनेजमेंट सिस्टम) के जरिए किसानों



के बैंक खातों भेजना सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि यह व्यवस्था और अधिक पारदर्शी और त्वरित भुगतान सुनिश्चित करेगी।

उन्होंने कहा कि क्रय केंद्रों पर धान बेचने से पूर्व किसान भाई गीले धान को सुखा लें, मानक के अनुरूप धान को क्रय केंद्रों पर लाकर उसकी बिक्री करें और न्यूनतम समर्थन मूल्य योजना का लाभ उठाएं। किसी भी असुविधा की दशा में जिला खाद्य एवं विपणन अधिकारी/अपर जिला खरीद अधिकारी संतोष कुमार पटेल मो. 8433286284, एआरसीएस पीके शुक्ल मो. 9450382374 या संबंधित तहसील के उपजिलाधिकारी से संपर्क करें। आवश्यकतानुसार जिला खरीद अधिकारी/ एडीएम अथवा उनसे संपर्क करें।

## मिसाइल मैन की मनाई गई जयंती



**गोला गोकर्णनाथ खीरी।** नगर पालिका परिषद की अध्यक्ष मीनाक्षी अग्रवाल के प्रतिनिधि अरविंद पांडे ने पूर्व राष्ट्रपति भारत रत्न डा. एपीजे अब्दुल कलाम की जयंती पर अपनी श्रद्धांजलि दी। उन्होंने कहा ज्ञान एवं कर्मठता के अद्भुत संगम, असंख्य युवाओं के प्रेरणास्रोत, सशक्त भारत के निर्माण हेतु आजीवन समर्पित रहे पूर्व राष्ट्रपति, भारत रत्न डॉ. ए.पी.जे. अब्दुल कलाम की जयंती पर उन्हें विनम्र श्रद्धांजलि अर्पित करता हूं जिन्होंने राष्ट्रपति के रूप में देश का गौरव बढ़ाया। वैज्ञानिक के रूप में अपने ज्ञान व सामर्थ्य से देश को सशक्त बनाया और राष्ट्रवादी नागरिकों के रूप में सभी के लिए आदर्श स्थापित किए। श्री पांडे ने कहा उनकी जयंती पर उन्हें नमन करता हूं और युवाओं से उनके विचारों को पढ़ने का आग्रह करता हूं। इसी क्रम में समाजवादी पार्टी के जिला पंचायत सदस्य वारिस अली अंसारी ने अपने निज आवास पर भारत के मिसाइल मैन/भारत के पूर्व राष्ट्रपति/वैज्ञानिक/भारत रत्न डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम आजाद की जयंती मनाई। जिसमें वारिस अली ने डा. एपीजे अब्दुल कलाम के जीवन पर प्रकाश डाला। तथा इस अवसर पर बच्चों को चाकलेट, टॉफिया भेट की इस मौके पर आमिर हसन ,मुन्ना अंसारी,हाकिम मंसूरी,रज्जन कश्यप, आसिफ अली अंसारी अंकित यादव,जावेद अंसारी,नैमिष वर्मा आदि लोग मौजूद रहे।

# पेज एक का शेष

### सुप्रीम कोर्ट ने साईबाबा की...

बंबई उच्च न्यायालय ने माओवादियों से कथित जुड़ाव के मामले में डीयू के पूर्व प्रोफेसर साईबाबा को गिरफ्तारी के करीब आठ साल बाद शुक्रवार को बरी कर दिया था। अदालत ने कहा कि गैर कानूनी गतिविधियां (रोकथाम) अधिनियम (यूएपीए) के प्रावधानों के तहत मामले में आरोपी के खिलाफ अभियोग चलाने की मंजूरी देने का आदेश कानून की दृष्टि से गलत एवं अवैध था। अदालत ने साईबाबा के अलावा महेश करीमन तिर्की, पांडु पोरा नरोते (दोनों किसान), हेम केशवदत्त मिश्रा (छात्र), प्रशांत सांगलीकर (पत्रकार) और विजय तिर्की (मजदूर) को भी बरी कर दिया था। विजय तिर्की को 10 साल की जेल की सजा सुनाई गई, जबकि बाकी लोगों को उम्रकैद की सजा दी गई थी। नरोते की मौत हो गई है। साईबाबा (52) शारीरिक अक्षमता के कारण व्हीलचेयर की मदद लेते हैं। वह अभी नागपुर केंद्रीय कारागार में बंद है। उन्हें फरवरी 2014 में गिरफ्तार किया गया था।

### पाक सबसे खतरनाक देशों...

बाइडेन ने अपने भाषण में कहा कि दुनिया तेजी से बदल रही है और सभी देश अपने सहयोगियों को लेकर पुनर्विचार कर रहे हैं। उन्होंने कहा , और सच यह है कि दुनिया हमारी तरफ देख रही है। यह कोई मजाक नहीं है। हमारे दुश्मन भी हमारी तरफ देख रहे हैं कि हम क्या करते हैं। बाइडेन ने कहा , क्या किसी ने कभी सोचा था कि ऐसे हालात होंगे कि चीन रूस , भारत और पाकिस्तान के संदर्भ में अपनी भूमिका की समीक्षा करने की कोशिश करेगा? लेकिन यह हो रहा है। दुनिया तेजी से बदल रही है।

### शोपियों में कश्मीरी...

वह स्कूटर से घर गया था और तुरंत ही लौटा था। कुमार ने कहा कि किसी तरह की चूक होने की स्थिति में सुरक्षाकर्मियों और इलाके के प्रभारी अधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने कहा कि जांच जारी है और चीजें स्पष्ट होने पर और भी विवरण साझा किया जाएगा। शोपियां के उपायुक्त सचिन कुमार वैश्य ने कहा कि भट के शव को जम्मू ले जाया जाएगा, जहां अंत्येष्टि की जाएगी। उन्होंने कहा, हम परिवार की मदद कर रहे हैं। जम्मू कश्मीर के उपराज्यपाल मनोज सिन्हा और राजनीतिक दलों के नेताओं ने इस घटना की निंदा की है। सिन्हा ने एक ट्वीट में कहा, शोपियां में पूरन कृष्ण भट पर हमला कायराना हरकत है। शोकाकुल परिवार के प्रति मेरी गहरी संवेदना है। मैं लोगों को आश्वस्त करता हूं कि इस घटना को अंजाम देने वालों और आतंकवादियों की मदद करने वालों को कड़ा दंड दिया जाएगा। नेशनल कॉन्फ्रेंस के उपाध्यक्ष उमर अब्दुल्ला ने एक ट्वीट में कहा, मैं इस घटना की निंदा करता हूं। परिवार के प्रति गहरी संवेदना जताता हूं। पूरन जी की आत्मा को शांति मिले। पीपुल्स डेमोक्रेटिक पार्टी ने कहा कि मई में राहुल भट नाम के व्यक्ति की हत्या की घटना के बाद से कश्मीरी पंडित पिछले पांच महीनों से खुद को दूसरे स्थानों पर भेजने की मांग कर रहे हैं, लेकिन उपराज्यपाल प्रशासन ने उनकी दशा के प्रति अपनी आंखें मूंद रखी है। पार्टी ने कहा, आज एक और कश्मीरी पंडित, पूरन कृष्ण की शोपियां में गोली मार कर हत्या कर दी गई। मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी (माकपा) नेता एम वाई तारिगामी ने एक ट्वीट में कहा कि सरकार को कश्मीर घाटी में अल्पसंख्यकों की चाकचौबंद सुरक्षा सुनिश्चित करनी चाहिए। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के प्रदेश महासचिव (संगठन) अशोक कौल ने भी बर्बर हत्या की निंदा की और परिवार के प्रति अपनी संवेदना जताई। अपनी पार्टी के प्रमुख सैयद मोहम्मद अल्ताफ बुखारी ने कहा, यह एक कायराना हमला है। पीपुल्स कॉन्फ्रेंस ने कहा कि इस तरह के हमले को कभी उचित नहीं ठहराया जा सकता।

### ज्यादा ट्रैफिक वाले राजमार्गों...

विकास में तेजी लाने के लिए और संबंधित राज्य सड़क बनाने वाली एजेंसी के साथ विशेष साझेदारी किया जा सकता है। इसके साथ उन्होंने कहा कि भारत के आधारभूत ढांचे के विकास के लिए वित्तीय संस्थाओं को नए मॉडल के साथ पूंजी लगाने के लिए आगे आने की आवश्यकता है। हम पीपीपी मॉडल में निवेश आमंत्रित कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि हम दुनिया को ऊर्जा का निर्यात कर सकते हैं यदि हम अपशिष्ट प्रबंधन, हरित हाइड्रोजन, सौर और इनोवेशन, उद्यमिता, साइंस और टेक्नोलॉजी जैसी कई परियोजनाओं में निवेश करते हैं, आने वाले समय में यही भारत की पूंजी है। बुनियादी ढांचे के विकास के बारे में बोलते हुए, गडकरी ने कहा कि हम मुंबई और बैंगलोर के बीच एक ग्रीन एक्सप्रेस हाईवे की योजना बना रहे हैं।

### ग्लोबल हंगर इंडेक्स में...

पांच साल की आयु तक के बच्चों में मृत्यु दर के सबसे बड़े संकेतक चाइल्ड वेस्टिंग की स्थिति भी बदतर हुई है। 2012-16 में 15.1 प्रतिशत से बढ़कर 2017-21 में यह 19.3 प्रतिशत हो गया है। जीएचआई ने कहा, अनुसंधानकर्ताओं ने चार भारतीय राज्यों छत्तीसगढ़, गुजरात, ओडिशा और तमिलनाडु में 2006 से 2016 के बीच नाटेपन की स्थिति में गिरावट के लिए जिम्मेदार कारकों की पड़ताल की। रिपोर्ट में कहा गया है कि अनुसंधानकर्ताओं ने पाया कि स्वास्थ्य एवं पोषण की स्थिति, घरेलू स्थिति (जैसे कि सामाजिक-आर्थिक स्थिति एवं खाद्य सुरक्षा) और मातृत्व कारक (जैसे कि माताओं का स्वास्थ्य और शिक्षा) में सुधार आने के कारण नाटेपन की दर में गिरावट आई। जीएचआई ने कहा कि दुनिया संघर्ष, जलवायु संकट और यूक्रेन में युद्ध के साथ ही कोविड-19 महामारी के आर्थिक परिणामों के साथ भूख को खत्म करने के प्रयासों में गंभीर चुनौती का सामना कर रही है। रिपोर्ट में आगाह किया गया है कि वैश्विक संकट के बढ़ने पर हालात और बिगड़ सकते हैं। इसमें कहा गया है, संभावित समाधान और आवश्यक निवेश का पैमाना ज्ञात और परिमाणित है। इसके बजाय, समस्या नीति के क्रियान्वयन में है और दुनिया में राजनीतिक इच्छाशक्ति की कमी है। भूख सूचकांक में भारत की स्थिति को लेकर सामाजिक कार्यकर्ताओं और नेताओं ने सरकार पर निशाना साधा है। मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी के वरिष्ठ नेता सीताराम एचुरी ने कहा कि सरकार को 8.5 वर्ष में भारत को अंधकार के इस युग में लाने की जिम्मेदारी लेनी चाहिए।

### सरकार ने वैश्विक भूख...

मंत्रालय ने कहा, भारत की छवि को एक ऐसे राष्ट्र के रूप में धूमिल करने के लिए जारी प्रयास एक बार फिर दिखाई दे रहा है, जो अपनी आबादी की खाद्य सुरक्षा और पोषण संबंधी आवश्यकताओं को पूरा नहीं करता है। गलत सूचना साझा करना वैश्विक भूख सूचकांक की पहचान बनता दिख रहा है। केंद्र ने कहा कि सूचकांक की गणना के लिए इस्तेमाल किए गए चार संकेतकों में से तीन बच्चों के स्वास्थ्य से संबंधित हैं और ए पूरी आबादी का प्रस्तुतीकरण नहीं कर सकते। सरकार ने कहा, चौथा और सबसे महत्वपूर्ण संकेतक कुपोषित आबादी का अनुपात (पीओयू) का अनुमान 3000 के बहुत छोटे नमूने के आकार पर किए गए एक सर्वेक्षण पर आधारित है। सरकार ने कहा कि यह रिपोर्ट जमीनी हकीकत से काफी अलग तस्वीर पेश करने वाली है। वैश्विक भूख सूचकांक (जीएचआई) के जरिए वैश्विक, क्षेत्रीय और राष्ट्रीय स्तरों पर भूख पर नजर रखी जाती है और उसकी गणना की जाती है। 29.1 अंकों के साथ भारत में भूख का स्तर गंभीर है। भारत 2021 में 116 देशों में 101वें नंबर पर था जबकि 2020 में वह 94वें पायदान पर था।

### अमूल और मदर डेयरी ने...

यह प्रतिदिन 150 लाख लीटर से अधिक दूध की बिक्री करती है। दिल्ली-एनसीआर के बाजार में करीब 40 लाख लीटर की बिक्री करती है। अमूल के बाद दिल्ली-एनसीआर के शीर्ष दुग्ध आपूर्तिकर्ता मदर डेयरी ने भी फुल क्रीम दूध और गाय के दूध की कीमत में प्रति लीटर दो रुपए की बढ़ोतरी कर दी। नई दरें दिल्ली-एनसीआर क्षेत्र में रविवार, 16 अक्टूबर से लागू होंगी। कंपनी ने बताया कि मूल्य वृद्धि लागत बढ़ने की वजह से की गई है। फुल क्रीम दूध के दाम 61 रुपए प्रति लीटर से बढ़ाकर 63 रुपए कर दिए गए हैं जबकि गाय का दूध अब 53 रुपए प्रति लीटर से बढ़कर 55 रुपए प्रति लीटर हो गया है। दामों में वृद्धि दिल्ली-एनसीआर तथा उत्तर भारत के कुछ अन्य बाजारों में की गई है। मदर डेयरी के प्रवक्ता ने कहा, कच्चे दूध के दाम लगातार बढ़ रहे हैं, लागत में कई गुना बढ़ोतरी होने की वजह से बीते दो महीने में इनमें तीन रुपए प्रति लीटर की वृद्धि हुई है। प्रवक्ता ने कहा कि उत्तर भारत के कुछ हिस्सों में बरसात कम होने और चारे के दाम बढ़ने से हालात बिगड़ गए हैं। मदर डेयरी ने इस साल दूध के दाम तीसरी बार बढ़ाए हैं। मार्च में दिल्ली-एनसीआर में दूध के दामों में दो रुपए प्रति लीटर की वृद्धि की गई थी, इसके बाद अगस्त में भी इसी क्षेत्र में दाम दो रुपए प्रति लीटर बढ़ाए गए थे। वहीं, पंजाब में वेरका ब्रांड के तहत दुग्ध उत्पादों की बिक्री करने वाले पंजाब स्टेट कोऑपरेटिव मिल्क प्रोड्यूसर्स फेडरेशन लिमिटेड (मिल्कफेड) ने भी दूध की कीमतें दो रुपए प्रति लीटर बढ़ा दी हैं। नई दरें रविवार से लागू होंगी। इससे पहले अगस्त में भी मिल्कफेड ने दूध के दाम बढ़ाए थे।

# भारत जोड़ो यात्रा पर बरसे बसवराज बोम्मई

● कांग्रेस एक विफल मिसाइल को फिर से लॉन्च कर रही है

भाषा। बेंगलुरु



**कर्नाटक के** मुख्यमंत्री बसवराज बोम्मई ने शनिवार को बेल्लारी में कांग्रेस की रैली से पहले भारत जोड़ो यात्रा पर कटाक्ष करते हुए इसे राहुल गांधी नामक विफल मिसाइल को फिर से लॉन्च करार दिया। राहुल गांधी की भारत जोड़ो यात्रा के तहत 1000 किलोमीटर की दूरी तय करने पर देश भर के कांग्रेस नेता बेल्लारी में इकट्ठा हुए हैं। बोम्मई ने कहा कि यह यात्रा व्यर्थ है, क्योंकि देश एकजुट है और संघवाद में पूर्ण विश्वास है।

बोम्मई ने संवाददाताओं से कहा, इस भारत जोड़ो यात्रा का कोई मतलब नहीं है जब देश काफी मजबूत है। जैसा कि मैं पहले भी कह चुका हूं कि राहुल गांधी नाम की मिसाइल पहले भी विफल हो चुकी थी। अब उसे दोबारा लॉन्च किया जा रहा है। इसके अलावा, यात्रा का कोई मतलब नहीं है। बोम्मई ने यात्रा के पीछे के उद्देश्य को जानना चाहा, जब देश एकजुट होकर संघवाद में विश्वास के साथ आगे बढ़ रहा है। उन्होंने कहा, भारत को एकजुट करने का अब कोई अवसर नहीं है, जब देश विश्व स्तर पर मजबूत तरीके से आगे बढ़ रहा है। ऐसे समय में जब जी–7 देशों सहित सभी देश आर्थिक मंदी का सामना कर रहे हैं, भारत सात प्रतिशत की वृद्धि के साथ आगे बढ़ रहा है। बोम्मई ने याद दिलाते हुए कहा कि कांग्रेस अध्यक्ष सोनिया गांधी ने 1999 में बेल्लारी लोकसभा क्षेत्र से चुनाव लड़ा था और इस क्षेत्र से चुनाव लड़ना जारी रखने का वादा किया था। मुख्यमंत्री ने आरोप लगाया कि सोनिया गांधी ने मतदाताओं का आभार व्यक्त किए बिना, बेल्लारी को छोड़ दिया और उत्तर प्रदेश के रायबरेली चली गईं। उन्होंने दावा किया कि कांग्रेस ने 3,500 करोड़ रुपए के पैकेज की घोषणा की थी, लेकिन उसने एक पैसा भी आवंटित नहीं किया।मुख्यमंत्री ने कहा, मुझे आश्चर्य है कि आप (कांग्रेस) इस कार्यक्रम का आयोजन करके लोगों का सामना करने में कैसे सक्षम हैं। आपने वहां के लोगों को धोखा दिया है। पूर्व मुख्यमंत्री सिद्धरमैया द्वारा उन्हें चार किलोमीटर चलने की चुनौती के बारे में पूछे जाने पर बोम्मई ने कहा कि कांग्रेस नेता ने उन पर कुछ निजी टिप्पणी की है। बोम्मई ने कहा, उन्होंने मेरे बारे में कुछ निजी बात कही है, लेकिन मैं उस स्तर तक नहीं गिरूंगा। वह स्वस्थ रहें..अपने स्वास्थ्य का ध्यान रखें और 100 साल तक जीवित रहें। सिद्धरमैया ने परोक्ष रूप से बोम्मई को अपने घुटनों में समस्या का सामना करने के कारण चलने में कठिनाई का संदर्भ दिया था।

### कर्नाटक सरकार एससी-एसटी विरोधी हैः राहुल गांधी

**बेल्लारी ( कर्नाटक )।** कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने कर्नाटक में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के नेतृत्व वाली सरकार पर निशाना साधते हुए आरोप लगाया कि यह सरकार अनुसूचित जाति (एससी) और जनजाति (एसटी) विरोधी है और इसे 40 प्रतिशत कमीशन वाली सरकार कहा जाता है।गांधी ने यहां भारत जोड़ो यात्रा को संबोधित करते हुए कहा कि कर्नाटक में भाजपा नीत सरकार एससी और एसटी विरोधी है और इन उत्पीड़ित लोगों के खिलाफ अत्याचार में 50 फीसदी की वृद्धि हुई है। उन्होंने आरोप लगाया कि राज्य में भाजपा के नेतृत्व वाली सरकार को 40 प्रतिशत कमीशन वाली सरकार कहा जाता है, क्योंकि इसका भुगतान करके कोई भी काम किया जा सकता है।

### खरगे ने कर्नाटक में भारत जोड़ो यात्रा में राहुल गांधी के साथ पदयात्रा की

**बेल्लारी ( कर्नाटक )।** कांग्रेस पार्टी के अध्यक्ष पद के उम्मीदवार मल्लिकार्जुन खरगे ने कर्नाटक के बेल्लारी जिले में भारत जोड़ो यात्रा में शनिवार को राहुल गांधी और अन्य नेताओं के साथ पदयात्रा की। केंद्रीय मंत्री और लोकसभा में कांग्रेस नेता रहे खरगे इस यात्रा के1,000 किलोमीटर की दूरी तय करने की उपलब्धि का जश्न मनाने के लिए यहां हुई एक विशाल जनसभा में भी शामिल हुए। उन्होंने अपने गृह राज्य में आज पहली बार इस यात्रा में भाग लिया। कांग्रेस की भारत जोड़ो यात्रा ने 30 सितंबर को कर्नाटक में प्रवेश किया था और 21 दिन में 511 किलोमीटर का सफर तय करने के बाद 20 अक्टूबर को राज्य में यह यात्रा संपन्ना होगी। कांग्रेस के वरिष्ठ नेता खरगे पार्टी के अध्यक्ष पद का चुनाव लड़ रहे हैं और उनका मुकाबला पार्टी के वरिष्ठ नेता शशि थरूर से है।

## बागी उम्मीदवार के मैदान में उतरने के कारण प्रचार की कमान संभालेंगे बीजद प्रमुख नवीन पटनायक

**भुवनेश्वर।** ओडिशा में विधानसभा की धामनगर सीट पर होने वाले उपचुनाव में बागी उम्मीदवार के उतरने पर प्रचार की सत्तारूढ़ बीजू जनता दल (बीजद) प्रमुख एवं मुख्यमंत्री नवीन पटनायक संभालेंगे। वह अपने दल के स्टार प्रचारकों की सूची में शामिल हैं। उपचुनाव के लिए बीजद, भाजपा और कांग्रेस ने अपने स्टार प्रचारकों की सूची यहां ओडिशा के मुख्य निर्वाचन अधिकारी (सीईओ) के कार्यालय को सौंपी है। बीजद और भाजपा के स्टार प्रचारकों की सूची में 40–40 नाम शामिल हैं जबकि कांग्रेस ने अपने उम्मीदवार बाबा हरेकृष्ण सेठी के लिए प्रचार के वास्ते 30 नेताओं की सूची दी है।

भाजपा की तरफ से केंद्रीय मंत्री धर्मेंद्र प्रधान, अश्विनी वैष्णव, विशेश्वर टुडु जबकि कांग्रेस के ओडिशा प्रभारी ए. चेल्ला कुमार स्टार प्रचारकों की सूची में शामिल हैं (पिपिली और ब्रजराजनगर में हुए पिछले दो उपचुनावों में प्रचार से दूर रहे पटनायक इस बार प्रचार अभियान में उतरेंगे क्योंकि क्षेत्रीय पार्टी को बागी उम्मीदवार से चुनौती का सामना करना पड़ रहा है।बीजद के एक वरिष्ठ नेता ने कहा कि इस बार पार्टी के उम्मीदवार अबंती दास का मुकाबला पार्टी के बागी उम्मीदवार और पूर्व विधायक राजेंद्र दास से है।उन्होंने कहा, पार्टी के उम्मीदवारों ने पिछले दो उपचुनावों में जीत हासिल की थी जबकि बीजद अध्यक्ष ने प्रचार नहीं किया था। हालांकि, इस बार स्थिति अलग है। 2019 के चुनाव में धामनगर सीट पर भाजपा ने कब्जा जमाया था और बीजद 4,000 से अधिक मतों से चुनाव हार गई थी। वरिष्ठ नेता ने कहा कि पटनायक धामनगर सीट पर प्रचार करने जाएंगे। उन्होंने कहा कि आकाश दसनायक और अरिंदम रे जैसे दो उड़िया फिल्मी कलाकार बीजद उम्मीदवार अबंती दास के लिए प्रचार करेंगे।भाजपा के सूर्यवंशी सूरज और कांग्रेस के बाबा हरेकृष्ण सेठी के अलावा बीजद के अबंती दास और बागी उम्मीदवार राजेंद्र दास के मैदान में होने से चुनावी मुकाबला दिलचस्प हो गया है।

## केरल के राज्यपाल का फेसबुक अकाउंट हैक

**तिरुवनंतपुरम।** केरल के राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खान का फेसबुक अकाउंट शनिवार को हैक कर लिया गया। पुलिस ने यह जानकारी दी। इस घटना की जानकारी पुलिस को दी गई। राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खान ने एक ट्वीट में कहा, "मेरा फेसबुक पेज आज सुबह से हैक किया गया प्रतीत होता है। मामले की सूचना दी गई है और पेज को बहाल करने के प्रयास जारी हैं। खबर लिखे जाने तक, पुलिस और सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म को घटना की सूचना देने के कई घंटे बाद भी खान के अकाउंट से अनधिकृत पोस्ट को हटाया जाना बाकी था। राज्यपाल के फेसबुक पेज पर हार्डवेयर या निर्माण से संबंधित वीडियो दिखे जिनके बारे में अरबी लिपि में उनका विवरण लिखा दिखा। राजभवन के एक सूत्र ने कहा कि अकाउंट बहाल करने में समय लगेगा।

## एसआईटी करेगी अंडमान-निकोबार में वरिष्ठ अधिकारियों के खिलाफ सामूहिक बलात्कार मामले की जांच

**नई दिल्ली।** अंडमान निकोबार द्वीप समूह में 21 वर्षीय युवती द्वारा पूर्व मुख्य सचिव सहित विभिन्न अधिकारियों पर सामूहिक बलात्कार का आरोप लगाए जाने के बाद मामले की पड़ताल विशेष जांच दल (एसआईटी) को सौंपी गई है। पुलिस ने इस महीने की शुरुआत में युवती से मिली तहरीर के आधार पर 1990 बैच के भारतीय प्रशासनिक सेवा (आईएएस) के अधिकारी नारायण, श्रम आयुक्त आर. एल. ऋषि के खिलाफ मामला दर्ज किया। तहरीर के अनुसार, ऋषि के आवास पर अधिकारियों ने युवती के साथ दो बार बलात्कार किया। अबरदीन थाने में इस संबंध में मामला दर्ज किया गया है और वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक के नेतृत्व में गठित विशेष जांच दल (एसआईटी) नारायण के खिलाफ मामले की जांच कर रहा है। नारायण फिलहाल दिल्ली वित्त आयोग में अध्यक्ष व प्रबंध निदेशक के पद पर हैं। संपर्क करने पर नारायण ने पीटीआईभाषा से कहा कि मामला विचाराधीन है और वह इसपर कोई टिप्पणी नहीं करेंगे।महिला ने पुलिस में 21 अगस्त को तहरीर दी, जिसमें उसने अप्रैल और मई महीनों में अपने साथ हुए बलात्कार की घटनाओं की पूरी जानकारी दी और साक्ष्य के रूप में तत्कालीन मुख्य सचिव के आवास में लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज सुरक्षित रखने का अनुरोध किया।पीड़िता ने अधिकारी के आवास पर तैनात कर्मचारियों की पहचान परेड कराने का भी अनुरोध किया है।युवती ने मुख्य मेट्रोपॉलिटन मजिस्ट्रेट के समक्ष सीआरपीसी की धारा 164 के तहत बयान दर्ज कराया है। इस धारा के तहत बयान दर्ज कराने वाले व्यक्ति के आरोप अगर गलत साबित होते हैं तो उसके खिलाफ कानूनी कार्वाई की जा सकती है।

## केरल में हवाई अड्डे से 3.4 किलोग्राम सोना जब्त

**कोझीकोड (केरल)।** केरल में कालीकट अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर दो यात्रियों के पास से कुल 3.4 किलोग्राम सोना जब्त किया गया है। राजस्व खुफिया निदेशालय (डीआरआई) के अधिकारियों ने शनिवार को यह जानकारी दी। अधिकारियों के मुताबिक, बरामद किए गए सोने की कीमत 1.7 करोड़ रुपए बताई जा रही है। डीआरआई के अधिकारियों के मुताबिक बरामद किया गया सोना पेस्ट (तरल) रूप में था। ए दोनों यात्री शुक्रवार को कतर की राजधानी दोहा से लौटे थे। अधिकारियों के अनुसार, यात्रियों ने सोने को अपने शरीर के भीतर छिपा कर रखा हुआ था। दोनों ही यात्री कासरगोड के रहने वाले हैं और उन्हें गिरफ्तार कर लिया गया है। डीआरआई की ओर से जारी एक बयान के मुताबिक, डीआरआई को एक खुफिया सूचना मिली थी कि ए यात्री सोने की तस्करी में शामिल हैं और हवाई अड्डे के माध्यम से सोने की तस्करी करने का प्रयास करेंगे।

## कानून के किसी भी पहलू पर विचार करते समय अपने भीतर नारीवादी सोच समाहित करेंः न्यायमूर्ति चंद्रचूड़

भाषा। नई दिल्ली

**उच्चतम न्यायालय** के न्यायाधीश डी वाई चंद्रचूड़ ने कानूनी पेशे को और अधिक समावेशी और सुलभ बनाए जाने की वकालत करते हुए कानून के छात्रों को शनिवार को सलाह दी कि कानून के किसी पहलू पर विचार करते समय उन्हें अपने भीतर नारीवादी सोच को समाहित करना चाहिए। न्यायमूर्ति चंद्रचूड़ ने यहां राष्ट्रीय विधि विश्वविद्यालय (एनएलयू) के दीक्षांत समारोह को संबोधित करते हुए कहा कि छात्रों को कानूनी पेशे को अधिक समावेशी और सुलभ बनाने का प्रयास करना चाहिए। उन्होंने कहा, मैं आपको विशेष रूप से सलाह दूंगा कि आप कानून के किसी पहलू पर विचार करते समय अपने भीतर नारीवादी सोच को समाहित करें।

न्यायमूर्ति चंद्रचूड़ ने कहा, बेशक, मेरा मानना है कि हम सभी को, जिनमें मैं भी शामिल हूं, कानून को देखने और सामाजिक अनुभवों को लागू करने के मामले में बहुत कुछ सीखना है। उन्होंने कहा कि महिला वकीलों को पुरुष–प्रधान पेशे में काम करना चुनौतीपूर्ण लग सकता है, जो अक्सर उनकी चिंताओं और विचारों को समायोजित करने में विफल रहता है, लेकिन समय बदल रहा है और प्रौद्योगिकी ने कानूनी पेशे तक महिलाओं की पहुंच को सुलभ बनाने में बड़ी भूमिका निभाई है। उन्होंने कहा, महामारी की एक बड़ी सीख यह है कि जब हम सुनवाई डिजिटल तरीके से करने लगे, तो अदालत में पेश होने वाली महिला वकीलों की संख्या में नाटकीय रूप से वृद्धि हुई। उन्होंने कहा कि कानून का शासन केवल संविधान या कानून पर निर्भर नहीं है और यह काफी हद तक राजनीतिक संस्कृति और नागरिकों की आदतों पर निर्भर करता है, विशेष रूप से कानून के युवा पेशेवरों के।न्यायमूर्ति चंद्रचूड़ ने कहा, एक तरह से आप सभी हमारी संवैधानिक और लोकतांत्रिक परंपराओं के रखवाले हैं। जब आप इसका हिस्सा बनते हैं तो आपको कानूनी व्यवस्था को अधिक समावेशी और सुलभ बनाने का प्रयास करना चाहिए और यह न्याय के लक्ष्य को आगे बढ़ाने का एक तरीका है।

## प्रवर्तन निदेशालय ने पूछताछ के लिए टीएमसी नेता अनुव्रत मंडल की बेटी को दिल्ली तलब किया

भाषा। कोलकाता

**प्रवर्तन निदेशालय** (ईडी) ने मवेशियों की तस्करी से जुड़े मामले में गिरफ्तार तृणमूल कांग्रेस के नेता अनुव्रत मंडल की बेटी को पूछताछ के लिए नई दिल्ली स्थित अपने दफ्तर में उपस्थित होने को कहा है। जांच एजेंसी के एक अधिकारी ने शनिवार को यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि सुकन्या मंडल द्वारा पिछले कुछ वर्षों में संचित की गई अकूत संपत्ति के स्रोत के बारे में पूछताछ की जाएगी। अधिकारी ने बताया कि बीरभूम जिले में प्राथमिक विद्यालय की शिक्षिका सुकन्या को 27 अक्टूबर को ईडी के नई दिल्ली स्थित दफ्तर में उपस्थित होने के लिए समन जारी किया गया है। ईडी के अधिकारी ने बताया, यह समन, बहुत कम समय में उनके द्वारा संचित की गई अकूत संपत्ति के बारे में सवालों के जवाब पाने के लिए जारी किया किया गया है। हम आय का स्रोत जानना चाहते हैं। उल्लेखनीय है कि वह केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) के अधिकारियों के एक दल से नहीं मिली थी, जो मवेशी तस्करी की जांच के सिलसिले में अगस्त में उनके बोलपुर आवास गया था। केंद्रीय एजेंसी को संदेह है कि सुकन्या के कई बैंक खातों का इस्तेमाल मवेशी तस्करी में वित्तीय लेनदेन के लिए किया गया था। सीबीआई ने मामले की अपनी जांच के सिलसिले में अगस्त में अनुव्रत मंडल को गिरफ्तार किया था, जो तृणमूल कांग्रेस के एक प्रभावशाली नेता माने जाते हैं।

## राष्ट्र विरोधी गतिविधियों के आरोप में पांच सरकारी कर्मचारी बर्खास्त

भाषा। जम्मू

**जम्मू कश्मीर** प्रशासन ने राष्ट्र विरोधी गतिविधियों में शामिल रहने के आरोप में एक पुलिसकर्मी समेत चार सरकारी कर्मचारियों और एक बैंक प्रबंधक को सेवा से बर्खास्त कर दिया है। एक आधिकारिक प्रवक्ता ने कहा कि पांचों को बर्खास्त करने का आदेश दिया गया, जिनमें से अधिकांश के खिलाफ आतंकी गतिविधियों को लेकर मामले दर्ज हैं। अनुच्छेद 311 केंद्र शासित प्रदेश या राज्य के तहत नागरिक सेवाओं में नियोजित व्यक्ति की बर्खास्तगी का प्रावधान करता है। इन कर्मचारियों की गतिविधियां कानून प्रवर्तन और खुफिया एजेंसियों के संज्ञान में आई थीं, क्योंकि इन्हें राज्य की सुरक्षा के हितों के लिए हानिकर गतिविधियों में संलिप्त पाया गया। जिन व्यक्तियों को सेवा से बर्खास्त किया गया है, उनमें बारामूला सेंट्रल कोऑपरेटिव बैंक लिमिटेड का प्रबंधक अफाक अहमद वानी, जम्मू कश्मीर पुलिस की आक्जिलरी इकाई में कांस्टेबल तनवीर सलीम डार, ग्राम स्तरीय कर्मी सैयद इफ्तिखार अंद्राबी, बारामूला में जल शक्ति विभाग में अर्दली–सह–चौकीदार इरशाद अहमद खान और जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी अनुमंडल हंदवाड़ा में सहायक लाइनमैन अब्दुल मोमिन पीर शामिल हैं। प्राप्त जानकारी, रिकॉर्ड और संज्ञेय सामग्री की जांच के लिए सरकार द्वारा 30 जुलाई, 2020 को गठित समिति ने पांचों को बर्खास्त करने की सिफारिश की। इसके साथ ही ऐसे कर्मचारियों की संख्या केंद्र शासित प्रदेश में बढ़कर 44 हो गई है, जिन्हें "राष्ट्र विरोधी गतिविधियों" के लिए सेवा से बर्खास्त किया गया है। बर्खास्तगी की प्रक्रिया पिछले साल अप्रैल में शुरू हुई थी और सरकारी सेवा से बर्खास्त किए गए व्यक्तियों में पाकिस्तानी संगठन हिजबुल प्रमुख सैयद सलाउद्दीन के तीन बेटे और दागी पुलिस उपाधीक्षक देवेंद्र सिंह (अब हटा दिया गया) शामिल हैं।

## विवक न्यूज

### प्रतिबंधित संगठन पीएफआई के पांच कार्यकर्ताओं के खिलाफ यूएपीए के तहत मामला दर्ज

**मेंगलूरु।** प्रतिबंधित संगठन पॉपुलर फ्रंट ऑफ इंडिया (पीएफआई) के पांच कार्यकर्ताओं के खिलाफ गैरकानूनी गतिविधियां निवारण अधिनियम (यूएपीए) के तहत मामला दर्ज किया गया है। पुलिस सूत्रों ने शनिवार को यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि यह कदम इन कार्यकर्ताओं के परिसरों पर 13 अक्टूबर को हुई छापेमारी के दौरान उनके गैरकानूनी गतिविधियों में कथित तौर पर संलिप्त होने के संकेत मिलने के बाद उठाया गया है। सूत्रों के मुताबिक, आरोपी कर्नाटक के जोकट्टे, कस्बा बेंगरे, उल्लाल, किन्या और अडयार के रहने वाले हैं। सूत्रों के अनुसार, पीएफआई कार्यकर्ताओं पर यूएपीए के अलावा भारतीय दंड संहिता (आईपीसी) की विभिन्न धाराओं के तहत भी आरोप लगाए गए हैं। उन्होंने बताया कि आरोपियों से पूछताछ जारी है।

### प्रसन्न बी. वराले ने कर्नाटक उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश के तौर पर शपथ ली

**बेंगलुरू।** न्यायमूर्ति प्रसन्न बी. वराले ने शनिवार को कर्नाटक उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश के रूप में शपथ ली। राज्यपाल थावरचंद गहलोत ने एक समारोह में उन्हें पद की शपथ दिलाई। कर्नाटक के मुख्यमंत्री बसवराज बोम्मई, कर्नाटक उच्च न्यायालय के न्यायाधीश, मुख्य सचिव वंदिता शर्मा और राज्य सरकार के वरिष्ठ अधिकारी यहां राजभवन में आयोजित कार्यक्रम में शामिल हुए। इस मौके पर न्यायमूर्ति वराले के परिवार के सदस्य भी मौजूद थे। न्यायमूर्ति वराले का जन्म 23 जून 1962 को कर्नाटक के निपानी में हुआ था। उन्होंने डॉ. बाबासाहेब आंबेडकर मराठवाड़ा विश्वविद्यालय से कला और कानून में स्नातक किया। उन्होंने 1985 में एक अधिवक्ता के रूप में पंजीकरण कराया। उन्हें जुलाई 2008 में बम्बई उच्च न्यायालय के अतिरिक्त न्यायाधीश के रूप में नियुक्त किया गया और वह तीन साल बाद स्थाई न्यायाधीश बने।

### केन्द्रीय संस्थाओं में स्वायत्तता की झलक पहले जैसी नहीं दिखती : सोरेन

**रांची।** भारत निर्वाचन आयोग द्वारा गुजरात में विधानसभा चुनाव की तारीख घोषित नही किए जाने पर झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने शनिवार को केंद्र सरकार पर हमला बोलते हुए कहा कि राजग के शासन में केन्द्रीय संवैधानिक संस्थाओं में स्वायत्तता की झलक पहले जैसी नही दिखती है। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने आज यहां अपने आवास पर एक संवाददाता सम्मेलन में आरोप लगाया कि केन्द्रीय संवैधानिक संस्थाओं में स्वायत्तता की झलक पहले जैसी नही दिखती है। उन्होंने कहा कि यही कारण है कि इन संस्थानों के निर्णय प्रभावित लगते है और इसका सबसे बड़ा उदाहरण शुक्रवार को गुजरात विधानसभा चुनाव का कार्यक्रम घोषित नही किया जाना है। सोरेन ने कहा, चुनाव आयोग का शुक्रवार को हिमाचल प्रदेश में चुनावों के कार्यक्रम की घोषणा करते समय गुजरात में चुनाव कार्यक्रम की घोषणा नही करना अनेक सवाल खड़े करते हैं।

### जम्मू कश्मीरः राष्ट्र विरोधी गतिविधियों के आरोप में चार सरकारी कर्मचारी, एक बैंक प्रबंधक बर्खास्त

**जम्मू।** जम्मू कश्मीर प्रशासन ने राष्ट्र विरोधी गतिविधियों में शामिल रहने के आरोप में एक पुलिसकर्मी समेत चार सरकारी कर्मचारियों और एक बैंक प्रबंधक को सेवा से बर्खास्त कर दिया है। एक अधिकारी ने शनिवार को बताया कि संविधान के अनुच्छेद 311 के तहत पांच कर्मचारियों को बर्खास्त करने का आदेश दिया गया है। उन्होंने कहा, इन कर्मचारियों की गतिविधियां कानून प्रवर्तन और खुफिया एजेंसियों के संज्ञान में आई थी क्योंकि इन्हे राज्य की सुरक्षा के हितों के लिए हानिकर गतिविधियों में संलिप्त पाया गया। सेवा से बर्खास्त किए गए कर्मचारियों में बारामुला सेंट्रल कोऑपरेटिव बैंक लिमिटेड का प्रबंधक अफाक अहमद वानी, जम्मू कश्मीर पुलिस में कांस्टेबल तनवीर सलीम डार, ग्राम स्तरीय कर्मी सैय्यद इफ्तिखार अंद्राबी, बारामुला में जल शक्ति विभाग में चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी-सह-चौकीदार इरशाद अहमद खान और लोक स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग के हंदवाड़ा उप-मंडल में सहायक लाइनमैन अब्दुल मोमीन पीर शामिल है।

### भाजपा ने आतंकवाद के मामलों में सजा खत्म होने के बाद भी जेलों में बंद सिख कैदियों की रिहाई की मांग की

**नई दिल्ली।** भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के राष्ट्रीय प्रवक्ता आर पी सिंह ने शनिवार को आतंकवाद के मामलों में सजा पूरी करने के बाद भी जेलों में बंद सिख कैदियों की रिहाई की मांग की। उन्होंने एक ट्वीट में कहा, आतंकवाद के दौर में सजायाफ्ता कई सिख सजा पूरी करने के बाद भी जेलों में बंद है। वे अब उम्रदराज हो गए है और तथा समाज के लिए वे कोई खतरा भी नही है। उन्हे अपनी जरूरतों के लिए अब परिवार के देखभाल की जरूरत है। मै सभी राज्य सरकारों से अपील करता हूं कि वे संवेदशनशील होकर ऐसे मामलों पर विचार करें। उन्होंने कहा कि आजीवन कारावास की सजा आमतौर पर 14 सालों में पूरी हो जाती है और उसके बाद कैदियों को रिहा कर दिया जाता है लेकिन कई ऐसे सिख कैदी है जो 32 सालों के बाद भी जेलों में बंद है।

### विजय कुमार ने निजी कारणों से गृह मंत्रालय के सुरक्षा सलाहकार पद से इस्तीफा दिया

**नई दिल्ली।** चंदन तस्कर वीरप्पन को मारने वाले दिग्गज पुलिस अधिकारी के. विजय कुमार ने निजी कारणों से गृह मंत्रालय (एमएचए) के वरिष्ठ सुरक्षा सलाहकार के पद से इस्तीफा दे दिया है। कुछ समय पहले निजी कारणों से इस्तीफा देने वाले कुमार ने दिल्ली में अपना आवास भी खाली कर दिया है और चेन्नई चले गए है। उन्होंने कहा , मै अब चेन्नई में रहता हूं। मैने निजी कारणों से एमएचए में अपने पद से इस्तीफा दे दिया है। कुमार ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, गृहमंत्री अमित शाह, राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजित डोभाल, एमएचए अधिकारियों और सभी प्रदेशों के पुलिस बलों के प्रमुखों के प्रति उनके कार्यकाल के दौरान सहयोग के लिए आभार जताया। वह मुख्य रूप से वामपंथी कट्टरवादियों और जम्मू कश्मीर के मसलों पर सरकार को सलाह दे रहे थे।

### हिन्द-प्रशांत में नियम-आधारित समुद्री सीमाओं का समर्थन करता है भारतः राजनाथ सिंह

**नई दिल्ली।** रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा कि भारत हिंद-प्रशांत क्षेत्र मे नियम-आधारित समुद्री सीमाओ का समर्थन करता है, जिसके तहत किसी भी राष्ट्र को, चाहे वह कितना भी बड़ा हो, उसे दूसरो को इसका उचित उपयोग करने से रोकने की अनुमति नही दी जानी चाहिए। उन्होने क्षेत्र मे चीन के बढ़ते प्रभाव के बीच यह बात कही। रक्षा मंत्री ने एशियाई तटरक्षक एजेंसियो के प्रमुखो को संबोधित करते हुए समुद्री सुरक्षा चुनौतियो से निपटने के लिए समुद्री देशो के बीच प्रभावी सहयोग का भी आह्वान किया। सिंह ने कहा कि भारत, पूरे इतिहास में, एक शांतिप्रिय देश रहा है जिसने कभी किसी विदेशी भूमि पर आक्रमण नही किया।



स्वच्छता अभियान के तहत पद्मनाभ मंदिर की सफाई करते सेना के जवान

## देवेंद्र फडणवीस ने साईबाबा को लेकर उच्चतम न्यायालय के फैसले का स्वागत किया

**नागपुर।** महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री देवेन्द्र फडणवीस ने माओवादी संबंध मामले में दिल्ली विश्वविद्यालय के पूर्व प्रोफेसर जी. एन. साईबाबा और अन्य को बरी करने के बारे में बंबई उच्च न्यायालय के आदेश को निलंबित करने संबंधी उच्चतम न्यायालय के फैसले का शनिवार को स्वागत किया। उच्चतम न्यायालय ने साईबाबा के इस अनुरोध को भी खारिज कर दिया कि उनकी शारीरिक अक्षमता और स्वास्थ्य स्थिति को देखते हुए उन्हें घर में नजरबंद किया जाए। पीठ ने मामले में साईबाबा समेत सभी आरोपियों की जेल से रिहाई पर रोक लगा दी। बंबई उच्च न्यायालय की नागपुर पीठ ने उन्हें जेल से रिहा करने का आदेश दिया था। फडणवीस ने नागपुर हवाई अड्डे पर पत्रकारों से कहा, मैं प्रो. जी एन साईबाबा को लेकर उच्च न्यायालय के आदेश को निलंबित करने संबंधी शीर्ष अदालत के फैसले से संतुष्ट हूं। कल, मैंने कहा था कि उच्च न्यायालय का फैसला हमारे लिए आश्चर्यजनक और चौंकाने वाला था, क्योंकि तकनीकी आधार पर एक व्यक्ति को रिहा करना, जिसके खिलाफ सीधे माओवादियों की मदद करने के पर्याप्त सबूत थे, गलत था। इसलिए, हमने कल ही उच्चतम न्यायालय का रुख किया था। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के वरिष्ठ नेता एवं पूर्व मुख्यमंत्री फडणवीस ने कहा कि वह शुक्रवार को पीठ बनाने के लिए शीर्ष अदालत के आभारी हैं और उच्च न्यायालय के आदेश को निलंबित कर दिया।

## जब दोस्तों की सलाह पर कलाम ने आरएसएस मुख्यालय का अपना दौरा रद्द कर दिया था

भाषा। नई दिल्ली

**पूर्व राष्ट्रपति** एपीजे अब्दुल कलाम ने नागपुर में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) के मुख्यालय का अपना एक दौरा इसलिए रद्द कर दिया था, क्योंकि उनके दोस्तों ने उन्हें आगाह किया था कि अगर ऐसा किया तो उनकी छवि संघ से सहानुभूति रखने वाले की बन जाएगी। कलाम की जिंदगी से जुड़ी कुछ रोचक जानकारियों पर आधारित एक नई पुस्तक कलामः द अनटोल्ड स्टोरी में यह जानकारी सामने आई है। यह पुस्तक कलाम के निजी सचिव रहे आर के प्रसाद ने लिखी है। उन्होंने अपनी इस पुस्तक में दावा किया है कि इस दौरे को लेकर कलाम की पशोपेश की स्थिति ने आरएसएस नेतृत्व को नाराज कर दिया था क्योंकि संघ ने इसकी पूरी तैयारी की थी। उसके द्वारा कलाम की इस प्रस्तावित यात्रा का प्रचार भी किया गया था।

कलाम ने अंततः निर्धारित तिथि के एक महीने बाद आरएसएस मुख्यालय का दौरा किया और एक प्रशिक्षण सत्र को संबोधित किया जिस पर उन्होंने शुरू में सहमति व्यक्त की थी। हालांकि, इस अवसर पर आरएसएस के शीर्ष पदाधिकारियों में से कोई भी मौजूद नहीं था। आर के प्रसाद ने पुस्तक में लिखा, मई 2014 में, हमारे कार्यालय को आरएसएस के महासचिव राम माधव से एक निमंत्रण मिला। वे चाहते थे कि पूर्व राष्ट्रपति कलाम आरएसएस प्रमुख मोहन भागवत की मौजूदगी में एक प्रशिक्षण शिविर में युवा आरएसएस स्वयंसेवकों को संबोधित करें। आर के प्रसाद वर्ष 1995 से लेकर 2015 तक कलाम के निजी सचिव रहे थे।

प्रसाद ने पुस्तक में लिखा, यह शिविर 12 जून को समाप्त होना था, और वे चाहते थे कि कलाम उनके लिए सुविधाजनक तिथि पर उससे पहले आरएसएस मुख्यालय का दौरा करें। राम माधव बाद में कलाम से मिले, और यह निर्णय लिया गया कि पूर्व राष्ट्रपति प्रशिक्षण शिविर के दिन आरएसएस मुख्यालय में कार्यक्रम में भाग लेंगे। हालांकि, अपने कुछ दोस्तों से मिली जानकारियों और सलाह के परिणामस्वरूप, कलाम ने अपना विचार बदल दिया। प्रसाद के अनुसार पूर्व राष्ट्रपति के दोस्तों ने उन्हें चेतावनी दी थी कि यदि वह आरएसएस मुख्यालय का दौरा करते हैं तो उनकी छवि आरएसएस से सहानुभूति रखने वाले के रूप में बन जाएगी और आरएसएस उनके नाम का गलत इस्तेमाल कर सकता है। ब्लूम्सबरी द्वारा प्रकाशित यह पुस्तक कलामः द अनटोल्ड स्टोरी पूर्व राष्ट्रपति के रसूखदार व्यक्तियों सहित नेताओं के साथ संबंधों और कुछ विवादों के पीछे की सच्चाई पर नई रोशनी डालती है। कलाम 2002 से 2007 तक भारत के 11वें राष्ट्रपति रहे और सादे रहन–सहन तथा पक्षपात रहित आचरण के लिए विभिन्न लोगों तथा राजनीतिक दलों के बीच उनका काफी सम्मान किया जाता है।

## केरल के मुख्यमंत्री, मंत्री के परिजन यूरोप यात्रा पर अपने खर्च पर गए थे : माकपा

**तिरुवनंतपुरम।** केरल में सत्तारूढ़ मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी (माकपा) और वाम सरकार ने दावा किया है कि मुख्यमंत्री पिनराई विजयन और उनके मंत्रिमंडल के सहयोगियों के परिवार के सदस्य उनके साथ यूरोप यात्रा पर अपने निजी खर्च पर गए थे न कि सरकारी खर्च पर।

राज्य के शिक्षा मंत्री वी शिवनकुट्टी ने यात्रा से लौटने के बाद यहां पत्रकारों से कहा कि मुख्यमंत्री और अन्य मंत्रियों के परिवार के सदस्य अपने खर्च पर यात्रा पर गए थे। उन्होंने कहा कि अपनी पत्नीापति या परिवार के अन्य सदस्यों को यात्रा पर अपने साथ ले जाने में कुछ भी गलत नहीं है बशर्ते कि यह राज्य सरकार के खर्च पर न हो। उनकी यह टिप्पणी तब आई है जब विजयन और अन्य मंत्रियों को यूरोप तथा दुबई और संयुक्त अरब अमीरात की यात्रा पर अपने परिवार के सदस्यों को साथ ले जाने को लेकर विभिन्न वर्गों की आलोचनाओं का सामना करना पड़ा। कांग्रेस नीत संयुक्त लोकतांत्रिक मोर्चा (यूडीएफ) ने कहा था कि मुख्यमंत्री तथा अन्य मंत्री जनता को बताएं कि राज्य को उनकी यात्रा से क्या लाभ मिलेगा और इससे लोगों को कैसे फायदा पहुंचेगा। वहीं, माकपा के राज्य सचिवालय ने यात्रा के खिलाफ आलोचनाओं का विरोध करते हुए एक बयान में आरोप लगाया कि यूडीएफ मीडिया के जरिए जनता के बीच इस यात्रा को लेकर फर्जी खबरें फैला रही है। उसने कहा कि विदेशी राष्ट्रों के साथ चर्चा करने तथा राज्य के सर्वांगीण विकास के लिए केरल में निवेश आकर्षित करने के अवसरों के तलाशने के वास्ते यह यात्रा आवश्यक थी।

# जयशंकर ने मिस्र में प्रतिष्ठित विद्वानों से मुलाकात की

भाषा। काहिरा

**विदेश मंत्री** एस जयशंकर ने मिस्र में विदेश नीति क्षेत्र के प्रतिष्ठित लोगों से मुलाकात की। उनकी इस दो दिवसीय यात्रा का उद्देश्य अहम अफ्रीकी देश के साथ भारत की साझेदारी में नई पहलों को तलाशना है। जयशंकर मिस्र के अपने समकक्ष सामेह हसन शौकरी के निमंत्रण पर देश की यात्रा कर रहे हैं। विदेश मंत्री ने ट्वीट किया, काहिरा की मेरी यात्रा की बहुत अच्छी शुरुआत हुई। विदेश नीति क्षेत्र के प्रतिष्ठित लोगों से मुलाकात की। क्षेत्रीय एवं वैश्विक राजनीति में हमारे संबंधों और अंतर्दृष्टि के लिए उनके समर्थन के वास्ते आभार व्यक्त किया। विदेश मंत्रालय ने बृहस्पतिवार को बताया था कि मिस्र की यात्रा के दौरान जयशंकर और शौकरी आपसी हितों से जुड़े द्विपक्षीय, क्षेत्रीय और अंतरराष्ट्रीय मुद्दों पर विस्तृत चर्चा कर सकते हैं। मंत्रालय ने कहा था कि मिस्र अफ्रीका में भारत का सबसे बड़ा कारोबारी सहयोगी है और इस यात्रा के दौरान द्विपक्षीय कारोबार, वाणिज्य और निवेश पर खास ध्यान दिया जाएगा। वित्त वर्ष 2021-22 में भारत-मिस्र द्विपक्षीय कारोबार रिकॉर्ड 7.26 अरब डॉलर के स्तर पर पहुंच गया था। वहीं, मिस्र में भारतीय निवेश 3.15 अरब डॉलर से अधिक हो गया है। विदेश मंत्रालय ने कहा कि जयशंकर मिस्र में छात्रों सहित भारतीय समुदाय के लोगों के साथ चर्चा करेंगे और मिस्र-भारतीय कारोबारी समुदाय के सम्मेलन को संबोधित करेंगे। दोनों देश इस वर्ष अपने राजनयिक संबंधों की स्थापना की 75वीं वर्षगांठ मना रहे हैं।



## विदेश मंत्री जयशंकर ने काहिरा पार्क में गांधी को श्रद्धांजलि दी

**काहिरा।** विदेश मंत्री एस जयशंकर ने शनिवार को मिस्र की राजधानी के एक प्रसिद्ध पार्क मे राष्ट्रपिता को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए कहा कि महात्मा गांधी का संदेश दुनिया को सभी के लिए न्याय और समानता को लेकर प्रयास करने की दिशा मे प्रेरित करता रहेगा। जयशंकर मिस्र के अपने समकक्ष समेह हसन शौकरी के आमंत्रण पर दो दिवसीय यात्रा पर मिस्र मे है। जयशंकर ने ट्वीट किया, दिन की शुरूआत काहिरा के प्रसिद्ध अल होरेया पार्क मे बापू को श्रद्धांजलि अर्पित करने से हुई, जो स्वतंत्रता के उद्देश्य से बहुत निकटता से जुड़ा था। उनका संदेश सभी के लिए न्याय और समानता को लेकर प्रयास करने की दिशा मे दुनिया को प्रेरित करता रहे। गांधी की प्रतिमा का अनावरण उनकी 150वी जयंती के अवसर पर 2019 मे अल होरेया पार्क मे किया गया था। अल होरेया पार्क मे मिस्र के इतिहास की महत्वपूर्ण शख्सियतो की मूर्तियां है जिन्होने देश मे महत्वपूर्ण और सकारात्मक बदलाव किए और अपने लोगो की स्वतंत्रता मे सहायता की।

## प्रथम विश्वयुद्ध में शहीद हुए भारतीय सैनिकों को पुष्पाजंलि दी

**काहिरा।** विदेश मंत्री एस. जयशंकर शनिवार को हेलिओपोलिस कॉमनवेल्थ वार ग्रेव सेमेटरी पहुंचे और प्रथम विश्व युद्ध के दौरान मिस्र और फलस्तीन मे शहीद हुए भारतीय सैनिको को श्रद्धांजलि दी। जयशंकर मिस्र के विदेश मंत्री सामेह हसन शौकरी के न्योते पर दो दिन की यात्रा पर यहां आए है। कब्रिस्तान दौरे की कुछ तस्वीरें साझा करते हुए जयशंकर ने ट्वीट किया, मानवता की सेवा में भारतीयो ने दुनिया भर मे बलिदान दिए है। ऐसे मे जब हम आधुनिक और समान वैश्विक व्यवस्था बनाने का प्रयास कर रहे है, वे हमें प्रेरणा दे रहे है। हेलिओपोलिस वार सेमेटरी में हेलिओपोलिस (पोर्ट तेव्फिक) मेमोरियल और हेलियोपोलिस (एडेन) मेमोरियल शामिल है। हेलिओपोलिस (पोर्ट तेव्फिक) मेमोरियल मे ब्रिटिश भारतीय सेना मे काम करते हुए प्रथम विश्व युद्ध मे मिस्र और फलस्तीन मे शहीद हुए 4,000 भारतीय सैनिको और अज्ञात कब्र है।

# पाकिस्तानी सेना ने बांग्लादेश में नरसंहार किया था : अमेरिकी संसद में पेश प्रस्ताव

भाषा। वाशिंगटन

**अमेरिका के** दो प्रभावशाली सांसदों ने प्रतिनिधि सभा में एक प्रस्ताव पेश किया है, जिसमें अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडन से 1971 में पाकिस्तानी सशस्त्र बलों द्वारा जातीय बंगालियों और हिंदुओं के खिलाफ किए गए अत्याचारों को नरसंहार करार देने का अनुरोध किया गया है। भारतीय-अमेरिकी कांग्रेस सदस्य रो खन्ना और सांसद सीव चाबोट ने शुक्रवार को प्रतिनिधि सभा में यह प्रस्ताव पेश किया। इसमें पाकिस्तान सरकार से ऐसे नरसंहार में उसकी भूमिका के लिए बांग्लादेश के लोगों से माफी मांगने के लिए भी कहा गया है। रिपब्लिकन पार्टी के सांसद चाबोट ने ट्वीट किया, हमें वर्षों बाद भी उन लाखों लोगों को नहीं भूलना चाहिए, जो नरसंहार में मारे गए थे। नरसंहार की बात स्वीकारने से ऐतिहासिक रिकॉर्ड मजबूत होता है, हमारे साथी अमेरिकी जागरूक होते हैं और साथ ही भविष्य के साजिशकर्ताओं को यह पता चलता है कि ऐसे अपराधों को बख्शा या भुलाया नहीं जाएगा। उन्होंने कहा, बांग्लादेश का 1971 का नरसंहार भुलाया नहीं जाना चाहिए।

## तुर्किए में कोयला खदान में विस्फोट, मृतकों की संख्या बढ़कर 28 हुई

भाषा। अंकारा

**उत्तरी तुर्किए** में एक कोयला खदान में विस्फोट में मरने वाले लोगों की संख्या बढ़कर 28 हो गई है तथा खदान में आग लगे होने के बीच उसमें फंसे लोगों को बचाने के प्रयास किए जा रहे हैं। यह विस्फोट शुक्रवार शाम छह बजकर 45 मिनट पर काला सागर के तटीय प्रांत बार्टिन के अमासरा शहर में सरकारी टीटीके अमासरा म्यूस्सेसे मुदुर्लुगु खदान में हुआ। विस्फोट के वक्त खदान में 110 श्रमिक काम कर रहे थे। ऊर्जा मंत्री फातेह डर्माज ने बताया कि 15 लोगों को बचाने के प्रयास किए जा रहे हैं, जिनमें से ज्यादातर लोग खदान की दीर्घा में फंसे हैं जहां अब भी आग लगी हुई है। उन्होंने घटनास्थल पर पत्रकारों से कहा, यह भीषण आग नहीं है लेकिन वहां सुरक्षित पहुंचने के लिए आग और कार्बन मोनोऑक्साइड गैस को खत्म करना होगा।

# यूक्रेन को 72.5 करोड़ डॉलर की अतिरिक्त सैन्य मदद भेज रहा अमेरिका

भाषा। वाशिंगटन



**व्हाइट हाउस ने कहा** कि राष्ट्रपति जो बाइडन का प्रशासन यूक्रेन को 72.5 करोड़ डॉलर के अतिरिक्त हथियार और अन्य सैन्य सहायता प्रदान करेगा। यह घोषणा शुक्रवार को उत्तर अटलांटिक संधि संगठन (नाटो) की बैठकों के बाद की गई। नाटो की बैठकों में यूरोप और दुनियाभर के रक्षा नेताओं ने कीव तथा अन्य क्षेत्रों में रूस की बमबारी बढ़ने के बीच यूक्रेन को हथियार व हवाई रक्षा प्रणालियां मुहैया कराने का संकल्प लिया है। अधिकारियों ने बताया, अमेरिका के सैन्य पैकेज में कोई प्रमुख नया हथियार शामिल नहीं है। इसके बजाय अमेरिकी मदद का मकसद उन हथियार प्रणालियों के लिए हजारों गोला-बारूद का पुन: भंडारण करने में सहायता देना है, जिनका यूक्रेन ने रूस के खिलाफ सफलतापूर्वक इस्तेमाल किया है। नए पैकेज में हाई मोबिलिटी आर्टिलरी रॉकेट सिस्टम्स (एचआईएमएआरएस) के लिए गोले-बारूद देना शामिल है। यह एक अहम हथियार है, जिसने डिपो, पुलों और अन्य अहम ठिकानों पर हमला करने की यूक्रेन की क्षमता में सुधार किया है। इस सप्ताह कई यूरोपीय देशों ने यूक्रेन को सैन्य सहायता देने की घोषणा की है। ए घोषणाएं यूरोपीय देशों के इस भय को दर्शाती हैं कि रूस का अगला निशाना वे हो सकते हैं। एक वरिष्ठ रक्षा अधिकारी ने पेंटागन में पत्रकारों को बताया कि यूक्रेन को अतिरिक्त वायु रक्षा प्रणालियों की तत्काल आवश्यकता है। उन्होंने उदाहरण के लिए बताया कि रूस ने हाल ही में 24 घंटे की अवधि में यूक्रेन के ठिकानों पर 80 से अधिक मिसाइलें दागीं, लेकिन यूक्रेन की वायु रक्षा प्रणालियां इनमें से केवल आधी मिसाइलों का पता लगा पाईं। रूस ने कामीकेज ड्रोन और मिसाइलों के जरिए कीव में अपने हमले तेज कर दिए हैं। उसने असैन्य क्षेत्रों को निशाना बनाया है, जिसमें एक अस्पताल, एक किंडरगार्टन और निकोपोल शहर की विभिन्न रिहायशी इमारतें शामिल हैं।

## सीपीसी का 20वां अधिवेशन रविवार से, चिनफिंग को तीसरा कार्यकाल मिलना तय

भाषा। बीजिंग

**चीन की सत्तारूढ़** कम्युनिस्ट पार्टी का प्रमुख अधिवेशन रविवार से शुरू होगा, जिसमें नए शीर्ष अधिकारियों को नियुक्त करने का निर्णय लिया जाएगा। इसमें राष्ट्रपति शी चिनफिंग को रिकॉर्ड तीसरे कार्यकाल के लिए निर्वाचित किया जाना तय है। चिनफिंग की इस नियुक्ति के साथ शीर्ष नेताओं की अधिकतम 10 साल तक नियुक्ति का तीन दशक पुराना मानदंड समाप्त हो जाएगा। चीन की कम्युनिस्ट पार्टी (सीपीसी) की 20वीं कांग्रेस में चिनफिंग द्वारा निर्धारित मानदंडों और दिशानिर्देशों के तहत 2,296 निर्वाचित प्रतिनिधि गुप्त बैठक में भाग लेंगे। यह अधिवेशन तमाम विरोध प्रदर्शनों के बीच आयोजित किया जा रहा है। चिनफिंग (69) को छोड़कर, दूसरे नंबर के नेता प्रधानमंत्री ली केकियांग सहित सभी शीर्ष नेताओं को आने वाले दिनों में बड़े पैमाने पर फेरबदल का सामना करना होगा। इस फेरबदल में निवर्तमान विदेश मंत्री वांग ई का स्थान कोई और लेगा। प्रत्एक पांच साल बाद होने वाले अधिवेशन से पहले बृहस्पतिवार को सोशल मीडिया में वायरल हो रही तस्वीरों में राजधानी बीजिंग के उत्तर-पश्चिम इलाके के चिनफिंग की अलोकप्रिय कोविड-रोधी नीति और सत्तावादी शासन का विरोध करते हुए एक बैनर दिखाई दे रहा था।

**PUBLIC NOTICE**

Notice is hereby given to the General Public that of Mr. Charanjit Singh & Mrs. Gurvinder Singh are joint owners of Entire Upper Ground Floor without roof rights (said floor) Built on Property bearing No. 59, in Block-C, area measuring 202 Sq. Yds, Situated in the layout plan of Chander Nagar Co-operative House Building Society Ltd, colony known as Chander Nager, Janak Puri, New Delhi; by virtue of sale deed dated 02.02.2018, Registration No. 3058, executed by Mrs. Shamma Sethi, has lost /misplaced SMC certificate stating legal heirs of Late Mr. Jaspal Singh, and Late Mr. Mohinder Kaur, All persons are hereby informed not to deal or carry out any transaction with anyone on the basis of the said missing document. If anyone has already carried out or being carried out kindly inform the undersigned in writing on the below mentioned address within 07 days of the present.

Kumar & Associates (Advocates & Consultants)
200, IInd Floor, 23, Shivaji Marg, Moti Nagar, N. Delhi-15
Ph : 011-41112527-28 kumarassociates.advocate@gmail.com

**PUBLIC NOTICE**

It is to inform to the public at large Mr. Raju S/o Mr. Nafe Singh who is purchasing the **BUILT-UP PROPERTY AREA MEASURING 265 SQ. YDS. OUT OF KHASRA NO. 512, SITUATED IN THE VILLAGE OF SHAHABAD DAULATPUR, DELHI** from **Mr. Raj Singh S/o Mr. Inder Singh,** who had owner through Khatauni Record, and same to be financed & mortgaged by **Vastu Housing Finance Corporation Ltd.** If any Person having any type of claim/right/ title/interest over the said property, may inform in writing, at the address mentioned below, about his objections, within 07 days from today, failing which it shall be presumed that the said property is free from all type of Encumbrances, lien, disputes etc.

Lucem Legal LLP
B-93B, on Second Floor, Opp. SBI, Sector-2, Noida, UP - 201301 Contact # 0120-4269379

**सार्वजनिक सूचना**

आम जनता को एतद्द्वारा सूचित किया जाता है कि श्रीमती सुखविंदर कौर, ने गांव ख्याला, दिल्ली, अब कॉलोनी रवि नगर, नई दिल्ली के नाम से जाना जाता है मे स्थित फ्रीहोल्ड संपत्ति सं. डब्ल्यूजेड-07, प्लॉट नंबर 16-ए, परिमाप 25.00 वर्ग गज, खसरा नंबर 32/11 का हिस्सा, पंजीकृत बिक्री विलेख दिनांक 16.07.2018 के आधार पर मालिक हैं सभी व्यक्तियों को एतद्द्वारा सूचित किया जाता हैं कि बिलकिस उपरोक्त संपत्ति को पंजीकृत बिक्री विलेख के माध्यम से फुलर्टन इंडिया होम फाइनेंस कंपनी के साथ श्रीमती सुखविंदर कौर से खरीद रहे हैं। यदि किसी व्यक्ति को उक्त संपत्ति में कोई प्रभार/हित/अधिकार है या किसी भी प्रकार का विवाद है, तो कृपया अधोहस्ताक्षरी को नीचे दिए गए पते पर लिखित रूप में वर्तमान से 07 दिनों के भीतर सूचित करें।

श्रीमती प्रसून लता, अधिवक्ता
एसजी एसोसिएट्स (लॉ फर्म)
यूनिट नंबर 7, बेसमेंट, प्लॉट नंबर सी 78, सेक्टर 2, नोएडा, यूपी 201301
ईमेल: sgassociatespl@gmail.com
फोन : 7011172764, 8130200837

**COURT NOTICE**

In the Court of the Civil Judge Sr. Division VIII at Jamshedpur, East Singhbhum

**Original Suit No. 122/2021**

Parmeshwari Devi & Others ..... Plaintiffs
V/s
Shambhu Nath Agarwal & Others ... Defendants

To,

(1). **PUSHPA DEVI AGARWAL,** W/o Late Ghanshyam Agarwal, residents of B4, A/29, Third Floor, Rana Pratap Bhag, Delhi - 110007. (2). **KUSUM JAGATRAMKA,** W/o Gourish Jagatramka, residents of Flat No. 305, Block Emperial Supertech Estate Sector 9, Vaishali, District Ghaziabad, Uttar Pradesh - 201010.

Whereas the above named plaintiff has instituted the present SUIT FOR PARTITION OF BUILDING BY METES AND BOUNDS AND LEASE HOLD RIGHT against you.

And whereas after receiving the summon you avoiding to appear in the above suit.

Thereby take notice that you are hereby summoned to appear in the above noted suit on the 05th day of November 2022 at **10:30 A.M.** eighter in person or through a lawyer duly authorized by you, who will be able to answer all the claims of the above suit, failing which the case will be heard and determined in your absence in accordance with law.

Given under my hand and seal of this Court on the 05th day of September 2022.

Sd/- Civil Judge, Sr. Division-VIII
Jamshedpur

# वैश्विक स्तर पर प्रतिकूल परिस्थितियों के बावजूद बढ़ती रहेगी भारतीय अर्थव्यवस्था : सीतारमण

भाषा। वाशिंगटन

**वित्त मंत्री निर्मला** सीतारमण ने कहा है कि विश्व स्तर पर प्रतिकूल परिस्थितियों के बावजूद चालू वित्त वर्ष में भारत की अर्थव्यवस्था वृद्धि के पथ पर बढ़ती रहेगी और इसके सात फीसदी की दर से वृद्धि करने का अनुमान है। अंतरराष्ट्रीय मौद्रिक वित्तीय समिति (आईएमएफसी) के पूर्ण सत्र के दौरान सीतारमण ने कहा कि यह बैठक ऐसे समय हो रही है जब वैश्विक आर्थिक परिदृश्य बड़ी अर्थव्यवस्थाओं की वृद्धि में गिरावट, भू-राजनीतिक परिस्थितियों के प्रभाव, खाद्य एवं ऊर्जा कीमतों में वृद्धि से बढ़ते मुद्रास्फीतिकारी दबाव जैसे जोखिमों का सामना कर रहा है और जिनसे संवेदनशील अर्थव्यवस्थाएं प्रभावित हो रही हैं। उन्होंने कहा, वैश्विक स्तर पर प्रतिकूल परिस्थितियों के बावजूद भारत की अर्थव्यवस्था बढ़ती रहेगी और 2022-23 में सात फीसदी की दर से वृद्धि करेगी। यह अनुकूल नीतिगत माहौल और वृद्धि को बढ़ावा देने के लिए अहम ढांचागत सुधारों पर सरकार के जोर देने की वजह से है। वित्त मंत्री ने आईएमएफसी के सदस्यों से कहा कि भारत सरकार ने मुद्रास्फीति प्रबंधन को जारी रखते हुए वृद्धि की रक्षा करने के लिए कदम उठाए हैं। सरकार ने बीते 25 महीनों से 80 करोड़ से अधिक संवदेनशील परिवारों के लिए नि:शुल्क खाद्यान्न उपलब्धता सुनिश्चित की है। उन्होंने कहा कि वित्तीय सेवाओं की अंतिम छोर पर और गरीबों तक पहुंच सरकार के लिए अहम प्राथमिकता है तथा इसे भारत की डिजिटल सार्वजनिक वस्तु अवसंरचना से मदद मिली है।



## आईएमएफ की शीर्ष अधिकारी से मौजूदा वैश्विक हालात पर की चर्चा

**वाशिंगटन।** वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) की उप प्रबंध निदेशक गीता गोपीनाथ से मुलाकात के दौरान मौजूदा वैश्विक परिदृश्य और अगले वर्ष भारत की जी20 समूह की अध्यक्षता से जुड़े मुद्दो पर चर्चा की है।सीतारमण की भारतीय-अमेरिकी अर्थशास्त्री गोपीनाथ से शुक्रवार को यह मुलाकात हुई। इस दौरान उन्होंने खाद्य एवं ऊर्जा सुरक्षा मुद्दो, वैश्विक ऋण संवेदनशीलता, जलवायु मुद्दो, डिजिटल परिसंपत्तियां और भारत की जी20 अध्यक्षता के बारे मे बात की। गोपीनाथ ने एक ट्वीट मे इसका जिक्र करते हुए कहा, भारत की वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण के साथ जी20 के मुद्दो पर बैठक अच्छी रही। भारत एक दिसंबर 2022 से 30 नवंबर 2023 तक एक साल के लिए जी20 समूह का अध्यक्ष बनने जा रहा है। इस दौरान वह जी20 समूह की 200 से अधिक बैठको की मेजबानी करेगा।

## प्रधानमंत्री रविवार को 75 डिजिटल बैंकिंग इकाइयों का करेंगे उद्घाटन

**श्रीनगर।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी रविवार को जम्मू कश्मीर की दो डिजिटल बैंकिंग इकाइयों समेत कुल 75 डिजिटल बैंकिंग इकाइयों का वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए उद्घाटन करेंगे। अधिकारियों ने बताया कि प्रधानमंत्री वित्तीय समावेशन को मजबूती देने के लिए देश भर के विभिन्न बैंकों की 75 डिजिटल बैंकिंग इकाइयों को रविवार को राष्ट्र के नाम समर्पित करेंगे। वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए इन इकाइयों का उद्घाटन करने के बाद प्रधानमंत्री राष्ट्र को संबोधित भी करेंगे। अधिकारियों ने कहा कि इन नई डिजिटल बैंकिंग इकाइयों में जम्मू कश्मीर की दो डिजिटल बैंकिंग इकाइयां भी शामिल हैं।

**Public Notice**

NOTICE is hereby given that Mr. Kunal Goel and M Sumit Goel are purchasing Property Bearing No. 24 area measuring 500 Sq. Yds., Situated at Sector-21 Urban Estate, Faridabad, Haryana from M/S Aniruc Healthcare Pvt. Ltd. who is the owner of the said proper by way of Sale Certificate dated 08.05.2019 Doc. N 1537. Now, Mr. Kunal Goel and Mr. Sumit Goel hav agreed to create mortgage in respect of the said proper in favour of our client IDFC first Bank Limited. Further, any person, body, individual, institution having any clair title, interest and /or objection in respect of or against relating to or touching upon said property or part of tl property by way of sale, exchange, lease, lie mortgage, charge, encumbrance, gift, trust, easemer maintenance, inheritance, testamentary deposition otherwise or having in their custody any title, documen pertaining the said property shall communicate the san to the undersigned at below mentioned address with 10 days from the publication of this notice wi documentary evidence in support thereof, failing whi all the claim, of such person shall be considered to hav been waived and or abandoned. Any objections raise after the completion of the 10 days shall not be bindir upon the said property or my Client & in case anyone ha any objection, the same may be raised within 10 days this publication to Mr. Muneesh Dhawan/ Mr. Sudhir Ja (Advocates), Law Veritas North, Unit no 907, 9th Floo GD-ITL Tower, (B-08), Netaji Subhash Place, Delt 110034 or contact at 9066707172/9818228636 (M).

## जन्म प्रमाण-पत्र के साथ आधार पंजीयन की सुविधा जल्द सभी राज्यों में शुरू होगी

**नई दिल्ली।** नवजात बच्चों के जन्म प्रमाण-पत्र के साथ ही उनके आधार क्रमांक पंजीयन की सुविधा अगले कुछ महीनों में सभी राज्यों में उपलब्ध होने की उम्मीद है। सरकारी सूत्रों ने यह जानकारी दी। फिलहाल नवजात बच्चों के आधार पंजीयन की सुविधा 16 राज्यों में मिल रही है। यह प्रक्रिया एक वर्ष पहले शुरू हुई थी और इसमें धीरे-धीरे करके कई राज्य जुड़ते गए। बाकी राज्यों में भी इस दिशा में काम चल रहा है। भारतीय विशिष्ट पहचान प्राधिकरण (यूआईडीएआई) को उम्मीद है कि अगले कुछ महीनों में सभी राज्यों में यह सुविधा शुरू हो जाएगी। इससे उन लोगों को आसानी होगी जिनके घर में किसी बच्चे का जन्म हुआ हो। पांच साल की उम्र तक के बच्चों की बायोमेट्रिक जानकारी नहीं ली जाती है। इस जानकारी को तब अद्यतन किया जाता है जब बच्चे की उम्र पांच और फिर 15 साल होती है। अब उद्देश्य यह सुनिश्चित करने का है कि जन्म प्रमाण-पत्र के साथ ही बच्चे का आधार भी जारी कर दिया जाए।

# वैश्विक मंदी का असर भारत पर काफी कम रहने की संभावना: एसबीआई प्रमुख

भाषा। वाशिंगटन

**भारतीय स्टेट बैंक** (एसबीआई) के चेयरमैन दिनेश खारा ने कहा है कि अंतरराष्ट्रीय मुद्राकोष (आईएमएफ) और विश्व बैंक जैसे संस्थानों की तरफ से वैश्विक मंदी आने को लेकर जताई जा रही आशंका के बावजूद भारत पर इसका असर दूसरे देशों की तुलना में कहीं कम रहने की संभावना है। आआईएमएफ और विश्व बैंक की सालाना बैठक में हिस्सा लेने आए खारा ने यहां पीटीआई-भाषा के साथ बातचीत में कहा कि चालू वित्त वर्ष में आर्थिक वृद्धि दर 6.8 प्रतिशत रहने के अनुमान और मुद्रास्फीति के काफी हद तक नियंत्रण में रहने से भारत तुलनात्मक रूप से अच्छा प्रदर्शन कर रहा है। खारा ने कहा, बड़े पैमाने पर भारत की अर्थव्यवस्था मांग के मामले में आंतरिक स्तर पर निर्भर करती है। उस लिहाज से देखें तो मेरी राय में वैश्विक मंदी का एक असर तो होगा लेकिन वह दुनिया से पूरी तरह जुड़ी अन्य अर्थव्यवस्थाओं जितना शायद नहीं होगा। उन्होंने कहा कि अन्य बड़ी अर्थव्यवस्थाओं की तुलना में भारत की अर्थव्यवस्था की बीटा घटक काफी कम होगा। यह घटक निर्यात का एक अहम हिस्सा है। खारा ने कहा कि वैश्विक अर्थव्यवस्था की मौजूदा स्थिति में भारत कहीं अच्छा प्रदर्शन कर रहा है। जहां तक मुद्रास्फीति का सवाल है तो यह मांग से नहीं बल्कि आपूर्ति से जुड़ा हुआ पहलू है। जहां तक रुपए की कीमत में आ रही गिरावट का सवाल है तो एसबीआई प्रमुख ने इसके लिए अमेरिकी डॉलर में आ रही मजबूती को जिम्मेदार बताया। उन्होंने कहा कि दुनिया की अन्य प्रमुख मुद्राओं की तुलना में भारतीय मुद्रा ने डॉलर के मुकाबले खुद को कहीं अधिक मजबूती से टिकाए रखा है।

**सार्वजनिक सूचना**

ICICI Bank | शाखा कार्यालय : आईसीआईसीआई बैंक लि., तृतीय तल, प्लॉट नंबर 23, न्यू रोहतक रोड, करोल बाग, दिल्ली-110005

निम्नलिखित कर्जदार/रों ने उनके द्वारा बैंक से प्राप्त की गई ऋण सुविधाओं के मूलधन और ब्याज के भुगतान में चूक की है और ये ऋण अनार्जक आस्तियों (एनपीए) के रूप में श्रेणीबद्ध किए गए हैं। उनको, वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 की धारा 13 (2) के अधीन एक सूचना उनके अंतिम ज्ञात पतों पर प्रेषित की गई थी, हालांकि यह सुपुर्द नहीं की जा सकी और इसलिए एतद्द्वारा उनको इस सार्वजनिक सूचना द्वारा अधिसूचित किया जा रहा है।

| क्र. सं. | कर्जदार/सह-कर्जदार/ गारंटर का नाम (ऋण खाता संख्या) एवं पता | प्रत्याभूत आस्ति /प्रवर्तित की जाने वाली आस्ति का सम्पत्ति पता | प्रेषित सूचना की तिथि/सूचना की तिथि तक बकाया राशि | एनपीए तिथि |
|---|---|---|---|---|
| 1. | अमर जीत सिंह/रजनी कौर/अर्शप्रीत सिंह - एच. नंबर 319, बस स्टैंड, अलवर, राजस्थान-301001- LBAWR00001916563 | पी. नंबर 3 का भू तल, ब्लॉक-ई, सेक्टर-48, विपुल वर्ल्ड, गुरूग्राम, हरियाणा-122022 | 06-08-2022 रू. 32,27,493/- | 11-04 -2022 |

सूचना प्रदान करने हेतु वैकल्पिक कदम उठाए जा रहे हैं। उपरोक्त कर्जदार/रों तथा/अथवा उनके गारंटरों (जैसा लागू है) को बकाया राशि का भुगतान इस सूचना के प्रकाशन की तिथि से 60 दिन के भीतर करने की सलाह दी जाती है, अन्यथा आगे वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002, के प्रावधानों के अनुसार आगे कदम उठाए जाएंगे।

तिथि : 15 अक्टूबर, 2022
स्थान : गुरूग्राम

प्राधिकृत अधिकारी
आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड

**सांकेतिक कब्जा सूचना**

ICICI Bank | शाखा कार्यालय : आईसीआईसीआई बैंक लि., नंबर 4/10, मैत्री टावर, बोम्मनहल्ली होसूर मेन रोड, बेंगलूरू-560 068

जबकि,
अधोहस्ताक्षरी ने आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड के प्राधिकृत अधिकारी के रूप में, वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 के तहत और प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियमावली 2002 के नियम 3 के साथ पठित अधिनियम की धारा 13(12) के तहत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए निम्नवर्णित कर्जदारों को मांग सूचनाएं जारी की थी, जिसमें उनसे सूचना में वर्णितानुसार बकाया राशि का भुगतान, उक्त सूचना की प्राप्ति की तिथि से 60 दिन के भीतर करने की मांग की गई थी। कर्जदार उपरोक्त राशि चुकाने में असफल रहे हैं, एतद्द्वारा कर्जदार और जनसाधारण को सूचना दी जाती है कि अधोहस्ताक्षरी ने उक्त नियमावली के नियम 8 के साथ पठित उक्त अधिनियम की धारा 13(4) के तहत उसको प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए यहां नीचे वर्णित संपत्ति का सांकेतिक कब्जा निम्नवर्णित तिथियों को प्राप्त कर लिया है। कर्जदार को विशेष रूप से तथा जन साधारण को एतद्द्वारा उक्त सम्पत्ति के संबंध में संव्यवहार नहीं करने हेतु सावधान किया जाता है तथा उक्त सम्पत्ति के संबंध में कोई भी संव्यवहार आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड की बकाया राशि के प्रभाराधीन होगा।

| क्र. सं. | कर्जदार का नाम/ऋण खाता संख्या | सम्पत्ति का वर्णन/सांकेतिक कब्जा की तिथि | मांग सूचना की तिथि/ मांग सूचना में राशि (रू.) | शाखा का नाम |
|---|---|---|---|---|
| 1. | पुष्पराज सलामोन एवं सुबजा पुष्पराज डी नंबर 6-206/3 संदामविलाई मेकोडेकालकुलम तालुम कन्याकुमारीज नंबर 688/13 बीसी तिरूनेलवेली-627006 / एलबीटीवीआई00004917051 एलबीटीवीआई00004917053 एलबीटीवीआई00004917052 | कन्याकुमारी जिला मार्तण्डम पंजी. जिला कालकुलम तालुम वीरकियालाबी पंजी उपमंडल मकोडू ग्राम मकोडू नेशन रिजर्व नंबर (688/13) उप मंडल, छह सौ अठासी वर्ण तेरह। रिजर्व नंबबर ऊपर (688/13बी) छह सौ अठासी वर्ण तेरह बी वर्ष 2002 नंबर 198, पंजीकृत तथा डीड 16 सेंट 313 वर्ग लिंग्स योजना 1 के अनुसार, 350.07 वर्ग मीटर का समान भाग (8 सेंट 650 वर्ग लिंग्स ऑन रिजर्व नंबर 688/13 तथा उप मंडल, रिजर्व नंबर 688/13 सी वर्ष 2014 तथा योजना 234.40 वर्ग मीटर का समान भाग (0.850 वर्ग लिंग्स) तथा 384. 47 वर्ग मीटर, ईस्टर्न साइड के बराबर (9 सेंट 500 वर्ग लिंग्स)। सम्पत्ति और ट्रांजिट अवसरों सहित। चौहद्दी- उत्तर : मनोकरण और थंकराज की सम्पत्ति, दक्षिण : मागिल ओर रासायलन का रास्ता, पूरब : मनोकरण का रास्ता, पश्चिम : अय्यप्पन का रास्ता, सांकेतिक कब्जा की तिथि : 11-10-2022 | 12-01-2022 रू. 24,89,442/- | तिरूनेलवेली |

उपरोक्त कर्जदारों/गारंटरों को एतद्द्वारा सूचना दी जाती है कि उपरोक्त राशि 30 दिन के भीतर चुकता कर दें, अन्यथा इस सूचना के प्रकाशन की तिथि से 30 दिन की अवधि व्यतीत होने पर उक्त बंधक रखी सम्पत्तियां प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियमावली 2002, के नियम 8 और 9 के तहत प्रावधानों के अनुसार बेच दी जाएंगी।

तिथि : 15-10-2022
स्थान : दिल्ली एनसीआर

प्राधिकृत अधिकारी
आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड

**सार्वजनिक सूचना**

सर्वसाधारण को सूचना दी जाती है कि निम्नलिखित गाड़ी नंबर वाली कारें जो कि अपनी लाइफ पूरी कर चुकी हैं पेट्रोल कारें 15 साल, डीजल कारें 10 साल। पाइन व्यू टेक्नोलॉजी प्राइवेट लिमिटेड द्वारा एम् सी डी ड्राइव में जब्त की गई थी और अभी तक किसी के द्वारा भी क्लेम नहीं की गयी है। इन सभी गाड़ी मालिकों को सूचित किया जाता है कि कंपनी के ऑफिस में आ कर गाड़ी की स्क्रैप वैल्यू क्लेम कर लें। अन्यथा ये सभी गाड़ियां अगले तीन दिन में स्क्रैप कर दी जाएंगी।

| | | |
|---|---|---|
| DL5CA5624, | TN23Q8523, | DL7SAK6567, |
| DL2CW1572, | DL7SAS6476, | DL7SK9086, |
| DL4SS2753, | DL7SAZ2675, | DL7SAJ4892, |
| DL8SZ9151, | DL7SU2120, | DL9ST1231, |
| DL6SS2302, | DL7SAQ0896, | DL7SE0276, |
| NOREG55, | UP14AF1137, | DL3SD5886, |
| CHN0280588 | DL7SAH2658, | DL7SAA5823, |
| CHN0349226, | DL7SAR5055, | DL7SP6272, |
| DL4CAA7424, | DL6SC7486, | DNK1311, |
| DL7CF1103, | UP32M5255, | DL7SP1280, |
| DL8SAK8089, | UP14C6010, | DL7SL0455, |
| DL3SAV1539, | DL7SV0935, | DL7SAJ9139, |
| DL6SS5198, | DL9SA5116, | DL3SL0593, |
| HR26Y8171, | DL9SU4144, | DL6SV7805, |
| DL7SX8215, | DL7SX3572, | DL3SAG2218, |
| DL8SAK7300, | DL7SAP2157, | DL1CM6421, |
| DL8SAH0641, | DL6SZ9190, | DL3CBL5361, |
| DL2SD6280, | DL7SP9973, | DL4SBG2791, |
| DL4SAW3694, | DL6SU0784, | DL8SAK5215, |
| DL2SG8335, | DL1LF9868, | DL8SNB2308, |
| DL8SN7674, | DL7CH2324, | DL8SAJ6626, |
| DL4SAF8588, | DL4CU8942, | DL4SB7329, |
| DL6SAB5127, | DL3CAK8956, | DL6SE8732, |
| HR01A4538, | WB02P0124, | AS25B6444, |
| DL8SAK2260, | DL6CJ7886, | DL8SG2607, |
| DL8SAE9984, | CG05F1521, | DL8SV4867, |
| DL8SH0405 | DL9CZ3213, | DL3SAZ6053, |
| DL4SAS8170 | DL2CAD7587, | DL8SAC6824, |
| DL1SK8388, | DL3CT0353, | UP32V2247, |
| DL6SP3634, | DL2CAD7651, | HR05P2149, |
| DL8SM1044, | DL2FHD9999, | DL8SG0940, |
| GJ106839, | DL8SY2650, | DL8SAK7701, |
| DL3SAS1242, | DL6SJ3214, | DL8SK7999, |
| DL8SAF0789, | DL4SAU9710, | DL8SAD4260, |
| DL4SAA6756, | HR20H4078, | DL9SL4840, |
| DL8SAJ4276, | DL8SAC0863, | HR13C9648, |
| DL8SW1004, | MP20KK1579, | DL8SW9564, |
| CH03Y4053, | DL8SAF4136, | DL8SAJ0656, |
| DL3SA5658, | DNN8450, | DL8SL1215, |
| DL8SK2793, | DL8SR9246, | DL8SNA1224, |
| DL4SBH9192, | DL8SD1278, | DL9SA0187, |
| DL8SAC8206, | DL8SN1626, | DL8SAG3191, |
| DL7CC2984, | DBF4341, | DL9SQ2718, |
| DL3CAK5384, | DL8SAG1407, | DL8ST6925, |
| DL2CAA7417, | DL3SA6875, | DL3ST5766, |
| PB02AS0048, | DL8SAK0599, | DL4SNB2858, |
| DL4CS1508, | DL8SAE5996, | DL8SP4122, |
| DL6CC5678, | DL4SAW8080 | DL3SX4237, |
| DL1LH6735, | DL8SN8013, | DL4SH3920, |
| DL6SB9863, | HNU4221, | DL8SAJ6443, |
| HR26AB2758, | DL8SAG2377, | DL8ST7573, |
| DL4SBE0892, | DL8SAF3471, | DL3CAK9808, |
| DL2CN2607, | DL4SNB5017, | NOREG60, |
| DL7CD6810, | DL3SAW5037, | DL9CJ0724, |
| HR26B3523, | DL4SAY0528, | DL2CAF1234, |
| DL7CD9425, | UA121628, | UP14M9744, |
| DL4CAB2206, | RJ14SK6266, | DL8SAG2336, |
| DL1CL2890, | DL5ST6916, | DL8SQ6455, |
| DL3CAD5584, | DL1SG9342, | DL8SL9809, |
| DL3CAC7854, | DL6SX9392, | DL9SA2785, |
| DL2FBC7777, | DL8SS5770, | DL8SQ8248, |
| DL9CH0422, | DL8SAE2598, | DL3SS0262, |
| DL8SM0788, | DL8SAM0380, | DL4SAQ4915, |
| DL8ST5627, | DL4SA9622, | DL8SD5592, |
| DL4SAU0027, | HR26AM1992, | DL3SAV3461, |
| DL8SY2948, | UP16P3472, | DL9SQ3217, |
| DL6SQ1717, | DL3CV1824, | HR01U1855, |
| RJ1449M9971 | PB08AX2255, | DL3SAY2631, |
| DL8SK7152, | DL7SP3808, | DL7SK6623, |
| DL6SV7426, | DL6SD7157, | DL8SAD2333, |
| DL3SQ6775, | NOREG57, | PB588542, |
| DL8SU3017, | DL9SM2994, | DL8SU1671, |
| DL3SAM7895, | DIW8100, | DL8SAG1644, |
| DL8SAD1943, | DL7SA7554, | DL8SZ6180, |
| DL8SZ2517, | DL7ST9829, | DL4SAC3820, |
| DL4SAY9820, | DL7SQ7358 | DL8SZ9284, |
| HR26H5990, | DL7SG3080, | UP15V4523, |
| DL8SAG6696, | DL9SG9307, | DL8SY4727, |
| DL6SV6261, | DL9S0676, | DL8SAH6381, |
| DL7CF4438, | DL9SB8844, | DL8SZ3065, |
| DL2FHT0052, | DL7SAK7078, | DL8SZ2786, |
| DL2CAG4812, | DAM6165, | DL8SAF9638, |
| DL3CAD6941, | DL7SAD5014, | DL8SZ0638, |
| DL4CA2851, | DL5SP8371, | DL5SU2093, |
| DL8CE3993, | DL6SD2920, | DL4CAG6030, |
| DL4CU7227, | DL7SAA8655, | DL3CAK0419, |
| DL7CE6422, | DL6ST6523, | UP65N7546, |
| HR51Q5736, | DL7SU7154, | DL7CB8757, |
| DL3CM6514, | DL7SAK2202, | DL1SP7507, |
| DL3CAG2339, | DL2SM1582, | NOREG61, |
| DL8SAD3214, | DL8SAF3719, | NOREG62, |
| DL8SAD3147, | DL8SJ6583, | DL7SF5184, |
| DL6SR7788, | DL8SAC2309, | DL4SAJ0490, |
| DL8SQ6283, | DL8SAG5374, | DL7SAB4598, |
| DL8SU6471, | DL7SAZ3480, | DL7SAQ5906, |
| DL11S4982, | DL1SM9677, | DL7SAD4832, |
| DL8SN8906, | MP045664, | DL3SAK0690, |
| UP78AK8851, | DL8SU4460, | DL7SJ7475, |
| DL7SAA3168, | DL6SR7833, | DL7SZ2980, |
| DL4SAQ8384, | DL8SA0046, | DL4SAJ3526, |
| DL8SAA2969, | DL8SU3800, | DL8SZ6074, |
| DL7SAB3502, | DL6SL7360, | DL8SW9925, |
| DL8SAD7477, | OR14C1761, | DL7SB6344, |
| DL8SJ9255, | DL6SS0838, | DL8SNB2892, |
| DL8SAF0594, | CH043858, | DL1SK1545, |
| HR10F9156, | DL7SW0530, | DL8SU5994, |
| DL8SAH7340, | NOREG59, | DL4SAJ6244, |
| DL8SAF6387, | DL8SNA1852, | DL4SAG2419, |
| DL4SAF4627, | HR08E1085, | DL4SAQ6949, |
| DL6SF0927, | DL8SQ3467, | DL7SV4084, |
| DL6SA3693, | DL4S4227, | DL4SW2795, |
| DL3SAF2984, | DL4SBP0942, | DL8SU8585, |
| DL4C1828, | DL8SU6851, | DL8SJ5331, |
| DAQ4763, | DL8SD7143, | DL8SAE7066, |
| DL2CZ3844, | DL4SAN9754, | HR24F4914, |
| DL3CQ8226 | DL2SC5503, | DL8SG9935, |
| DL2CB2023, | DL8SAF0642, | DL8SAJ3544, |
| DL3CAL1592, | DL4SAG8182, | DL8SM3769, |
| HR26AX7854, | DL8SZ2060, | DL6SY2018, |
| DL1CC0510, | DL8SU8275, | DL8SAG8151, |
| DL3CAQ4076, | DL8SAJ7315 | PB65C3179, |
| DL3FAL0333, | DL3SAK3350, | DL4SBF1035, |
| DL7C3565 | NOREG58, | DL8SN2526, |
| DL7CE8206, | DL5SS1020, | DBI2136, |
| DL3CAG9791, | DL7SX3017, | DL6ST9327, |
| DL3CAJ7497, | DL3SB5481, | DL8SAJ4724, |
| DL3CR2159, | DL7SX1877, | DL8SN0344, |
| DL7CC3807, | DL7SR6757, | DL1SP2376, |
| DL2CJ4209, | UP93F5800, | PB531379, |
| DL8SN0102, | DL7SW5014, | DL6SQ5117, |
| DL6SV9151, | DL6SC4648, | DDN7028, |
| UP32AA4330, | DL7SAQ5759, | KA04EU4990, |
| DL4SBH0180, | DL9SS2879, | DL8SE8854, |
| DL8SAG5005, | DL7SP7662, | DL8SAD5272, |
| DL4SAM4507, | DL6SM2094, | DNF1378, |
| DL4SBH8984, | DL7SE3902, | DL6SL8427, |
| DL4SAU0432, | UP16M4087, | DL8SAF4225, |
| WB40J7081, | DL7SAP9300, | DL3CAG7797, |
| DL8SAE2712, | UP81U4061, | HR26X7800, |
| DL2CP6201, | UA07T4884, | DL3FJ1000, |
| DL3CAZ1209, | DL7SF4970, | DH05166, |
| DL3CAL4203, | DL4SU4937, | DL9CN0869, |
| DL7CE2786, | DL2CAA7695, | HP72C1989, |
| DL2CAC2918, | HR26BT9192, | DL8CM8912 |

पायनियर
नई दिल्ली , रविवार, 16 अक्टूबर 2022



# एडीएम नमामि गंगे के सामने खुल गई पोल

- आरोपों में घिरे एआरटीओ अपनी करतूतों के बारे नहीं दे पाये कोई जवाब
- एक बार फिर जांच के जाल से बच निकला जादूगर
- जब चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी शर्मा के मोबाइल ने उगल दिये राज

संवाददाता। उरई (जालौन)

**बीती देर** शाम जैसे ही सहासक संभागीय परिवहन अधिकारी कार्यालय पहुंचते ही एडीएम नमामि गंगे ने चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी शर्मा का मोबाईल जब्त कर लिया और उसके द्वारा की गयी अंतिम कॉल पर दोबारा कॉल किया तो वो नंबर अवधेश सविता नाम के व्यक्ति का निकला जिसके बाद उसे दोबारा कार्यालय बुलाया गया, यहां आपको बता दें यह वह ही अवधेश सविता है जिसका विवरण लिखित शिकायत में दर्ज है। अवधेश सविता के कार्यालय आते ही उससे अकेले में जब पूंछतांछ की गयी तो उसने विद्यार्थी परिषद द्वारा सौंपे गये लगभग 25 वीडियो के बारे में पूरा राज उगल दिया। इसके बाद जांच टीम ने कार्यालय में तैनात हर बाबू से पूछा गया कि उन्होंने अपनी सरकारी आईडी प्राइवेट कर्मियों को क्यों सौंपी ? जिसका किसी के पास जवाब नहीं था।

### जादूगर कैसे बच निकला

**उरई।** जाँच के दौरान एडीएम नमामि गंगे ने एआरटीओ सौरभ कुमार को जादूगर सोनू को बुलाने के लिए कहा क्यों सारे गोपनीय काम जादूगर ही करता है। जिसके बाद घबड़ए हुये एआर टीओ सौरभ कुमार ने तुरंत आनन फानन में सोनू नाम के व्यक्ति को फोन लगाने के लिए कहा पर तब तक जादूगर के मुखबिरों ने जादूगर को कार्यालय में पहुंचे अधिकारीयों के बारे में बता दिया था जिस वजह से उसने कार्यालय आने से मना कर दिया।

### कौन है वो जो एआरटीओ कार्यालय से जांच टीम के जाते ही पहुंचा

**उरई।** सूत्रों की अगर माने तो एआरटीओ कार्यालय से जब जाँच अधिकारीयों का दल चला गया तो उसके तुरंत बाद एक एक व्यक्ति कार्यालय पहुंचा। रात के अँधेरे में उस व्यक्ति का कार्यालय में पहुंचना अब लोगों के बीच चर्चा विषय बना हुआ है वहीँ कुछ सूत्र बताते है यह व्यक्ति ही कार्यालय के सभी तरह के मैंनेजमेंट करता है। पर इस बार मैंनेजमेंट धड़ाम हो गया।

### नहीं चला मैंनेजमेंट का शिगूफा

**उरई।** अपने आप को हरिश्चन्द्र बताने वाले अधिकारी हर जगह अपने मैंनेजमेंट के सहारे बच जाता था और विगत दिनों से हर जगह यह कहते हुये देखा जाता था कि सब मैनेज हो गया है पर कल जब जाँच टीम पहुंची तो सभी मैंनेजमेंट के गुब्बारे फूटते हुये दिखे। तो ऐसे हरिश्चंद्रों के चेहरों से नकाब उतर गया।

### अब कब तक जाँच टीम अपनी रिपोर्ट डीएम के समक्ष रखेगी

**उरई।** एआरटीओ कार्यालय में फैले भ्रष्टाचार की जाँच करने पहुंचे एडीएम नमामि गंगे और संयुक्त मजिस्ट्रेट सौरभ कुमार के सामने विभाग की पोल खुल गयी। विगत दिनों पहले एआरटीओ कार्यालय में फैले भ्रष्टाचार ले सम्बन्ध में अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद व पूर्व सांसद, जिला पंचायत अध्यक्ष डा. घनश्याम अनुरागी ने लिखित शिकायत कर शासन को अवगत करवाया था। जिसके बाद अब तक भ्रष्टाचार से लिप्त अनेक वीडियो वायरल हो चुके है जिनमें सरकारी लिपिक से लेकर प्राइवेट कर्मी व दलालों के पैसे लेनदेन के अनेक वीडियो वायरल हो चुके है। इसी सम्बन्ध में जाँच करने तीन सदस्यी दल जिसमें एडीएम नमामि गंगे विशाल यादव संयुक्त मजिस्ट्रेट सौरभ पाण्डेय व जिला परियोजना अधिकारी कार्यालय पहुंचे थे।

# श्रावस्ती पहुँची शान्तिकुंज हरिद्वार की केन्द्रीय टोली



संवाददाता। श्रावस्ती, कटरा

**शान्तिकुंज** हरिद्वार से अखिल भारतीय गायत्री परिवार की एक केन्द्रीय टोली शुक्रवार को शुक्रवार को श्रावस्ती पहुंची। टोली ने आगामी नवम्बर में होने वाले युग सृजेता समारोह की तैयारियों का स्थलीय निरीक्षण किया। केंद्रीय टोली का प्रतिनिधित्व कर रहे श्याम बिहारी दुबे ने बताया कि पिछले कुछ दिनों से श्रावस्ती में बाढ़ की वजह से हालात खराब थे यहां जलभराव अधिक था। इस कार्यक्रम में पूरे प्रदेश से लगभग 10 हजार युवाओं का सृजन कर उनके व्यक्तित्व के विकास से आत्म परिष्कार करने का प्रयासरत है ताकि समाज और राष्ट्र को मजबूत युवा मिल सकें। जेतवन में जाकर सभी लोगों ने ध्यान किया उसके बाद आवास और आयोजन स्थल, जलभराव आदि का सर्वे किया। श्रावस्ती, बहराईच, गोण्डा, बलरामपुर, लखीमपुर, सीतापुर, बस्ती, लखनऊ आदि जिले से आए हुए सैकड़ों कार्यकर्ताओं के बीच गोष्ठी हुई जिसमें आगे की कार्ययोजना पर चिन्तन और मंथन हुआ। स्थानीय सुरक्षा की जिम्मेदारी निर्वहन कर रहे कटरा पुलिस चौकी प्रभारी अवध राम चौबे को दुप्पटा और गमछा देकर उन्हें सम्मानित किया। नरेन्द्र ठाकुर ने बताया जल्द ही पूरे प्रदेश के कार्यकर्ता यहां आकर समय और श्रमदान कर इस भव्य आयोजन को सफल बनाएंगे। इस दौरान जय प्रकाश वर्मा, मनीराम वर्मा, मान सिंह, अजय कुमार, अनुराग मौर्य, अरविंद निगम आदि लोग मौजूद रहे।

## क्विक न्यूज

### खनिज कमाण्ड सेंटर का डीएम ने फीता काटकर किया शुभारंभ

**उरई (जालौन)।** जिलाधिकारी चाँदनी सिंह व पुलिस अधीक्षक रवि कुमार ने उप खनिज के अवैध ओवरलोड वाहनों पर कड़ी निगरानी हेतु कलेक्ट्रेट परिसर में स्थापित खनिज कमाण्ड सेंटर का फीता काटकर उद्घाटन किया। खनिज कमाण्ड सेंटर का निर्माण जिला खनिज फाउंडेशन न्यास के मद से किया गया। खनिज कमाण्ड सेंटर का उदघाटन होते ही कुठौंद मार्ग से अवैध परिवहन व ओवरलोड वाहनो के विरुद्ध 350 नोटिस निर्गत किये जिससे एक करोड़ की वसूली की गई है। जिलाधिकारी ने जनपद में अवैध खनिज व ओवरलोड परिवहन न होने पाए इसके लिए उन्होंने माधौगढ़ के यूपी एमपी बॉर्डर व कोटरा में नए चेकगेट्स स्थापित करने के लिए खान अधिकारी को निर्देशित किया। उन्होंने कहा कि जनपद अवैध खनन व ओवरलोड किसी भी हाल में नहीं होने दिया जएगा। उन्होंने कहा कि चेकगेट्स के अतिरिक्त जिला प्रसाशन द्वारा नियुक्त टीम निरंतर भ्रमणशील रहेंगी।

### सब्जी मंडी में पाइप लाइन डली नहीं फिर भी वसूला जा रहा वाटर टैक्स

**जालौन (उरई)।** नवीन फल एवं सब्जी मंडी के निर्माण के बाद से अभी तक जल संस्थान द्वारा सब्जी मंडी में पानी की पाइप लाइन नहीं डलवाई गई है। इसके बावजूद दुकानदारों से वाटर टैक्स वसूला जा रहा है। मंडी के व्यापारी ने इसकी शिकायत तहसीलदार से की है। तहसीलदार ने समस्या के समाधान का आश्वासन दिया है। नवीन फल एवं सब्जी मंडी में व्यापारी अशफाक राईन ने तहसीलदार को शिकायती पत्र देकर बताया कि बंगरा रोड पर नवीन फल एवं सब्जी मंडी का निर्माण वर्ष 2002 में हुआ था। तभी से थोक सब्जी मंडी का व्यापार वहीं से होता है। मंडी के निर्माण के बाद से अब तक मंडी में पानी की पाइप लाइन नहीं डाली गई है। इसके बावजूद मंडी सचिव व्यापारियों से लगातार वाटर टैक्स वसूल कर रहे हैं। जो कि सरासर गलत है। इस संदर्भ में कई बार कार्यालय में संपर्क किया गया। लेकिन कोई कुछ सुनने और बताने के तैयार नहीं है। ऐसे में व्यापारियों को बिना कनेक्शन ही वाटर टैक्स भरना पड़ रहा है। व्यापारी ने तहसीलदार से मांग करते हुए कहा कि या तो मंडी में पाइप लाइन डलवाई जाए जिसके बाद वाटर टैक्स व्यापारियों पर निर्धारित किया जाए अथवा बिना पाइप लाइन के वसूले जा रहे वाटर टैक्स को बंद कराया जाए।

### ग्लोबल हैण्डवाशिंग डे पर स्वच्छता अभियान शुरू

**लखनऊ।** ग्लोबल हैंडवाशिंग डे के मौके पर सेसमी वर्कशॉप इण्डिया ने आज स्वच्छता और व्यवहार परिवर्तन गठबंधन के साथ मिलकर देश में स्वच्छता अभियान की शुरूआत की है। इस अभियान के माध्यम से व्यक्तियों में स्वच्छता का भाव जगाने और रोगों की रोकथाम वाली आदतों में स्थायी सुधार का संदेश देना है। सेसमी इण्डिया वर्कशॉप ने यह संदेश यूनिलीवर और ब्रिटेन सरकार के विदेश, राष्ट्रमंडल और विकास कार्यालय के गठबंधन स्वच्छता और व्यवहार परिवर्तन गठबंधन के सहयोग से यूट्यूब, फेसबुक और इंस्टाग्राम सहित डिजिटल चैनलों के माध्यम से 20 मिलियन से अधिक व्यक्तियों तक पहुंचाने का लक्ष्य निर्धारित किया है। अभियान के एक हिस्से मेंए सेसमी वर्कशाप इंडिया ने हिंदी, मराठी, तेलुगु और तमिल में वीडियोए पोस्टर और ई.पुस्तकों जैसे सरल किंतु आकर्षक आनलाइन प्रचार सामग्री का विकास किया है। यह सामग्री सोशल मीडियाए यूट्यूबए रेडियो और समुदायों में प्रत्यक्ष सेवाओं के माध्यम से तमाम परिवारों तक पहुंचेगी। स्कूलों में साबुन के ब्रांड लाइफब्वाय के सहयोग से सेसमी स्ट्रीट के अनोखे डिजिटल खेल एच फॉर हैंडवाशिंगष का एक नया हिंदी वर्जन भी वितरित किया जाएगा।

### सहाब में गौशाला न होने से अन्ना पशुओं की धमाचौकड़ी

**जालौन** (उरई)। ग्राम पंचायत सहाव एवं आसपास के गांवों में गोशाला न होने से किसान परेशान हैं। पीड़ित किसानों ने क्षेत्रीय सांसद व केंद्रीय राज्य मंत्री को पत्र लिखकर गांव में गोशाला खुलवाने की मांग की है। ग्रामीण श्याम सिंह राठौर, मनोज कुमार सिंह, शिव सिंह, प्रदीप कुमार पाल, हरजू कुशवाहा, मनोज कुशवाहा, हरिशंकर प्रताप सिंह आदि ने केंद्रीय राज्य मंत्री एवं क्षेत्रीय सांसद भानु प्रताप वर्मा को शिकायती पत्र भेजकर बताया कि ग्राम पंचायत सहाव सहित भदवां, सींगपुरा, जीपुरा, नबीपुर, अलाईपुरा, कुदरा कुदारी, बिरिया, गांव में गोशाला नहीं है। इन गांवों में अन्ना पशु फसलों को बर्बाद कर रहे हैं। एक तो अतिवृष्टि से वैसे भी किसानों की फसल नष्ट हो चुकी है। जो कुछ फसल बची है उसे अन्ना पशु नष्ट कर रहे हैं। किसान रात रात भर खेतों में जागकर फसल की रखवाली कर रहे हैं। इसके बाद भी फसल को नहीं बचा पा रहे हैं। साथ ही खेतों जहरीले जंतुओं का भी खतरा बना रहता है।

# बोलेरो की टक्कर से बंदर की मौत समाजसेवियों ने किया अंतिम संस्कार



**कुठौंद ( जालौन )।** शनिवार को जालौन–औरैया स्टेट हाईवे ग्राम मदारीपुर में सड़क पार करते समय एक बंदर बोलेरो की चपेट में आ गए जिससे वह बुरी तरह घायल हो गया जब तक उसको समाजसेवियों द्वारा डॉक्टर के पास ले जाया गया तब तक उसने दम तोड़ दिया। जिसके बाद समाजसेवियों ने विधिवत तरीके से उसका अंतिम संस्कार किया। बता दें कि सुबह मदारीपुर स्टैंड के पास स्टेट हाईवे पार करते समय एक बंदर तेज रफ्तार बोलेरो की चपेट में आ गया जिससे वह बुरी तरह लहूलुहान हो गया। इसके बाद घायल बंदर को मदारीपुर निवासी अमित यादव उर्फ बातू, ऋषि सोनी, शिवपूजन जोशी सहित कई लोग उसे डॉक्टर के पास ले गए लेकिन तब तक उसकी मौत हो चुकी थी। इसके बाद समाजसेवियों ने मानवता का फर्ज दिखाते हुए उस बंदर को लाल कपड़े में विधिवत तरीके से लपेटकर अपनी गाड़ी से यमुना ले जाकर अंतिम संस्कार किया।

# पीईटी परीक्षा केन्द्रों में प्रकाश व्यवस्था न होने पर डीएम ने लगाई कड़ी फटकार

संवाददाता। चित्रकूट

**जिलाधिकारी** अभिषेक आनन्द ने पीईटी परीक्षा केन्द्र जेएम इंटर कालेज कर्वी, गोस्वामी तुलसीदास महाविद्यालय बेडीपुलिया, सेठ राधाकृष्ण पोद्दार इंटर कालेज में हो रही पीईटी परीक्षा का निरीक्षण कर सीसीटीवी कैमरे, रिकार्डर कंट्रोल रुम का निरीक्षण कर विभिन्न कक्षों का जायजा लिया।

शनिवार को जिलाधिकारी ने परीक्षा केन्द्रों में प्रकाश व्यवस्था कम मिलने पर प्रधानाचार्यों से व्यवस्था दुरुस्त करने को कहा। सभी परीक्षा केन्द्रों में पेयजल व प्रकाश की व्यवस्था चौकस रहे। जिलाधिकारी ने सेक्टर मजिस्टेऊट, स्टेटिक मजिस्टेऊट, केन्द्र संचालकों को शान्तिपूर्ण व नकलविहीन परीक्षा कराने के निर्देश दिये। निरीक्षण में उनके साथ एडीएम नमामि गंगे सुनन्दू सुधाकरण, डीडीओ आरके त्रिपाठी, जिला समाज कल्याण अधिकारी ज्ञानेन्द्र सिंह भदौरिया, बीएसए लवप्रकाश यादव, भूमि संरक्षण अधिकारी हरिराज सिंह आदि मौजूद रहे।



पीईटी परीक्षा केन्द्रों का निरीक्षण करते डीएम पायनियर

### सप्ताह भर में सभी समस्याओं के समाधान के निर्देश दिये एएसपी ने

**जालौन ( उरई )।** संपूर्ण समाधान दिवस में आने वाली वाली शिकायतों को गुण दोष के आधार पर मौके पर जाकर तथा शिकायतकर्ता को जानकारी देकर एक सप्ताह में निस्तारण करा दे तथा निस्तारण की कापी जमा करा दे। यह निर्देश एएसपी असीम चौधरी ने तहसील सभागार में आयोजित समाधान दिवस में शिकायतें सुनने के बाद अधीनस्थों को दिये। अपर पुलिस अधीक्षक असीम चौधरी ने तहसील सभागार में आयोजित समाधान दिवस में शिकायतें सुनने के बाद निर्देश दिये कि समाधान दिवस में आने वाली प्रत्येक शिकायत को गंभीरता से लें और पूरी ईमानदारी व निष्ठा के साथ उसका निस्तारण करें। तहसील सभागार में आयोजित सम्पूर्ण समाधान दिवस में 30 शिकायतें दर्ज हुई जिसमें राजस्व विभाग की 1 शिकायत का मौके पर निस्तारण कर दिया।

# डीएम ने संपूर्ण समाधान दिवस में सुनीं फरियादियों की समस्यायें

संवाददाता। चित्रकूट

**जिलाधिकारी** अभिषेक आनन्द की अध्यक्षता में संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन तहसील सभागार मानिकपुर में संपन्न हुआ।

जिलाधिकारी ने समस्त जिला स्तरीय अधिकारियों से कहा कि शनिवार को संपूर्ण समाधान दिवस के अवसर पर जो समस्याएं प्राप्त हुई है उसमें प्रधानमंत्री आवास, राशन कार्ड, भूमि संबंधी एवं अन्य मामले हैं उनका निस्तारण एक सप्ताह के अंदर शासन की मंशा के अनुरूप कराएं, और वास्तविक रूप से शिकायतकर्ता को अवश्य सुने। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री जी के द्वारा गुणवत्ता को लेकर बार–बार निर्देश दिए जा रहे हैं कि समस्याओं का निस्तारण अगर गुणवत्तापूर्ण तहसील, थाना, ब्लॉक स्तर पर हो जाए तो वह जिला मुख्यालय तथा शासन तक प्रार्थना पत्र नहीं पहुंच सकते हैं। जिलाधिकारी ने उप जिलाधिकारी मानिकपुर प्रमेश श्रीवास्तव से कहा कि तालाब सड़क या अन्य सरकारी भूमि में जो अवैध कब्जा है उन्हें तत्काल अभियान चलाकर मय फोर्स के साथ हटाया जाए , इसी प्रकार बंदोबस्त अधिकारी चकबंदी को निर्देश दिए कि चकबंदी से संबंधित जो भी मामले हैं उन्हें संबंधित अधिकारियों तथा कर्मचारियों के साथ मौके पर जाकर निस्तारण कराएं।

संपूर्ण समाधान दिवस के अवसर पर उप जिलाधिकारी मानिकपुर प्रमेश श्रीवास्तव, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ0 भूपेश द्विवेदी, क्षेत्राधिकारी मऊ शीतला प्रसाद पांडेय, परियोजना निदेशक ऋषि मुनि उपाध्याय, डीसी मनरेगा धर्मजीत सिंह,बन्दोबस्त अधिकारी चकबंदी एस के शुक्ला, नायब तहसीलदार विवेक कुमार, अग्रणी जिला प्रबंधक इंडियन बैंक दीपक कुमार, अधिशासी अधिकारी नगर पंचायत मानिकपुर राम आशीष वर्मा, खंड विकास अधिकारी मानिकपुर धनंजय सिंह सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे।



समाधान दिवस में लोगों की समस्यायें सुनते डीएम अभिषेक आनन्द पायनियर

# गायों के लिये क्वारंटीन सेंटर बना जिम्मेदार अपने कर्तव्य भूले

### विहिप, बजरंग दल ने दी आंदोलन की चेतावनी

**रामपुरा** (जालौन) । पिछले दिनों विश्व हिन्दू परिषद बजरंग दल प्रखण्ड रामपुरा के कार्यकर्ताओं द्वारा उप जिलाधिकारी माधौगढ को जो ज्ञापन दिया गया था जिसके परिणाम स्वरूप नगर रामपुरा मे नहर कोठी पर कोरंटीन सेंटर बनाया गया है। जहां संक्रमित गायों को रखा जायेगा एवं उनके उपचार की समुचित व्यवस्था की जायेगी लेकिन ऐसा कुछ नहीं हुआ जिम्मेदारों ने मात्र कोरंटीन सेंटर बनाकर इतिश्री कर ली। शनिवार को विश्व हिन्दू परिषद, बजरंग दल कार्यकर्ताओं ने ऊमरी बस स्टैंड स्तिथ कुटिया पर लम्पी वायरस से संक्रमित गाय माता को कोरन्टीन सेंटर नहर कोठी पर पहुंचाया मौके पर संक्रमित एक गौ माता एक बछड़ा था वह भी माधौगढ़ से आयी हुयी गाय माता थी जो उप जिलाधिकारी के आदेश पर रामपुरा कोरन्टीन की गयी है। ऐसा नगर के जिम्मेदार जनप्रतिनिधि ने बताया नगर पंचायत रामपुरा में लंपी रोग से ग्रसित गाय माता को कोरंटीन सेंटर व बेआसरा गाय माताओं को सुरक्षित गौशाला पहुंचाने की समस्या से नगर के जनप्रतिनिधि व अधिशाषी अधिकारी लापरवाही कर अपनी वाहवाही लूटकर मीडिया के माध्यम से समाज को भ्रमित कर रहे हैं। जबकि संक्रमित गाय माता लंपी रोग से ग्रसित होकर दम तोड़ने की कगार पर है। बेसहारा घूम रही हैं अब भी यदि सुधार नहीं होता है तो विश्व हिन्दू परिषद, बजरंग दल जिला संगठन की उपस्थिति में प्रखण्ड रामपुरा धरना प्रदर्शन एवं आंदोलन के लिए विचार पूर्वक बाध्य होगा।

### आफीशियल ऑटोमोटिव पार्टनर

**कानपुर।** किआ इंडिया ने अंडर.17 वुमंस वर्ल्ड कप इंडिया 2022 में परिवहन के जुड़ी जरूरतों को पूरी करने के लिए फीफा को अपनी प्रोडक्ट रेंज में से 68 वाहनों की आपूर्ति की है। 7 अक्टूबर 2022 को नवी मुंबई के डीवाय पाटिल स्टेडियम में आयोजित एक कार्यक्रम में किआ कारेन्स की 30 यूनिट्सए किआ कार्निवल की 20 यूनिट्स और किआ सेल्टोस की 18 यूनिट्स फीफा अधिकारियों को सौंपी गईं हैं। इस समारोह में ताए.जिन पार्कए मैनेजिंग डायरेक्टर और सीईओए किआ इंडिया और जैमी यारज़ा डायरेक्टर ऑफटूर्नामेंट फीफा भी मौजूद थे। किआ फीफा अंडर.17 वुमंस वर्ल्ड कप इंडिया 2022का आफीशियल ऑटोमोटिव पार्टनर है।

# लंपी वायरस ग्रसित पशुओं पर एंटी सेप्टिक दवाओं का किया छिड़काव

**जालौन ( उरई )।** नगर में गोसंपदा संरक्षण शोध संस्थान एवं गोरक्षा अभियान के तत्वावधान में लंपी वायरस से ग्रसित अन्ना पशुओं पर एंटी सेप्टिक दवाओं का छिड़काव किया गया। ताकि बीमारी से अन्य जानवर बचे रहें। गोसंपदा संरक्षण शोध संस्थान एवं गोरक्षा अभियान के तत्वावधान में गोसवक अनिल शिवहरे, राजा सिंह सेंगर, पम्मू महाराज, रामजी ताम्रकार, मनोज गुप्ता, गोपाल पुरवार आदि ने नगर में अन्ना गोवंशों को लंपी वायरस से बचाने के लिए उन पर एंटी सेप्टिक दवाओं का छिड़काव किया। अभियान के पहले दिन मोहल्ला गणेशजी, मुरली मनोहर, काशीनाथ एवं चुर्खीबाल मोहल्लों में अभियान चलाया गया। गोसंपदा संरक्षण शोध संस्थान के अध्यक्ष अनिल शिवहरे ने बताया कि लंपी वायरस गोवंश के लिए घातक है। वैक्सीनेशन का कार्य धीमी गति से चल रहा है। वहीं, लंपी वायरस की चपेट में नगर के पशु भी आ रहे हैं। ऐसे में उनकी संस्था द्वारा लंपी वायरस की रोकथाम के लिए नीम, हल्दी, फिनायल व बीटाडीन का असरदायक घोल तैयार किया है। जिसका छिड़काव नगर के अन्ना गोवंश पर किया जा रहा है। पहले दिन चार मोहल्लों में छिड़काव किया गया है। प्रतिदिन अभियान चलाकर नगर के सभी अन्ना गोवंश पर उक्त दवा का छिड़काव किया जाएगा। वहीं, राजा सिंह सेंगर ने गोपालकोंसे अपील की है कि सभी गोपालक अपने गोवंश का वैक्सीनेशन कराएं। जब तक वैक्सीनेशन नहीं होता है तब तक मुरली मनोहर तालाब स्थित श्रीगोवर्धन गोशाला से नि:शुल्क एंटीसेप्टिक दवा का प्राप्त कर उसे अपने गोवंश पर छिड़काव कर सकते हैं। इस कार्य में भरत अग्रवाल, ऋषभ ताम्रकार, अभिषेक ताम्रकार, लालन ताम्रकार, प्रथम गुप्ता, मनु गुप्ता आदि ने सहयोग किया।



गोवंशों पर एंटीसेप्टिक दवा का छिड़काव करते गोसेवक पायनियर

# पर्यावरण विज्ञान साक्षरता के प्रति जागरूकता के लिए पांच दिवसीय कार्यशाला

- विज्ञान व प्रौद्यौगिकी मंत्रालय के सहयोग से हुआ आयोजन

संवाददाता। चित्रकू ट

**बुन्देलखण्ड** डिवपलपमेन्ट रिसर्च फाउण्डेशन, चित्रकूट द्वारा विज्ञान साक्षरता एवं विज्ञान संचार के माध्यम से पर्यावरण के प्रति युवाओ को संवेदित करने के लिए पॉच दिवसीय कार्यशाला का आयोजन कामदगिरि रेस्टोरेन्ट मे किया गया।जिसका शुभारम्भ शंकर दयाल और शिव कुमार शुक्ला जी मॉ सरस्वती के चरणो मे पुष्प समर्पित करके किया।

विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी मंत्रालय भारत सरकार के सहयोग से आयोजित इस पॉच दिवसीय प्रशिक्षण कार्यशाला के समन्वयक आदित्य कुमार मिश्रा ने कार्यक्रम के उद्देश्यों को बताते हुए कहा कि इस कार्यशाला मे विभिन्न ग्राम पंचायतो से चयनित 25 प्रतिभागी प्रतिभाग कर रहे है। इस कार्यक्रम का प्रमुख उद्देश्य ग्रामीणो में पर्यावरण विज्ञान साक्षरता के प्रति समझ विकसित करना तथा विज्ञान मीडिया के माध्यम से प्राकृतिक संसाधन के संरक्षण के प्रति संवेदित करना तथा प्राकृतिक संसाधन के पुर्न उपयोग की प्रवृत्ति विकसित करना है। कहा कि मानव कल्याण एवं सम्पूर्ण वातावरण की सुरक्षा के लिए किये जाने वाले सार्थक एवं दिशात्मक प्रयास, पर्यावरण संरक्षण के बिना संभव नहीं है”। कार्यक्रम समन्वयक आदित्य मिश्रा ने प्रशिक्षणर्थियो को प्रोजेक्टर के माध्यम से भूजल क्या है, जल संकट, जल प्रबंधन, भू जल संरक्षण तथा उत्त्र प्रदेश भूजल प्रबधन बिल 2017 के विषय मे पावर प्वाइंट प्रजेन्टेशन तथा लघु फिल्म के माध्यम से पर्यावरण के प्रति संवेदित किया। वहीं कार्यशाला मे पर्यावरण संरक्षण के प्रति संवेदित करते हुए शंकर दयाल ने प्रशिक्षणर्थियो को वायु प्रदूषण के बारे मे सजग करते हुए अपने उद्बोधन मे कहा कि उत्तर प्रदेश न केंवल जनसंख्या के मामले अपितु प्रदूषण मे भी अग्रणी है। पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय ने “राष्ट्रीय स्वच्छ वायु कार्यक्रम” जारी किया है जो विशेष रूप देश मे बढते वायु प्रदूषण को नियत्रिंत करने और कम करने के लिए बनाया गया था। जलवायु परिवर्तन के समाधान के रूप मे सौर उर्जा को बढावा देना आवश्यक है। उत्तर प्रदेश सरकार ने स्वच्छ सौर उर्जा के बारे मे जनता को बढावा देने और शिक्षित करने के लिए कई कदम उठाए हैं। पर्यावरण के प्रति जागरूकता को लेकर जनता हर दिन अधिक जागरूक और संवेदनशील होती जा रही है। वहीं समाजसेवी अशोक कुमार ने प्रशिक्षणर्थियो को सम्बोधित करते हुए कहा कि बुन्देलखण्ड क्षेत्र मे जल संकट क्यूॅ है इस पर चिंतन करने की आवश्कता है। जल हमारे जीवन के लिए प्रकृति की अमूल्य संपदा है जिसे मानव बना नही सकता है। हमारा जीवन जल के बिना संभव नही यह जानते हुए भी हम इस जल के प्रति अमानवीय है। डा0 धमेन्द्र सिंह ने कहा कि हम सभी पानी पर निर्भर जीव है हमारे शरीर के 60 प्रतिशत भाग मे दिमाग के 70 प्रतिशत हिस्से मे और रक्त 80 प्रतिशत हिस्से मे पानी है। पृथ्वी मे जितना पानी मौजूद है उसमे तीन प्रतिशत मात्र ही पीने योग्य है।प्रगतिशील किसान शिव कुमार शुक्ला ने कहा कि अधिकतर जनसंख्या कृषि पर निर्भर है और उनकी आर्थिक स्थिति ठीक नही है जिससे कुपोषण, बाल मजदूरी और पलायन जैसी समस्यओ का सामना करना पडता है जिससे निपटने के लिए ग्राम वासियो को वैज्ञानिक तरीके से औषधीय प्रजाति के पौधे लगाना चाहिए तथा औषधीय खेती (जैसे- सफेद मूसली, एलोवेरा ) की भी खेती वैज्ञानिक तरीके से युवाओ को आगे आना चाहिए। डा0 विकास ने पॉच दिवसीय प्रशिक्षण कार्यशाला को सम्बोधित करते हुए बताया 15 अक्टूबर हमारे देश के महान वैज्ञानिक डा0 अब्दुल कलाम जी का जन्म दिवस है हमे उनसे प्रेरणा लेते हुए समाज वैज्ञानिक दृष्टिकोण विकसित करना चाहिए तथा समाज के हर वर्ग तक विज्ञान मीडिया के माध्यम से विज्ञान का प्रचार प्रसार करना चाहिए।




जागरूक करते विशेषज्ञ पायनियर

# भारतीय महिलाएं बनीं एशिया कप चैंपियन

● श्रीलंका को हराकर सातवी बार महिला एशिया कप जीता

● फाइनल में आठ विकेट से हासिल की जीत

भाषा। सिलहट



**भारत ने** एकतरफा मुकाबले में शनिवार को श्रीलंका को आठ विकेट से हराकर आठ सत्र में सातवीं बार महिला एशिया कप जीत लिया है। पिछले 14 साल में पहली बार फाइनल खेल रही श्रीलंका टीम ने टॉस जीतकर बल्लेबाजी का फैसला किया। वह नौ विकेट पर 65 रन ही बना सकी और भारत ने 8 . 3 ओवर में लक्ष्य हासिल कर लिया। स्मृति मंधाना ने 25 गेंद में नाबाद 51 रन बनाए। श्रीलंकाई कप्तान चामारी अटापट्टू तीसरे ओवर में रन आउट हो गई जिसके बाद विकेटों का पतझड़ लग गया। अनुष्का संजीवनी भी छह गेंद बाद रन आउट हो गई। अगस्त में राष्ट्रमंडल खेलों के बाद से शानदार फॉर्म में चल रही रेणुका सिंह ने हसिनी परेरा को पहली ही गेंद पर पवेलियन भेज दिया। वह कवर में कैच देकर लौटी और उस समय श्रीलंका का स्कोर चार विकेट पर नौ रन था। कविशा दिलहारी भी ज्यादा देर नहीं टिक सकी और श्रीलंका की आधी टीम 16 के स्कोर पर पवेलियन लौट गई। रेणुका की इनकमिंग गेंद को खेलने के प्रयास में वह बोल्ड हो गई। राजेश्वरी गायकवाड़ ने निलाक्षी डिसिल्वा के रूप में अपना पहला विकेट लिया। श्रीलंका का स्कोर इस समय आठ विकेट पर 32 रन था और लग रहा था कि टीम 50 रन भी नहीं बना सकेगी। रणवीरा ने हालांकि 22 गेंद में नाबाद 18 रन बनाकर उसे इस शर्मिंदगी से बचाया। भारतीयों ने अनुशासित गेंदबाजी की लेकिन शॉट चयन खराब रहने के कारण श्रीलंका के बल्लेबाजों को ज्यादा नुकसान हुआ। सेमीफाइनल में पाकिस्तान को हराने वाली श्रीलंकाई टीम उस लय को कायम नहीं रख सकी। भारत ने जवाब में शेफाली वर्मा और जेमिमा रौड्रिग्स के विकेट गंवाए। इसके बाद मंधाना ने टीम को जीत तक पहुंचाया। कप्तान हरमनप्रीत कौर 14 गेंद में 11 रन बनाकर नाबाद रही। मंधाना ने अपनी पारी में छह चौके और तीन छक्के जड़े और ओशाडी रणसिंघे को छक्का लगाकर विजई रन लिए। अगले साल टी20 विश्व कप से पहले भारत का आत्मविश्वास इस जीत से बढेगा।

## विश्व कप में जीत अब ज्यादा दूर नहीः दीप्ति

**सिलहट।** एशिया कप खिताब के रिकॉर्ड सातवी बार जीतने वाली भारतीय महिला क्रिकेट टीम की अनुभवी हरफनमौला खिलाड़ी दीप्ति शर्मा ने शनिवार को यहां कहा कि अब विश्व कप का खिताब ज्यादा दूर नही है। टूर्नामेंट मे भारतीय टीम को सिर्फ एक हार का सामना पाकिस्तान के खिलाफ करना पड़ा।टूर्नामेंट के आठ मैचो मे 13 विकेट लेकर प्लेयर ऑफ सीरीज का खिताब जीतने वाली दीप्ति ने कहा, एक टीम के तौर पर हमने पहले मैच से लेकर फाइनल तक अच्छा प्रदर्शन किया। जाहिर है, जब आप फाइनल जीतते है तो यह आपको आत्मविश्वास देता है। उन्होंने टूर्नामेंट के दौरान 7.69 की औसत से विकेट निकाले और फाइनल मे चार ओवर में महज सात रन देकर टीम की जीत की नीव रखी। दीप्ति ने कहा, एक टीम के रूप में हमने अच्छा प्रदर्शन किया है और एक दूसरे का समर्थन किया है जो अच्छा है। पूरे टूर्नामेंट के दौरान हम हर मैच का लुत्फ उठाना चाहते थे।भारत ने 2018 के फाइनल मे बांग्लादेश से हारने के अलावा एशिया कप के सभी सत्र जीते है। भारतीय महिला टीम ने हालांकि विश्व कप जीत का स्वाद अब तक नही चखा है। टीम 2005 और 2017 मे एकदिवसीय विश्व के फाइनल मे पहुंची है जबकि 2020 मे टी20 अंतरराष्ट्रीय विश्व कप मे टीम ने फाइनल तक का सफर तय किया है। एशिया कप जीत से उत्साहित दीप्ति ने कहा कि विश्व कप जीत अब दूर नही है। दक्षिण अफ्रीका मे टी20 विश्व कप का अगला सत्र सिर्फ चार महीने दूर है। दीप्ति ने कहा, गेंदबाजी और बल्लेबाजी इकाई के तौर पर अगर हम ऐसे ही काम करें तो विश्व कप भी ज्यादा दूर नही है। जब भी हम अगली बार फाइनल खेलेंगे तो यही मानसिकता होगी। एशिया कप की यह जीत निश्चित रूप से बहुत मदद करेगी। जीत के क्षण आपको आगामी श्रृंखला के लिए आत्मविश्वास देते है।

### स्कोरबोर्ड

**श्रीलंका** :अटापट्टू रन आउट 06,संजीवनी रन आउट 02, समरविक्रमा का ऋतु बो रेणुका 01,डिसिल्वा बो राजेश्वरी 06, परेरा का स्मृति बो रेणुका 00, दिलहारी बो रेणुका 01,राणासिंघे बो राजेश्वरी 13,शेहानी का एवं बो स्नेह 00,सुगंधिका बो स्नेह 06, रणवीरा नाबाद 18,कुलसूर्या नाबाद 06,**अतिरिक्तः** (वाइडः06) 06,**कुल योगः** (20 ओवर में नौ विकेट पर) 65 रन, **विकेट पतनः** 1-8 , 2-9, 3-9, 4-9 , 5-16, 6-18, 7-25 , 8-32, 9-43 ,**गेंदबाजीः** दीप्ति 4-0-7-0,रेणुका 3-1-5-3,राजेश्वरी 4-0-16-2,स्नेह 4-0-13-2,हेमलता 3-0-8-0,शेफाली 2-0-16-0

**भारतः** शेफाली स्टं संजीवनी बो रणवीरा 05,मंधाना नाबाद 51, रोड्रिग्स बो दिलहारी 02, हरमनप्रीत नाबाद 11,अतिरिक्तः (वाइड :02) 02,**कुल योगः** (8.3 ओवर में दो विकेट पर) 71 रन, **विकेट पतनः** 1-32, 2-35 **गेंदबाजीः** रणसिंघे 2.3-0-30-0,सुगंधिका 1-0-7-0,रणवीरा 3-0-17-1,दिलहारी 2-0-17-1

## हमें गेंदबाजों और क्षेत्ररक्षकों को श्रेय देना चाहिएः हरमनप्रीत

भाषा। सिलहट

**भारतीय** कप्तान हरमनप्रीत कौर ने महिला एशिया कप में टीम के विजई अभियान के बाद शनिवार को यहां गेंदबाजी और क्षेत्ररक्षण की तारीफ करते हुए कहा कि टीम ने मैच की पहली गेंद से ही अपना दबदबा बनाए रखा था। हरमनप्रीत ने मैच के बाद संवाददाता सम्मेलन में कहा, हमें अपने गेंदबाजों को श्रेय देना चाहिए। हमारी क्षेत्ररक्षक इकाई पहली गेंद से अच्छी थी और हमने चर्चा की कि हमें आसान रन नहीं देने है। आपको विकेट को समझकर उसके अनुसार क्षेत्ररक्षकों को सही जगह पर रखना होता है। उन्होंने कहा, हम स्कोरबोर्ड की तरफ नहीं देख रहे थे हम पांच–पांच ओवरों के लिए लक्ष्य बना रहे थे। हमने कभी नहीं सोचा कि कितने रन बने है। रेणुका सिंह ने कहा कि पिछले कुछ मैचों में लचर प्रदर्शन के बाद वह इस मैच में बेहतर करना चाहती थी। बहुत खुश हूं क्योंकि पिछले कुछ मैचों में मैंने अच्छी गेंदबाजी नहीं की। मैंने अपने कोच और सहयोगी सदस्यों के साथ अभ्यास किया और उन्होंने वास्तव में मुझे अपनी लय वापस लाने में मदद की। मैंने बस अपने बेसिक्स पर ध्यान दिया और सफलता हासिल की। मेरी पूरी टीम ने मेरा बहुत अच्छा समर्थन किया और इसका श्रेय मेरे कप्तान, कोच और सहयोगी सदस्यों को को जाना चाहिए।

# भारत के सामने अब होगी आस्ट्रेलिया की कड़ी चुनौती



भाषा। कुवैत सिटी

**भारतीय टीम** इराक के खिलाफ मिली हार से उबरकर रविवार को यहां एएफसी अंडर–20 फुटबॉल चैम्पियनशिप के ग्रुप एच क्वालीफायर में मजबूत आस्ट्रेलिया की कड़ी चुनौती का सामना करेगी। भारत ने शुरूआती मैच में हाफ टाइम में 2–1 की बढ़त गंवा दी थी जिससे उसे इराक से 2–4 से हार का सामना करना पड़ा। मुख्य कोच शनमुगम वेंकटेश ने कहा, हमने बीती रात आस्ट्रेलिया और कुवैत के बीच मैच देखा। निश्चित रूप से उनकी टीम बहुत अच्छी है। वे ग्रुप में शीर्ष पर के दावेदार हैं। हमें उनके खिलाफ अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करना होगा। भारत फॉर्म में चल रहे गुरकीरत सिंह और ताइसन सिंह की जोड़ी पर काफी निर्भर करेगा। गुरकीरत एक गोल कर चुके हैं और इराक के खिलाफ मिली हार में एक और गोल करने में मदद की। वेंकटेश ने कहा, अगर हम एकजुट होकर खेलते हैं तो हम उनके खिलाफ भी अच्छा परिणाम हासिल कर सकते हैं। आस्ट्रेलिया ने मेजबान कुवैत को 4–1 से हराकर अपना अभियान शुरू किया और इराक के साथ तालिका में शीर्ष पर है। भारत और कुवैत क्रमशः तीसरे और चौथे स्थान पर हैं।

## एएफसी अंडर 20 एशियाई कप पहले क्वालीफाइंग मैच में हारा भारत

**कुवैत सिटी।** भारतीय फुटबॉल टीम एएफसी अंडर 20 चैम्पियनशिप मे ग्रुप एच के क्वालीफायर मे ईराक से 2-4 से हार गई। मैच का पहला गोल दूसरे ही मिनट मे ईराक के लिए अब्दुल रज्जाक कासिम ने किया। भारत के लिए गुरकीरत सिंह और टायसन सिंह ने मौके बनाए लेकिन गोल नही कर सके। गुरकीरत ने 22वे मिनट मे बराबरी का गोल दागा। उन्होने 33वें मिनटमे महीसन सिंह के गोल के सूत्रधार की भूमिका भी निभाई। हाफटाइम तक भारत ने बढत बना ली थी लेकिन दूसरे हाफ मे पासा पलट गया। हैदर तोफी ने बराबरी का गोल दागा और सादिक शाहीन ने ईराक को बढत दिला दी।

# शमी के रिकवरी के संकेत, बुमराह पर जोखिम नही ले सकते थे



भाषा। मेलबर्न

**भारतीय** कप्तान रोहित शर्मा ने शनिवार को कहा कि टीम टी20 विश्व कप में चोटिल तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह को उतारने का जोखिम नहीं ले सकती थी जबकि उनके विकल्प मोहम्मद शमी कोरोना संक्रमण से पूरी तरह उबर रहे हैं। टी20 विश्व कप से पहले कप्तानों की प्रेस कांफ्रेंस में रोहित ने शमी की फिटनेस को लेकर जानकारी दी। जुलाई से प्रतिस्प्र्धी क्रिकेट नहीं खेले शमी को टीम में शामिल किया गया है। रोहित ने कहा , शमी को दो तीन सप्ताह पहले कोरोना हुआ था। उस समय उसे एनसीए बुलाया गया। उसने पिछले दस दिन में काफी मेहनत की है और अब वह ब्रिसबेन में है। वह कल हमारे साथ अभ्यास करेगा। उसकी रिकवरी के बारे में जो कुछ सुना है, वह सकारात्मक है।उसने तीन चार गेंदबाजी सत्र में भाग लिए। हमने पिछले 12 महीने में खिलाड़ियों के प्रबंधन के लिए पूरे उपाय किए लेकिन चोट लग जाती है। टीम में जो भी हैं, उन्हें मैच अभ्यास मिला है। बुमराह कमर की चोट के कारण टीम से बाहर है जिससे भारतीय गेंदबाजी कमजोर लग रही है। रोहित ने कहा , बुमराह शानदार गेंदबाज है। हमने उसकी चोट के बारे में कई विशेषज्ञों से बात की लेकिन जवाब सकारात्मक नहीं मिला। विश्व कप अहम है लेकिन उसका कैरियर उससे भी ज्यादा महत्वपूर्ण है। वह 27 . 28 साल का ही है। उन्होंने कहा , उसे यहां खिलाकर जोखिम नहीं लिया जा सकता था। हमें उसकी कमी खलेगी। उन्होंने कहा , चोट लगना दुर्भाग्यपूर्ण है लेकिन यह चलता रहता है। यही वजह है कि हमने पिछले एक साल में खिलाड़ियों का बड़ा पूल बनाया है। इतने मैच खेलने पर चोटें तो लगेंगी ही। पिछले एक साल में हमारा फोकस बेंच स्ट्रेंथ पर रहा है। रोहित ने कहा कि उपलब्ध खिलाड़ियों से ही टीम को सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करना होगा और चोटिल खिलाड़ियों के बारे में सोचते रहने से कुछ नहीं होगा। इसके बारे में निराश होने से कुछ नहीं होगा। क्या करना है, यह महत्वपूर्ण है। हम इसलिए ही यहां जल्दी आए हैं और दो अभ्यास मैच खेल चुके हैं, दो और खेलने हैं। हम पहले मैच के लिए पूरी तरह से तैयार हैं। आखिरी मिनट में कोई फैसला नहीं लेना है।सभी खिलाड़ियों को पहले ही बता दिया गया है। भारतीय कप्तान को सूर्यकुमार यादव से भी काफी उम्मीदें हैं जो पिछले एक साल में भारत के नंबर एक टी20 बल्लेबाज रहे हैं। वह अच्छे फॉर्म में है और उम्मीद है कि मध्यक्रम में आगे भी ऐसे ही खेलता रहेगा। वह आत्मविश्वास से भरा बेखौफ खिलाड़ी है और अपने हुनर का बखूबी इस्तेमाल करता है। भारतीय टीम को 23 अक्टूबर को यहां पाकिस्तान से खेलना है। रोहित और पाकिस्तानी कप्तान बाबर आजम से प्रेस कांफ्रेंस में सबसे ज्यादा सवाल दागे गए। उनसे यह भी पूछा गया कि टूर्नामेंट के दौरान मिलने पर वे आपस में क्या बात करते हैं। इस पर बाबर ने कहा , हम क्रिकेट के बारे में बात भी नहीं करते। रोहित भाई मुझसे बड़े हैं। मैं उनसे सीखने की कोशिश करता हूं।

# विश्व कप से पहले तकनीकी बदलाव करने की कोशिश कर रहा हूं : फिंच

**मेलबर्न।** खराब फॉर्म से जूझ रहे आस्ट्रेलिया के कप्तान आरोन फिंच ने कहा कि वह टी20 विश्व कप से पहले अपने खेल में कुछ तकनीकी बदलाव कर रहे हैं। हाल ही में आस्ट्रेलिया की वनडे कप्तानी छोड़ने वाले फिंच इंग्लैंड के खिलाफ तीन टी20 मैचों में 25 रन ही बना सके। उन्होंने कप्तानों की प्रेस कांफ्रेंस में कहा , टी20 क्रिकेट में सलामी बल्लेबाज के लिए जोखिम भी है और पुरस्कार भी। आक्रामक खेलकर आप टीम को अच्छी शुरूआत दिला सकते हैं लेकिन यह हमेशा रणनीति के अनुरूप नहीं रहता। मुझे इससे कोई दिक्कत नहीं। लंबे समय तक टी20 क्रिकेट खेलने पर पता चल जाता है कि उतार चढाव तो आएंगे ही। फिंच ने कहा , मैने कुछ तकनीकी बदलाव किए हैं और विश्व कप के लिए पूरी तरह से तैयार हूं। आस्ट्रेलिया का सामना 22 अक्टूबर को सिडनी में न्यूजीलैंड से होगा। फिंच ने कहा कि उनके पास काफी संतुलित टीम है। सिर्फ 11 खिलाड़ी ही विश्व कप नहीं जीतते, सभी 15 खिलाड़ियों का योगदान होता है। हमारे पास काफी संतुलित टीम है। टीम में कई मैच विनर हैं। बल्लेबाजी में भी और गेंदबाजी में भी। आस्ट्रेलिया ने पिछली तीन में से दो टी20 श्रृंखलाएं गंवाई हैं लेकिन फिंच ने कहा कि महत्वपूर्ण बात सही समय पर अच्छा प्रदर्शन करना है। सही समय पर अच्छा प्रदर्शन जरूरी है। पिछले प्रदर्शन पर विश्लेषण करने का कोई फायदा नहीं। टीम में सभी को अपनी भूमिका पता होनी चाहिए और उसके अनुरूप प्रदर्शन करना जरूरी है।

## मांकडिंग मुझे पसंद नही है : फिंच



**मेलबर्न।** आस्ट्रेलिया के टी20 कप्तान आरोन फिंच को मांकडिंग पसंद नही है जिसमे गेंदबाज दूसरे छोर पर खड़े बल्लेबाज को रन आउट कर सकता है। भारतीय क्रिकेटर वीनू मांकड़ के नाम पर प्रचलित मांकडिंग पर लगातार चर्चा हो रही है। इंग्लैड मे पिछले महीने वनडे श्रृंखला के दौरान भारत की दीप्ति शर्मा ने चार्ली डीन को इसी अंदाज मे आउट किया था। भारत ने वनडे श्रृंखला 3-0 से जीती। इंग्लैड के कप्तान जोस बटलर को शुक्रवार को बारिश के कारण रद्द हुए तीसरे टी20 मे आस्ट्रेलिया के मिशेल स्टार्क ने क्रीज छोड़ने को लेकर चेताया था। चेतावनी मिलने के बाद अगर नही माने तो यह सही है। वैसे मुझे यह पसंद नही है। एमसीसी ने मांकडिंग को रन आउट के रूप मे मान्यता दी है लेकिन बटलर ने भी कहा कि वह इस तरीके से आउट किए जाने के पक्ष मे नही है। कोई भी इसे देखना नही चाहते क्योंकि इससे बल्ले और गेंद से प्रदर्शन की बजाय इसी पर चर्चा होने लगती है।

## दावेदारों में शामिल नही, पर विलियमसन ने कहा, ध्यान बेहतरीन क्रिकेट खेलने पर



**मेलबर्न।** न्यूजीलैंड को भले ही दावेदारो मे शामिल नही माना जा रहा है लेकिन कप्तान केन विलियम्स को इसकी परवाह नही है जिनका कहना है कि टी20 विश्व कप से पहले लोग कुछ भी कहें, पर उनके पास कोई विकल्प नही है। न्यूजीलैंड की टीम पिछले साल संयुक्त अरब अमीरात मे टी20 विश्व कप के फाइनल मे पहुंची थी जिसमें उन्हें आस्ट्रेलिया से हार मिली थी। 2019 विश्व कप मे इंग्लैड मे कम अंतर से हारने के बाद न्यूजीलैंड ने शुरूआती आईसीसी टेस्ट चैम्पियनशिप जीती थी जिसमें उसने फाइनल मे पिछले साल भारत को हराया था। हाल के वर्षों मे निरंतरता के बावजूद सीमित ओवर के क्रिकेट मे आईसीसी खिताब जीतने मे उन्हे सफलता नही मिली है। विलियमसन ने शनिवार को यहां कैप्टन्स प्रेस कांफ्रेंस मे कहा, हां, मेरा मतलब है कि लोग हमे भले ही जो कुछ भी कहें, लेकिन हमारे पास कोई विकल्प नही है लेकिन हमारे लिए यहां आकर उस तरह के क्रिकेट पर ध्यान केंद्रित करने की कोशिश करना है जो हम खेलना चाहते है। उन्होने कहा, कुछ महीने पहले हमारे लिए विश्व कप यादगार रहा था और हम इन खिलाड़ियों के साथ खेले थे और फाइनल मे पहुंचे थे।

## हम ना तो अच्छी ना ही खराब स्थिति मेंः बावुमा



**मेलबर्न।** दक्षिण अफ्रीका के कप्तान तेम्बा बावुमा का मानना है कि टी20 विश्व कप मे उनकी टीम से प्रशंसकों को ज्यादा उम्मीदे नही है लेकिन हाल के दिनो मे खराब प्रदर्शन के बाद भी टीम मे किसी तरह की निराशा का माहौल नही है। भारत दौरे पर सीमित ओवर की श्रृंखलाओं मे हार का सामना करने के बाद यहां पहुंची दक्षिण अफ्रीका की टीम मुख्य खिलाड़ियो के चोटिल होने से परेशान है। टीम को रासी वेन डर डूसेन और ड्वेन प्रिटोरियस जैसे अंतिम एकादश मे अपनी जगह लगभग पक्की रखने वाले खिलाड़ियों की सेवाएं नही मिलेंगी। खुद कप्तान बावुमा भी कोहनी की चोट से वापसी के बाद से लय हासिल करने मे विफल रहे है और दबाव मे है। बावुमा ने शनिवार को यहां कप्तानो के संवाददाता सम्मेलन मे कहा, मुझे लगता है कि टीम के तौर पर हम ना तो काफी अच्छी स्थिति मे है ना ही खराब स्थिति मे। हम टूर्नामेंट को लेकर उत्साहित है। हम विश्व कप शुरू होने का इंतजार कर रहे है। ईमानदारी से कहूं तो टीम मे सकारात्मक माहौल है हम भारत से यहां आए है जहां हमारा प्रदर्शन अच्छा नही रहा था। मुझे हालांकि विश्वास है कि पूरे सत्र मे एक टीम के तौर पर हमने जैसा प्रदर्शन किया है वैसा यहां भी कर सकते है। दक्षिण अफ्रीका ने कभी विश्व कप नही जीता है और बावुमा को लगता है कि इस टूर्नामेंट के लिए टीम से ज्यादा उम्मीद नही है ऐसे मे दबाव कम होगा। एक टीम के तौर पर हम से बहुत अधिक उम्मीदे नही है।

## स्वियातेक ने सीधे सेटों में गॉ को हराया, सेमीफाइनल में पहुंची

**सेन डिएगो।** शीर्ष रैंकिंग वाली इगा स्वियातेक छठी वरीयता प्राप्त कोको गॉ को 6-0, 6-3 से हराकर डब्ल्यूटीए 500 सेन डिएगो ओपन के क्वार्टर फाइनल मे पहुंच गई है। फ्रेंच ओपन एकल फाइनल मे भी पोलैंड की स्वियातेक ने 6 -1, 6 -3 से जीत दर्ज की थी। अब उनका सामना चौथी वरीयता प्राप्त जेसिका पेगुला से होगा जिन्होंने अमेरिका की ही मेडिसन कीस को 6-4, 7-5 से हराया। दूसरे सेमीफाइनल मे क्रोएशिया की डोन्न वेक्चि ने बेलारूस की एरिना सबालेंका को 6-4, 6-7, 6-1 से हराया। अब वह अमेरिका की डेनिएले कोलिंस से खेलेंगी जिन्होने स्पेन की दूसरी वरीयता प्राप्त पाउला बाडोसा को 7-6, 6- 4 से मात दी।

## साबले की नजरें दिल्ली हाफ मैराथन में अपना राष्ट्रीय रिकॉर्ड तोड़ने पर

**नई दिल्ली।** ओलंपक स्टीपलचेज धावक अविनाश साबले रविवार को यहां 17वी दिल्ली हाफ मैराथन मे पुरूष वर्ग मे भारतीय चुनौती का नेतृत्व करते हुए 2020 सत्र में बनाए गए राष्ट्रीय रिकॉर्ड को तोड़ने की कोशिश करेंगे। इस साल अगस्त मे बर्मिंघम राष्ट्रमंडल खेलो मे 3000 मीटर स्टीपलचेज मे रजत पदक जीतने वाले 28 साल के साबले 61 मिनट से कम समय मे हाफ मैराथन पूरा करने वाले पहले भारतीय बने थे। उन्होने तब एक घंटा 30 सेकंड का शानदार समय लिया था और ओवरऑल 10 वें स्थान पर रहे थे। महाराष्ट्र के इस धावक को इस बार और बेहतर प्रदर्शन की उम्मीद है।

## भुल्लर तीसरे दौर के बाद शीर्ष पर

**चंडीगढ़।** अनुभवी भारतीय गोल्फर गगनजीत भुल्लर ने जीव मिल्खा सिंह आमंत्रण टूर्नामेंट के तीसरे दौर मे शनिवार को यहां चार अंडर 68 का कार्ड खेलने के बाद एक शॉट की बढ़त कायम कर ली। तीसरे दौर के खेल से पहले भुल्लर दूसरे स्थान पर थे लेकिन अब 14 अंडर 202 के स्कोर के साथ तालिका मे शीर्ष पर है। डेढ़ करोड़ रुपए ईनाम वाली इस प्रतियोगिता के तीसरे दौर मे बेंगलुरु के एस चिक्करंगप्पा और स्थानीय खिलाड़ी करणदीप कोच्चर ने भी 68 का खेला और दोनो 13 अंडर 203 के कुल स्कोर के साथ संयुक्त रूप से दूसरे स्थान पर है।

## हम तकनीकी रूप से मजबूत नहीं: डेनेरबी

**भुवनेश्वर।** भारतीय कोच थॉमस डेनेरबी ने लगातार मिली हार से फीफा अंडर-17 महिला विश्व कप से बाहर होने के बाद शनिवार को कहा कि टीम तकनीकी रूप से अच्छी स्थिति मे नही है। मेजबान भारत ने शुक्रवार को ग्रुप ए के दूसरे मैच मे मोरक्को के खिलाफ 0-3 की निराशाजनक हार के दौरान दूसरे हाफ मे तीन गोल गंवाए। इससे पहले टीम को अमेरिका से शुरूआती मैच में 0-8 से पराजय झेलनी पड़ी थी। लगातार दो हार से टीम टूर्नामेंट से बाहर हो गई। अब टीम अंतिम मैच मे ब्राजील से भिड़ेगी। डेनेरबी ने कहा, मुझे अपनी खिलाड़ियों के कल के प्रदर्शन पर गर्व है लेकिन नतीजे से बहुत खुश नहीं हूं। पर खिलाड़ियों ने मैच के दौरान अपना सर्वश्रेष्ठ किया। उन्होंने कहा, मै जानता हूं कि हम टूर्नामेंट से बाहर हो चुके है लेकिन फिर मै खुश हूं कि अंत तक हमारी खिलाड़ी जिस तरह से डटी रही, उससे मै खुश हूं।

## डोपिंग से निपटने के लिए अहमदाबाद में स्थापित होगा भारत का पहला आहार पूरक परीक्षण केंद्र

भाषा। नई दिल्ली

**खेल मंत्रालय** देश में डोपिंग के खतरे को रोकने के लिए अहमदाबाद के राष्ट्रीय फोरेंसिक विज्ञान विश्वविद्यालय में भारत की पहली आहार पूरक परीक्षण सुविधा स्थापित करेगा। डोपिंग पर तीन दिवसीय विश्व संगोष्ठी के बाद खेल मंत्रालय, भारतीय खाद्य सुरक्षा एवं मानक प्राधिकरण और एनएफएसयू ने परीक्षण सुविधा स्थापित करने के लिए शनिवार को एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए। आहार में अघोषित चीजों की मौजूदगी एक गंभीर चिंता का विषय है। अब तक, आहार में प्रतिबंधित पदार्थ की अनुपस्थिति सुनिश्चित करने के लिए भारत में कोई परीक्षण सुविधा उपलब्ध नहीं है। इसमें कहा गया, इस कमी को दूर करने और खिलाड़ियों के लिए गुणवत्तापूर्ण आहार सुनिश्चित करने के लिए एफएसएसएआई के सहयोग से (एनएफएसयू) एक परीक्षण सुविधा बनाने के लिए आज एक बड़ा कदम उठाया गया है। यह समझौता ज्ञापन इस उद्देश्य को प्राप्त करने में मदद करेगा।

# रोजी मीना पॉलराज का नया रिकार्ड

● महिलाओं के पोल वॉल्ट में फिर से राष्ट्रीय रिकॉर्ड अपने नाम किया

भाषा। बेंगलुरु



**तमिलनाडु** की रोजी मीना पॉलराज ने 15 दिनों में दूसरी बार महिलाओं की पोल वॉल्ट का राष्ट्रीय रिकॉर्ड अपने नाम करते हुए शनिवार को यहां राष्ट्रीय ओपन एथलेटिक्स चैंपियनशिप में स्वर्ण पदक हासिल किया। पच्चीस साल की रोजी ने हाल ही में गांधीनगर में 36वें राष्ट्रीय खेलों में 4.20 मीटर की ऊंचाई के साथ राष्ट्रीय रिकॉर्ड स्थापित किया था। उन्होंने तब 2014 में वी एस सुरेखा के 4.15 मीटर के राष्ट्रीय रिकॉर्ड को तोड़ा था। रोजी ने शनिवार को यहां 4.21 मीटर की ऊंचाई हासिल की। रेलवे की रवीना ने पिछले कुछ प्रतियोगिताओं में निराशाजनक प्रदर्शन के बाद यहां लय हासिल करते हुए नए मीट रिकॉर्ड के साथ महिलाओं की 20 किमी पैदल चाल रेस को अपने नाम किया। अमलान बोरगोहेन की गैरमौजूदगी में दिल्ली के 19 वर्षीय शिवम वैष्णव ने सुनिश्चित किया कि 100 मीटर पुरुष फर्राटा दौड़ में प्रतिस्पर्धा बनी रहे। उन्होंने पहले दौर में 10.74 सेकेंड का समय निकाला लेकिन इसमें सुधार करते हुए 10.47 सेकेंड के समय के साथ सेमीफाइनल में शीर्ष पर रहते हुए फाइनल के लिए क्वालीफाई किया। महिलाओं के वर्ग में हिमा दास शुरुआती दो दौर में 11.74 सेकंड और 11.78 सेकंड के समय के साथ खिताब के दौड़ में बनी हुई है जबकि ज्योति याराजी शुरुआती दौड़ के रेस को पूरा नहीं कर सकी।

## सविता टोप्पो और अर्जुन ने एशियाई युवा एथलेटिक्स चैम्पियनशिप में रजत पदक जीते

**नई दिल्ली।** युवा एथलीट सविता टोप्पो ने कुवैत सिटी में चल रही एशियाई युवा एथलेटिक्स चैम्पियनशिप की बालिका 100 मीटर बाधा दौड़ में 14.17 सेकेंड का समय निकालकर रजत पदक जीता। लड़कों की भाला फेंक स्पर्धा में अर्जुन ने 70.98 मीटर के थ्रो से रजत पदक जबकि हिमांशु मिश्रा ने 67.67 मीटर के थ्रो से कांस्य पदक अपने नाम किया। ओडिशा की सविता ने भोपाल में हुई राष्ट्रीय युवा (अंडर–18) एथलेटिक्स प्रतियोगिता की 100 मीटर बाधा दौड़ में स्वर्ण पदक जीता था। ओडिशा के मुख्यमंत्री नवीन पटनायक ने ट्विटर पर उन्हें पदक जीतने की बधाई दी।

## चैम्पियंस लीग से भले ही बार्सिलोना बाहर, पर रियाल मैड्रिड से भिड़ंत दिलचस्प होगीः यिएरो

भाषा। नई दिल्ली

**बार्सिलोना** भले ही चैम्पियंस लीग से बाहर हो गया हो लेकिन महान फुटबॉलर फर्नांडो यिएरो को लगता है कि जब इस फुटबॉल क्लब का सामना रविवार को अपने प्रतिद्वंद्वी रियाल मैड्रिड से होगा तो यह काफी दिलचस्प होगा। बार्सिलोना इस समय स्पेनिश लीग तालिका में शीर्ष पर काबिज है जबकि दोनों टीमों के समान 22–22 अंक हैं। लेकिन गोल अंतर के कारण रियाल मैड्रिड दूसरे स्थान पर है। रियाल मैड्रिड के लिए 14 साल के करियर में 439 मैच खेल चुके यिएरो को लगता है कि बार्सिलोना चैम्पियंस लीग से बाहर होने पर निराशा के बजाय इस मुकाबले से पूरे अंक जुटाने के लिए प्रतिबद्ध होगा। उन्होंने पीटीआई से कहा, बार्सिलोना बनाम रियाल मैड्रिड वास्तव में एल क्लासिको (दोनों प्रतिद्वंद्वी टीमों के बीच फुटबॉल मैच) मैच है। दोनों टीमें तालिका में पहले दूसरे स्थान पर हैं, सबसे महत्वपूर्ण है कि कल हुआ मैच भूल जाओ और बस रविवार को होने वाले इस रोमांचक मुकाबले पर ध्यान लगाओ।

## फिर कैब अध्यक्ष बनने को तैयार गांगुली



**नई दिल्ली।** भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) के निवर्तमान प्रमुख सौरव गांगुली फिर से अपनी राज्य इकाई बंगाल क्रिकेट संघ (कैब) के अध्यक्ष पद पर वापसी करेंगे। पूर्व भारतीय कप्तान ने शनिवार को कहा कि वह कैब चुनाव लड़ेंगे। गांगुली को बीसीसीआई अध्यक्ष पद से हटना पड़ा क्योंकि बोर्ड में अभी तक कोई भी तीन साल से अधिक समय तक इस पद पर काबिज नही रहा है। वह बीसीसीआई अध्यक्ष बनने से पहले 2015 से 2019 के बीच चार साल तक कैब अध्यक्ष रहे थे। गांगुली ने पीटीआई से कहा, हां, मै कैब चुनाव लडूंगा। मेरी 22 अक्टूबर को नामांकन भरने की योजना है। मै पांच वर्षा तक कैब मे रहा था और लोढा सिफारिशो के नियमो के अनुसार मै इस पद पर और चार साल तक बना रह सकता हूं। गांगुली के बड़े भाई स्नेहाशीष के शीर्ष पद पर अभिषेक डालमिया के स्थान पर चुनाव लड़ने की चर्चा जोरो पर थी लेकिन पूर्व भारतीय खिलाड़ी के नामांकन से काफी सारे समीकरण बदल जाएंगे। गांगुली ने कहा, मै 20 अक्टूबर को अपना पैनल तय करूंगा। देखते है।

## दिग्विजय और सुरेश कुमार फेनेस्टा ओपन टेनिस के फाइनल में पहुंचे



**नई दिल्ली।** दिग्विजय प्रताप सिंह ने शनिवार को यहां फेनेस्टा ओपन टेनिस चैपियनशिप के पुरुष एकल सेमीफाइनल मे अनुभवी खिलाड़ी विष्णु वर्धन के विजई अभियान को रोक दिया। फाइनल मे उनके सामने मनीष सुरेशकुमार की चुनौती होगी। दिग्विजय ने प्रभावशाली खेल दिखाते हुए 35 साल के अनुभवी खिलाड़ी के खिलाफ 6-4, 6-4 से जीत दर्ज की थी। मनीष ने एक अन्य सेमीफाइनल मे चिराग दुहान को 6-1, 6-4 से हराया। दिग्विजय एटीपी रैंकिंग मे 68वे स्थान पर है। खुद से काफी अनुभवी खिलाड़ी के खिलाफ मुकाबला करना आसान नही था, लेकिन उन्होंने शानदार कौशल और तकनीक के सहारे जीत पर मुहर लगाई। महिलाओं के सेमीफाइनल मे वैदेही चौधरी और साई संहिता चामर्थी ने अपने-अपने मुकाबले को जीतकर रविवार को खेले जाने वाले फाइनल का टिकट पक्का किया। शीर्ष वरीयता प्राप्त वैदेही ने पहला सेट गंवाने के बाद वैष्णवी अदकर की चुनौती को 2-6, 6-4, 6-0 से खत्म किया। दूसरे सेमीफाइनल मे साईं संहिता चामर्थी ने आकांक्षा नितुरे को 7-5, 6-3 से शिकस्त दी। लड़कों के अंडर-18 वर्ग का फाइनल अमन दहिया और डेनिम यादव के बीच होगा जबकि इस वर्ग के लड़कियों का फाइनल सुहिता मारूरी और मधुरिमा सावंत के बीच खेला जाएगा।